www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 21 नवंबर 2024 | वर्ष – 66 | अंक –215 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु  प्रेस पंजीयन– 6072/59 डाक पंजीयन–सीजी/रायपुर संभाग/19/2021–23



चुनाव आयोग की शक्तियां की जा रहीं कम : कांग्रेस — पृष्ठ 2

■ फेक नैरेटिव को लेकर मोदी की चिंता
■ धधक रहा है मणिपुर... बुझाए कौन? — पृष्ठ 6

■ भारत वैश्विक स्वास्थ्य प्रयासों को करेगा मजबूत
■ गृहयुद्ध के समाधान के लिए बाहरी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं : सूडान — पृष्ठ 7

विराट को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिखाना होगा अपना असली अवतार — पृष्ठ 8

# झारखंड में 67.59 व महाराष्ट्र में हुआ 58.25 फीसदी मतदान

■ झारखंड में दूसरे चरण के चुनाव में 528 उम्मीदवार की किस्मत ईवीएम में बंद, प्रमुख उम्मीदवारों में हेमंत सोरेन, बाबूलाल मरांडी शामिल

**रांची/मुंबई,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा की 38 और महाराष्ट्र की 288 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार शाम मतदान शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गया तथा इस दौरान क्रमश: 67.59 और 58.25 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने यहां बताया कि 38 विधानसभा क्षेत्र में आज सुबह 7:00 बजे से मतदान शुरू हुआ और पांच बजे शाम समाप्त हो गया और इस दौरान 67.59 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन क्षेत्रों के 31 मतदान केंद्रों पर शाम 4:00 बजे शाम ही मतदान समाप्त हुआ था जबकि शेष मतदान केंद्रों पर पांच बजे शाम मतदान समाप्त हुआ। दूसरे चरण के चुनाव में कुल 528 उम्मीदवार की किस्मत ईवीएम में आज बंद हो गई। इसमें 472 पुरूष और 55 महिला उम्मीदवार हैं जबकि एक ट्रांसजेंडर उम्मीदवार है।

**ये हैं प्रमुख उम्मीदवार**

जिन प्रमुख उम्मीदवारों की किस्मत आज ईवीएम में बंद हुई उनमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना



सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह, विधानसभा में विपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, पूर्व मंत्री स्टीफन मरांडी, भाजपा के लोबिन हेंब्रम, भाजपा के अनंत कुमार ओझा, कांग्रेस के जेपी भाई पटेल और जेएलकेएम के जय राम महतो शामिल हैं।

**मुंबई सिटी में सबसे कम मतदान**

उधर, महाराष्ट्र की 288 विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया, जो शाम छह बजे तक चला। इस दौरान 58.25 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राज्य में गढचिरौली में सबसे अधिक 69.63 प्रतिशत और मुंबई सिटी में सबसे कम 49.07 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य चुनाव आयोग ने बताया कि राज्य के कुछ मतदान केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में खराबी आने पर मतदान प्रकिया बाधित हुई और मतदान केन्द्र के बाहर मतदाताओं को लम्बी कतार में अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखा गया। शेष पृष्ठ 7 पर

उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव

## पहचान पत्र मांगने के आरोप में पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में पुलिसकर्मियों द्वारा मतदाताओं के पहचान पत्र जांचने के आरोप के मद्देनजर पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आयोग के संज्ञान में आया था कि कुछ मतदान केंद्रों पर पुलिस वाले मतदाताओं के पहचान पत्र चेक कर रहे हैं जो सही नहीं है। इस बारे में प्रथम दृष्टया जांच के उपरांत कानपुर और मुजफ्फरनगर में दो दो और मुरादाबाद में एक पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। उन्होने बताया कि मतदानकर्मी सभी मतदाताओं की आईडी चेक करेंगे। इस बारे में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए है। पुलिस आईडी चेक नहीं करेगी। पुलिस का काम पोलिंग बूथ की सुरक्षा करना है और अगर आगे भी ऐसी कोई शिकायत मिलेगी तो उस पर शेष पृष्ठ 7 पर

# रायपुर में आज से 'गुड गवर्नेंस' विषय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन

■ गुड गवर्नेंस की बेस्ट प्रेक्टिसेस से संबंधित विषयों पर होगा विस्तृत विचार-विमर्श
■ देश भर के 150 प्रतिनिधि होंगे शामिल
■ मुख्यमंत्री साय और केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह समापन सत्र को करेंगे सम्बोधित

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 21 और 22 नवम्बर को ''गुड गवर्नेंस'' विषय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन में गुड गवर्नेंस की बेस्ट प्रेक्टिसेस, नागरिक सशक्तिकरण, शासन–प्रशासन के कामकाज और नागरिक सेवाओं की आम जनता तक पहुंच को आसान बनाने के लिए विभिन्न ई–प्लेटफार्म के उपयोग आदि से संबंधित विषयों पर विस्तृत विचार–विमर्श किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह इस क्षेत्रीय सम्मेलन के 22 नवम्बर को आयोजित समापन सत्र को सम्बोधित करेंगे। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अंतर्गत प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग और छत्तीसगढ़ के सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में देश भर से 150 प्रतिनिधियों सहित भारतीय प्रशासनिक सेवा के छत्तीसगढ़ के अधिकारी शामिल होंगे।

क्षेत्रीय सम्मेलन में नवाचार–राज्य, जिला प्रशासन में महिला नेतृत्व, जिलों का समग्र विकास, ''छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोत्तम प्रथाएं'', ''जिलों के समग्र विकास में संतृप्ति दृष्टिकोण'' आदि विषयों पर सत्र आयोजित किए जाएंगे।

क्षेत्रीय सम्मेलन के प्रथम दिन 21 नवम्बर को सवेरे 10 बजे ''नवाचार–राज्य'' विषय पर प्रथम सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र की अध्यक्षता भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक एस.एन. त्रिपाठी करेंगे। पूर्वान्ह 11 बजे उद्घाटन सत्र आयोजित होगा। इस सत्र को छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन सम्बोधित करेंगे। दोपहर बाद 2 बजे ''जिला प्रशासन में महिला नेतृत्व'' विषय पर द्वितीय सत्र आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता छत्तीसगढ़ सरकार के वन और खाद्य विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा करेंगी। अपरान्ह 3.30 बजे ''जिलों का समग्र विकास'' विषय पर तृतीय सत्र आयोजित किया जाएगा। इस सत्र की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक अध्यक्षता करेंगी। क्षेत्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन 22 नवम्बर को सवेरे 10 बजे, चौथा सत्र ''छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोत्तम प्रथाएं'' (बेस्ट प्रेक्टिसेस) विषय पर आयोजित किया शेष पृष्ठ 7 पर

**सार संक्षेप**

## गुयाना में कैरेबियाई नेताओं से मिले प्रधानमंत्री मोदी

**जॉर्जटाउन।** गुयाना की ऐतिहासिक यात्रा पर गए पीएम मोदी ने बुधवार सुबह जॉर्जटाउन पहुंचने के तुरंत बाद कई कैरेबियाई कम्युनिटी के नेताओं से मुलाकात की। यह जानकारी गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली ने दी। बता दें यह 56 वर्षों में दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। जी 20 शिखर सम्मेलन के समापन के बाद रियो डी जेनेरियो से एयरपोर्ट पहुंचने पर पीएम मोदी का स्वागत गुयाना के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ब्रिगेडियर मार्क एंथनी फिलिप्स ने एक दर्जन से अधिक कैबिनेट मंत्रियों के साथ किया। प्रधानमंत्री को गुयाना में भारतीय प्रवासियों के सदस्यों से जुड़ने का अवसर भी मिला। उन्होंने कहा, हमारी 'वन गुयाना' पहल के तहत सांस्कृतिक प्रदर्शन को देखना बहुत ही सुखद था।

## मुर्मु आज से दो दिवसीय तेलंगाना के दौरे पर रहेंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार से दो दिवसीय तेलंगाना का दौरा करेंगी और यहां कई कार्यकर्मों में शामिल होंगी। श्रीमती मुर्मु 21 नवम्बर को हैदराबाद में कोटि दीपोत्सवम-2024 में शामिल होंगी और 22 नवंबर को हैदराबाद में लोकमंथन-2024 में उद्घाटन भाषण देंगी। लोक मंथन देश की सांस्कृतिक विविधता का एक वार्षिक उत्सव है और इस बार यह हैदराबाद के शिल्पकला वेदिका में 21-24 नवम्बर तक आयोजित किया गया है। इसका औपचारिक उद्घाटन शुक्रवार को करेंगी।

## सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी नेपाल यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी बुधवार को नेपाल की यात्रा पर रवाना हुए, जो भारत और नेपाल के बीच घनिष्ठ रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय के बयान में कहा कि वह 20 से 24 नवंबर तक अपनी नेपाल की यात्रा के दौरान, जनरल द्विवेदी नेपाल में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव के साथ बातचीत करेंगे और उसके बाद वह रक्षा मंत्रालय के शशि भवन में नेपाली थल सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिगडेल के साथ अनौपचारिक चर्चा करेंगे।

# मुख्यमंत्री साय ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नॉर्थ ब्लॉक नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बैठक में राज्य के विकास, सुरक्षा एवं अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई।



■ राज्य के विकास, सुरक्षा सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर हुई चर्चा

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री साय ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे अभियानों और सुरक्षा बलों की कार्रवाई की प्रगति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। गृह मंत्री ने इन प्रयासों की सराहना की और केंद्र की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में नक्सल उन्मूलन की रणनीतियों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती के साथ लड़ाई लड़ी जा रही है। सुरक्षा के मोर्चे पर हमारी सरकार ने एंटी–नक्सल ऑपरेशन में बड़ी सफलता हासिल की है। पिछले 11 महीने में लगभग 200 नक्सली मारे गए हैं, वहीं 700 से अधिक नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मार्च 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे के संकल्प की दिशा में हमारी सरकार कदम बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया केंद्र सरकार राज्य में सुरक्षा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार को नक्सलवाद के खिलाफ हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

**छत्तीसगढ़ नान घोटाला**

# पूर्व महाधिवक्ता को नहीं मिली राहत, अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित नान (नागरिक आपूर्ति निगम) घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू की ओर से दर्ज हुई एफआईआर के बाद पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा ने अग्रिम जमानत की याचिका रायपुर के स्पेशल कोर्ट में लगाई थी, इस मामले में आज सुनवाई के बाद एडीजे निधि वर्मा ने उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। इस मामले में पूर्व महाधिवक्ता वर्मा के अलावा आईएएस आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा के खिलाफ भी मामला दर्ज है। ईओडब्ल्यू में 2015 में दर्ज नान घोटाले में आरोप है कि तीनों ने प्रभावों का दुरुपयोग कर गवाहों को प्रभावित करने का प्रयास किया है। इसी मामले में 2019 में ईडी ने भी केस दर्ज किया है। अब बीते 4 नवंबर को ईओडब्ल्यू की ओर से तीनों के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई है।



**इन धाराओं के तहत दर्ज किया केस–** छत्तीसगढ़ राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) ने डॉ। आलोक शुक्ला, अनिल टुटेजा, सतीश चंद्र वर्मा और अन्य पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 की धाराओं 7, 7क, 8, और 13(2) और भारतीय दंड संहिता की धाराएं 182, 211, 193, 195–ए, 166–ए, और 120बी के तहत अपराध दर्ज किए गए हैं।

शेष पृष्ठ 7 पर

# 2 घूसखोर अफसर गिरफ्तार

■ एसीबी ने ज्वाइंट डायरेक्टर को 1 लाख घूस लेते पकड़ा,
■ इंजीनियर से 2 लाख रुपये मांगे थे घूस

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। एंटी करप्शन ब्यूरो ने राजधानी रायपुर में बड़ी कार्रवाई की है। 2 लाख रुपये घूस लेते ज्वाइंट डायरेक्टर को गिरफ्तार किया है। संयुक्त संचालक का नाम देव कुमार सिंह है। एसीबी ने संयुक्त संचालक मछली पालन को इंद्रावती भवन में दफ्तर से गिरफ्तार किया है।



जानकारी के मुताबिक आरोपी अधिकारी 1 लाख रुपये रिश्वत ले रहा था। उसी दौरान एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ा है। ज्वाइंट डायरेक्टर देव कुमार सिन्हा को पैसे लेते एंटी करप्शन ब्यूरो ने इंद्रावती भवन के चौथे मंजिल से गिरफ्तार किया है।

कार्रवाई के दौरान एसीबी की टीम में करीब 15 अधिकारी थे। खबर है कि ज्वाइंट डायरेक्टर ने जांजगीर के सब–इंजीनियर से रिश्वत मांगी थी। अधिकारी ने दो लाख रूपए रिश्वत की मांग की थी। एक लाख रुपये की पहली किश्त एडवांस में देनी थी, जिसके बाद आज अग्रिम 1 लाख रुपये लेते हुए अधिकारी को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के बाद मंत्रालय में हड़कंप मच गया।

वहीं कोरबा में आरआई राठौर गिरफ्तार किया गया है। दो अलग–अलग कार्रवाई में दो अधिकारी गिरफ्तार किये गये हैं।

# नगर निगम ने हाईकोर्ट में दिया शपथ पत्र

## 100 फीसदी ट्रीटमेंट किया हुआ पानी अरपा में नहीं छोड़ा जा सकता

**बिलासपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। अरपा के उद्गम स्थल के संरक्षण को लेकर लगाई गई जनहित याचिका पर बिलासपुर हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस दौरान नगर निगम ने 100% पानी को ट्रीटमेंट करके अरपा नदी में प्रवाहित करने से मना कर दिया। शपथ पत्र पेश कर बिलासपुर नगर निगम ने बताया कि वह सिर्फ 60% पानी को साफ करने में सक्षम है। बाकी 40% पानी को बिना साफ किए ही नदी में छोड़ा जाएगा, इसका कोई उपाय भी नहीं है। जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस राधाकृष्ण अग्रवाल की डिवीजन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। मामले की अगली सुनवाई अब 2 दिसंबर को होगी।



■ नामंजूर हुआ शपथ पत्र,
■ अगली सुनवाई अब 2 को

हाईकोर्ट में अरपा नदी के उद्गम स्थल के संरक्षण को लेकर एक जनहित याचिका लगाई गई है। मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान बिलासपुर नगर निगम ने शपथ पत्र प्रस्तुत कर बताया, कि उनके पास अभी जो पूरा सिस्टम मौजूद है उसमें सिर्फ 60% पानी को ही स्वच्छ करने की क्षमता है। बाकी 40% पानी बिना ट्रीटमेंट और सफाई के अरपा नदी में छोड़ दिया जाएगा। बाकी पानी का ट्रीटमेंट के सवाल पर निगम के अधिकारियों की ओर से उपस्थित अधिवक्ता कोई जवाब नहीं दे पाए। जिसके चलते डिवीजन बेंच ने निगम के द्वारा पेश शपथ पत्र को नामंजूर करते हुए नए सिरे से एक नया शपथ पत्र पेश करने कहा। कोर्ट ने कहा– नए शपथ पत्र में विस्तृत कार्य योजना की जानकारी दी जाए। साथ शेष पृष्ठ 7 पर

# महाराष्ट्र और झारखंड में बनेगी भाजपा की सरकार : साय

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों जगह भाजपा को, एनडीए को अच्छी सफलता मिल रही है। दोनों जगह भाजपा की सरकार बन रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा में कांग्रेस के चुनाव परिणाम को लेकर ईवीएम को दोष पर कहा कि यह लोग कई बात यह बात बोल चुके हैं। हारते हैं तो पूरा दोष ईवीएम को देते हैं, और जीतते हैं, तो उनके लिए सब सही हो जाता है। दिल्ली में कार्यक्रम को लेकर सीएम साय ने बताया कि आज दिल्ली में भारत मंडपम में छत्तीसगढ़ दिवस है। यहां प्रत्येक दिन हर एक राज्य का दिवस मनाया जा रहा है। गवर्नर के आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# मणिपुर में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध बढ़ा

**इंफाल,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर में फैले तनाव के बीच राज्य सरकार ने सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध को तीन दिन के लिए बढ़ा दिया है। सरकार ने कानून–व्यवस्था की समीक्षा करने के बाद मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध बढ़ाने का फैसला किया है। निर्देश के मुताबिक इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थूओबाल, चूराचांदपुर और कांगपोकपी में अगले तीन दिन तक मोबइल इंटरनेट बंद रहेगा।

मणिपुर सरकार ने राज्य में अशांति के चलते बंद की गई ब्रॉडबैंड सेवाओं को मंगलवार को तीन दिन बाद बहाल कर दिया था। गृह आयुक्त एन अशोक कुमार ने कहा था कि मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। आदेश में कहा गया कि इंटरनेट प्रतिबंध ने महत्वपूर्ण कार्यालयों, संस्थानों और घर से काम करने वाले लोगों के कामकाज को प्रभावित किया है। लोगों की समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने ब्रॉडबैंड सेवाओं के मामले में सशर्त निलंबन हटाने का विचार किया है। वहीं मोबाइल इंटरनेट डाटा पर प्रतिबंध जारी रखने का फैसला किया है। मणिपुर में हालात लगातार नाजुक बने हुए हैं। सैन्य बलों के अभियान में कुकी–जो समुदाय के 10 विद्रोहियों के मारे जाने के बाद जिरिबाम में मैतेई समुदाय के छह लोगों की लाशें मिलने से पूरे राज्य में जबरदस्त तनाव है।

# तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने दिखाया रास्ता : राहुल



**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सामाजिक न्याय के लिए जाति जनगणना को जरूरी बताते हुए बुधवार को कहा कि तेलंगाना सरकार ने जाति जनगणना का 70 फ़ीसदी काम पूरा कर लिया है और जल्द ही इस काम को पूरा कर लिया जाएगा। श्री गांधी ने कहा, तेलंगाना में हमारी सरकार ने जातिगत गिनती का 70 प्रतिशत से ज़्यादा काम पूरा कर लिया है। जल्द ही पूरे राज्य का विस्तृत डेटा सरकार के पास होगा, जिसका इस्तेमाल हम नीतियां बनाने और सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए करेंगे। उन्होंने कहा, जाति जनगणना उन सभी महत्वपूर्ण कदमों में से पहला कदम है जो अगले कुछ दशकों में संपूर्ण विकास के लिए योजना बनाने में मदद करेगा। यही कारण है कि मैं बार–बार देश में एक व्यापक जातिगत जनगणना करवाने की मांग कर रहा हूं।

# पाकिस्तान में आतंकी हमला, 12 जवानों की मौत

**छह आतंकवादी भी मारे गए चौकी को बनाया था निशाना**

**इस्लामाबाद,** 20 नवम्बर, (एजेंसियां)। पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में एक बड़े हमले में 12 जवानों की मौत हो गई जबकि छह आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक बन्नू के माली खेल इलाके में एक चौकी को निशाना बनाकर यह हमला किया गया।

बलूचिस्तान और केपी में सुरक्षा बलों, अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सुरक्षा चौकियों को निशाना बनाकर किए जाने वाले हमलों की संख्या में खासी बढ़ोतरी देखी गई। अशांत बन्नू जिले में हाल ही में उग्रवादी हिंसा में इजाफा हुआ है, जिसमें पुलिसकर्मियों का अपहरण, लड़कियों के स्कूल पर हमला और शूटआउट शामिल है जिसमें तीन सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार सेना ने कसम खाई है कि इस जघन्य कृत्य के अपराधियों को इंसाफ के कटघरे में लाया जाएगा। बयान में कहा गया, पाकिस्तान के सुरक्षा बल और कानून प्रवर्तन एजेंसियां आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए दृढ़ हैं और हमारे बहादुर जवानों के ऐसे बलिदान हमारे संकल्प को और मजबूत करते हैं।

**प्रदूषण** — *रोज लोगों की आंखों में हो रही चुभन*

# लगातार 7वें दिन भी एक्यूआई खतरनाक श्रेणी में

**नई दिल्ली, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली के लोगों को कोहरे और स्मॉग की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। बीते सात दिन से राजधानी गैस चैंबर बनी हुई है। आबोहवा में जहर घुल गया है। इससे लोगों के सीने में जलन, सांस लेने में तकलीफ और ज्यादा देर तक खुले में रहने से आंखों में भी चुभन हो रही है। वहीं, बुधवार को लगातार सातवें दिन हवा खतरनाक श्रेणी में दर्ज की गई।**

*वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 419 रहा, जोकि गंभीर श्रेणी में है। इसमें बुधवार के मुकाबले 41 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे प्रदूषित दर्ज की गई। देश में दिल्ली तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित शहर रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूर्वानुमान है कि बृहस्पतिवार को भी हवा गंभीर श्रेणी में बरकरार रह सकती है। वहीं, सुबह के समय धुंध के साथ स्मॉग छाए रहने की आशंका है।*

***आवाजाही पर असर पड़ा***

*इसके अलावा, पालम एयरपोर्ट में सुबह आठ बजे दृश्यता 600 मीटर दर्ज की गई। जो सुधरकर सुबह 9 बजे 700 मीटर हो गई। वहीं, सफदरजंग एयरपोर्ट पर भी दृश्यता 500 मीटर दर्ज की गई। जो उसके बाद सुधरकर सुबह साढ़े सात बजे 600 मीटर हो गई। इससे सड़कों पर आवाजाही पर असर पड़ा। सुबह से लेकर रात तक स्मॉग की चादर छाई रही। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ ही हल्का स्मॉग छंटने लगा। इसके बाद शाम ढ़लने के साथ ही एक बार फिर स्मॉग की चादर छाने लगी।*

***प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर***

*ऐसे में लोगों को प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर होना पड़ेगा। वहीं, लोग सड़कों पर मास्क लगाते दिखे।*

*भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक हवाएं उत्तर–पश्चिम दिशाओं की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 6 किलोमीटर प्रतिघंटे रही। बृहस्पतिवार को हवाएं उत्तर–पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। हवा की गति 8 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेगी।*

# देश

उवाच

भाषणों और विज्ञापनों के माध्यम से चुनाव वाले राज्यों में मुसलमानों के खिलाफ प्रचारित क्रूर और शातिर सांप्रदायिक बातें जम्मू-कश्मीर के मुस्लिम-बहुसंख्यक लोगों की असुरक्षा और अलगाव और उनके भविष्य की चिंता को और बढ़ा देती है।

-मीरवाइज उमर फारूक



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 23.0 | 13.0 |
| मुंबई | 28.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 26.0 | 18.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 24.0 |

# चुनाव आयोग की शक्तियां की जा रहीं कम : कांग्रेस

## केंद्र सरकार पर लगाया चुनाव आयोग को कमजोर करने का आरोप

**चंडीगढ़,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के पूर्व मंत्री और कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन कैप्टन अजय यादव ने केंद्र सरकार पर चुनाव आयोग को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि झारखंड और महाराष्ट्र में चुनावों के दौरान पुलिस प्रमुख (डीजीपी) को बदलने का निर्णय लिया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि चुनावों में निष्पक्षता नहीं है और सत्ता के खिलाफ किसी भी विरोध को दबाने के लिए संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने विशेष रूप से चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने अपनी बहुमत के बल पर चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया और मुख्य न्यायाधीश को बाहर कर दिया।

संविधान के सिद्धांतों की रक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए अजय यादव ने कहा कि भारतीय संविधान समानता की बात करता है, लेकिन आज भी वर्ण व्यवस्था और आरएसएस की विचारधारा की ओर से समाज में असमानता बढ़ाई जा रही है। संविधान की मूल अवधारणाओं को बनाए रखने और उन्हें लागू करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हर भारतीय को समान अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग



चुनावों में निष्पक्षता नहीं है व सत्ता के खिलाफ किसी भी विरोध को दबाने के लिए संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा : कैप्टन अजय यादव

की शक्तियां कम की जा रही हैं। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय), सीबीआई (केंद्रीय जांच ब्यूरो) और आयकर विभाग का दुरुपयोग किया रहा है। जो भाजपा में शामिल हो जाते हैं, वे पाक-साफ हो जाते हैं और जो कांग्रेस में रहते हैं, उनके ऊपर जांच एजेंसियों के छापे पड़ते हैं। इन सभी विषयों पर इस अभियान में बात की जाएगी। कांग्रेस नेता ने कहा कि शिक्षा और कृषि के क्षेत्र में सर्वेक्षण हो जाता है। जानवरों तक का सर्वेक्षण हो जाता, लेकिन क्या कारण है कि जातीय जनगणना नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना करने से अमीर और गरीब के बारे में पता चलेगा और असमानता को दूर करने में मदद मिलेगी। असमानता को दूर करने के लिए हम नीति बना सकते हैं और लोगों को समानता का अधिकार देने की बात करेंगे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा कांग्रेस पर बिटक्वाइन के इस्तेमाल का आरोप लगा रही है। इस पर कैप्टन यादव ने कहा कि आरोप लगाना बहुत आसान है, लेकिन उनका एक मंत्री पांच करोड़ रुपए का साथ पकड़ा गया है। वह बाकायदा एक होटल के अंदर पैसे बांटते हुए पकड़ा गया है। ऐसे में वे पहले अपने गिरेबां में झांक कर देखें। बिटक्वाइन का सिर्फ आरोप है, जबकि उनके खिलाफ तो सबूत मिल गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े-बड़े पूंजीपतियों के हाथों में एयरपोर्ट, बंदरगाह और रेलवे स्टेशन दिए जा रहे हैं। अजय यादव ने संविधान की अहमियत पर जोर देते हुए कैप्टन अजय यादव ने कहा कि यह दिन भारतीय लोकतंत्र और हमारे अधिकारों की रक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अभियान के तहत देशभर में जागरूकता फैलाई जाएगी और संविधान के महत्व से लोगों को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरएसएस ने कभी भी भारतीय संविधान की बात नहीं की और न ही उन्होंने इस संविधान को पूरी तरह से अपनाया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में देश की संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है, जो संविधान के सिद्धांतों के खिलाफ है। अजय यादव का कहना था कि इन संस्थाओं का उद्देश्य स्वतंत्रता और निष्पक्षता होनी चाहिए, लेकिन आज इनका दुरुपयोग सत्ता की राजनीतिक मंशाओं को पूरा करने के लिए किया जा रहा है। कई नेताओं के खिलाफ लगे मुकदमों का उदाहरण देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि जब ये नेता भाजपा से जुड़ जाते हैं, तो उनके खिलाफ चल रहे मामले अचानक बंद हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि चंद्र नारायण गाने, प्रफुल्ल पटेल, हेमंत विश्वास और अजित पवार जैसे नेताओं के खिलाफ कई मामले थे, लेकिन जैसे ही वे भाजपा के साथ जुड़े, इन मामलों पर कार्रवाई बंद हो गई। कैप्टन यादव ने यह भी कहा कि वर्तमान सरकार ने निर्वाचन आयोग और अन्य संवैधानिक संस्थाओं को अपने नियंत्रण में कर लिया है।

## विनोद तावड़े को तुरंत गिरफ्तार किया जाए : रमेश चेन्निथला



**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के नेता और महाराष्ट्र में कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को वसई-विरार में मतदाताओं को नकदी बांटते रंगे हाथ पकड़े जाने पर तत्काल उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। केरल विधानसभा में विपक्ष के पूर्व नेता चेन्निथला ने आरोप लगाया कि हार के डर से भाजपा और उसके सहयोगी बड़े पैमाने पर धन और बल का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय महासचिव पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि उन्होंने पांच करोड़ रुपए बांटे, इसलिए उनको तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। चेन्निथल ने कहा कि यह केवल वसई-विरार तक सीमित नहीं है, भाजपा और उसके सहयोगी पूरे राज्य में नकदी के बल पर वोट खरीदने के ऐसे ही प्रयास कर रहे हैं। चुनाव आयोग को इन नकदी वितरणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के कृत्यों में शामिल लोगों को गिरफ्तार करना चाहिए।

# भारतीय मछुआरों की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करे केंद्र सरकार : स्टॉलिन



■ राजनयिक माध्यमों से ठोस कदम उठाने का जयशंकर से किया आग्रह

**चेन्नई,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टॉलिन ने पिछले 10 महीने पहले पाकिस्तानी नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए तमिलनाडु के सात मछुआरे सहित 14 भारतीय मछुआरों की रिहाई को लेकर बुधवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर को पत्र लिखा और उनसे राजनयिक माध्यमों से ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। पकड़े गए 14 मछुआरों में से 07 मछुआरे तमिलनाडु के हैं। उन्होंने कहा कि मछुआरों को जेल में रखे हुए लगभग 10 महीने हो चुके हैं और उनकी स्थिति या उनकी रिहाई के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में कोई सूचना नहीं दी गयी है। उनके परिवार गंभीर भावनात्मक और वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं और गिरफ्तार लोगों की रिहाई की लंबी अनिश्चितता से निपटने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसके अलावा उनके परिवारों के मुख्य कमाने वाले की अनुपस्थिति ने आश्रित परिवारों के जीवन को दयनीय बना दिया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक हिरासत में रखे जाने और उनके परिवार की चिंताओं के मद्देनजर आपसे अनुरोध है कि सभी मछुआरों की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करने के लिए राजनयिक माध्यमों के जरिए इस मामले को ठोस और सार्थक तरीके से उठाया जाए।

### पाकिस्तानी नौसेना ने किया है गिरफ्तार

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने डॉ. जयशंकर को लिखे पत्र में उनका ध्यान गत तीन जनवरी को पाकिस्तानी नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए 14 भारतीय मछुआरों की दुर्दशा की ओर आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि मछुआरे गुजरात के पोरबंदर से मछली पकड़ने के लिए निकले थे और उन्हें पाकिस्तानी नौसेना ने दो मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाओं के साथ पकड़ लिया।

## सार संक्षेप

### बारामूला में मादक पदार्थ सहित तीन ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बारामूला जिले में तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार का उनके कब्जे से प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस ने बुधवार को कहा कि उरी पुलिस स्टेशन की पुलिस ने जिंगल ब्रिज पर स्थापित एक चौकी पर एक व्यक्ति को रोका, जिसकी पहचान गिंगल निवासी सैयद हसन शाह के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 6.5 किलोग्राम प्रतिबंधित नशीला पदार्थ बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस थाना भेज दिया।

### रेवंत रेड्डी ने इंदिराम्मा घरों की रखी आधारशिला

**राजन्ना सिरसिला।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए.रेवंत. रेड्डी ने बुधवार को जिले में इंदिराम्मा आवास योजना के तहत विभिन्न विकास कार्यक्रमों और घरों की आधारशिला रखी। रेड्डी ने 235 करोड़ रुपए की लागत से मिड मनैर जलाशय के 4,696 विस्थापित परिवारों के लिए इंदिराम्मा घरों के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। उन्होंने 50 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले यार्न डिपो के निर्माण की आधारशिला रखने के अलावा 45 करोड़ की लागत से मुला वागु ब्रिज से देवस्थानम तक सड़क विस्तार कार्यों का भी शुभारंभ किया।

### झारखंड में बनेगी महागठबंधन की सरकार : समीर महासेठ

**मधुबनी।** झारखंड में दूसरे चरण के मतदान के तहत 38 सीटों पर मतदान संपन्न हो गया। इस सब के बीच राजद नेता और बिहार सरकार के पूर्व उद्योग मंत्री समीर महासेठ ने दावा किया है कि इस बार झारखंड में जमकर मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन, विशेष रूप से इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदाताओं का रुझान है। बीते दिनों जमकर चुनाव प्रचार करके प्रदेश के राजनीतिक माहौल को सकारात्मक बनाने का प्रयास किया गया। लोगों में महागठबंधन को लेकर सकारात्मक रुझान देखने को मिल रहा है।

# ईवीएम में आई खराबी से मतदान प्रक्रिया हुई बाधित

## मतदाताओं को लम्बी कतार में वोट के लिए करना पड़ा इंतजार

**मुंबई,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में बुधवार को विधानसभा चुनाव के दौरान कई स्थानों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में खराबी के कारण मतदान प्रक्रिया बाधित हुई और मतदाताओं को लम्बी कतार में मतदान करने के लिए इंतजार करना पड़ा। अकोला पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के बी आर हाई स्कूल में बूथ नंबर 169 में ईवीएम मशीन ने तकनीकी समस्या के कारण काम करना बंद कर दिया। मालेगांव आउटर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 292 पर ईवीएम ने अचानक काम करना बंद कर दिया, जिससे मतदाताओं को मतदान करने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जलगांव जिले के जामनेर में न्यू इंग्लिश स्कूल मतदान केंद्र पर ईवीएम चालू नहीं होने के कारण मतदान 15-20 मिनट देरी से हुआ। छत्रपति संभाजीनगर के पैठण तालुका के दादेगांव बुद्रुक में मतदान केंद्र संख्या 226 पर ईवीएम खराब हो गई। कफी समय तक प्रशासन संबंधित मशीन को बदलने के काम पर जुटा रहा। कोल्हापुर उत्तर निर्वाचन क्षेत्र के विक्रम हाई स्कूल मतदान केंद्र पर ईवीएम बंद हो गई, जिससे मतदाताओं को मतदान केंद्र के बाहर लंबी कतार में इंतजार करना पड़ रहा है। बुलढाणा-जलगांव जामोद निर्वाचन क्षेत्र के मानसगांव में वोटिंग मशीन में समस्या के कारण कुछ समय के लिए मतदान बाधित रहा।



# भाजपा वोट से नहीं खोट से जीतना चाहती है चुनाव : अखिलेश

## सपा अध्यक्ष ने भाजपा पर लगाया उपचुनाव में धांधली करने का आरोप

**लखनऊ,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उपचुनाव में धांधली करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वोट से नहीं बल्कि खोट से चुनाव जीतना चाहती है। यादव ने पार्टी ऑफिस में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव में हार के डर से भाजपा प्रशासन से बेईमानी करा रही है।

दबाव डाल रही है। समाजवादी पार्टी के मतदाताओं को वोट डालने से रोका जा रहा है। भाजपा वोट से नहीं खोट से उपचुनाव जीतना चाहती है। समाजवादी पार्टी ने मतदान शुरू होने के बाद से ही कुंदरकी, सीसामऊ, कटेहरी, करहल, मझवां, फूलपुर, समेत अन्य सीटों पर पुलिस प्रशासन की ज्यादती की शिकायतें की, लेकिन ऐसा लगता है, चुनाव आयोग की इन्द्रियां काम नहीं कर रही है। न दिखाई दे रहा, न सुनाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अधिकारियों से धांधली करा रही है। चुनाव आयोग



भाजपा उपचुनाव के लिए बेईमानी कर रही है क्योंकि उसे जनता के साथ उसके अपने भी हरा रहे हैं : अखिलेश यादव

ने भी कहा है कि पुलिस किसी मतदाता की आईडी चेक नहीं कर सकती। यादव ने कहा भाजपा उपचुनाव के लिए बेईमानी कर रही है, क्योंकि उसे जनता के साथ उसके अपने भी हरा रहे हैं।

उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री हिल गए है, उनका सिंहासन हिल रहा है। भाजपा अपनी अन्दरूनी लड़ाई के कारण वोट की कमी को विपक्ष के वोटर का वोट रोक कर पूरा करना चाहती है। भाजपा के वोटर दुखी और परेशान हैं, वे नहीं निकल रहे हैं, जो निकल रहे हैं, वे भाजपा के खिलाफ वोट डाल रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग वोट डालने से रोकने वालों और मतदान में गड़बड़ी करने वालों का वीडियों एकत्र कर रहे हैं। गड़बड़ी में जो पुलिस-प्रशासन के लोग शामिल हैं, उनके नाम और पदनाम की जानकारी करें। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। चुनाव का परिणाम तो समाजवादी पार्टी के ही पक्ष में आएगा लेकिन मतदान में बाधा डालने वालों के खिलाफ मामले को कोर्ट में ले जाएंगे। कोर्ट इन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। न्यायालय किसी को नहीं छोड़ेगा। दोषियों की नौकरी, पीएफ और पेंशन भी खत्म होगी। इनकी इज्जत भी जाएगी। बेईमानी का ठप्पा लगवा कर ये अपनी जिन्दगी बर्बाद कर लेंगे। यादव ने कहा कि मतदान में धांधली को लेकर मेरी मुख्य चुनाव आयुक्त से बात हुई है।


**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC0158200 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (S/S-O&M) Quarter No. OA-01, Old CSEB Colony, Tifra, Bilaspur (C.G.) 495223
Website- www.cspc.co.in e-mail:- cessonm.bilaspur@cspc.co.in Ph. No. 07752-493537 Fax No. 07752-493537

No. 02-17/Pur/T-453/1724/1745 Bilaspur, Date: 18/11/2024

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited from eligible experienced contractor on labour contract basis for the following works:-

| SN | Tender No. | Particulars | E.M.D |
|---|---|---|---|
| 01. | 02-17/Pur/ TR-453/1724 Dtd.18/11/24 (RFx No. 8100040277) | Job work of complete overhauling and oil leakage arresting work of 40MVA X -mer No.-I (Make-BHEL) Sr. No. 2012386 YoM 1999 installed at 132KV S/s Bilaspur under EE (S/s) Dn. CSPTCL Bilaspur | 10,100.00 |
| Cost of Tender Documents (Non-refundable) incl. GST@18% | | | 2,000.00 |
| Last Date & Time of Sale of Tender: - | | 11/12/2024 | 15:00 Hrs |
| Last Date & Time of Submission of Tender:- | | 12/12/2024 | 15:00 Hrs |
| Date & Time of Opening of Tender :- | | 12/12/2024 | 15:30 Hrs |

Note:(I) In case any of the above date is declared as holiday, then the particular date will automatically get shifted to next working day.(ii) Any notice for extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company.(iii) The tender will be processed through e-bidding module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our web site www.cspc.co.in/csptcl for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (S/s)
CSPTCL Bilaspur


# राजद व राजग शासनकाल में शैक्षणिक स्थिति के संबंध में श्वेतपत्र जारी करे नतीश सरकार : गगन

## राजद शासनकाल के बारे में दुष्प्रचार करने का लगाया आरोप

**पटना,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार की मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने नीतीश सरकार से राजद और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासनकाल में राज्य के शैक्षणिक स्थिति के सम्बन्ध में श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। राजद के प्रदेश प्रवक्ता चितरंजन गगन ने बुधवार को यहां कहा कि सक्षमता परीक्षा पास नियोजित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण के लिए राजधानी पटना के अधिवेशन भवन में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में राजद शासनकाल के बारे में दुष्प्रचार किया गया है कि उस समय न शिक्षकों की कोई बहाली हुई और न कोई विद्यालय ही खोला गया था। जो सरासर झूठ है। इसलिए, सरकार में यदि हिम्मत है तो वह इस सम्बन्ध में श्वेत पत्र जारी करे नहीं तो पार्टी



आंकड़ों के साथ वर्तमान सरकार द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार की पोल खोल देगी। राजद प्रवक्ता ने कहा कि हद तो यह हो गई कि जिन शिक्षकों के सामने झूठ परोसा जा रहा था उनमें अधिकांश वे ही शिक्षक थे जिनकी नियुक्ति 2003 और 2005 के बीच राबड़ी देवी के मुख्यमंत्रीत्व काल में शिक्षामित्र के रूप में हुई थी जो बाद में नियोजित शिक्षक कहलाए। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के मुख्यमंत्रीत्व काल में ही बड़े पैमाने पर प्राथमिक विद्यालय खोले गए थे और बहुत से प्राथमिक विद्यालयों को मध्य विद्यालय में उत्क्रमित किया गया था जिनके लिए शिक्षकों के पद सृजित नहीं थे। उसकी भरपाई के लिए शिक्षा मित्रों की बहाली हुई थी।

शिक्षा मित्रों की बहाली ही नवसृजित प्राथमिक विद्यालयों और उत्क्रमित मध्य विद्यालयों के लिए किया गया था जबकि आज के कार्यक्रम में दुष्प्रचार किया गया कि राजद शासनकाल में एक भी विद्यालय नहीं खोला गया था। गगन ने कहा कि इससे बड़ा मजाक और क्या हो सकता है कि जिसकी बहाली ही राजद शासनकाल में हुई है और जिनकी सेवा का शुरूआत ही राजद शासनकाल में खोले गए विद्यालयों से हुई है उसी के सामने राजद शासनकाल के बारे में झूठ बोलकर दुष्प्रचार किया जा रहा है।

### किशन रेड्डी ने की भगवान वेंकटेश्वर की पूजा

**तिरुमाला।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बुधवार को तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। केंद्रीय मंत्री के मंदिर के प्रवेश द्वार पर पहुंचने पर, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी वेंकैया चौधरी और मंदिर के पुजारियों ने उनका भव्य स्वागत किया और उन्हें गर्भगृह तक ले गए।


**ICICI Bank**

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

**सार्वजनिक सूचना - संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दार/(रों)/ ज़मानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री मेहतारू कुमार देवांगन (कर्जदार), सरस्वती देवांगन, जनक राम देवांगन, सुनील देवांगन (सह-कर्जदार) कर्ज खाते क्रमांक- LBBSR00004701525, LBBSR00004702358 | दुकान नंबर डी 07, पीएच नंबर 23 (पुराना) 27 (नया), खसरा नंबर 1416/ क, ख, ग, घ, द, च, ग्राम-तिफरा, आर.एन.एम बिलासपुर, कृषि उपज मंडी समिति, तहसील और जिला -बिलासपुर छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल-676 वर्ग फुट | रु. 40,86,088/- (नवंबर 05, 2024 तक) | रु. 26,00,000/- / रु. 2,62,000/- | दिसंबर 17, 2024 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | दिसंबर 31, 2024 को सु. 11:00 बजे से |
| 2. | श्री हेमंत राव कांडे (कर्जदार), कृष्ण कुमार कांडे, रंजीता एम (सह-कर्जदार) कर्ज खाते क्रमांक- LBDRG00005357575. | प्लॉट नंबर सी 23, खसरा नंबर 304/ 33, पी.एच. नंबर 28, गार्डन सिटी कॉलोनी, ग्राम इंदामारा, आर.एन.एम. राजनांदगांव-1, ग्राम पंचायत इंदामारा, ब्लॉक एवं जनपद पंचायत, तहसील एवं जिला राजनांदगाँव, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 1125 वर्ग फुट या 104.55 वर्ग मी. | रु. 26,40,818/- (नवंबर 05, 2024 तक) | रु. 17,60,000/- / रु. 1,76,000/- | दिसंबर 16, 2024 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | दिसंबर 31, 2024 को सु. 11:30 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसंबर 30, 2024** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **दिसंबर 30, 2024** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **दिसंबर 30, 2024** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **दिसंबर 30, 2024** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **राजनांदगांव/बिलासपुर** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** कर्मचारी के फोन नंबर 9324948920. पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : नवंबर 21, 2024**
**स्थान : राजनांदगाँव (बिलासपुर)**

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


तैयारी | मप्र विधानसभा में नेवा हाउस कमेटी की बैठक में बोले विधानसभा अध्यक्ष तोमर

# मध्य प्रदेश की विधानसभा अगले मानसून सत्र तक होगी पेपरलेस

**भोपाल, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश की विधानसभा को मानसून सत्र 2025 तक पेपरलेस किया जाए। इसके लिए विधानसभा में नेशनल ई-विधान परियोजना (नेवा) लागू की जाए। उन्होंने इस परियोजना के लागू होने से पहले विधानसभा सदस्यों को भी इसकी पर्याप्त जानकारी देने को भी निर्देश दिए हैं।**

तोमर बुधवार को यहां विधानसभा में नेवा हाउस कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह परियोजना जल्द से जल्द लागू करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि अब तक 23 प्रदेशों के 25 सदनों ने केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित ई-विधान परियोजना लागू करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। देश के 13 प्रदेशों के 14 सदनों में यह परियोजना लागू की जा चुकी है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि



■ नेशनल ई-विधान परियोजना लागू करने पर दिया जोर

अब प्रत्येक दो माह में परियोजना की प्रगति से समिति को अवगत कराया जाए। बैठक में बताया गया कि इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार के 'संसदीय कार्य मंत्रालय' को नोडल विभाग बनाया गया है। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ई-विधान परियोजना में एनआईसी का जिला स्तर तक सहयोग लिए जाने की बात कही। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इस परियोजना को लागू करने के लिए विधायकों की जो समिति बनाई गई है वह समिति जल्द उन राज्यों का दौरा करे, जहां इस परियोजना को सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। उन्होंने ई-विधान परियोजना के लिए साइबर सिक्यूरिटी पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही। बैठक में विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि कुल परियोजना लागत का 60 प्रतिशत अंश केन्द्र सरकार द्वारा और 40 प्रतिशत राज्य सरकार वहन किया जायेगा। केन्द्र सरकार ने अभी तक 19 करोड़ 36 लाख रूपए लागत के परियोजना कार्यों का अनुमोदन कर दिया है। बैठक में टेबलेट, नेटवर्क और ई-लर्निंग एवं ई-फेसिलिटी सेंटर पर भी विचार किया गया।

# दुनिया रंग-बिरंगी



## 'इफ्फी' में लाइव दिखाई जाएगी दादा साहेब फाल्के की मूक फिल्म 'कालिया मर्दन'

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के जनक दादा साहब फाल्के की मूक फिल्म 'कालिया मर्दन' गोवा में आयोजित होने वाले '55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) में लाइव आर्केस्ट्रा के साथ दिखायी जाएगी। दादा साहब फाल्के की मूक फिल्म 'कालिया मर्दन' इस साल 'इफ्फी' में लाइव ऑर्केस्ट्रा के साथ दिखाई जाएगी। दादा साहेब फाल्के के पोते चंद्रशेखर पुसालकर ने इस सम्मान के लिए अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि इस फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखाया जा रहा है। मैं सरकार का शुक्रगुजार हूं। यह दादा साहब की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है। वर्ष 1919 में प्रदर्शित दादा साहब फाल्के निर्देशित कालिया मर्दन में भगवान कृष्ण के बचपन के रोमांच की कहानी को दर्शाया गया है, जहां वह यमुना नदी में कालिया नाग को वश में करते हैं।

## एक्सक्लूसिव वेलनेस व योगा रिट्रीट की मेजबानी करेंगी सारा



**शिमला,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। फिटनेस एवं ट्रैवल को लेकर प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान पहली बार एक्सक्लूसिव वेलनेस एवं योगा रिट्रीट क्यूरेट और होस्ट करने के लिए तैयार हैं। यह रिट्रीट गोवा में एयरबीएनबी की खास लोकेशन पर होगा जिसमें चार अतिथियों को हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। गोवा में इस वेलनेस एवं योगा रिट्रीट के लिए बुकिंग 27 नवम्बर को सुबह 10 बजे शुरू होगी एयरबीएनबी पर लिस्टेड इस रिट्रीट के लिए कोई शुल्क नहीं चुकाना होगा।

गोवा की खूबसूरत वादियों में रिट्रीट का हिस्सा बनने वालों को सुकून का एहसास होगा। यह उनके लिए दिल व दिमाग को शांत रखने का एक खूबसूरत मौका होगा। सारा को भागमभाग वाले अपने सिनेमैटिक करियर और फिटनेस के प्रति समर्पण के बीच संतुलन के लिए जाना जाता है। अब वह वेलनेस और योग के लिए अपने उत्साह को गोवा में एयरबीएनबी के साथ रिट्रीट के माध्यम से सबके सामने ला रही हैं। इसमें हिस्सा लेने वाले अतिथि प्रकृति की खूबसूरत वादियों में सारा के साथ योग का आनंद लेंगे और उन्हें सारा की व्यक्तिगत वेलनेस से जुड़े राज भी जानने का मौका मिलेगा।

एयरबीएनबी में भारत, दक्षिणपूर्व एशिया,हांगकांग और ताइवान के जनरल मैनेजर अमनप्रीत बजाज ने कहा कि एयरबीएनबी के होस्ट के रूप में सारा का स्वागत करने को लेकर हम उत्साहित हैं। पर्यटन के लिए किसी गंतव्य पर जाते समय अनूठा एवं व्यापक अनुभव पाने की भारतीय पर्यटकों की चाहत लगातार बढ़ रही है। साथ ही बॉलीवुड भी लोगों के लिए इस मामले में किसी मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है। ऐसे में यह रिट्रीट लोगों को सबसे अलग और अनूठा अनुभव देगा।

## वायु प्रदूषण के कारण तेजी से बढ़ रहे हैं एलर्जिक कंजंक्टिवाइटिस के मामले

- प्रदूषित हवा में कण, धूल से आंखों में हो सकती है जलन
- एलर्जी से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए एंटी एलर्जिक आई ड्रॉप का उपचार आवश्यक



**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी में खराब वायु गुणवत्ता के चलते आंखों में सूखापन, जलन और एलर्जी की समस्या के मामले तेजी से बढ़ रहे है, जिसे एलर्जिक कंजंक्टिवाइटिस भी कहा जाता है। विशेषज्ञों ने इस प्रदूषण को आंखों के लिए एक गंभीर खतरा बताया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार बुधवार की सुबह दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में रही, जहां सुबह 10 बजे औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 427 रहा, जिससे यह भारत का सबसे प्रदूषित शहर बन गया। एम्स नई दिल्ली के आर पी सेंटर फॉर ऑप्थेलमिक साइंसेज के ओफ्थैल्मोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. रोहित सक्सेना ने बताया कि प्रदूषण हमारी आंखों के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करता है, खास तौर पर यह कंजंक्टिवा और कॉर्निया के लिए खतरनाक हो सकता है। प्रदूषित वातावरण में मौजूद सूक्ष्म कण आंखों की सतह को प्रभावित कर सकते हैं। इससे एलर्जी होने का खतरा बना रहता है।

उन्होंने कहा कि यह विशेष रूप से उन बच्चों और वयस्कों के लिए चिंता का विषय है, जो पहले से ही सूखी आंखों या एलर्जी का अनुभव कर रहे हैं, क्योंकि खराब वायु गुणवत्ता के संपर्क में आने से ये स्थितियां और खराब हो जाती हैं। बुधवार की सुबह, दिल्ली के 38 वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों में से लगभग 12 ने 450 या उससे अधिक का एक्यूआई दर्ज किया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली सरकार को आधे कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति देने का निर्देश दिया है। कोलोराडो विश्वविद्यालय के अंशुट्ज मेडिकल कैंपस के शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में किए गए एक शोध से पता चला है कि पीएम10 के संपर्क में आने वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आंखों में संक्रमण होने का जोखिम दोगुना हो सकता है।

शोध से पता चला है कि वायु प्रदूषण से उत्पन्न कणों के वातावरण में होने से कॉर्निया, कंजंक्टिवा और पलकों सहित आंख संबंधी समस्याओं से पीड़ित रोगी दोगुनी संख्या में डॉक्टरों का रुख कर रहे है। वायु प्रदूषण आंखों के स्वास्थ्य को काफी हद तक प्रभावित कर सकता है, जिससे आंखों में दिक्कत और जलन हो सकती है। प्रदूषित हवा में कण, धूल और प्रदूषक होते हैं जो आंखों में जलन पैदा कर सकते हैं।

सक्सेना ने कहा कि आंखों को बार-बार रगड़ने से समय के साथ कॉर्निया कमजोर हो सकता है और केराटोकोनस जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें कॉर्निया पतला हो जाता है और शंकु के आकार में उभर जाता है, जिससे नजर कमजोर हो सकती है।

इसके आम लक्षणों में खुजली, पानी आना, जलन, लालिमा और सामान्य दर्द महसूस होना शामिल है।

पटपड़गंज स्थित मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की ऑप्थैल्मिक सर्जरी कंसल्टेंट डॉ. स्मृति गोयल ने बताया कि गंभीर मामलों में वायु प्रदूषण से दर्द या नजर धुंधली हो सकती है, जिसके लिए तुरंत इलाज की आवश्यकता हो सकती है। विशेषज्ञों ने डॉक्टर की सलाह के बिना दवा लेने से बचने का सुझाव दिया है। गोयल ने कहा कि आंखों में नमी बनाए रखने के लिए लुब्रिकेटिंग ड्रॉप्स का उपयोग करें और जलन से राहत पाने के लिए ठंडी पट्टियां लगाएं।



## 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में बसंती का किरदार निभाने के लिए करुणा पांडे ने सीखा कानपुरी लहजा

**मुंबई,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री करूणा पांडे ने सोनी सब के शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में बसंती का किरदार निभाने के लिए कानपुरी लहजा सीखा।

सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल ने दर्शकों को पुष्पा की प्रेरक कहानी से आकर्षित किया है, जो एक दृढ़ इच्छाशक्ति वाली महिला है। वह जीवन की चुनौतियों का साहस और आशावाद के साथ सामना करती है। पुष्पा का किरदार निभाने वाली करुणा पांडे ने हाल ही में शो में दोहरी भूमिका निभाई है। इसमें वह पुष्पा और उसकी हमशक्ल बसंती दोनों की भूमिका में हैं। कहानी में एक चौंकाने वाला मोड़ आता है, जिसमें कानपुर में रहने वाली बसंती मुंबई में पुष्पा के परिवार में पहुंच जाती है, जबकि



असली पुष्पा खुद को बसंती की जगह कानपुर में पाती है।

करुणा पांडे ने बताया कि कैसे उन्होंने बसंती की भूमिका निभाने के लिए कानपुर की बोलने की शैली को अपनाया और कैसे एक कलाकार होना और हर दिन कुछ नया सीखना मजेदार है। करुणा पांडे ने कहा कि बसंती की भूमिका निभाने से मेरे जीवन में नई चुनौतियां और अनोखे अनुभव आए हैं। बसंती को भरोसेमंद तरीके से चित्रित करने के लिए मुझे ग्रामीण जीवन की बारीकियों में उतरना पड़ा क्योंकि वह कानपुर के चुन्नीगंज नामक स्थान से आती है। इससे मुझे परफॉर्मेंस को और अधिक यथार्थवादी बनाने में मदद मिली। मैंने कानपुर का लहजा सीखने का काम अपने हाथ में लिया, जो मुझे शुरू में मुश्किल लगा। यह ऐसी चीज नहीं थी जिसकी मुझे आदत थी। प्रोडक्शन टीम ने एक लैंग्वेज इंस्ट्रक्टर मुहैया कराया जो सेट पर मेरे साथ रहता है और जब भी मैं कोई गलती करती हूँ तो मेरा मार्गदर्शन करता है। यह सहयोग अमूल्य रहा है, जिससे मुझे बोली को बेहतर बनाने और बसंती के किरदार में प्रामाणिकता लाने में मदद मिली।

## हर छह मिनट में साइबर क्राइम की रिपोर्ट कर रहे ऑस्ट्रेलियाई

**कैनबरा,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के लोगों ने जून के अंत तक (12 महीने के दौरान) हर छह मिनट में एक साइबर अपराध की सूचना अधिकारियों को दी। देश की सिग्नल खुफिया एजेंसी ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, 'ऑस्ट्रेलियाई सिग्नल निदेशालय' (एएसडी) ने बुधवार को 2023-24 के लिए वार्षिक 'साइबर खतरा रिपोर्ट' प्रकाशित की।

इसके मुताबिक साइबर अपराध की रिपोर्ट पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी कम हुई है, जबकि साइबर अपराधों से प्रभावित लोगों के वित्तीय नुकसान में बढ़ोतरी हुई है।

एएसडी को जून 2024 के अंत तक 12 महीने की अवधि में 87,400 साइबर क्राइम रिपोर्ट प्राप्त हुईं। यह औसतन हर छह मिनट में एक रिपोर्ट के बराबर है। एएसडी को रिपोर्ट किए गए साइबर क्राइम की कुल संख्या 2022-23 की तुलना में सात प्रतिशत कम थी।



हालांकि, साइबर अपराध की वजह से व्यक्तिगत पीड़ितों के नुकसान की कुल लागत 30,700 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक पहुंच गई, जो 2022-23 से 17 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया कि पहचान धोखाधड़ी, ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी और ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी लोगों को प्रभावित करने वाले साइबर अपराध के सबसे आम प्रकार थे।

ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री और उप प्रधानमंत्री (पीएम) रिचर्ड मार्लेस ने रिपोर्ट में लिखा है कि डाटा सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों को साइबर सुरक्षा में अपनी भूमिका निभाने की आवश्यकता को दर्शाता है।

एएसडी ने कहा कि उसने 2023-24 में 1,100 साइबर सुरक्षा घटनाओं पर प्रतिक्रिया दी। उनमें से लगभग आधे को असफल निम्न-स्तरीय दुर्भावनापूर्ण हमलों के रूप में वर्गीकृत किया गया।

52 ने व्यापक नुकसान पहुंचाया। इनमें संघीय सरकार, सरकारी सेवाओं या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने वाली घटनाएं भी शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि इनमें से 11 प्रतिशत घटनाएं महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर की गईं।

## अपनी फिटनेस को लेकर बहुत क्रेजी हैं अभिनेता अर्जुन कपूर

**मुंबई,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर अपनी फिटनेस को लेकर बेहद ही सजग रहते है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट की एक तस्वीर शेयर की। अर्जुन ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक मिरर सेल्फी शेयर की, जिसमें वह ट्रेडमिल पर वर्कआउट करते हुए दिखे। फोटो में अभिनेता शर्टलेस दिखाई दे रहे हैं। अभिनेता ने कैप्शन में लिखा कि बुधवार का वर्कआउट हो गया। इन दिनों अर्जुन अपनी हालिया रिलीज 'सिंघम अगेन' की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। एक साक्षात्कार में उन्होंने 'डेंजर लंका' के किरदार की तुलना 2012 में रिलीज 'इश्कजादे' के किरदार परमा चौहान से की थी। सिंघम अगेन की बात करें तो ये रामायण से प्रेरित है। किरदार आधुनिक दौर के हैं लेकिन उनके क्रियाकलाप महान ग्रंथ के पात्रों से मेल खाते हैं। इस फिल्म में अजय




देवगन मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ और जैकी श्रॉफ भी हैं। यह शेट्टी की कॉप यूनिवर्स फ्रैंचाइजी की पांचवीं किस्त है।

रिलीज होने पर निर्देशक रोहित शेट्टी ने कहा था कि 'सिंघम अगेन' उनकी 10वीं और सबसे तेज 100 करोड़ रुपए की कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। रोहित ने इंस्टाग्राम पर उन फिल्मों की तस्वीरें शेयर कीं थी, जिन्होंने 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है। इनमें 'सिंघम अगेन', 'सूर्यवंशी', 'सिम्बा', 'गोलमाल अगेन', 'दिवाल', 'सिंघम रिटर्न्स', 'चेन्नई एक्सप्रेस', 'बोल बच्चन', 'सिंघम' और 'गोलमाल 3' शामिल हैं। फिल्म निर्माता ने पोस्ट को कैप्शन दिया, सिंघम अगेन मेरी 10वीं और सबसे तेज 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म है। पिछली 16 फिल्मों में एक चीज जो हमेशा बनी रही है।

## पूजा हेगड़े ने फैंस के साथ शेयर की 'थलपति 69' की शूटिंग की झलक

**मुंबई,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। अभिनेत्री पूजा हेगड़े जल्द ही अपकमिंग फिल्म 'थलपति 69' में नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग फिलहाल चेन्नई में चल रही है। अभिनेत्री इसमें थलपति विजय के साथ अभिनय करती नजर आएंगी। हाल ही में हेगड़े ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर चेन्नई का एक शांत दृश्य शेयर किया। उन्होंने अपने इस पोस्ट को कैप्शन देते हुए लिखा कि चेन्नई मॉर्निंग्स डे 16...। उन्होंने बताया कि उनके दिन की शुरुआत सुबह 6.30 बजे हुई।

तमिल, तेलुगु और हिंदी सहित कई भाषाओं में अक्टूबर 2025 में रिलीज होने वाली फिल्म 'थलपति 69' विजय की विरासत को समर्पित होगी। फिल्म का निर्देशन एच. विनोद करेंगे और केवीएन प्रोडक्शंस के तहत वेंकट के. नारायण इसे प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म की शूटिंग 4 अक्टूबर को पारंपरिक पूजा समारोह के साथ शुरू हुई। निर्माताओं ने कलाकारों और क्रू की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। इस कार्यक्रम में कास्ट और क्रू की टीम शामिल हुई, जिसमें थलपति विजय, बॉबी देओल और पूजा हेगड़े शामिल थे। 'थलपति 69' में फिल्म निर्माता-अभिनेता गौतम वासुदेव मेनन, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री प्रियामणि, अनुभवी अभिनेता प्रकाश राज और 'प्रेमलु' की प्रसिद्ध अभिनेत्री ममिता बैजू भी हैं। इस बीच पूजा हेगड़े इसके अलावा अपकमिंग फिल्म 'देवा' और 'सूर्या 44' में भी नजर आएंगी। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित 'देवा' में अभिनेत्री शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। इस साल जुलाई में फिल्म का पहला लुक जारी किया गया था, जिसमें निर्माताओं ने घोषणा की थी, देवा के रोमांचक रोमांच का अनुभव करें। यह पावर-पैक एक्शन थ्रिलर 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म में पावेल गुलाटी भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। इसे कार्तिक सुब्बाराज ने लिखा और निर्देशित किया है। हेगड़े को पिछली बार फरहाद सामजी की किसी का भाई किसी की जान में सलमान खान के साथ देखा गया था।



## फिल्मी सितारों ने किया मतदान

**मुंबई,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड के सितारों ने महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान किया और लोगों से मतदान की अपील की। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी, बेटी ईशा देओल के साथ वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंचीं। हेमा मालिनी ने कहा कि मैं यहां अपना वोट डालने आई हूं। मैं सभी नागरिकों से बाहर आने और मतदान करने का अनुरोध करती हूं। देश के भविष्य के लिए मतदान करना आपका कर्तव्य है। ईशा देओल ने कहा कि मैं आज यहां स्पष्ट रूप से मतदान करने आई हूं और मुझे लगता है कि सभी के लिए बाहर निकलना महत्वपूर्ण है।

बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध गीतकार गुलजार और उनकी बेटी फिल्म निर्माता मेघना गुलजार ने भी वोट डाला। गुलजार ने कहा कि युवाओं को वोटिंग के लिए उत्साह के साथ आगे आना चाहिए क्योंकि भारत पर उनका हक है। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने मतदान करने के बाद कहा कि सभी को आकर वोट करना चाहिए क्योंकि यही सबसे महत्वपूर्ण चीज है। रणबीर कपूर ने भी वोट डाला। रणबीर कपूर ने कहा कि वोट देना आपकी जिम्मेदारी है। प्लीज आएं और वोट करें। राजकुमार राव ने लोगों से वोट डालने का आग्रह करते हुए कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है, मतदान करना जरूरी है। सभी लोग कृपया बाहर निकलें और मतदान करें। यह मतदान का दिन है, यह बहुत महत्वपूर्ण है।

बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने भी वोट डाला। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से वोट



डालने की अपील करना चाहूंगा। यह बहुत जरूरी है। वोट डालना हर किसी की जिम्मेदारी है, इसे छुट्टी की तरह न लें। रोहित शेट्टी ने कहा कि हमें वोट देना है और हम सभी को वोट देना चाहिए, यह बहुत महत्वपूर्ण है। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने अपना वोट डालने के बाद कहा कि सब कुछ बहुत अच्छी तरह से व्यवस्थित है। स्वतंत्र देश में चुनाव से बड़ा कोई उत्सव नहीं है। यदि कोई आज वोट नहीं करता है, तो उन्हें अगले पांच साल तक कोई भी शिकायत करने का अधिकार नहीं है। क्योंकि प्रजातंत्र ने आपको अधिकार दिया है कि आप अपने पसंदीदा नेता को चुने. तो इसका हर नागरिक को उपयोग करना चाहिए।

उर्मिला मातोंडकर ने भी अपना वोट डाला है। उन्होंने एक्स पर एक फोटो शेयर की, जिसमें उन्होंने अपना वोट मार्क दिखाया और दूसरों से भी ऐसा करने का आग्रह किया। उनकी पोस्ट में लिखा था, 'कृपया अपने लिए, अपने बच्चों के लिए अपने समाज के लिए और अपने महाराष्ट्र के लिए वोट करें।' बॉलीवुड कपल रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा वोट डाला। जेनेलिया डिसूजा ने कहा कि हर किसी को अपना वोट डालने का अधिकार है। लोगों को बाहर आकर अपना वोट डालना चाहिए। आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, आप बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

कार्तिक आर्यन ने भी मुंबई में अपना वोट डाला। श्रद्धा कपूर अपनी फैमिली संग वोट डालने पहुंचीं। उनके साथ भाई सिद्धांत, मां शिवांगी और मासी पद्मिनी कोल्हापुरे नजर आए। सबने वोटिंग साइन दिखाते हुए फैमिली फोटो क्लिक कराई।अली फजल अपना वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंचे। सलमान खान के माता-पिता, लेखक सलीम खान और उनकी पत्नी सलमा खान वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंचे। अभिनेत्री शरवरी वाघ भी वोट डालने के लिए बाहर आईं। सुनील शेट्टी ने भी एक नागरिक के रूप में अपना कर्तव्य निभाया और अपना वोट डाला।

वरिष्ठ अभिनेता और निर्देशक राकेश रोशन को मतदान केंद्र पर वोट देने के लिए पहुंचते हुए देखा गया। आज अपना जन्मदिन मना रहे अभिनेता तुषार कपूर ने चल रहे चुनाव में अपना वोट डाला। अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने अपने पति एवं निर्माता जैकी भगनानी के साथ महाराष्ट्र चुनाव के दौरान वोट डाला। अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे अपने पति गोल्डी बहल के साथ वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचीं। अभिनेता गोविंदा ने भी महाराष्ट्र चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## रोसनेफ्ट आर्कटिक रिसर्च ने की दुर्लभ पक्षियों की प्रजातियों की खोज

- ध्रुवीय भालुओं और जंगली बारहसिंगा की गिनती हुई
- लगभग 17,000 किमी की उड़ान और पानी पर 3,000 किमी से अधिक की यात्रा शामिल

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। अपने कॉर्पोरेट जैवविविधता संरक्षण कार्यक्रम 'तमुरा' के तहत क्रास्नोयार्स्क क्षेत्र के उत्तर में 2024 में पांच खोजी मिशनों को अंजाम देने वाली रूस की तेल कंपनी रोसनेफ्ट ने वहां चिड़ियों की 60 दुर्लभ प्रजातियों की खोज की है। साथ ही उसने ध्रुवीय भालुओं और जंगली बारहसिंगा की गिनती भी की है।

शीर्ष रूसी शोध संस्थानों के वैज्ञानिकों ने रोसनेफ्ट के आर्कटिक रिसर्च सेंटर के विशेषज्ञों के साथ मिलकर पश्चिमी तैमिर प्रायद्वीप में ध्रुवीय भालू की कारा प्रजाति, जंगली बारहसिंगा और पक्षियों की दुर्लभ प्रजातियों का अध्ययन किया। इस सर्वेक्षण में लगभग 17,000 किलोमीटर की उड़ान और पानी पर 3,000 किलोमीटर से अधिक की यात्रा शामिल थी।

रूसी विज्ञान अकादमी के ए.एन. सेवर्टसोव इंस्टीट्यूट ऑफ इकोलॉजी एंड इवॉल्यूशन (आईईई) के शोधकर्ताओं ने येनिसे नदी के मुहाने पर ब्रेखोव्स्कीख द्वीपों में रहने वाले दुर्लभ पक्षियों का अध्ययन किया। वैश्विक स्तर पर पक्षी विज्ञान के लिहाज से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में दर्ज 60 प्रजातियों में पेरेग्रीन फाल्कन, ब्रेंट गूज, ब्लैक स्कॉटर और लंबी पूंछ वाली बत्तख के साथ-साथ साइबेरियाई चिफचैफ, रेडविंग और डस्टी थ्रश भी शामिल थे। शोधकर्ताओं ने प्रत्येक झुंड की आकार और प्रजातियों की विविधता को स्पष्ट करने के लिए बेविक स्वान, गीज़, बत्तख और सीगल की गतिविधियों को रिकॉर्ड किया। आईईई विशेषज्ञों ने बर्फ रहित अवधि के दौरान तैमिर के उत्तर-पश्चिमी तट और कारा सागर द्वीपों पर ध्रुवीय भालुओं की गणना भी की, जिसमें उनकी संख्या 50 पाई गई। जंगली भालुओं के मौसमी प्रवास और गतिविधि की निगरानी करने तथा उनके प्रसूति मांद और भोजन प्राप्त करने के क्षेत्र का अध्ययन करने के लिए उनमें से कई पर सैटेलाइट रेडियो टैग वाले ट्रांसमीटर लगाए गए थे। मादाओं के साथ रूस में पहली बार नर ध्रुवीय भालुओं पर भी रेडियो टैग लगाए गए थे। टीम के समक्ष 2025 में एक महत्वपूर्ण कार्य ध्रुवीय भालुओं की कारा प्रजाति की हवाई गणना का है। रूस में पहली बार इस तरह की पूर्ण गणना होगी। 'तमुरा' कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, रोसनेफ्ट ने साइबेरियाई संघीय विश्वविद्यालय के साथ मिलकर जंगली बारहसिंगों की आबादी का अपना बहु-वर्षीय अध्ययन जारी रखा है। इस वर्ष, उन्होंने पियासिना नदी और उसकी प्रमुख सहायक नदियों के किनारे 1,000 किमी से अधिक की यात्रा की और 3,60,000 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में हवाई अवलोकन किए।



सिबिर्याकोव द्वीप पर कम से कम 100 बारहसिंगों का एक समूह पाया गया, और पानी में बारहसिंगा के 12 किलोमीटर तैरने की एक अनूठी घटना भी दर्ज की गई। अभियान के दौरान, बारहसिंगा की आबादी की दूर से निगरानी के लिए उन्हें सैटेलाइट ट्रांसमीटरों से टैग किया गया।

रायपुर, गुरुवार 21 नवम्बर 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## महाराष्ट्र : चुनाव जीतने भाजपा की छटपटाहट

महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव जीतने के लिये भारतीय जनता पार्टी की बेताबी का आलम मतदान के पहले के दो दिनों में देखने को मिला। सोमवार की रात चुनाव प्रचार करते हुए पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख पर बड़ा हमला हुआ जिसमें वे जख्मी हो गये, वहीं भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को मुम्बई के निकटस्थ एक उपनगर में नोट बांटते हुए पकड़ा गया। देशमुख राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के नेता हैं जिनके पुत्र सलिल काटोल विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। नरखेड़ में प्रचार कर अनिल देशमुख नागपुर लौट रहे थे तभी उनकी कार पर पत्थरों से हमला हुआ। उनके सिर पर चोटें आईं। उन्हें पहले काटोल के शासकीय अस्पताल ले जाया गया तत्पश्चात उनकी चोटों को देखते हुए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 4 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है, तो वहीं तावड़े के विरुद्ध चुनाव आयोग ने मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। तावड़े महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री रह चुके हैं।

बुधवार को प्रदेश की सभी 288 सीटों के लिये हुआ मतदान किस माहौल में सम्पन्न हुआ इसका अंदाजा तो लग ही गया, यह भी साफ है कि महाराष्ट्र की सत्ता किसी भी परिस्थिति में हाथ से न जाने देने के लिये भाजपा आमादा है। यहां भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार गुट) नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) के तहत मैदान में हैं। उसके खिलाफ महाविकास आघाड़ी के नाम से कांग्रेस, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना एवं एनसीपी का शरद पवार धड़ा मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। एनडीए के भीतर चल रहे मनमुटाव और मतभेदों के चलते वह कमजोर पिच पर खड़ी है तो दूसरी ओर महाविकास आघाड़ी (एमवीए) तमाम विपरीत परिस्थितियों तथा दुश्वारियों के बीच भी एकजुट है जिसके कारण सत्ता हाथ में होने के बाद भी एनडीए को चुनाव जीतने के लिये तमाम हथकण्डे अपनाने पड़ रहे हैं। देशमुख पर किये गये हमले के आरोपियों का अभी खुलासा नहीं हुआ है लेकिन देशमुख एवं उनकी पार्टी का विश्वास है कि पत्थर भाजपा के लोगों ने ही चलाये।

उधर विनोद तावड़े का किस्सा भी दिलचस्प मोड़ ले रहा है। राजनीतिक गलियारों में बात फैल चुकी है कि उनके द्वारा ठाणे जिले के नालासोपारा स्थित विवांत होटल में नोट बांटने की गुप्त सूचना खुद भाजपाइयों ने विरोधी गुट को पहुंचाई। यह इलाका बाहुबली और चार मर्तबा विधायक रहे हितेन्द्र ठाकुर का है। इस बार उनका पुत्र क्षितिज बहुजन विकास आघाड़ी की टिकट पर लड़ रहा है। मतदान की पूर्व संध्या यानी मंगलवार की शाम को तावड़े द्वारा किये जा रहे धन वितरण के दौरान बीवीए के सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंच गये। उन्होंने वहां रखे काले बैग व नोट भरे लिफाफे दिखाये तथा बंडलों को मुट्ठियों में लहराते हुए फोटो खिंचवाए और तावड़े से सवाल-जवाब किये। पैसे बांटने का काम इतना पूर्व नियोजित था कि कुछ समय के लिये वहां का सीसीटीवी कैमरा बन्द करा दिया गया था। क्षितिज ने दावा किया है कि उनके हाथ में वह डायरी लग गयी है जिसमें तावड़े द्वारा बांटे जा रहे रुपयों का हिसाब है। हालांकि तावड़े अपने स्थानीय उम्मीदवार राजन नाईक के साथ सफाई देते रहे और चुनाव आयोग की ओर से निष्पक्ष जांच की मांग करते रहे लेकिन दोनों के खिलाफ मामले दर्ज हो ही गये।

मंगलवार की रात भर में तावड़े के इस धन वितरण की क्लिप्स और विस्तृत वीडियो महाराष्ट्र भर में फैल गये। देखना यह है कि इसका असर मतदान पर क्या हुआ। 23 नवम्बर को ही पता चल पायेगा जब सभी नतीजे निकलेंगे। जो भी हो, इसके कारण विपक्ष को एक बड़ा मुद्दा मिल गया। राहुल गांधी ने इस सन्दर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खिंचाई की। उन्होंने पूछा कि 'अदानी द्वारा टेंपो में भर-भरकर महाराष्ट्र में नोट भेजे जाने की पीएम कब जांच कराएंगे?' कहा तो यहां तक जा रहा है कि महाराष्ट्र में वोटरों को लुभाने के लिये जमकर पैसा बंटा है। तावड़े से बरामद 5 करोड़ रुपये तो झलक मात्र है। राज्य में आम चर्चा है कि एक-एक वोट के लिये 10-10 हजार रुपये तक बांटे गये हैं। तावड़े द्वारा किये गये धन वितरण के मामले तथा देशमुख पर हुए हमले को लोग भाजपा की सत्ता की अकुलाहट से जोड़कर देख रहे हैं।

भाजपा द्वारा अपनाये जा रहे हथकण्डों से यह आशंका भी गहराती स्वाभाविक है कि यदि एनडीए को बहुमत नहीं मिलता और एमवीए अपनी सरकार बनाने में विलम्ब करती है तो केन्द्र राज्यपाल के जरिये यहां वैसा ही खेला कर सकती है जिस तरह तत्कालीन राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी ने अपनी संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सरकार बनवा दी थी। इसके लिये भाजपा ने शिवसेना तथा एनसीपी को तोड़ा था। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि 26 नवम्बर तक प्रदेश की नयी सरकार का गठन हो जाना चाहिये अन्यथा वहां राष्ट्रपति शासन लगाने में केन्द्र सरकार देर नहीं करेगी। यह भाजपा की राजनीतिक मोडस आपरेंडी रहेगी कि पहले सत्ता को केन्द्र अपने हाथों में ले तत्पश्चात वहां ऑपरेशन लोटस के जरिये खुद की सरकार बना ली जाये। बुधवार को जेल जा चुके पूर्व आईपीएस अधिकारी ने शरद पवार की पुत्री व सांसद सुप्रिया सुले और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले पर क्रिप्टोकरेंसी में 235 करोड़ रुपये मूल्य के बिटकाइन की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। माना जा रहा है कि इसके पीछे भाजपा का ही हाथ है। पाटिल के अनुसार इस राशि का उपयोग इस चुनाव में किया गया है। हालांकि इसका खंडन खुद शरद पवार ने यह कहकर किया है कि सत्ता के लिये भाजपा किसी भी हद तक गिर सकती है। अब सच्चाई तो जांच के बाद सामने आएगी, लेकिन चुनाव से पहले इस तरह के आरोप और खुलासे भाजपा की छटपटाहट को दर्शा रहे हैं।

# फेक नैरेटिव को लेकर मोदी की चिंता

**दुनियादारी**

■ **सर्वमित्रा सुरजन**

मणिपुर एक बार फिर हिंसा की चपेट में है। राज्य के कई हिस्सों में कर्फ्यू लगा है, जरूरी सामान खरीदने के लिए लोगों को कुछ घंटों की राहत दी जा रही है, लेकिन सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त ही है। ऐसा होना स्वाभाविक भी है। जब कोई राज्य लगभग डेढ़ साल से हिंसाग्रस्त रहे, जब राज्य के मुख्यमंत्री अपनी जिम्मेदारियों को पूरा न कर पाएं, जब देश के प्रधानमंत्री को आम जनता की सुध लेने की फिक्र न हो, तब जनता किस तरह से आराम से रह सकती है। सिर पर हमेशा हिंसा की तलवार लटके रहने पर कितना मानसिक तनाव होता होगा इसकी तो कल्पना हम कर भी नहीं सकते। आश्चर्य होता है यह देखकर कि प्रधानमंत्री मोदी ने कितने आराम से खुद को मणिपुर से दूर कर लिया है। अभी जब इस पूर्वोत्तर राज्य में हालात फिर बिगड़े तो अमित शाह ने अपने चुनावी दौरे का थोड़ा हिस्सा रद्द किया, हालांकि पिछले महीने मणिपुर पर गृहमंत्रालय द्वारा बुलाई गई बैठक में वे खुद ही शामिल नहीं हुए थे, खैर अमित शाह अब राज्य की कानून व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं, उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मणिपुर मुद्दे पर दखल देने की मांग की है। मंगलवार को लिखे दो पेज के पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि 18 महीने में केंद्र और राज्य की सरकार मणिपुर में शांति स्थापित करने में असफल रही है। आप संविधान की संरक्षक हैं, इसलिए दखल दें। मणिपुर में भाजपा की सहयोगी एनपीपी ने समर्थन वापस ले लिया है और सोमवार को एनडीए की एक बैठक में 18 विधायक ही गायब रहे। कहने का आशय यह कि अपने दायरे में रहकर कमोबेश सभी राजनेता अपने मंतव्य को सामने रख रहे हैं या कार्य कर रहे हैं। लेकिन नरेन्द्र मोदी ऐसा नहीं कर रहे तो सवाल उठता है कि आखिर मोदी चाहते क्या हैं। उनके अपने ही देश में एक राज्य हिंसा में झुलसा हुआ है और उनके मुंह से उफ तक नहीं निकल रही। क्या मोदी की 56 इंची छाती के भीतर पत्थर का दिल है, जिसमें कोई स्पंदन ही नहीं होता।

अभी जब विधानसभा चुनावों के साथ-साथ मणिपुर के हालात पर भी देश का ध्यान जा रहा है, तब ये देखना दिलचस्प है कि मोदी का ध्यान किस तरफ है। 17 नवंबर को श्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से आलोक भट्ट नाम के एक यूजर का एक्स पोस्ट रीपोस्ट किया है। इस पोस्ट में गोधरा कांड पर बनी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का ट्रेलर भी दिखाया गया है। नरेन्द्र मोदी ने लिखा है: ''ये अच्छी बात है कि ये सच सामने आ रहा है और वो भी एक ऐसे तरीके से जिससे आम लोग इसे देख सकें। एक फेक नैरेटिव कुछ समय तक ही चल सकता है। आखिरकार, फैक्ट्स हमेशा सामने आते हैं!'' गौरतलब है कि आलोक भट्ट ने फिल्म देखने की 4 वजहें बताई गई हैं। इन वजहों के बारे में बताते हुए उन्होंने लिखा है कि ये फिल्म उन 59 लोगों के लिए सही मायने में श्रद्धांजलि है जिन्होंने गोधरा कांड में अपनी जान गंवाई थी। आश्चर्य नहीं कि प्रधानमंत्री के इस ट्वीट के बारे में एक विज्ञप्ति बाकायदा प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी हुई है। प्रसंगवश बता दें कि आलोक भट्ट के एक्स हैंडल पर भाजपा के झारखंड चुनाव के लिए बनाए गए उस वीडियो पर एक पोस्ट है, जिसे चुनाव आयोग ने हटाने के निर्देश दिए हैं। इस वीडियो में एक व्यक्ति के घर पर जबरन कई सारे लोगों को घुसते हुए दिखाया गया है जो एक खास समुदाय के हैं।

> **फेक नैरेटिव अभी देश से इतनी जल्दी खत्म होने वाले, बल्कि अब तो उनका विस्तार हो रहा है। जिहाद शब्द के प्रायोगिक बाजार में नया शब्द रेल जिहाद आया है, जो रेल दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है। तिरुपति में प्रसाद के लड्डुओं की गुणवत्ता वापस लौट जाए, इसके लिए सभी गैर हिंदू कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। ऐसी मिसालें अभी और आएंगी। फिलहाल नरेन्द्र मोदी के अगले ट्वीट की प्रतीक्षा कीजिए।**

खैर फिल्म द साबरमती रिपोर्ट और नरेन्द्र मोदी के ट्वीट पर लौटते हैं। पाठकों को ध्यान होगा कि कर्नाटक चुनाव में द केरल स्टोरी का प्रचार प्रधानमंत्री ने किया था। उससे पहले द कश्मीर फाइल्स की मार्केटिंग प्रधानमंत्री ने की थी। श्री मोदी की अभिनय क्षमता के बहुत से लोग कायल हैं। भाषण देते-देते गले का अचानक रुंध जाना, किसी के कंधे पर हाथ रखकर अपनी संवेदना जताना, क्रोध, वात्सल्य, भक्ति आदि रसों का विभिन्न मौकों पर इस्तेमाल करना उन्हें अच्छे से आता है। इसलिए फिल्मों के लिए उनका रुझान चौंकाता नहीं है। लेकिन यहां बात वक्त के तकाजे की है। जैसे परीक्षा सिर पर हो और परीक्षार्थी फिल्में देखने, मनोरंजन या सैर-सपाटे में वक्त बिताए तो फिर परीक्षा को लेकर उसकी गंभीरता पर सवाल उठेंगे, साथ ही परिणाम को लेकर भी चिंता जाहिर होगी। ये भी मुमकिन है कि परीक्षा उतीर्ण करने के लिए भ्रष्ट तरीकों का सहारा लिया जाए। अब यही चिंता प्रधानमंत्री के रवैये से भी हो रही है। क्या कारण है कि मणिपुर पर प्रधानमंत्री ट्वीट नहीं करते, बयान नहीं देते, वहां के लोगों को हौसला नहीं बंधाते कि हालात सामान्य करने के लिए वे काम कर रहे हैं, मगर देश के मुश्किल वक्त में फिल्म के प्रचार में जुट जाते हैं। क्या चुनाव प्रचार से नरेन्द्र मोदी का मन नहीं भरता, जो वो वक्त निकाल कर फिल्म का प्रचार भी करते हैं। हालांकि आजकल इसके लिए बाकायदा प्रचार एजेंसियां काम करती हैं जिनके कहने पर फिल्म के कलाकार भी एक शहर से दूसरे शहर प्रचार के लिए के हैं। सोचने वाली बात ये है कि श्री मोदी आखिर किस एजेंसी या किन लोगों के कहने पर प्रचार करते हैं। अपने प्रचार ट्वीट में नरेन्द्र मोदी ने फेक नैरेटिव यानी झूठे कथानक गढ़ने का भी मुद्दा उठाया है और इस बात पर संतोष जाहिर किया है कि तथ्य हमेशा सामने आते हैं। तो क्या द साबरमती रिपोर्ट, फिल्म को कानून की कसौटी पर परखा गया है, क्या नरेन्द्र मोदी इसे ही सौ प्रतिशत सच कह रहे हैं, क्या फिल्म में जरा भी कल्पना का पुट नहीं है, जब नरेन्द्र मोदी प्रचार कर ही रहे हैं तो इन्हें सवालों के जवाब भी पता ही होंगे।

वैसे पाठकों को याद दिला दें कि गोधरा कांड पर ही बीबीसी ने भी एक वृत्तचित्र का निर्माण किया था, इंडिया : द मोदी क्वेश्चन। 2023 में दो हिस्सों में बने इस वृत्तचित्र में घटना से जुड़े और प्रभावित हुए कई लोगों की बातचीत दिखाई गई, लेकिन भारत में इस पर प्रतिबंध लगाया गया और अब मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। जाहिर है इस वृतचित्र में जो कुछ दिखाया गया है वह श्री मोदी की निगाह में फेक नैरेटिव रहा होगा और इसलिए उसे प्रतिबंधित किया गया। हालांकि यह देखकर इत्मीनान हुआ कि अब प्रधानमंत्री को भी कथानकों के गढ़ने और दुष्प्रचार के लिए झूठी खबरों पर चिंता हो रही है। जब साबरमती रिपोर्ट पर उन्होंने अपनी राय दी है तो उन्हें बिल्किस बानो के साथ की गई नाइंसाफी पर भी अपने विचार रखने चाहिए। यह भी बताना चाहिए कि बाबरी मस्जिद तोड़ने को जब अदालत ने अपराध बताया है तो उसी जमीन पर राम मंदिर बनाना न्याय है, फेक नैरेटिव है या आधा गिलास पानी और आधा हवा से भरे होने का पॉजिटिव एटीड्यूड है। झूठे कथानक की बात निकली है तो एक दिलचस्प मिसाल गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री और अब उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पेश की है। लखनऊ में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह में आनंदीबेन पटेल ने अपने भाषण में दावा किया कि वैदिक युग के ऋषि भारद्वाज ने विमान के विचार की कल्पना की थी लेकिन इसके आविष्कार का श्रेय राइट ब्रदर्स को गया। आनंदीबेन ने ये भी कहा कि रावण का छोटा भाई कुंभकर्ण छह महीने सोता नहीं था, बल्कि वो मशीनें बनाता था और इसकी जानकारी बाहर न जाए, इसलिए रावण के आदेश पर छह महीने अपने कक्ष से बाहर नहीं निकलता था। आनंदीबेन ने कुंभकर्ण को 'टेक्नोक्रेट' कहा। अब संघ, भाजपा और सनातन धर्म के तमाम रक्षकों के सामने उलझाने वाला सवाल यह है कि टेक्नोक्रेट कुंभकर्ण को हर साल दशहरे पर रावण के साथ जलाने की व्याख्या कैसे की जाए। क्या यह माना जाए कि इस तरह हम अपनी वैज्ञानिक चेतना और सोच को दहन करते जा रहे हैं। क्या यही वजह है कि प्रधानमंत्री गणेशजी की प्लास्टिक सर्जरी का दावा करें और आनंदीबेन पटेल राइट ब्रदर्स को हवाई जहाज बनाने और उड़ाने का श्रेय दिए जाने पर सवाल उठाएं।

खैर, फेक नैरेटिव अभी देश से इतनी जल्दी खत्म होने वाले, बल्कि अब तो उनका विस्तार हो रहा है। जिहाद शब्द के प्रायोगिक बाजार में नया शब्द रेल जिहाद आया है, जो रेल दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार बताया जा रहा है। तिरुपति में प्रसाद के लड्डुओं की गुणवत्ता वापस लौट जाए, इसके लिए सभी गैर हिंदू कर्मचारियों को नौकरी से हटाया जा रहा है। ऐसी मिसालें अभी और आएंगी। फिलहाल नरेन्द्र मोदी के अगले ट्वीट की प्रतीक्षा कीजिए।

# धधक रहा है मणिपुर... बुझाए कौन ?

■ **राधा रमण**

मणिपुर में हिसा की मौजूदा घटना कोई नया नहीं है। पिछले डेढ़ साल (566 दिन) से यह प्रदेश हिंसा की लपटों में धधक रहा है और केंद्र तथा राज्य की सरकार मौन ओढ़े हुए हैं। सरकारी आँकड़ों पर भरोसा करें तो छोटे से उस राज्य में हिंसा की घटनाओं में अब तक 220 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। कई महिलाओं की आबरू लूटी गई और हजारों करोड़ की संपत्ति आग के हवाले कर दी गई। बता देना जरूरी है कि मणिपुर में भाजपा की चुनी हुई सरकार है लेकिन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सरकार असहाय दिखाई देती है। आम लोगों की कौन कहे मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के सरकारी आवास और पैतृक घर पर दो बार हमला और आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं। आबादी के लिहाज से देखें तो मणिपुर में मैतेई, कुकी और नगा का वर्चस्व है। राज्य में सर्वाधिक आबादी मैतेई समुदाय की है। उनकी संख्या लगभग 65 फीसदी है, जबकि कुकी और नगा मिलाकर कुल आबादी का 35 फीसदी हैं। समुदायों के बीच टकराव मणिपुर के लिए नया नहीं है। 90 के दशक में मणिपुर में कुकी और नगा समुदाय के बीच संघर्ष हुआ था। तब सैकड़ों लोगों की जान गई थी। बड़ी मुश्किल से तब हिंसा की आग बुझाई जा सकी थी।

> **मणिपुर में हिंसा से हरकत में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह महाराष्ट्र का अपना चुनावी दौरा छोड़कर दिल्ली पहुंचे। केंद्र सरकार ने छह थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) लागूकर दिया है। इस बीच दोनों समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए हैं। भाजपा के 19 विधायकों ने प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री को पत्र भेजकर राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार को बदलने की मांग की है। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने एन बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया है।**

वर्तमान में मैतेई और कुकी के बीच संघर्ष छिड़ा है। इसका कारण मैतेई समुदाय की आरक्षण की मांग है। मैतेई काफी दिनों से इसकी मांग कर रहे हैं। चूंकि मणिपुर की पहाड़ियों पर बसने वाले कुकी और नगा समुदाय के लोग अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल हैं और उन्हें इसका लाभ भी मिलता रहा है लेकिन मैतेई इस लाभ से वंचित हैं। यही वजह है कि मैतेई समुदाय के लोगों ने आरक्षण की मांग को तूल दिया। जबकि कुकी और नगा समुदाय के लोगों का कहना है कि मैतेई समुदाय के लोगों की पहले से विकास योजनाओं में अधिक भागीदारी रही है और उन्हें इसका लाभ मिलता रहा है। इसलिए उनके लिए अलग से आरक्षण की मांग बेमानी है। अगर मैतेई समुदाय को आरक्षण का लाभ मिला तो वे राज्य के संसाधनों के साथ-साथ सरकारी नौकरियों पर भी काबिज हो जाएंगे। ऐसे में कुकी समुदाय के लोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिति हो जाएगी। इस विवाद ने तूल उस समय पकड़ लिया जब मणिपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को यह निर्देश दिया कि वह मैतेई समुदाय को आरक्षण के दायरे में लाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजे। इससे पहले कि राज्य सरकार केंद्र को मैतेई समुदाय को आरक्षण के दायरे में लाने का प्रस्ताव भेजती कुकी समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए। मैतेई समुदाय के लोगों ने जब इसका विरोध किया तो सड़कों पर हिंसा का रौरव तांडव शुरू हो गया।

इसके अलावा मणिपुर में हिंसा की दूसरी वजह का वह कानून है जिसमें कहा गया है कि मैतेई समुदाय के वह लोग जो घाटी में बसे हैं वह पहाड़ी इलाकों में न तो घर बना सकते हैं और न ही जमीन खरीद सकते हैं। इसके उलट कुकी और नगा समुदाय के लोग घाटी में जमीन खरीद सकते हैं और घर बनाकर बस भी सकते हैं। मैतेई समुदाय के लोग इसका पहले से विरोध करते रहे हैं। वह एक राज्य एक कानून के तहत पहाड़ियों पर जमीन की खरीद का अधिकार चाहते रहे हैं।

मणिपुर की उस जघन्य घटना से पूरा देश मर्माहत और शर्मसार है जिसे पिछले साल 4 मई को अंजाम दिया गया था। उस घटना में दो महिलाओं को कपड़े उतारकर सड़कों पर घुमाया गया, सरेआम पीटा गया और गैंगरेप किया गया था। हैरत की बात यह कि इंसानियत को शर्मसार करने वाले उस घटना के दरिंदों पर कार्रवाई करने, पीड़ितों को इंसाफ दिलाने की बजाय सरकारी मशीनरी ने उस घटना को ही छुपा लिया।

तब से लेकर आज तक मणिपुर लगातार सुलगता रहा है। बीच-बीच में हिंसक झड़पों की रिपोर्ट आती रहती है। राज्य सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। बल्कि यह कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि मणिपुर के हालात पर पर्दा डाला जाता रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद के भीतर और बाहर कई दफा प्रधानमंत्री से मणिपुर मामले में हस्तक्षेप करने और वक्तव्य देने की मांग की। राहुल मणिपुर के शरणार्थी कैंप भी गए और उसमें रह रहे लोगों से बातचीत की।

मणिपुर में हिंसा की ताजा वारदात 11 नवंबर को सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में 10 बंदूकधारी उग्रवादियों के मारे जाने के बाद हुई। कुकी समुदाय ने मारे गए लोगों को विलेज गार्ड बताया और मुठभेड़ के जिम्मेदार सुरक्षाबलों पर कार्रवाई की मांग की। इसे संयोग कहें या प्रयोग कि उसी दिन जिरीबाम से दो महिलाओं समेत 6 लोगों का अपहरण कर लिया गया। अपहरण का आरोप कुकी उग्रवादियों पर लगाया गया। इसमें एक महिला जो तीन बच्चों की मां थी, सामूहिक दरिंदगी कर उसके शरीर में कीलें ठोंक दी गई और उसके शरीर को आग के हवाले कर दिया गया। इंसानियत को शर्मसार कर देने वाले इस घटना से डॉक्टर भी हैरान हैं।

केंद्र सरकार ने मणिपुर के पांच जिलों इंफाल पूर्व और पश्चिम, थोबल, विष्णुपुर और काकचिंग में अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया है और सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं अस्थाई रूप से स्थगित कर दिया है।

मणिपुर में हिंसा से हरकत में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह महाराष्ट्र का अपना चुनावी दौरा छोड़कर दिल्ली पहुंचे। केंद्र सरकार ने छह थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) लागूकर दिया है। इस बीच दोनों समुदाय के लोग सड़कों पर उतर गए हैं। भाजपा के 19 विधायकों ने प्रधानमंत्री कार्यालय और गृह मंत्री को पत्र भेजकर राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार को बदलने की मांग की है। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने एन बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले लिया है।

उधर, मणिपुर सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र भेजकर राज्य से अफस्पा हटाने की मांग की है। देखना जरूरी होगा कि मणिपुर पर केंद्र सरकार आगे क्या कदम उठाती है। फिलहाल तो मणिपुर धधक रहा है और प्रधानमंत्री नाइजीरिया का सर्वोच्च पुरस्कार ग्रहण कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।



## ललित सुरजन की कलम से

### सम-विषम : सफल प्रयोग, आगे क्या ?

*प्रदूषण के दैत्य से दिल्लीवासियों को बचाने के लिए अरविंद केजरीवाल को दीर्घकालीन व स्थायी उपायों पर विचार करने की आवश्यकता है। सच तो यह है कि यह समस्या न तो सिर्फ श्री केजरीवाल की है और न सिर्फ दिल्लीवासियों की। भारत सरकार के अलावा विभिन्न राज्यों की सरकारों व सभी पार्टियों को इस बारे में मिल-बैठ कर सोचने की आवश्यकता है। सत्तारूढ़ भाजपा व प्रमुख विपक्ष कांग्रेस पर तो इसका मुख्य दायित्व तो है ही; समस्या के वैज्ञानिक व तकनीकी पक्ष को समझने वाले विशेषज्ञों को भी विचार और निर्णय की प्रक्रिया में शामिल करने से ही आगे का रास्ता निकलेगा। एक उदाहरण दिया जा सकता है। दिल्ली में ही प्रदूषण कम करने के लिए बसों में डीजल की जगह सीएनजी उपयोग करने हेतु सीएसई ने सुप्रीम कोर्ट तक जाकर लड़ाई लड़ी और जीत हासिल की। इसका लाभ लंबे समय तक दिल्ली को मिला। दिल्ली साइंस फोरम जैसी संस्थाएं भी इस दिशा में निरंतर काम कर रही हैं। प्रोफेसर दिनेश मोहन व सुनीता नारायण जैसे विशेषज्ञों की सेवाएं लेना हर तरह से लाभकारी है।*

*अभी जैसे एक बात उठी कि कार से जितना वायु प्रदूषण होता है उससे कई गुना अधिक सड़कों पर उडऩे वाली धूल से होता है। बात दुरुस्त है। लेकिन इस बात पर किसी ने गौर नहीं किया कि वाहनों की तेज रफ्तार के कारण सड़क पर जो घर्षण होता है उससे सीमेंट और डामर के जो कण उड़ते हैं वे ही बड़ी सीमा तक धूल में बदल जाते हैं। आशय यह कि यदि सड़कों पर गाडियां कम हैं तो धूल भी उतनी ही कम उड़ेगी। इसे विस्तारपूर्वक समझना हो तो किसी विशेषज्ञ के पास ही जाना होगा। इसी तरह डीजल की बात है। डीजल वाहनों से धुआं भी अधिक उड़ता है और उससे कैंसर का खतरा भी बढ़ता है। यूरोप में डीजल कारों के लिए जो पैमाने लागू हैं वे भारत में नहीं हैं। यूरोपीय मानक हासिल करने के लिए क्या करना पड़ेगा, नीति निर्धारकों को यह बात भी समझना होगी।*

**( देशबन्धु में 21 जनवरी 2016 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/01/blog-post_20.html

## पावन प्रसंग

### असली आस्तिकता

सोमनाथ से 50 किलोमीटर दूर एक गांव में एक ब्राह्मण निवास किया करते थे। वे बड़े ही दयालु और उदार थे। आशुतोष नामक उस ब्राह्मण ने बड़ा कठोर तप किया था। एक दिन शिवरात्रि का महापर्व था। आशुतोष वैसे तो नित्य रुद्राभिषेक करते ही थे, पर शिवरात्रि के दिन उन्होंने त्रिकाल रुद्राभिषेक संपन्न किया। बड़ी श्रद्धा भक्ति से उस दिन उन्होंने भगवान महादेव का ध्यान किया।

उस दिन रात्रि 10 बजे से प्रात: 3 बजे तक आशुतोष भगवान महादेव के ध्यान में ही डूबे रहे। उसके बाद विश्राम करते हुए वे गहरी निद्रा में चले गए। उनकी यह निद्रा भी मानो एक योगनिद्रा के समान ही थी। ध्यानाभ्यास से जब चित्तशुद्धि हो जाती है तब व्यक्ति का सोना-जागना सब ध्यान ही बन जाता है। उसके हर श्वांस के माध्यम से अजपा जप स्वयमेव होने लगता है। योगनिद्रा की उसी अवस्था में आशुतोष ने एक दिव्य स्वप्न देखा। उन्होंने देखा भगवान महादेव कह रहे हैं- 'हे भक्त! तुम्हारी भक्ति से मैं अति प्रसन्न हूं। बोलो, तुम्हें क्या चाहिए?'

भगवान महादेव के उस दिव्य रूप का दर्शन कर आशुतोष आह्लादित व आनंदित हो उठे। उनके नेत्रों से प्रेमाश्रुओं की धारा बहने लगी। उन्होंने आंसुओं से भगवान महादेव के चरण धोए और उन्हें प्रणाम करते हुए बोले- 'भगवन, आपने मुझे अपने दिव्य स्वरूप का दर्शन राया, इससे बढ़कर भला दूसरा सौभाग्य क्या हो सकता है? हे भगवन मैं कभी भी आपको भूलूं नहीं। संसार की कोई भी चीज मुझे आपसे अधिक प्रिय न हो व मैं सदा आपके चरणों का दास बना रहूं, मुझे यही आशीष प्रदान कीजिए।'

भगवान भोलेनाथ भक्त के इस भोलेपन को देख अति प्रसन्न हुए और बोले- 'तुम यदि मेरी सचमुच सेवा करना चाहते हो, तो लोक-कल्याण का कार्य करो। हर जीव में शिव का दर्शन करो। जीवसेवा ही शिवसेवा है-इस सत्य को हमेशा याद रखना और अपने ज्ञान से जन-जन को सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देना।' इतना कहकर भगवान शिव अंतर्ध्यान हो गए और इधर आशुतोष की आंखें खुल गईं। सवेरा होने पर आशुतोष ने सारी बातें अपनी पत्नी ललिता को बताईं। दोनों आनंदित व आह्लादित हुए।

अगले दिन दोनों सोमनाथ भगवान के ज्योतिर्लिंग रूप का उन्होंने दर्शन किया, साथ ही शिव संकल्प भी किया कि उस दिन से सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन, दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन की पीड़ा निवारण हेतु जनजागरण की शुरुआत करेंगे। आगे चलकर आशुतोष के एक पुत्र व एक पुत्री हुए। दोनों ही बड़े संस्कारवान थे। संस्कार तो मानो उन्हें अपने माता-पिता से विरासत में मिले थे। नित्य जप, तप, ध्यान, सत्संग, पाठ के कारण घर एक मंदिर का रूप ले चुका था। देखते ही देखते उनके गांव के हर घर में यज्ञ, जप, ध्यान, पाठ होने लगे और इस प्रकार पूरे गांव का वातावरण बड़ा ही दिव्य और अलौकिक हो उठा।

गांव के सभी लोग बड़े प्रेम से मिलजुल कर रहते, दुख की घड़ी में सभी एक-दूसरे का सहयोग करते, सामूहिक श्रमदान से गांव को स्वच्छ रखते। धीरे-धीरे पूरे गांव में संस्कारशाला, व्यायामशाला व वाचनालय प्रारंभ हो गए। आशुतोष प्रकृतिप्रेमी होने के साथ-साथ औषधीय पौधों का भी ज्ञान रखते थे, सो उन्होंने गांव के हर घर में औषधीय पौधे ही लगवाए, जैसे तुलसी, नीम, पीपल, आंवला आदि और देखते ही देखते वह गांव आदर्श गांव में तब्दील हो गया।

वास्तव में यही है असली आस्तिकता। जीव मात्र की सेवा ही शिवसेवा है। जो भगवान को सिर्फ मूर्तियों में, मंदिरों, मस्जिदों व गिरजाघरों में देखते हैं उनकी पूजा, चिह्न पूजा मात्र है, पर जो भगवान को कण-कण में, घर-घर में, हर जीवन में देखते व उनकी सेवा करते हैं, उनकी पूजा ही असली पूजा है। हम भी क्यों न जीवसेवा के द्वारा शिवसेवा प्रारंभ कर दें।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### सुरक्षा के साथ संवाद भी अत्यंत महत्वपूर्ण

मणिपुर में 565 दिनों से जारी जातीय हिंसा की आंच शासन तक पहुंच गई है। आंदोलनकारियो ने राज्य में जिस तरह मंत्री और विधायकों के घर आग के हवाले किए हैं उससे हालातो की गंभीरता समझी जा सकती है। मुख्यमंत्री हिंसा रोकने में बुरी तरह नाकाम रहे हैं। केंद्र सरकार अतिरिक्त सुरक्षा बल भेज कर हिंसा रोकने का प्रयास तो कर रही है पर बड़ी आवश्यकता संघर्षरत जातीय समुदायों में सामंजस्य बिठाने की है जो विवाद की असली जड़ है। अगर जल्द ही हालात काबू में ना आए तो ही वहां सरकार को संवैधानिक कदम उठाने ही होंगे भले ही राज्य में उसकी सरकार हो।

मणिपुर लगातार अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। कल तक का कुकी-मैतेई जारी संघर्ष अब शासन को भी अपनी चपेट में लेता दिख रहा है। दो दिनों में तीन मंत्रियों सहित नौ विधायकों के घर पर आगजनी और हमले हो चुके हैं। राज्य के हालात बड़े विस्फोटक प्रतीत होते हैं। पुलिस थानों से लूटे हथियार और म्यांमार सीमा से आते शस्त्रों से आंदोलन रक्तरंजित हो चुका है। इस बीच केंद्र सरकार ने बड़ी मात्रा में अर्ध सैनिक बलों की तैनाती करके स्थिति काबू में लाने की कोशिश की है मगर फिर भी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। जल्द ही राज्य में 4000 सीआरपीएफ के जवान की तैनाती के साथ ही 24 घंटे ऑल आउट ऑपरेशन शुरू किया जा रहा है। आज के हालातों के मद्देनजर राज्य में जितनी सख्ती से और जल्द कोई कदम उठाया जाए वह कमतर ही होगा क्योंकि आंदोलन लंबे समय से चल रहा है और प्रदर्शनकारी अपने ठिकाने बना चुके हैं ऐसे में इनको ढूंढ-ढूंढ कर कानून की भाषा समझाना कठिन होगा। जैसे भी हो सरकार राज्य को शांति लौटाने के जल्द प्रयास करें ताकि निर्दोष हत्या, आगजनी का सिलसिला थम सके। यदि फिर भी हालात काबू में न आए तो केंद्र सरकार को बेहिचक संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करना चाहिए भले ही राज्य में उनकी ही सरकार हो। क्योंकि राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर जनता की सुरक्षा और उनकी जान माल की रक्षा अहम है।

**अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र**

# देश विदेश

## प्योंगयांग ने मॉस्को को हॉवित्जर, रॉकेट लांचर का किया निर्यात : दक्षिण कोरिया

**सोल,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने बुधवार को दावा किया कि प्योंगयांग ने रूस को हॉवित्जर और मल्टीपल रॉकेट लांचर का अतिरिक्त निर्यात किया है। संसदीय खुफिया समिति को दी गई जानकारी में, नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस (एनआईएस) ने यह भी बताया कि रूस में तैनात उत्तर कोरियाई सैनिकों ने रूस की एयरबोर्न ब्रिगेड और मरीन यूनिट के साथ आंशिक रूप से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में भाग लिया। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, सत्तारूढ़ और मुख्य विपक्षी दलों की रैंकिंग कमेटी के सदस्यों ने यह जानकारी दी है। एनआईएस ने विशेष रूप से बताया कि लगभग 11,000 उत्तर कोरियाई सैनिकों ने रूस के पूर्वोत्तर क्षेत्रों में ट्रेनिंग पूरी कर ली है।

### डब्ल्यूएचओ प्रमुख से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा 'तुलसी भाई'

# भारत वैश्विक स्वास्थ्य प्रयासों को करेगा मजबूत

- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने धन जुटाने के मकसद से पहला इन्वेस्टमेंट राउंड किया आयोजित
- विश्व के नेताओं ने की वैश्विक स्वास्थ्य प्रशासन में डब्ल्यूएचओ की केंद्रीय भूमिका की पुष्टि




**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत वैश्विक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की कोशिशों को मजबूत करने की दिशा में काम करेगा। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख डॉ. टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस, को 'तुलसी भाई' कहकर संबोधित किया और उन्हें अपना समर्थन देने का वादा किया।

पीएम मोदी ने यह बात एक्स पर गेब्रेयसस की पोस्ट के जवाब में कही। पोस्ट में ब्राजील में आयोजित 'फर्स्ट डब्ल्यूएचओ इन्वेस्टमेंट राउंड' के दौरान समर्थन और योगदान के लिए पीएम मोदी और अन्य लोगों को धन्यवाद दिया गया था। प्रधानमंत्री ने अपने जवाब में लिखा कि प्रिय तुलसी भाई, एक स्वस्थ ग्रह ही एक बेहतर ग्रह है। भारत इस क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम कर रहा है, साथ ही, हम टेक्नोलॉजी को एकीकृत करने को भी बहुत प्राथमिकता दे रहे हैं। हम इस संबंध में वैश्विक प्रयासों को भी मजबूत करेंगे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान वैश्विक स्वास्थ्य को लेकर अपनी रणनीति के लिए धन जुटाने के मकसद से पहला इन्वेस्टमेंट राउंड आयोजित किया।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ विश्व के अन्य नेताओं ने भाग लिया और '1.7 बिलियन डॉलर जुटाए गए।' शिखर सम्मेलन में नेताओं ने एक निष्पक्ष दुनिया और एक टिकाऊ ग्रह के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने सभी आयामों में असमानताओं के खिलाफ लड़ाई को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। नेताओं ने अपनी घोषणा में वैश्विक स्वास्थ्य प्रशासन में डब्ल्यूएचओ की केंद्रीय भूमिका की पुष्टि की।

## भारतीय समुदाय ने प्रधानमंत्री का किया शानदार स्वागत

### प्रधानमंत्री को मेयर ने 'जॉर्जटाउन शहर की चाबी' सौंपी



**जॉर्जटाउन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में जॉर्जटाउन पहुंचने पर गुयाना में भारतीय समुदाय के उत्साहपूर्ण स्वागत के लिए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गुयाना में भारतीय समुदाय के लोगों का उनके गर्मजोशी भरे और जोशीले स्वागत के लिए हार्दिक धन्यवाद। उन्होंने दिखा दिया कि अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए दूरी कभी बाधा नहीं बनती। यहां समुदाय के लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाते देखकर खुशी हुई। इसके साथ ही, कई देशों के नेताओं ने भी होटल में पहुंचने पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। उन्हें गहरे द्विपक्षीय रिश्तों के प्रतीक के रूप में 'की टू द सिटी ऑफ जॉर्जटाउन (जॉर्जटाउन शहर की चाबी)' सौंपी गई। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि होटल पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान, ग्रेनेडा के प्रधानमंत्री डिकॉन मिशेल, बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया अमोर मोटले और गुयाना के कई कैबिनेट मंत्रियों ने विशेष स्वागत किया। प्रधानमंत्री को जॉर्जटाउन के मेयर ने 'जॉर्जटाउन शहर की चाबी' सौंपी, जो भारत-गुयाना के घनिष्ठ संबंधों का प्रमाण है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 21 नवम्बर, 2024 अघ्घन कृष्ण पक्ष 6

### राशिफल

मेष - अत्यधिक संवेदनशीलता के कारण किसी की बातें आपकी भावनाओं को चोट पहुंचा सकती हैं। माता के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति के संबंध में कोई निर्णय न लेना ही हितकर होगा।

वृषभ - आज आपकी चिंताएं कम होंगी और उत्साह बढ़ेगा। मन प्रफुल्लित रहेगा। आज आप अधिक संवेदनशीलता और भावुकता का अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। साहित्य में आपकी रुचि बढ़ेगी।

मिथुन - आज आपका दिन मिश्रित फलदायी होगा। आज आप थकान, चिंता एवं प्रसन्नता का मिला-जुला अनुभव करेंगे। निर्धारित काम को समय पर पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे। धन के मामले में आपको नुकसान हो सकता है।

कर्क - आज आपका दिन हर प्रकार से आनंदित रहेगा। तन और मन दोनों दृष्टि से आप स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजन, स्नेहीजन एवं मित्रों से सुख और आनंद की प्राप्ति होगी। उनकी ओर से उपहार मिलेंगे।

सिंह - आज आपको मन पर नियंत्रण रखना होगा। स्वास्थ्य से सम्बंधित विषय में आप चिंतित रहेंगे। चिंता के कारण शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

कन्या - आपका आज का दिन लाभदायी रहेगा। विविध क्षेत्रों से यश, कीर्ति तथा लाभ प्राप्त होगा। धन प्राप्ति के लिए आज का दिन शुभ है। मित्रों से लाभ होने के संकेत हैं। प्रियजनों के साथ मुलाकात आनंददायी रहेगी।

तुला - आज का दिन शुभफलदायी है। आपके घर तथा कार्यालय में अनुकूल वातावरण रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। गृहस्थ जीवन में माधुर्य छाया रहेगा।

वृश्चिक - आज आप शारीरिक थकान, आलस्य और मानसिक चिंता की अनुभूति करेंगे। व्यापार में बाधा खड़ी होगी। संतान से मतभेद रहेगा। उनके स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आज विरोधियों से वाद-विवाद न करें।

धनु - आज के दिन आपको अत्यंत सावधानी से रहने की सलाह दी जाती है। आज कोई भी नए काम एवं बीमारियों का उपचार शुरू ना करें। अत्यंत संवेदनशीलता के कारण आपकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं रहेगी। पानी से संभलकर चलें।

मकर - आपके विचार तथा व्यवहार में इमोशन बहुत अधिक रहेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ खुशी से समय व्यतीत कर सकेंगे। शारीरिक, मानसिक ताजगी का अनुभव होगा। व्यापार में वृद्धि होगी। विविध स्रोतों से इनकम में वृद्धि होगी।

कुंभ - काम की सफलता के लिए आज शुभ दिन है। आज किए गए कामों की वजह से आप खुश रहेंगे। परिजनों के साथ वक्त अच्छा गुजरेगा। घर का वातावरण अच्छा रहेगा। तन-मन से प्रफुल्लित रहेंगे।

मीन - कल्पना के लोक में विचरण करना पसंद करेंगे। साहित्य लेखन में आपकी सृजनात्मकता प्रकट कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए अच्छा दिन है। प्रेमीजनों और प्रिय व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त कर सकेंगे। कामुकता रहेगी।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1872-प्रसिद्ध राजस्थानी कवि तथा स्वतंत्रता सेनानी केसरी सिंह बारहट का जन्म।

1877-प्रसिद्ध वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन ने विश्व के सामने पहला फोनोग्राफ पेश किया।

1906-चीन ने अफीम के व्यापार पर रोक लगाई।

1908-प्रसिद्ध क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी सत्येंद्रनाथ बोस का निधन।

1914-भारत की प्रसिद्ध महिला क्रांतिकारियों में से एक उज्ज्वला मजूमदार का जन्म।

1921-प्रिंस ऑफ वेल्स (सम्राट एडवर्ड अष्टम) बॉंबे (अब मुंबई) पहुंचे और कांग्रेस ने देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया।

1931-हिन्दी के प्रमुख यशस्वी कथाकार ज्ञानरंजन का जन्म।

1941-गुजरात की पहली मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल का जन्म।

1947-आजादी के बाद देश में पहली बार डाक टिकट जारी किया गया।

1956-एक प्रस्ताव लाकर शिक्षक दिवस को स्वीकृति दी गई थी।

1962-भारत-चीन सीमा विवाद के दौरान चीन ने संघर्ष विराम का ऐलान किया।

1963-केरल के थुंबा क्षेत्र से रॉकेट छोड़े जाने के साथ ही भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम शुरु हुआ। भारत का %नाइक-अपाचे% नाम का पहला रॉकेट छोड़ा गया।

1970-भारतीय वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रामन का निधन।

1979-मक्का में काबा मस्जिद पर मुस्लिम उग्रवादियों का अधिकार।

## लाल सागर में हूती ग्रुप के हमले जारी

### एक और जहाज पर रॉकेट अटैक का दावा



**सना,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। यमन के हूती ग्रुप ने लाल सागर में एक और जहाज को निशाना बनाने का दावा किया। याह्या सरिया ने एक बयान में कहा कि हमने लाल सागर में जहाज अनादोलु एस को निशाना बनाकर कई बैलिस्टिक और नौसैनिक रॉकेट दागे, निशाना सटीक था। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, हालांकि, सरिया ने नुकसान या हताहतों की संख्या के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस के अनुसार, यह हमला सोमवार को हुआ। एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि जहाज के पास एक रॉकेट गिरा, लेकिन इससे कोई नुकसान नहीं हुआ और चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। सरिया ने दावा किया कि उनके ग्रुप ने पनामा में रजिस्टर्ड और पनामा के झंडे के नीचे नौकायन करने वाले जहाज को निशाना बनाया क्योंकि इसकी मालिक कंपनी की इजरायल के साथ डीलिंग है।

## गृहयुद्ध के समाधान के लिए बाहरी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं : सूडान

**पोर्ट सूडान,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। सूडान की संक्रमणकालीन संप्रभु परिषद के अध्यक्ष और सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) के कमांडर अब्देल फत्ताह अल-बुरहान ने देश में सशस्त्र संघर्ष के समाधान के लिए किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को अस्वीकार करने की बात दोहराई। अल-बुरहान ने कहा कि संघर्ष का समाधान 'आंतरिक' है, अर्थात विद्रोह को समाप्त करना, क्योंकि इसकी उपस्थिति का अर्थ है कि संकट भविष्य में भी जारी रहेगा।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार उन्होंने यह बात पोर्ट सूडान में युद्ध चुनौतियों से निपटने के लिए आयोजित प्रथम आर्थिक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर अपने संबोधन में कही।

अल-बुरहान ने कहा कि सूडान तब तक किसी भी वार्ता में शामिल नहीं होगा और युद्ध विराम पर सहमत नहीं होगा जब तक विद्रोही मिलिशिया उन क्षेत्रों से पूरी तरह से वापस नहीं लौट जाते जिनमें वे प्रवेश कर चुके हैं।



**संघर्ष का समाधान 'आंतरिक' है, अर्थात विद्रोह को समाप्त करना, क्योंकि इसकी उपस्थिति का अर्थ है कि संकट भविष्य में भी जारी रहेगा : अल-बुरहान**

अल-बुरहान ने कहा कि सशस्त्र संघर्ष से निपटने के लिए सूडानी सरकार के नजरिए में- युद्ध को रोकना, विद्रोहियों को खदेड़ना और सूडानी-सूडानी वार्ता के माध्यम से नागरिक सरकार की स्थापना करके संक्रमणकालीन अवधि को पूरा करने के लिए एक राजनीतिक प्रक्रिया शुरू करना- शामिल है।

## गृहयुद्ध में फंसे सूडान की मदद को इराकी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने भेजी 60 टन दवाइयां

**बगदाद,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। इराकी रेड क्रिसेंट सोसाइटी (आईआरसीएस) ने सूडान को 60 टन दवाइयां और मेडिकल सप्लाई पहुंचाने की घोषणा की। आईआरसीएस ने एक बयान में कहा कि सहायता खेप के साथ उसका एक प्रतिनिधिमंडल भी गया है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल ने सूडान के स्वास्थ्य मंत्री हैथम मोहम्मद इब्राहिम के साथ बैठक कर देश के गंभीर मानवीय संकट को कम करने के लिए संयुक्त सहयोग और अतिरिक्त सहायता की संभावनाओं पर चर्चा की। सूडानी स्वास्थ्य मंत्री ने आईआरसीएस की कोशिशों की तारीफ की। उन्होंने सूडान की तत्काल जरूरतों को पूरा करने में मेडिकल सप्लाई के महत्व पर जोर दिया।

इस बीच सूडान की संक्रमणकालीन संप्रभु परिषद के अध्यक्ष और सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) के कमांडर अब्देल फत्ताह अल-



बुरहान ने देश में सशस्त्र संघर्ष के समाधान के लिए किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को अस्वीकार करने की बात दोहराई।

अल-बुरहान ने कहा कि संघर्ष का समाधान आंतरिक है, अर्थात विद्रोह को समाप्त करना, क्योंकि इसकी उपस्थिति का अर्थ है कि संकट भविष्य में भी जारी रहेगा।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार उन्होंने यह बात पोर्ट सूडान में युद्ध चुनौतियों से निपटने के लिए आयोजित प्रथम आर्थिक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर अपने संबोधन में कही।

अल-बुरहान ने कहा कि सूडान तब तक किसी भी वार्ता में शामिल नहीं होगा और युद्ध विराम पर सहमत नहीं होगा जब तक विद्रोही मिलिशिया उन क्षेत्रों से पूरी तरह से वापस नहीं लौट जाते जिनमें वे प्रवेश कर चुके हैं। सूडान अप्रैल 2023 के मध्य से एसएएफ और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच विनाशकारी संघर्ष की चपेट में है।

आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट लोकेशन एंड इवेंट डाटा प्रोजेक्ट के नवीनतम अपडेट के अनुसार, इस घातक संघर्ष की वजह से 27,120 से अधिक मौतें हुई हैं।

इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन के नवीनतम अनुमानों के अनुसार, संघर्ष ने सूडान के अंदर या बाहर 14 मिलियन से अधिक लोगों को विस्थापित किया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### झारखंड में 67.59 व ...

महाराष्ट्र में 4136 उम्मीदवार मैदान में- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 4136 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद हो गया। राज्य के पांच करोड़ से अधिक पुरुष, 4.68 करोड़ से अधिक महिला और 6101 ट्रांसजेंडर सहित 9.70 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने पसंदीदा उम्मीदवार की किस्मत ईवीएम में बंद कर दी। मतदान के लिए कुल 1,00,427 केंद्र बनाए गए थे। मतदान केंद्रों पर 1,64,996 बैलेट यूनिट, 1,19,439 कंट्रोल यूनिट और 128531 वीवीपैट मशीनें लगी हुई थी।

महायुति और एमवीए में मुकाबला- विधानसभा की सभी सीटों पर महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच सीधा मुकाबला रहा। वहीं वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए), बहुजन समाज पार्टी, ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन और अन्य छोटी पार्टियों ने भी दोनों मोर्चों के सामने चुनौती खड़ी की।

मुंबई में 113 वर्षीय महिला, पुरुष ने किया मतदान- मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा के लिए एकल चरण में होने वाले मतदान के लिए बुधवार को बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बाहर निकले। चुनाव आयोग ने हालांकि 85 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए घर से मतदान करने की सुविधा प्रदान की है। मुंबई के नेपियन सी रोड इलाके में 113 वर्षीय महिला और ग्रांट रोड इलाके में 103 वर्षीय पुरुष ने मतदान केंद्र पर जाकर वोट डाला। बृहन्मुंबई नगर निगम ने एक बयान में कहा, नेपियन सी रोड निवासी श्रीमती कंचनबेन नंदकिशोर बादशाह, उम्र 113 वर्ष और ग्रांट रोड निवासी श्री जी जी पारेख, उम्र 103 वर्ष, ने मालाबार हिल के मतदान केंद्र पर वोट डाले।

कई स्थानों पर ईवीएम में आई खराबी- महाराष्ट्र में बुधवार को विधानसभा चुनाव के दौरान कई स्थानों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में खराबी के कारण मतदान प्रक्रिया बाधित हुई और मतदाताओं को लम्बी कतार में मतदान करने के लिए इंतजार करना पड़ा। अकोला पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के बी आर हाई स्कूल में बूथ नंबर 169 में ईवीएम मशीन ने तकनीकी समस्या के कारण काम करना बंद कर दिया। मालेगांव आउटर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 292 पर ईवीएम ने अचानक काम करना बंद कर दिया, जिससे मतदाताओं को मतदान करने की समस्या का सामना करना पड़ा।

### पहचान पत्र मांगने के ...

तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इस बीच मुजफ्फरनगर में मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ककरौली में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प में कुछ लोग घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि झड़प की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उपद्रवियों को खदेड़ दिया है और अब वहां शांति व्यवस्था कायम है।

### रायपुर में आज से ...

जाएगा। इस सत्र की अध्यक्षता वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार करेंगे। पूर्वान्ह 11.30 बजे ''जिलों के समग्र विकास में संतृप्ति दृष्टिकोण'' (सेचुरेशन एप्रोच इन होलिस्टिक डेव्हलपमेंट ऑफ डिस्ट्रिक्ट्स) विषय पर पांचवा सत्र आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद करेंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह दोपहर 2 बजे से आयोजित इस क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में शामिल होंगे। इस सत्र में मुख्यमंत्री साय, केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. सिंह, प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के सचिव व्ही. श्रीनिवास, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन का सम्बोधन होगा। मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत धन्यवाद ज्ञापन करेंगे।

### पूर्व महाधिवक्ता को नहीं मिली ...

राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) की ओर से दर्ज एफआईआर के मुताबिक, द्वय डॉ। आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा ने तत्कालीन महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा से असम्यक लाभ लिया। उनका मकसद था कि महाअधिवक्ता वर्मा को लोक कर्तव्य को गलत तरीके से करने के लिए प्रेरित किया जाए और वह अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए सरकारी कामकाज में गड़बड़ी कर सकें।

ईओडब्ल्यू का आरोप है कि इसके बाद तीनों ने मिलकर एजेंसी (ईओडब्ल्यू) काम करने वाले उच्चाधिकारियों से प्रक्रियात्मक दस्तावेज और विभागीय जानकारी में बदलाव करवाया। ताकि नागरिक आपूर्ति निगम के खिलाफ साल 2015 में दर्ज एक मामले में अपने पक्ष में जवाब तैयार कर हाईकोर्ट में अपना पक्ष मजबूती से रख सकें और उन्हें अग्रिम जमानत मिल सके।

### नगर निगम ने हाईकोर्ट में ...

ही डिवीजन बेंच ने पेंड्रा में अरपा नदी के उद्गम स्थल को संवारने के लिए चल रहे कार्यों को लेकर जीपीएम कलेक्टर को निर्देशित किया कि संवर्धन स्थल पर कार्यों की प्रगति से अदालत को निरंतर अवगत कराया जाए।

## सुडोकू 6741


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 6 | | | | 5 | |
| | | | | | 2 | 3 | | |
| 3 | 2 | | | | | 6 | 1 | |
| | | | 9 | 2 | | 7 | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | 4 | | 6 | 3 | | | |
| | 9 | 7 | | | | | 4 | 3 |
| | | 8 | 7 | | | | | |
| | 4 | | | | 1 | | 2 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6741




**बायें से दायें:-**

१. झूठी बात
४. विचाराधीन कैदियों को रखने की जगह (उर्दू)
६. निषेध
७. एक पक्षी
८. सारंगी बजाने की कमानी
१०. मंत्री (उर्दू)
११. अणु संबंधी
१३. बेचैनी, छटपटाहट
१४. सवेरा, प्रभात
१५. रोगरहित
१७. निवेदन, आवेदन पत्र
१९. अंधकार
२१. तीन भुजा वाली आकृति, त्रिकोण
२२. जुल्म की शिकार,अत्याचार से बचाने की प्रार्थना (उर्दू)
२४. पृथ्वी के गर्भ से उत्पन्न एक दैत्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. बनावटी व्यवहार करने वाला
२. वश में करने की क्रिया या विद्या
३. नौजवान
४. उपयोगी, लाभप्रद
५.यात्रियों, पथिकों के लिए नि:शुल्क रुकने-ठहरने की जगह
९. वह पत्र जिसमें किसी के जनमकाल के ग्रह नक्षत्रों की स्थिति, उनके शुभाशुभ फल बताये गये हैं
११. आश्रय, सहारा (उर्दू)
१२. आश्चर्य, हैरानी
१३. पुत्री
१४. आराम
१५. नियंत्रण में रखा हुआ
१६. साहूकार
१८. पक्षी
१९. भोर, प्रभात
२०. यात्रा (उर्दू)
२३. स्थिति, अवस्था

### वर्ग पहेली-6740



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### एआई को लेकर एडवांस नॉलेज रखने में भारत सबसे आगे

**बेंगलुरु,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के अधिकतर नॉलेज वर्कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करते हैं और उनमें से लगभग आधे लोग एआई को लेकर एडवांस नॉलेज रखते हैं। बुधवार को आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट में बताया गया कि सर्वे किए गए भारतीय नॉलेज वर्कर में 46 प्रतिशत लोग एआई के एडवांस यूजर हैं।

टीम कोलैबरेशन और प्रोडक्टिविटी सॉफ्टवेयर में ग्लोबल लीडर एटलसियन की एक रिपोर्ट के अनुसार, एडवांस एआई के मामले में भारत अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया से आगे बना हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के बाद 34 प्रतिशत अमेरिकी नॉलेज वर्कर एडवांस एआई की नॉलेज रखते हैं, वहीं जर्मनी का हिस्सा इस मामले में 32 प्रतिशत है। फ्रांस के नॉलेज वर्कर का 26 प्रतिशत हिस्सा एडवांस एआई की नॉलेज रखता है तो ऑस्ट्रेलिया के 23 प्रतिशत नॉलेज वर्कर ही एआई के एडवांस यूजर हैं। सर्वे में एआई कोलैबरेशन के लिए चार स्टेज रखे गए थे, जिसमें बेसिक अडॉप्शन सिंपल टूल स्टेज 1 से लेकर एडवांस यूज स्ट्रैजिक पार्टनर और डिसिजन मेकिंग एडवाइजर स्टेज 4 शामिल रहा।

# खेल जगत

## खेलों में हार-जीत से ज्यादा खेल भावना अहम: मंडाविया

**गया।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने आज कहा कि खेलों में हार-जीत से ज्यादा खेल भावना अहम है राजगीर के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में वीमेंस एशिया हॉकी फाइनल से पहले केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गया पहुंचे, जहां उन्होंने शहर के प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर में माथा टेका। उन्होंने तुलसी अर्चना कर भारत के विजयी होने की प्रार्थना की इसके बाद दोनों ने फल्गु नदी पर बने रबर डैम का भी निरीक्षण किया। केंद्रीय खेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना है कि जब भारत 2047 में अपनी आजादी के शताब्दी वर्ष का जश्न मना रहा होगा, तब देश खेल जगत में दुनिया के शीर्ष-5 देशों में शामिल हो, इसके लिए खेलो इंडिया प्रोजेक्ट के तहत जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को पहचान कर उन्हें विश्वस्तरीय कोचिंग दी जा रही है।



# विराट को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिखाना होगा अपना असली अवतार

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। विराट कोहली भले ही अपने अभी फिलहाल अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म न दिख रहे हों लेकिन बावजूद इसके उनके ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर ऑस्ट्रेलियाई अखबारों के खेल पन्नों में वही छाए हुए हैं। विराट ने अपने नाम के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 'विराट' रिकॉर्ड बनाए हैं। विराट ने खुद के लिए इतने 'विराट' पैमाने बनाए हैं उससे जरा भी कुछ कमतर होता है तो फिर उनकी आलोचना होने लगती है। विराट टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं लेकिन अभी टेस्ट और वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं। 36 बरस के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली का ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज खेलने जाने से पहले रंग में न होना भारत के लिए चिंता का सबब है। पिछली कुछ टेस्ट सीरीज से शीर्ष क्रम में विराट कोहली जैसे नाकाम रहे भारतीय दिग्गज ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ टेस्ट सीरीज कसौटी पर होंगे। सच तो विराट खुद की छाया नजर नजर आ रहे हैं। ऐसे में विराट के आलोचकों ने कहना शुरू कर दिया है कि उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की सांझ की दस्तक देने लगी है। इस पर दिल से नहीं दिमाग से सोचेंगे पाएंगे कि यह सत्य नहीं है।

■ **विराट अपनी फिटनेस के बूते कम से कम तीन बरस और टेस्ट और वन डे क्रिकेट खेल सकते हैं**




वह अपनी फिटनेस के बूते कम से कम तीन बरस और टेस्ट और वन डे क्रिकेट खेल सकते हैं। विराट कोहली अब क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट (टेस्ट में 29, वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में 50 और टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच में एक) में कुल 538 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल कर सचिन तेंदुलकर (कुल 664 अंतरराष्ट्रीय मैच 100 शतक, 51 टेस्ट, 49 वन डे इंटरनेशनल) के बाद कुल 80 शतक जड़ सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ने में दूसरे नंबर पर है। भारत को ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हरा पांच टेस्ट की सीरीज जीत डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा रखनी है तो विराट कोहली को अपना असल अवतार दिखाना होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ही आज उसके अखबारों में बतौर क्रिकेट समीक्षक अपने खेल स्तंभों के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के साथ भारतीय बल्लेबाजों की खामियों ही बता उन पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। विराट के ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर ही उसके अखबारों ने विराट के क्रिकेट कौशल की बजाय इस बात की चर्चा ज्यादा की है कि उन्होंने बीते पांच बरस में मात्र दो शतक जड़े हैं और उनकी औसत टेस्ट में औसत 55 से कम हो करीब 48 ही रह गई है। यह भारत की खुशकिस्मती है कि विराट जब मात्र 23 बरस की उम्र में सबसे पहले 2012 में ऑस्ट्रेलिया में पहली टेस्ट सीरीज खेलने गए तो वह मुश्किल हालात में अपनी अलग छाप छोड़ने में कामयाब रहे थे। विराट कोहली ने 2024 में छह टेस्ट में दो अर्द्धशतक सहित कुल 250 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने अपने आदर्श दुनिया के सर्वकालिक बल्लेबाजों में एक भारत के सचिन तेंदुलकर की तरह ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ छह टेस्ट शतक जड़े हैं जबकि उन्होंने यह कारनामा 13 टेस्ट खेल कर किया वहीं सचिन ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 20 टेस्ट खेलने पड़े।

## कोहली अपने खेलने के तरीके को लेकर जुनूनी हैं: पोंटिंग



**पर्थ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले, रिकी पोंटिंग ने विराट कोहली की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि कोहली एक महान क्रिकेटर हैं और खेल के प्रति बेहद भावुक हैं। इसी वजह से ऑस्ट्रेलिया में भी उन्हें बहुत सम्मान मिलता है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू पर कहा कि कोहली एक स्टार हैं, एक सुपरस्टार हैं। वह काफी समय से खेल के सुपरस्टार रहे हैं। वह जिस तरह से खेलते हैं, उसके प्रति बहुत भावुक हैं। वह अपनी टीम के प्रति भी बहुत भावुक हैं। वह जीतना चाहते हैं और दिल से खेलते हैं। ऐसे ही सुपरस्टार खिलाड़ी दुनिया भर में उत्साह पैदा करते हैं। स्टीव स्मिथ जब इंग्लैंड जाते हैं तो उन्हें स्टेडियम में आते ही लोग सीटी बजाते हैं। ये सब अंतर्राष्ट्रीय खेलों का हिस्सा है। हालांकि, इस साल कोहली का टेस्ट मैचों में औसत सिर्फ 22.72 रहा है, जो उनके ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट औसत 54.08 और करियर औसत 47.83 से काफी कम है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में कई शानदार शतक लगाने के बाद, उम्मीद है कि वह आगामी 5 मैचों की सीरीज में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। पोंटिंग ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम के लिए बल्लेबाजी का दारोमदार संभालेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने देखा था कि रवि शास्त्री ने पिछली बार एक ऐसे इंसान के बारे में बात की थी जो ऑस्ट्रेलिया में सभी गेंदों का सामना करना चाहता था। यही आप अपने लीडर और स्टार खिलाड़ियों से उम्मीद करते हैं।

# आईपीएल नीलामी में पंत की कीमत 25-28 करोड़ के आसपास होगी: उथप्पा

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने दावा किया है कि आगामी आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की बोली 25-28 करोड़ के बीच होगी।

दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिटेन न किए जाने के बाद, पंत सऊदी अरब के जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली नीलामी में शामिल हाई-प्रोफाइल भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। नीलामी में उनके होने से, पंजाब किंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी टीमों द्वारा उन पर भारी बोली लगाए जाने की उम्मीद है। उथप्पा ने जियोसिनेमा पर कहा कि मुझे लगता है कि ऋषभ पंत को 25-28 करोड़ के आसपास में खरीदा जाएगा। उन्हें निश्चित रूप से बड़ी रकम मिलेगी और वे इस नीलामी में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले खिलाड़ी बनेंगे। पंत को इतनी कीमत पर खरीदना देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि मुझे लगता है कि पंजाब किंग्स उन्हें खरीदना चाहेगी और आरसीबी भी उन्हें नेतृत्व की भूमिका और विकेटकीपर-बल्लेबाज के तौर पर खरीदना चाहेगी। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भी इसी तरह की राय जाहिर की। मुझे लगता है कि ऋषभ पंत आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। अगर पंत और पंजाब किंग्स के बीच अच्छा तालमेल है, तो वे उन्हें खरीदने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे, नहीं तो आरसीबी ऋषभ पंत के लिए सबसे संभावित जगह बन जाएगी। लेकिन मेरा मानना है कि अन्य टीमें भी पंत के लिए बोली लगाएंगी। इस मेगा नीलामी में भारतीय खिलाड़ी सबसे ज्यादा बिकने वाले हैं। उथप्पा को यह भी लगता है कि डीसी श्रेयस अय्यर को वापस खरीदने के लिए कड़ी मेहनत करेगी, जो 2015 से 2021 तक फ्रेंचाइजी के साथ थे। डीसी श्रेयस अय्यर के लिए कड़ी मेहनत करेगी, और उन्हें 15-20 करोड़ के ब्रैकेट में जाना चाहिए, और डु प्लेसिस को 10 करोड़ से ऊपर। नेहल वढेरा और आशुतोष शर्मा जैसे भारतीय युवा खिलाड़ी किसी भी टीम की सफलता का एक बड़ा हिस्सा और कारण हैं, और आप चाहते हैं कि वे वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करें। मुझे लगता है कि वे प्रत्येक 8 करोड़ से ऊपर जाएंगे। चोपड़ा ने उल्लेख किया कि युवा ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क को आईपीएल 2024 में डीसी के साथ शानदार ओपनिंग के बाद पंजाब किंग्स द्वारा लिया जा सकता है। रिकी पोंटिंग के पंजाब किंग्स के साथ होने के कारण, मुझे लगता है कि वे जेक फ्रेजर-मैकगर्क को लक्षित करेंगे, और वे उन्हें लेने के लिए उत्सुक होंगे।



भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भी इसी तरह की राय जाहिर की। मुझे लगता है कि ऋषभ पंत आईपीएल के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बनने जा रहे हैं

# गिल की भागीदारी पर फैसला मैच की सुबह लिया जाएगा : मोर्कल

**पर्थ,** 21 नवम्बर (एजेंसियां) भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि चोटिल शुभमन गिल की पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में भागीदारी पर फैसला 22 नवंबर को पर्थ स्टेडियम में शुरू होने वाले मैच की सुबह लिया जाएगा। 16 नवंबर को पर्थ के वाका में भारत के मैच सिमुलेशन अभ्यास के दौरान स्लिप कॉर्डन में कैच लेते समय गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था। भारत ने बैक-अप विकल्प के रूप में बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को भी शामिल किया है। मोर्कल ने प्री-सीरीज प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि शुभमन दिन-प्रतिदिन बेहतर हो रहे हैं। हम टेस्ट मैच की सुबह तक उनके साथ फैसला करेंगे। उन्होंने बिल्ड-अप (चोट से पहले) के दौरान मैच सिमुलेशन में अच्छा प्रदर्शन किया, इसलिए उम्मीद है कि वह सफल होंगे, मुंबई में अपने दूसरे बच्चे के जन्म के बाद रोहित शर्मा पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए उनकी अनुपस्थिति में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भारत की कप्तानी करेंगे, जिससे टेस्ट मैचों में तेज गेंदबाजी कप्तानों के बीच बहुत ही दुर्लभ टकराव की स्थिति पैदा हो गई है।



# हार्दिक फिर से बने नंबर 1 टी-20 ऑलराउंडर, तिलक तीसरे नंबर पर पहुंचे

**दुबई,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने आईसीसी पुरुष टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। इस बीच, उभरते हुए सितारे तिलक वर्मा ने बुधवार को आईसीसी द्वारा नवीनतम रैंकिंग अपडेट जारी किए जाने के बाद शीर्ष 10 बल्लेबाजों में जबरदस्त उछाल दर्ज किया है। दक्षिण अफ्रीका में भारत की 3-1 से सीरीज जीत के दौरान पांड्या के लगातार प्रदर्शन ने उन्हें प्रशंसा दिलाई है। दूसरे टी20 में उनके नाबाद 39 रन ने भारत की पारी को स्थिर किया, जबकि निर्णायक चौथे मैच के दौरान तीन ओवरों में 1/8 का उनका किफायती स्पैल सीरीज को सील करने में महत्वपूर्ण रहा। यह पांड्या का नंबर 1 टी20 ऑलराउंडर के रूप में दूसरा कार्यकाल है, इससे पहले उन्होंने इस साल की शुरुआत में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के बाद रैंकिंग हासिल की थी। भारत के प्लेयर ऑफ द सीरीज तिलक भी एक और बेहतरीन खिलाड़ी रहे। युवा बल्लेबाज ने दो शतक बनाए और पूरी सीरीज में 280 रन बनाए, जिससे वह टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में 69 पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। वह अब भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले टी20 बल्लेबाज हैं, जिन्होंने कप्तान सूर्यकुमार यादव को पीछे छोड़ दिया, जो चौथे स्थान पर खिसक गए। भारत के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले एक और खिलाड़ी संजू सैमसन ने उसी सीरीज में दो शतक लगाने के बाद टी20आई बल्लेबाजों की सूची में 17 पायदान चढ़कर 22वां स्थान हासिल किया। रैंकिंग अपडेट में दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स (23वें) और हेनरिक क्लासेन (59वें) को भी फायदा हुआ। टी20 बल्लेबाजों की सूची में श्रीलंका के दाएं हाथ के कुसल मेंडिस और वेस्टइंडीज के हार्ड-हिटर शाई होप को भी फायदा हुआ है, जबकि ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस ने पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में अर्द्धशतक लगाने के बाद 10 पायदान ऊपर 45वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



■ **भारत के प्लेयर ऑफ द सीरीज तिलक भी एक और बेहतरीन खिलाड़ी रहे**

## सार संक्षेप

### दिल्ली प्रीमियर लीग : सुदेवा की संघर्षपूर्ण जीत

**नई दिल्ली।** प्लेयर ऑफ़ द मैच सिबिन एस के दमदार खेल से सीआईएसएफ प्रोन्टेक्टर ने दिल्ली एफ सी को गोल शून्य बराबरी पर रोक कर डीएसए प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए द्य दिन के दूसरे मुकाबले में सुदेवा दिल्ली एफ सी ने वाटिका फुटबाल क्लब को कांटे की टक्कर में 2-1 से हराया द्य विजेता टीम के लिए सिनाम माइकल सिंह और ऋतुराज सिंह ने पहले हाफ में गोल जमाए लेकिन पाला बदलने के बाद वाटिका भारी पड़ी और विपुल के पेनल्टी गोल से सम्मानजनक हार पाई। ऋतुराज को प्लेयर ऑफ़ द मैच आंका गया। अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए बराबरी के मुकाबले में सीआईएसएफ का भाग्य ने साथ दिया द्य हालांकि सीआईएफसी की रक्षापंक्ति ने शानदार खेल दिखाया लेकिन डीएफसी का खलनायक उसका नियमित स्ट्राइकर जी गयरी रहा जिसने गोल ज़माने के चार आसान मौके बर्बाद किए।

### भारत ने जीता बिहार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर का खिताब

**राजगीर।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को फाइनल मुकाबले में चीन को हराकर कर बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 का खिताब अपने नाम किया। आज यहां राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेले गये फाइनल मुकाबले में भारत ने चीन पर 1-0 की जीत दर्ज की। खेल के पहले हाफ में दोनों टीमों के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला। दूसरे हाफ में भारत ने आक्रामक खेल मुजाहिरा किया और दीपिका ने (31वें) मिनट में गोल दागकर भारत को बढ़त दिलाई। यह बढ़त भारत को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब बचाने में मदद की। हॉकी रैंकिंग में नौवें स्थान पर मौजूद भारतीय टीम ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब तीसरी बार अपने नाम किया है। पहला क्वार्टर गोलरहित रहा।

### मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के लिए राजस्थान टीम घोषित

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) ने 23 नवम्बर से राजकोट में शुरु होने वाली सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के लिये राजस्थान की टीम घोषित कर दी। आरसीए के मीडिया प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि महिपाल लोमरोर कप्तान होंगे जबकि मानव सुथार को उपकप्तान बनाया गया है।

# चाइना मास्टर्स : सिंधु, लक्ष्य सेन, मालविका बंसोड़ दूसरे दौर में पहुंचे

**शेन्ज़ेन ( चीन ),** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के बैडमिंटन सितारे पी.वी. सिंधु, लक्ष्य सेन और मालविका बंसोड़ बुधवार को यहां बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 750 टूर्नामेंट चाइना मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंच गए। पुरुष एकल में, लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले की याद में मलेशिया के ली ज़ी जिया के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। इस बार, भारतीय खिलाड़ी ने 57 मिनट में 21-14, 13-21, 21-13 से जीत दर्ज की। इस जीत ने लक्ष्य की पेरिस खेलों के बाद से लगातार चार टूर्नामेंटों में जीतरहित रहने का सिलसिला खत्म कर दिया और अब उन्हें डेनमार्क के रासमस गेम्के या जापान के केंटा निशिमोतो के खिलाफ राउंड-ऑफ-16 में कड़े मुकाबले का सामना करना होगा। मालविका बंसोड़ ने भी प्रभावित किया, डेनमार्क की लाइन केजर्सफेल्ड के खिलाफ एक घंटे 14 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। भारतीय शटलर ने शानदार धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाते हुए एक करीबी मुकाबले में 20-22, 23-21, 21-16 से जीत हासिल की। अगले दौर में उनका सामना थाईलैंड की सुपनिडा कटेथोंग से होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु ने थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 50 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-19 से हराकर अपना दबदबा दिखाया।



■ **हम जुनून के साथ खेलते हैं, और हम अपने देश का प्रतिनिधित्व बहुत गर्व के साथ करते हैं**

## मार्टिनेज के गोल से अर्जेंटीना ने पेरू को हराया

**ब्यूनस आयर्स ( अर्जेंटीना ),** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। लॉटारो मार्टिनेज के दूसरे हाफ में किए गए शानदार गोल की बदौलत अर्जेंटीना ने विश्वकप क्वालीफायर में पेरू 1-0 से हराया। खेले गये मुकाबले में इंटर मिलान के इस फॉरवर्ड ने 55वें मिनट में लियोनेल मेस्सी के क्रॉस पर बाइसिकल किक लगाकर गोल किया। इसी के साथ क्वालीफाइंग मुकाबले में अर्जेंटीना की अपनी आठवीं जीत दर्ज की। अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि पेरू अब तक सात अंकों के साथ अंतिम स्थान पर है। मैच के बाद मार्टिनेज ने कहा कि मुझे यह जानकर खुशी हुई कि हमने साल का अंत सकारात्मक तरीके से और लीडर के रूप में किया है। उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत रूप से एक शानदार वर्ष रहा है, लेकिन मैं हर दिन सुधार करने के लिए कड़ी मेहनत करना चाहता हूं। वहीं ब्राजील और उरूग्वे के बीच खेला गया मैच 1-1 से ड्रॉ रहा। उरूग्वे के लिए फेडरिको वाल्वेर्डे ने पहला गोल दागा अपनी टीम को बढ़त दिलाई थी।

# ब्लाइंड टी-20 विश्व कप से हटा भारत

**बेंगलुरु,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में 22 नवंबर से 3 दिसंबर, 2024 तक होने वाले चौथे टी20 ब्लाइंड क्रिकेट विश्व कप से भारत के हटने के बाद, कप्तान दुर्गा राव टोमपाकी ने टीम की भावना को व्यक्त किया, जिसमें उनके जुनून, गर्व और भविष्य के अवसरों के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया।

यह निर्णय, बीसीसीआई द्वारा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सूचित किए जाने के एक सप्ताह बाद आया है कि भारत सरकार से मंजूरी न मिलने के बाद अगले साल की शुरुआत में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा। हालांकि यह टीम के लिए एक बड़ा झटका है, सीएबीआई सरकार की चिंताओं और उसी के लिए निर्णय का पूरा सम्मान करता है। टीम कठोर प्रशिक्षण ले रही थी और प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक थी। हालांकि, हम सरकार के मार्गदर्शन को प्राथमिकता देते हैं और भारत में ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन के निरंतर विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ हैं। हम जुनून के साथ खेलते हैं, और हम अपने देश का प्रतिनिधित्व बहुत गर्व के साथ करते हैं। हम हमेशा सबसे बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तत्पर रहते हैं, और इस अवसर को चूकना निराशाजनक है। हालांकि, हम जानते हैं कि अगला विश्व कप बस आने ही वाला है, और हम अपने प्रशिक्षण और तैयारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के कप्तान दुर्गा राव टोमपाकी ने कहा कि हमने एक सफल कोचिंग कैंप आयोजित किया है।



■ **हम जुनून के साथ खेलते हैं, और हम अपने देश का प्रतिनिधित्व बहुत गर्व के साथ करते हैं**

# जॉनसन ने वार्नर के साथ मतभेद को दूर करने की इच्छा जताई

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन ने भारत के खिलाफ बहुप्रतीक्षित पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए कमेंटेटर के रूप में अपनी भूमिका से पहले पूर्व टीम साथी डेविड वार्नर के साथ तनाव को दूर करने की इच्छा व्यक्त की है।

■ **जॉनसन ने किसी भी तरह की दुश्मनी को कमतर बताया, और पेशेवरता पर जोर दिया**

जॉनसन ने पिछले साल वार्नर के 'विदाई समर' की आलोचना की थी, जिसमें उन्होंने सवाल उठाया था कि एक 'संघर्षरत टेस्ट ओपनर' को अपनी सेवानिवृत्ति की समयसीमा तय करने की अनुमति क्यों दी गई। उनकी टिप्पणियों ने अनसुलझे मतभेदों के बारे में अटकलों को हवा दी, खासकर पाकिस्तान के खिलाफ एससीजी में अपने अंतिम टेस्ट से पहले वार्नर के अस्थिर प्रदर्शन के बाद।



हालांकि, बुधवार को पर्थ में बोलते हुए, जॉनसन ने किसी भी तरह की दुश्मनी को कमतर बताया, और पेशेवरता पर जोर दिया। जॉनसन को द नाइटली ने यह कहते हुए उद्धृत किया, हम वयस्क हैं। आप आगे बढ़ते हैं। हम अपना जीवन जीते हैं, और हम सभी किसी न किसी मोड़ पर एक-दूसरे से मिलते हैं। मेरे दृष्टिकोण से, मैं एक वयस्क हूँ, वह एक वयस्क है। आप कहते हैं, 'गुडडे', और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। मैं उस पूरी स्थिति से बहुत ज़्यादा नहीं लेता। जॉनसन ने कमेंटेटर के रूप में वार्नर की क्षमता की प्रशंसा की, उन्होंने भविष्यवाणी की कि उनकी अनफ़िल्टर्ड शैली खेल में नई अंतर्दृष्टि ला सकती है। यह अब हमारे बारे में नहीं है, हम कमेंट्री बॉक्स में हैं - हम अंतर्दृष्टि देने के लिए वहां हैं। वह हमेशा उन पात्रों में से एक होने जा रहा है जो कठिन काम करते हैं और जो महसूस करते हैं उसे कहते हैं। एक कमेंटेटर के रूप में, आप चाहते हैं कि लोग राय दें। वह अब एक पूर्व खिलाड़ी है, और मुझे लगता है कि उसे यह जानकारी देने में सक्षम होना चाहिए।

पिछले साल वेस्ट ऑस्ट्रेलियन में अपने विवादास्पद कॉलम में, जॉनसन ने न केवल वार्नर की सेवानिवृत्ति की घोषणा की आलोचना की, बल्कि कुख्यात सैंडपेपरगेट कांड में बल्लेबाज की भूमिका पर भी फिर से विचार किया। उन्होंने लिखा था, हालांकि वार्नर सैंडपेपरगेट में अकेले नहीं थे, लेकिन उस समय वह टीम के एक वरिष्ठ सदस्य थे और एक ऐसे व्यक्ति थे जो अपनी कथित शक्ति का उपयोग 'नेता' के रूप में करना पसंद करते थे।

## एएफसी एशियाई क्वालीफायर : यूएई की कतर के खिलाफ 5-0 की ऐतिहासिक जीत

**अबू धाबी,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हेड कोच पाउलो बेंटो ने एएफसी एशिया कप क्वालीफायर रोड टू 26 ग्रुप ए मैच में कतर पर अपनी टीम की 5-0 की शानदार जीत का श्रेय पूरी तैयारी को दिया। फैबियो लीमा ने पहले हाफ में हैट्रिक सहित चार गोल करके यूएई को ग्रुप में तीसरे स्थान पर पहुंचने में मदद की, जिससे वे ईरान और उज्बेकिस्तान के करीब पहुंच गए। एएफसी वेबसाइट ने बेटों के हवाले से कहा कि हमने कतर का सामना करने के लिए अच्छी तैयारी की, क्योंकि हम जानते थे कि उनके पास बेहतरीन खिलाड़ियों और उच्च स्तरीय कोच वाली एक मजबूत टीम है। हमने हर संभावित परिदृश्य पर विचार किया, क्योंकि उनकी रणनीति का अनुमान लगाना चुनौतीपूर्ण था। हम अपने मौकों का फायदा उठाने और गोल करने में सफल रहे - कुछ ऐसा जो हमें उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैच में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद संघर्ष करना पड़ा। दुर्भाग्य से, हमने कई आसान मौके गंवा दिए। लीमा के शुरुआती गोलों ने यूएई को नियंत्रण में ला दिया, जिसमें बेंटो की टीम ने कतर की रक्षात्मक चूक का फायदा उठाया। यह जीत उज्बेकिस्तान से मिली निराशाजनक हार के बाद मिली, जहां यूएई ने मौके बनाए थे, लेकिन उन्हें गोल में बदलने में विफल रहा। हालांकि, इस मैच में टीम ने हर मौके का पूरा फायदा उठाते हुए शानदार खेल दिखाया। दूसरी ओर, कतर के मुख्य कोच मार्केज़ लोपेज़ हार के बाद अपनी टीम की सामरिक गलतियों पर अफसोस जताते रहे।



सुडोकू 6741 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 | 4 |
| 8 | 6 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 7 |

# [ अर्थ जगत ]



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एम एंड एम | 3.55 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 2.21 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.60 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.47 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.53 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.44 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.31 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.21 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 1.13 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 76,493 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 92,500 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 84.43 | 84.51 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# भारत 330 मिलियन टन खाद्यान्न का कर रहा उत्पादन : शिवराज

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मौजूदा समय में सालाना 330 मिलियन टन खाद्यान्न का उत्पादन हो रहा है और वैश्विक खाद्य व्यापार में भारत महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। खाद्यान्न निर्यात से 50 बिलियन डॉलर की कमाई हो रही है। राष्ट्रीय राजधानी में 'वैश्विक मृदा सम्मेलन 2024' को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए, कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार ऐसी पहलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है जो दीर्घ कालिक हो और कृषि के लिए लाभदायक भी।

**50 बिलियन डॉलर का हो रहा निर्यात**

केंद्रीय मंत्री ने वैश्विक मृदा कांफ्रेंस 2024 को संबोधित करते हुए बताया कि रासायनिक उर्वरकों पर बढ़ती उपयोग और निर्भरता, प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और अस्थिर मौसम ने मिट्टी पर दबाव डाला है। उन्होंने कहा कि केमिकल फर्टिलाइज़र का बढ़ता उपयोग, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और अस्थिर मौसम ने मिट्टी पर दबाव डाला है। आज भारत की मिट्टी बड़े स्वास्थ्य संकट का सामना कर रही है। कई अध्ययनों के अनुसार हमारी 30 फीसदी मिट्टी खराब हो चुकी है।



**सरकार ऐसी पहलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है जो दीर्घ कालिक हो और कृषि के लिए लाभदायक भी : शिवराज सिंह चौहान**

केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित लोगों को बताया कि प्रदूषण, धरती में आवश्यक नाइट्रो और माइक्रो न्यूट्रेंट के स्तर में कमी आ रही है। मिट्टी में जैविक कार्बन की कमी से उसकी उर्वरता कम हो रही है इससे न केवल उत्पादन पर असर होगा बल्कि आने वाले समय में किसानों की आजीविका और खाद्य संकट भी पैदा हो सकता है। ऐसे में इस पर गंभीरता से इस पर विचार करना जरूरी है। कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने इसके लिए कई पहल शुरू की है।

## ग्रीन एनर्जी क्षमता में वार्षिक वृद्धि अगले दो वर्षों में 35 गीगावाट से अधिक रहेगी : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** अगले दो वर्षों में स्थापित रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) क्षमता में विस्तार 35 गीगावाट से अधिक हो सकता है। इसकी वजह 100 गीगावाट से अधिक के प्रोजेक्ट पाइपलाइन में होना है। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले 12 महीनों में रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) में तेज वृद्धि कॉरपोरेट्स के बढ़ते ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) फोकस, निवेशकों की बढ़ती रुचि, नीतियों से समर्थन और फाइनेंसिंग की बढ़ी हुई उपलब्धता का परिणाम है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने वित्त वर्ष 2024 में 18.5 गीगावाट की आरई क्षमता स्थापित की, जो पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई क्षमता से 21 प्रतिशत अधिक है। केयरएज रेटिंग्स के मुताबिक, बढ़ती ऊर्जा मांग के कारण सौर उपकरण सेक्टर में अगले तीन से पांच वर्षों में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का पूंजीगत खर्च होगा। इसमें से 70,000 करोड़ रुपए डेट फंडिंग से आने की उम्मीद है।

# ब्रिटेन के साथ लाभकारी व्यापार समझौता चाहता है भारत : वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने नए साल में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार (एफटीए) समझौते के लिए बातचीत पुन: प्रारंभ किए जाने की ब्रिटेन की ओर से की गई घोषणा का बुधवार को स्वागत किया है और कहा है कि भारत संतुलित एवं परस्पर लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए ब्रिटेन के साथ मिल कर काम करने को तैयार है।

सत्यमेव जयते
Ministry of Commerce & Industry
Government of India

■ **वार्ता की तारीखों को जल्द ही राजनयिक माध्यम से अंतिम रूप देने की तैयारी**

ब्रिटेन ने भारत के साथ एफटीए वार्ता शुरू करने की घोषणा ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की द्विपक्षीय बैठक के बाद की। मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि हम नए साल में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार वार्ता को फिर से शुरू करने की ब्रिटेन की घोषणा का स्वागत करते हैं। एक संतुलित, पारस्परिक रूप से लाभकारी और दूरदर्शी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हासिल करने के महत्व को ध्यान में रखते हुए, भारत आपसी संतुष्टि के लिए शेष मुद्दों को हल करने के लिए ब्रिटेन की वार्ता टीम के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करता है।

मंत्रालय का कहना है कि वार्ता की तारीखों को जल्द ही राजनयिक माध्यम से अंतिम रूप दिया जाएगा और प्रयास होगा कि वार्ताओं के बीच-बीच अंतराल को पाटने के लिए वार्ता तेजी से सम्पन्न की जा सके। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर भी भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते के प्रस्ताव का समर्थन किया है और कहा है कि इससे उनके देश की के अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। श्री स्टार्मर ने रियो डि जनेरियो में प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक के बाद मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता फिर शुरू करने पर सहमत हुए हैं। श्री स्टार्मर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बहुत सार्थक बैठक हुई।

# ताप बिजलीघरों के कोयला आयात में गिरावट

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। घरेलू कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा अप्रैल-सितंबर 2024 में ईंधन मिश्रण के लिए किया गया कोयला आयात 8.59 प्रतिशत गिरावट के साथ 97.9 लाख टन रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 107.1 लाख टन था। यह जानकारी कोयला मंत्रायल की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गई।

विज्ञप्ति के अनुसार इसी दौरान गैर-विनियमित क्षेत्रों (एनआरएस) द्वारा कोयला आयात 9.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6.33 करोड़ टन के करीब रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 7.02 करोड़ टन कोयले का आयात किया गया था।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह दर्शाता है कि ये क्षेत्र घरेलू कोयला आपूर्ति पर निर्भरता बढ़ा रहे हैं। इस दौरान इस्पात उद्योग के लिए आवश्यक कोकिंग कोयले तथा आयातित कोयला-आधारित (आईसीबी) बिजली संयंत्रों के लिए कोयले के आयात में वृद्धि हुई है क्यों कि यह मांग को घरेलू कोयले से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। अप्रैल-सितंबर 2024 के दौरान कुल कोयला आयात 1.36 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 12.95 करोड़ टन तक पहुंच गया।

जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 12.78 करोड़ टन था। इस दौरान मूल्य के हिसाब से कुल कोयला आयात 1,38,763.50 करोड़ रुपए का था। पिछले वर्ष इसी दौरान 1,52,392.23 करोड़ रुपए का कोयला आयात किया गया था।


### न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### सूचना-पत्र

क्रमांक/क/वाचक/तह./2024
रायपुर, दिनांक 11.11.2024
प्रति,

1. त्रिपुरारी श्रीवास्तव पिता श्री गया प्रसाद श्रीवास्तव 2. अनिल कुमार श्रीवास्तव पिता त्रिपुरारी प्रसाद दोनों निवासी पुराना सरकंडा, बिलासपुर 3. श्रीमती पद्मा श्रीवास्तव पति श्री पवन श्रीवास्तव निवासी रूवाबांधा सेक्टर-55, व्ही. टी. सी. सीवीक सेंटर भिलाई दुर्ग छ.ग.

विषय:- रा.प्र.क्रमांक/202410110200005/अ-6/वर्ष 2023-24 पक्षकार श्रीमती अर्चना हुखरे छत्तीसगढ़ शासन, ग्राम-पंडरीतराई, प.ह.नं. 47 तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में लेख है कि आवेदिका श्रीमती अर्चना हुखरे पति एम.ए. शाहीद निवासी म.नं.-22/880, जय हिंद चौंक के पास, लोधीपारा, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 47, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि शीट नंबर-14, प्लाट नंबर-13/69 खसरा नंबर-190/1 रकबा 1125 वर्गफुट भूमि को विक्रेता 1. त्रिपुरारी श्रीवास्तव पिता श्री गया प्रसाद श्रीवास्तव 2. अनिल कुमार श्रीवास्तव पिता त्रिपुरारी प्रसाद दोनों निवासी-पुराना सरकंडा, बिलासपुर 3. श्रीमती पद्मा श्रीवास्तव पति श्री पवन श्रीवास्तव निवासी रूवाबांधा सेक्टर-55, व्ही. टी. सी. सीवीक सेंटर भिलाई दुर्ग छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 18/09/2024 के माध्यम से क्रय किया है। आवेदिका द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है।

उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप आपत्तिकर्ता / भूमिस्वामी हैं, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 28/11/2024 को स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 11/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर ( छ.ग. )
### राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन

रा.मा.क्र./20240911500093/अ-6/2023-24
रायपुर, दिनांक 12.11.2024
प्रति,

श्रीमती सुभाषिनी दहिया पति प्रेमलाल दहिया निवासी सुन्दर नगर रायपुर, द्वारा मुख्तयार आम श्रीमती सविता अग्रवाल पति स्व. सुरेश अग्रवाल निवासी जनता कालोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

द्वारा:- माल जमादार, तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि आवेदिकागण 01. श्रीमती आरती कटारिया पति उमेश कटारिया, 02. श्रीमती बीना कटारिया पति शरद कटारिया दोनों निवासी समता कालोनी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम चिरहुलडीह, प.ह.नं. 52 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक ई-503, खसरा नंबर 884/7 रकबा 1000 वर्गफुट भूमि को आवेदिकागण द्वारा विक्रेता श्रीमती सुभाषिनी दहिया पति प्रेमलाल दहिया निवासी सुन्दर नगर रायपुर द्वारा मुख्त्यार आम श्रीमती सविता अग्रवाल पति स्व. सुरेश अग्रवाल निवासी जनता कालोनी रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 06.04.2013 को क्रय किया गया है। आवेदिकागण द्वारा उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किये है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अत: आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 28/11/2024 की अनिवार्य रूप से उपस्थित अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202410110200107/अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 109/47
रायपुर, दिनांक 18.10.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रागिब शाबरी पिता श्री शोएब शाबरी निवासी अरमान विला, डॉल्फिन कॉम्पलेक्स के पीछे ईदगाह के सामने मोवा, रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 109/47, तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 32, भू-खण्ड क्रमांक 6/1 खसरा नंबर 438/28 का भाग रकबा 1000 वर्गफुट भूमि को विक्रेता जितेन्द्र अग्रवाल पिता बृजभूषण लाल अग्रवाल निवासी सी-402, डाल्फिन प्लाजा रेसीडेंसी दलदलसिवनी रोड़ मोवा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 03/10/2024 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया गया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 28/11/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 18/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.मा.क्र./अ/6 अ वर्ष 2024-2025
ग्राम धनेली प.ह.नं. 24
रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली
तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.
धरसींवा, दिनांक 13.11.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हे कि गणपति रिफैक्ट्री एण्ड मिनरल्स प्राईवेट हस्ते योगेश केला पिता रतनलाल केला निवासी 640 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला रायपुर छ.ग. द्वारा अभिलेख दुरूस्ती बाबत् आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम धनेली प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. रायपुर-19 धनेली में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 377/3 रकबा 10867 वर्गफुट आवेदक द्वारा धारित की जाती है। आवेदित भूमि को आवेदक द्वारा पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त भूमि परिवर्तित है जिसे उद्योग प्रयोजन हेतु अ.वि.अ/रा.प्र.क्र. 678 अ/2 वर्ष 2004-05 एवं वि.क.अ.का राजस्व मामला क्रमांक 314 अ/2 वर्ष 2004-05 आदेश दिनांक 24.02.2005 के अनुसार परिवर्तित की गई है। यद्पि ऑनलाईन में आवेदक के नाम पर दर्ज है। परंतु राजस्व अभिलेख बी 1 ऑनलाईन में उक्त भूमि त्रुटिवश कृषि मद में दर्ज होना परिलक्षित हो रही है, जिसे दुरूस्त किये जाना आवश्यक है। उक्त भूमि को आवेदक के नाम पर व्यपरिवर्तित दर्ज किये जाने हेतु आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महोदय रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इ न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख सुधार बाबत् प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 27.11.2024 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार धरसींवा

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202410110800064/
अ-6/वर्ष 2024-2025
ग्राम उरकुरा, प.ह.नं. 40
रायपु, दिनांक 18.10.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका उत्तरा बाई वर्मा पति स्व. श्री श्याम लाल वर्मा निवासी शीतला पारा उरकुरा पोस्ट बीरगांव रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम उरकुरा प.ह.नं. 40 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 132/159 रकबा 0.0110 हे. भूमि आवेदिका के पति श्यामलाल वर्मा पिता गुलाल वर्मा के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार आवेदिका के पति श्यामलाल वर्मा पिता गुलाल वर्मा की मृत्यु दिनांक 19.03.2020 को हो गई है, मृत्यु उपरांत उनके विधिक वारिसान में श्रीमती उत्तरा बाई वर्मा आवेदिका/पत्नी तथा ऋषी कुमार वर्मा, महेन्द्र वर्मा पुत्रगण एवं माधुरी वर्मा पुत्री हैं, इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं है। अत: प्रश्नाधीन भूमि को वारिसान हक में मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर आवेदकगण का नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 08.11.2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-20242544 0725600077

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी सैयद जाकिर पिता/पति सैयद अनीस पता संजय नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 128/139 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अब्दुल रशीद पिता/पति अब्दुल रज्जाक पता संजय नगर रायपुर छ.ग., आबिद रशीद, असद रशीद, अशफाक रशीद, नाजिया परवीन पति असलम शरीफ पिता/पति अब्दुल रशीद पता संजय नगर रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.12.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार 8 ए रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.11.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00072 डूंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440726700027

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00072 के अंतर्गत ग्राम डूंडा के वर्तमान भूमिस्वामी भोजराम साहू पिता/पति विदेशी राम साहू पता केन्द्री रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 353/15 0.0088 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नाबा. सेजल साहू पिता/पति स्व. भोजराम साहू पता भाटापारा रायपुर छ.ग., श्रीमती भारती साहू पिता/पति स्व. भोजराम साहू पता भाटापारा रायपुर छ.ग., नाबा. भूमिका साहू पिता/पति स्व. भोजराम साहू पता भाटापारा रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.12.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.11.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर-14 बोरियाखुर्द, तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### आम सूचना

जारी दिनांक 20.11.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजवंत सिंह ग्रेवाल पिता स्व. सिमरन सिंह ग्रेवाल निवासी सिविल लाईन रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम मठपुरैना प.ह.नं. 61 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 63/18 रकबा क्रमश: 0.0280 हे.कुल खसरा क्रमांक 01रकबा 0.0280 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 12.10.2024 के परिपालन में दिनांक 28.11.2024 को समय अपरान्ह 2 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 61 के मठपुरैना स्थित पटवारी राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-14 बोरियाखुर्द

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

क्रमांक/202410116400075/अ-6/2023-2024
ग्राम माना प.ह.नं. 80
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 24.10.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किशन ईसवानी पिता- मनोज ईसवानी निवासी बी-39, सेक्टर-4 देवेन्द्र नगर, रायपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम माना पटवारी हल्का नंबर 80, राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 18 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 107/1 का भाग रकबा 0.085 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 121/4 (शामिल खसरा नंबर 121/6) रकबा 0.0600 हेक्टेयर भूमि कुल रकबा 0.1450 हे. भूमि आवेदक कि पत्नि श्रीमती भावना ईसवानी पति मनोज ईसवानी के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उपरोक्त भूमि के भूमिस्वामी एवं आवेदक कि पत्नि श्रीमती भावना ईसवानी पति मनोज ईसवानी का निधन दिनांक 29/03/2024 को हो चुका है। जिनके विधिक वारिसानों में पुत्र किशन ईसवानी एवं पुत्री कांची ईसवानी, नेहा ईसवानी तथा पति मनोज ईसवानी है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि पर मृतिका का नाम विलोपित कर मृतिका के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अत: आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 27/11/2024 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### नोटिस प्रकाशन

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2023-2024
रायपुर, दिनांक 19.11.2024
प्रति,

01. नारायण खटवानी पिता स्व. चैनुमल खटवानी निवासी मकान नंबर 1/ बी, जयश्री मर्लिन विहार, मंडी गेट रायपुर, 02. पोषण देवी मेधानी पति स्व. बारूमामल मेधानी व अन्य सिविल लाईन रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है आवेदक ए.आर. बेचर्स द्वारा भागीदार श्री अशोक खुबचंदानी पिता श्री तुलसीलदास खूबचंदानी निवासी सी/51, प्रमिला हाउसिंग सोसायटी की.आई.पी. इस्टेट खम्हारडीह शंकर नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा भू-राजस्व संहिता 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आवेदक द्वारा खसरा नंबर 210/28 शामिल खसरा नंबर 211/3 रकबा 0.082 हे. भूमि ग्राम डुमरतराई प.ह.नं. 74 रा.नि. मं. रायपुर 10 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में धारित किया जाता है। उक्त भूमि को विक्रेता नारायण खटवानी पिता स्व. चैतूमल खटवानी निवासी मकान नंबर 1/बी जयश्री मार्लिन विहार, मंडी गेट रायपुर तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 29/10/2020 के माध्यम से क्रय कर दखल व कब्जा प्राप्त किया था। साथ ही आवेदक द्वारा खसरा नंबर 232/11 रकबा 0.279 हे. भूमि धारित की जाती है जिसे विक्रेता पोषण देवी मेधानी पति स्व. बाकनोंगल मेधानी व अन्य निवासी सिविल लाईन रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 25/08/2020 के माध्यम से क्रय कर कास्त काबिज पर है। उपरोक्त दोनों भूमि को विक्रय पश्चात् वाणिज्यिक प्रयोजन में दिनांक 12/02/2021 को रा.एक 202011111000114/3-2/वर्ष 2020-21 के माध्यम से व्यपवर्तित किया जाकर राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया गया। व्यपवर्तित उपरांत खसरा नंबर 232/11 का नवीन खसरा नंबर 232/19 राबा 0.2140 हे. हुआ जो कि पोषण देवी मेधानी पति स्व. बारूनोमल मेधानी व अन्य निवासी सिविल लाईन रायपुर के नाम से दर्शित हो रहा है वर्तमान में आवेदक उपरोक्तानुसार दोनों खसरा नंबर 210/32 रकबा 0. 0077 हे. एवं खसरा नंबर 232/19 रकबा 02140 हे. से संबंधित ऑनलाईन राजस्व अभिलेखों में त्रुटियश दर्ज विक्रेता के नाम को विलोपित कर आवेदक अपना नाम दर्ज करने हेतु निवेदन किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 05.12.2024 को नियत है। अत: उक्त प्रकरण के निराकरण हेतु आप नियत सुनवाई दिनाक 05/12/2024 को अनिवार्य रूप से स्वत: अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे, अन्यथा आपकी मौन सहमति मानी जावेगी एवं प्रकरण में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 19.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 15356/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 18.11.2024**

प्राधिकरण की मठपुरैना योजनातर्गत भूखंड क्रमांक 290 रकबा 450 वर्गफुट श्रीमती नसीमा बेगम पति श्री मोहम्मद फैज द्वारा फ्री-होल्ड पर धारित हैं। फ्री-होल्डधारी द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा क्रेता श्री मिराजुल हक पिता श्री ऐजाजुल हक निवासी 40/2010/1 नल घर के पीछे, गार्डन के सामने, संजय नगर, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय कर दिया है, क्रेता द्वारा प्राधिकरण के अभिलेख में नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखंड की नाम दर्ज अनुमति प्रदान किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राहय नहीं होगा।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 15457/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 20.11.2024**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 (कौशल्या माता विहार) योजनांतर्गत श्री प्रदीप पृथवानी पिता श्री जोतूमल जी पृथवानी, श्री विजय राजानी पिता स्व. श्री डी.एम. राजानी एवं श्री राकेश अमरानी पिता श्री सेवकराम अमरानी को भूखण्ड क्रमांक ए-129 क्षेत्रफल 5812 वर्गफुट सेक्टर 12 में आबंटित हैं। क्रेता श्री विजय अग्रवाल पिता श्री परमानंद अग्रवाल निवासी-433, गरबा मैदान, समता कॉलोनी, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. 492001 द्वारा उक्त भूखण्ड को 10.09.2024 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से प्राप्त कर उक्त भूखण्ड पर नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 20.11.24 को जारी।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 15453/रा.शा./रा.वि.प्रा./2024**
**रायपुर दिनांक 20.11.2024**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-12 योजनांतर्गत श्री वेंकटेश नारायण शुक्ला पिता श्री गोरेलाल शुक्ला को भूखंड क्रमांक ए-143 रकबा 411 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती श्री वेंकटेश नारायण शुक्ला पिता श्री गोरेलाल शुक्ला द्वारा उक्त भूखंड को दिनांक 18.09.2024 को श्री अनिल कुमार हबलानी पिता श्री हरीचंद हबलानी को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्री अनिल कुमार हबलानी पिता श्री हरीचंद हबलानी के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राहय नहीं होगा।

दिनांक 20.11.24 को जारी ।

**राजस्व अधिकारी ( तहसीलदार )**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर ( छ.ग. )**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### ईश्तहार

क्रमांक/अ-19 (5)/2024-2025
ग्राम बोरियाखुर्द, प.ह.नं. 71
रायपुर, दिनांक 18.11.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अध्यक्ष मोहन लाल साहू गायत्री प्रज्ञा मंडल बोरियाखुर्द रायपुर छ.ग., के द्वारा ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 रा.नि.मं. रायपुर एक तह. व जिला रायपुर में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 264/1 में रकबा 5000 वर्गफुट भूमि आश्रम, यज्ञशाला बाल संस्कार केन्द्र, युवा एवं महिला कौशल केन्द्र निर्माण किए जाने के लिए भूमि हेतु भू-आबंटन की मांग किया गया है। अतएव उक्त भूमि का सशुल्क व्यवस्थापन आवेदक के पक्ष में किये जाने से जिस किसी को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 05/12/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। बाद मियाँद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

### कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर-14 बोरियाखुर्द, तहसील-रायपुर, जिला-रायपुर ( छ.ग. )
### आम सूचना

जारी दिनांक 20.11.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजवंत सिंह ग्रेवाल पिता स्व. सिमरन सिंह ग्रेवाल निवासी सिविल लाईन रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम मठपुरैना प.ह.नं. 61 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 63/22 रकबा क्रमश: 0.0680 हे.कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 0.0680 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 17.10.2024 के परिपालन में दिनांक 28.11.2024 को समय अपरान्ह 2 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 61 के मठपुरैना स्थित पटवारी राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-14 बोरियाखुर्द

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SURAJMANI R HENDRIEKS W/O RAJESH HENDRICKS resident of A-167, RING ROAD NO.01, VINAYAK CITY, BEHIND WALLFORT CITY BHATAGAON RAIPUR (C.G.) 492013 have changed my old name SURAJMANI R HENDRIEKS W/O RAJESH HENDRICKS so in future I should be recognized by my new name that is SURAJMANI R HENDRICKS W/O RAJESH HENDRICKS in all Government and other documents.

**SURAJMANI R HENDRICKS**
A-167, RING ROAD NO.01, VINAYAK CITY, BEHIND WALLFORT CITY BHATAGAON RAIPUR (C.G.) 492013

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SOURABH S/O DEVASHIS DASGUPTA resident of H.NO 38, WARD 32, ANAND NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name SOURABH S/O DEVASHIS DASGUPTA so in future I should be recognized by my new name that is SOURABH DASGUPTA S/O DEVASHIS DASGUPTA in all Government and other documents.

**SOURABH DASGUPTA**
H.NO 38, WARD 32, ANAND NAGAR RAIPUR (C.G.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, DEBASHIS DASGUPTA S/O KALYAN DASGUPTA resident of H.NO 38, WARD 32, ANAND NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name DEBASHIS DASGUPTA S/O KALYAN DASGUPTA so in future I should be recognized by my new name that is DEVASHIS DASGUPTA S/O KALYAN DASGUPTA in all Government and other documents.

**DEVASHIS DASGUPTA**
H.NO 38, WARD 32, ANAND NAGAR RAIPUR (C.G.)

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MOIN KHAN S/O MURTAJA MOHAMMAD resident of TKP D14 K0126A, NEAR FAIZANE MADINA MASJID, RDA PLOT, SANJAY NAGAR, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name MOIN KHAN S/O MURTAJA MOHAMMAD so in future I should be recognized by my new name that is MOEEN MOHAMMAD S/O MURTAJA MOHAMMAD in all Government and other documents.

**MOEEN MOHAMMAD**
TKP D14 K0126A, NEAR FAIZANE MADINA MASJID, RDA PLOT, SANJAY NAGAR, RAIPUR (C.G.) 492001

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SUNIL SUKHRAMANI S/O NANDLAL PAHILAJRAI SUKHRAMANI resident of H.NO. 9, GOKUL DHAM SOCIETY, MARUTI RESIDENCY, AMLIDIH, RAIPUR, AMLIDIH RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name SUNIL SUKHRAMANI S/O NANDLAL PAHILAJRAI SUKHRAMANI so in future I should be recognized by my new name that is SUNIL NANDLAL SUKHRAMANI S/O NANDLAL PAHILAJRAI SUKHRAMANI in all Government and other documents.

**SUNIL NANDLAL SUKHRAMANI**
H.NO. 9, GOKUL DHAM SOCIETY, MARUTI RESIDENCY, AMLIDIH, RAIPUR, AMLIDIH RAIPUR (C.G.) 492001

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, JATIN SINGH SALUJA S/O RANJEET SINGH SALUJA resident of WARD NO 06 PANJABI MOHALLA LORMI (NP) LORMI MUNGELI (C.G.) 495115 have changed my old name JATIN SINGH SALUJA S/O RANJEET SINGH SALUJA so in future I should be recognized by my new name that is JATIN SALUJA S/o RANJEET SINGH SALUJA in all Government and other documents.

**JATIN SALUJA**
WARD NO 06 PANJABI MOHALLA LORMI (NP) LORMI MUNGELI (C.G.) 495115

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SAMUEL HENDRIEKS S/O RAJESH HENDRIEKS resident of A-167, RING ROAD NO.01, BEHIND WALLFORT CITY VINAYAK CITY BHATAGAON, PO. SUNDER NAGAR, RAIPUR (C.G.) 492013 have changed my old name SAMUEL HENDRIEKS S/O RAJESH HENDRIEKS so in future I should be recognized by my new name that is SAMUEL HENDRICKS S/O RAJESH HENDRICKS in all Government and other documents.

**SAMUEL HENDRICKS**
A-167, RING ROAD NO.01, BEHIND WALLFORT CITY VINAYAK CITY BHATAGAON, PO. SUNDER NAGAR, RAIPUR (C.G.) 492013

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RAJESH HENDRIEKS S/O FRANK HENDRICKS resident of A-167, RING ROAD NO.01, BEHIND WALLFORT CITY, BHATAGAON VINAYAK CITY RAIPUR (C.G.) 492013 have changed my old name RAJESH HENDRIEKS S/O FRANK HENDRICKS so in future I should be recognized by my new name that is RAJESH HENDRICKS S/O FRANK HENDRICKS in all Government and other documents.

**RAJESH HENDRICKS**
A-167, RING ROAD NO.01, BEHIND WALLFORT CITY, BHATAGAON VINAYAK CITY RAIPUR (C.G.) 492013

### // नाम परिवर्तन //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं निर्मला डालमिया पति राजेन्द्र कुमार डालमिया यह शपथ करती हूं कि मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम निर्मला देवी डालमिया पति राजेन्द्र डालमिया एवं कुछ में निर्मला डालमिया पति राजेन्द्र कुमार डालमिया अंकित है। यह कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं एवं मुझे दोनो में से किसी भी नाम जाना जा सकता है।

**निर्मला डालमिया**
**पति राजेन्द्र कुमार डालमिया उर्फ निर्मला देवी डालमिया पति राजेन्द्र डालमिया**
**रायपुर**

# नए मेला मैदान को भूली सरकार, कल्प कुंभ मेला को बचे महज 87 दिन शेष

- कहीं लोगों की उत्सुकता ही समाप्त न हो जाए
- मैदान की देखरेख करने वाला भी कोई नहीं दिखा



**राजिम,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह 2013 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री बने थे तब राजिम विधानसभा से संतोष उपाध्याय भाजपा से विधायक थे। कुंभ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल थे तब मेला को व्यवस्थित एवं ट्रैफिक जाम की असुविधा से निजात दिलाने के लिए राजिम और चौबेबांधा के मध्य पैरी नदी के किनारे 25 एकड़ जमीन आरक्षित किया गया। इस बात की जानकारी सन् 2017 में डॉ रमन सिंह ने मंच से सार्वजनिक किया था । यह खबर सुनकर क्षेत्र के लोगों में उत्सुकता थी कि अब मेला भी व्यवस्थित होगा तथा शहर के भीड़भाड़ इलाकों में होने के कारण आने वाली दिक्कतों से मुक्ति मिलेगी। देखते ही देखते 25 एकड़ से 54 एकड़ हो गया। अब तो पूर्ण रूपेण मेला नवीन मेला मैदान में ही लगेगा। यह जानकर खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सन् 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार प्रदेश की सत्ता में बैठ गई। राजिम विधानसभा क्षेत्र से भी कांग्रेस के ही विधायक अमितेश शुक्ल बनाए गए। वर्तमान में जमीन आरक्षित किए हुए 7 साल का समय बीत गया, लेकिन अभी तक कोई सरकार मेला को नवीन मेला मैदान में लाने में सफल नहीं हो पाई है। इस बात का मलाल क्षेत्र के लोगों को है। बताया जाता है कि पिछले साल तो नवीन मेला मैदान में मेला लगाने की बात को लेकर मीना बाजार के सामान भी खाली करा दिए गए थे। बिजली विभाग के द्वारा बिजली खंभा खड़ी कर तार खींचकर अप टू डेट कर दिया गया। स्नान के लिए घाट भी बनाए गए हैं। बिजली विभाग का मिनी सबस्टेशन भी बनकर तैयार हो चुका है। सड़क के नाम पर गिट्टी के ढाई फीट मोटी परत उसके ऊपर में मुरूम बिछाए गए हैं। कुछ मैदान को लेवलिंग किया गया है। इतना ही काम यहां देखने को मिलता है। हमारे संवाददाता ने नवीन मेला मैदान का मुआयना करने के लिए निकले तो चौबेबांधा तिराहा अटल चौंक से सड़क की हालत इतनी ज्यादा जर्जर है कि यह सड़कों पर होने वाले अरबो रूपया के खर्चे के सारे दावों को खोखला सिद्ध करती है। क्योंकि गत दिनों छत्तीसगढ़ पहुंचे केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंच के माइक पर ही कहा था कि सड़कों पर अरबो रूपया खर्च हो रहे हैं। सड़क की हालत कोमा में जा चुके पेशेंट जैसी दिखाई दे रहीहै । जैसे भी हो हिचकोले खाते हुए आराम से गाड़ी चला कर नवीन मेला मैदान पहुंचे। रास्ते भर रेत हाईवा की धूल सड़कों पर गुबार बनकर राहगीरों को मुसीबत में डाल रही थी। शनिवार होने के कारण स्कूली बच्चे साइकिल से होकर धूल खाते हुए अपने घर जा रहे थे। कुछ बच्चों के कपड़े भी धूल धूसरीत तो गए थे। हाईवा आने पर तो राहगीर रुक-रुक कर रास्ता तय कर रहे थे। इन्हें देखकर हमें भी डर लगने लगा की कहीं तबीयत धूल की वजह से खराब ना हो जाए। डेढ़ किलोमीटर के बाद मैदान पहुंचे तो एक बड़ा सा सामुदायिक भवन देखने को मिला। उनके पीछे ही बिजली विभाग का सब स्टेशन बनकर तैयार है। बताया गया कि इनका लोकार्पण अभी नहीं हुआ है।

नदी में तटबंध से लगा हुआ तीन स्नान घाट बनाए गए हैं। इनमें से एक आरती गंगा घाट, दूसरा शाही स्नान घाट तथा तीसरा आम श्रद्धालुओं के स्नान करने का घाट लगभग बनकर तैयार है। सन् 2022-23 में कन्हा कुंज वृक्षारोपण हुआ है जिनके पौधे अब पेड़ में तब्दील हो गए हैं। हरा भरा वृक्ष हरियाली बिखेर रही है। यहां से थोड़ी दूर पर हाल ही में मैदान की खुदाई हुआ है जिसे देखकर वहां उपस्थित लोगों से पूछा तो बताया कि सप्ताह भर पहले जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई कर हाईवा में लोड़ कर ले गए हैं। बताना होगा कि इस मैदान में तटबंध के किनारे बहुत ज्यादा गहराई के गड्ढे हैं इसके अलावा और कई जगह गड्ढे दिखाई दिए, जिन्हें पाटने में ही शासन प्रशासन के लाखों करोड़ों रुपया लग सकते हैं। बावजूद इसके कोई भी आकर मैदान की खुदाई करके मिट्टी ले जाते हैं। इससे स्पष्ट है कि मैदान की सुरक्षा नहीं हो पा रही है जिसका फायदा अवैध खनन वाले उठा रहे हैं। मैदान में ही हाईवा गाड़ी के चक्के के निशान दिखाई दिए। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अपने बजट में मेला मैदान के लिए एक करोड़ 85 लाख रुपए की स्वीकृति दी थी। यदि इस बार नवीन मेला मैदान में मेला लगाने की तैयारी किया जाता है तो मात्र 87 दिन ही प्रशासन के हाथ लगेगी और उसमें क्या तैयारी होगी, कैसा स्वरूप होगा। इस कार्य के लिए दिन-रात एक करने पड़ सकते हैं। फिलहाल आम जनता नवीन मेला मैदान के संबंध में प्रतिदिन चर्चा कर रहे हैं कि इस बार मेला नवीन में लगेगा या पुराने में।

# बलौदाबाजार पुलिस ने किया किन्नर हत्याकांड का पर्दाफाश

**बलौदाबाजार,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा किन्नर हत्याकांड का 48 घंटे के भीतर पर्दाफाश किया गया। मामले में काजल किन्नर की हत्या करने वाले कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 18 नवम्बर 2024 को ग्राम ढाबाडीह के पास एक बंद पडे पत्थर खदान में एक किन्नर की लाश मिली थी। मृतिका की धारदार हथियार चाकू से हत्या की गई थी एवं शव मे डेढ़ लाख रुपये नगदी मिले थे। किन्नर मठ की प्रमुख बनकर, लीडरशिप करने की इच्छा हत्याकांड की मुख्य वजह बना। मुख्य आरोपी तपस्या किन्नर के मठ प्रमुख बनने के रास्ते की सबसे बड़ी चुनौती काजल थी, इसलिए काजल को रास्ते से हटाने के लिए उसके द्वारा पूरा षडयंत्र रचा गया। सुपारी किलर के माध्यम से मृतिका काजल किन्नर की हत्या करवा दी गई। मृतिका की हत्या करने के लिए कुल 12 लाख रुपए में सुपारी किलर से सौदा हुआ था। बहाने बनाकर डेढ़ लाख रुपए मिलने का लालच देकर मृतिका को घटनास्थल लाया गया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त एक धारदार चाकू, 10,50,000 नगदी एक आर्टिका कार एवं एक मोटरसाइकिल जप्त किया गया।



- मृतिका की हत्या करने के लिए 12 लाख में सुपारी

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को ढाबाडीह के एक बंद पडे खदान में शव मिलने की सूचना 18 नवम्बर 2024 को मिली थी। थाना सिटी कोतवाली का पुलिस बल वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंचा एवं शव को पानी से निकालकर उसकी जांच पंचनामा करवाई किया गया। इस दौरान शव की विधिवत जांच पर से शव से 500-500 रू. की तीन गड्डी में कुल डेढ़ लाख रुपये मिला, जिसे विधिवत जप्त किया गया है। इस दौरान शव का एवं संपूर्ण घटनास्थल का वैज्ञानिक अधिकारी के माध्यम से विधिवत जांच तस्दीक करवाया गया, जिसमें शव को किसी धारदार हथियार से गले, आदि में घातक वारकर मृतक की हत्या करना पाया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 865/24 धारा 103,238 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। शव का पोस्टमार्टम, जांच कार्यवाही में शव किसी किन्नर का होना पाया गया।

इस दौरान पुलिस टीम द्वारा शव के संबंध में जानकारी जुटाना प्रारंभ किया गया जिसमें शव, ग्राम जोरा जिला रायपुर निवासी का होना पाया गया। मृतिका का नाम काजल है, जिसकी थाना तेलीबांधा जिला रायपुर में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज है। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा मृतिका एवं घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाना प्रारंभ किया गया, साथ ही साइबर सेल की टेक्निकल टीम द्वारा भी घटना के संबंध में जानकारी जुटाया जा रहा था। हत्याकांड की मुख्य वजह किन्नरों के निवास भवन जोरा रायपुर में सभी किन्नर एक साथ रहते हैं, जिसमें आरोपी तपस्या किन्नर मुंबई महाराष्ट्र से आकर रह रही है तथा मृतिका काजल लोकल रायपुर की थी। हत्या की मुख्य आरोपी तपस्या किन्नर मठ की प्रमुख बनना चाहती थी, इसके लिए उसके रास्ते की सबसे बडी चुनौती काजल थी, इसलिए काजल को रास्ते से हटाने के लिए उसके द्वारा पूरी प्लानिंग की गई थी। मठ प्रमुख बनने की चाहत में आरोपी तपस्या द्वारा निशा के सांथ मिलकर काजल को रास्ते से हटाने की योजना बनाई गई। माह सितंबर 2024 में गणेश उत्सव के दौरान काजल की हत्या करने की नीयत से तपस्या किन्नर द्वारा पैसा इकट्ठा कर कुल 12 लाख रूपये निशा श्रीवास को दिया गया। योजना में निशा श्रीवास द्वारा अपने ड्राइवर हिमांशु बंजारे से हत्या करने के लिए एक सुपारी किलर को 6 लाख रुपए नगद दिया गया, किंतु बाद में पता चला कि वह सुपारी किलर किसी अन्य मामले में जेल चला गया है। इसी बीच काजल की हत्या करने के लिए दो अन्य सुपारी किलर अंकुश एवं कुलदीप से सौदा किया गया। इसी बीच घटना दिनांक के 2 दिन पूर्व आरोपिया निशा श्रीवास अपने ड्राइवर हिमांशु बंजारे के साथ घटनास्थल ग्राम ढाबाडीह के पास पत्थर खदान को देखने भी आई।

योजना अनुसार 17 नवम्बर 2024 को सायं 5 बजे लगभग निशा श्रीवास द्वारा काजल को चलो मेरे किसी पहचान वाले से 3 लाख लेना है, जिसमें से बंटवारा में डेढ़ लाख रुपये तुम रख लेना यह बहाना कर काजल को अपनी आर्टिका कार से बलौदाबाजार की ओर ले जाया गया। उसके पीछे-पीछे सुपारी किलर अंकुश एवं कुलदीप मोटरसाइकिल से आ रहे थे। फिर आर्टिका कार को ग्राम अमेरा के पास रोककर पीछे से आ रहे कुलदीप एवं अंकुश से पैसे लेने की एक्टिंग करते हुए 3 लाख लिया गया, जिसमें से डेढ़ लाख रुपये काजल ने अपने पास रख लिया। इसके बाद अर्टिगा कार में बैठे हुए सभी लोग (ड्राइवर हिमांशु, मृतिका काजल एवं आरोपी निशा किन्नर) घटनास्थल पहुंचे, इस समय अंधेरा हो चुका था। इसके पीछे सुपारी किलर अंकुश एवं कुलदीपक बाईक से घटनास्थल पहुंच गए। फिर निशा श्रीवास एवं हिमांशु, काजल को छोड़कर कार सहित वहां से भाग गए। तब सुपारी किलर अंकुश एवं कुलदीप द्वारा काजल को धारदार चाकू से मार कर उसका शव पत्थर खदान में फेंक दिया गया।

पुलिस टीम द्वारा सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया गया। जिसमें आरोपियों द्वारा पूर्व में चले आ रहे, वाद-विवाद एवं लड़ाई झगड़ा के कारण मृतिका की सुपारी किलर के माध्यम से हत्या करवाना स्वीकार किया गया। उक्त प्रकरण में पुलिस द्वारा 10,50,000 नगदी, एक आर्टिका कार, एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एवं धारदार चाकू बरामद किया गया है। उक्त प्रकरण में सभी 5 आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की तैयारी की जा रही है। आरोपियों में तपस्या किन्नर उर्फ मोहम्मद इमरान भोईर उम्र 36 साल निवासी किन्नर भवन जोरा थाना खम्हारडीह रायपुर जिला रायपुर, निशा श्रीवास किन्नर उम्र 51 साल निवासी धरमपुरा सरकारी स्कूल, तालाब, अमर पैलेस के पास रायपुर जिला रायपुर, हिमांशु बंजारे उम्र 28 साल निवासी मंदिरहसौद कुरुद जिला रायपुर, कुलदीप कुमार कुरील उम्र 29 साल निवासी राजा तालाब शिव मंदिर गली थाना सिविल लाइन रायपुर जिला रायपुर, अंकुश चौधरी उम्र 28 वर्ष निवासी शिव चौक रजातालाब रायपुर थाना सिविल लाइन रायपुर जिला रायपुर शामिल है।

# जीआरपी ने गांजा तस्करों को पकड़ने बनाई 'एंटी क्राइम टीम'

- जीआरपी के गांजा तस्करों के पास मिली करोड़ों की प्रापर्टी

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। ट्रेन में गांजा तस्करी रोकने जीआरपी में एंटी क्राइम टीम गठित की गई थी. इसमें जीआरपी के चार आरक्षक लक्ष्मण गाइन, संतोष राठौर, सौरभ नागवंशी और मन्नू प्रजापति की गांजा तस्करों से संलिप्तता की शिकायत मिली थी. खुफिया विभाग की गोपनीय जांच के बाद चारों सिपाहियों को इसमें संलिप्त पाए गए. जिसके बाद डीजीपी अशोक जुनेजा ने मामले की डायरी बिलासपुर एसपी रजनेश सिंह को सौंपते हुए जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे.

इस मामले में चारों आरक्षकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर गांजा तस्करी में संलिप्तता पाए जाने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. मामले की जांच के दौरान मिले क्लू के आधार पर पुलिस टीम ने वेस्ट बंगाल में दबिश देकर श्यामधर चौधरी उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया. उसे शहर लाकर दो दिन तक पुलिस रिमांड पर पूछताछ की गई, और बाद में उसे जेल भेज दिया गया.

पुलिसकर्मी तस्करों को संरक्षण देते गांजा का सप्लाई का काम करने लगे थे, इन पुलिसकर्मियों के पकड़े जाने के बाद इस पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ है. पुलिस ने वेस्ट बंगाल से गांजा तस्करी के सरगना को पकड़ा है. आरोपी पुलिसकर्मी लगातार इसके संपर्क में रहते थे.

खुफिया विभाग ने जांच में गिरफ्तार चारों आरक्षकों के पास से 45 बैंक खाते बरामद किए हैं. आरोपियों ने अपने रिश्तेदारों और परिचितों के नाम बैंक खाता खुलवाया, जिसे वे खुद ऑपरेट करते थे. इन खातों के जरिए गांजा तस्करों से 15 करोड़ के लेनदेन का खुलासा हुआ है.

जानकारी के मुताबिक आरक्षक लक्ष्मण गाइन ड्रग्स तस्करी के मामले में वर्ष 2018 में रायपुर से गिरफ्तार हुआ था. तब उसकी पोस्टिंग रायपुर जीआरपी में थी. डेढ़ साल बाद जेल से रिहा होने पर उसका तबादला बिलासपुर जीआरपी थाने में हुआ. जहां उसे जीआरपी एंटी क्राइम में शामिल कर लिया गया, उसके बाद उसने तीन आरक्षकों के साथ मिलकर ट्रेन में गांजा तस्करी का खेल शुरू किया, आरोपी पुलिसकर्मी गांजा तस्करों को पकड़ने के बाद उन्हें छोड़ देते थे, और जब्त गांजा को बेच देते थे. उन्होंने ओडिशा और वेस्ट बंगाल के गांजा डीलरों से संपर्क किया और खुद गांजा मंगाकर तस्करी करने लगा. बताया जाता है कि आरक्षकों को जीआरपी और पीएचक्यू के अधिकारियों का संरक्षण मिला हुआ था.

वहीं 40 हजार रुपए वेतन पाने वाले गिरफ्तार आरक्षक लक्ष्मण गाइन के पास करोड़ों की संपत्ति का खुलासा हुआ है. उसके पास सबसे महंगी बाइक हार्ले डेविडसन है, इसके अलावा हुंडई वरना, मर्सिडीज, स्वीफ्ट, हैरियर सहित चार लग्जरी कारें हैं. बिलासपुर के सरकंडा क्षेत्र के कंचन विहार में करोड़ों रुपए के मकान और प्लॉट है.

इधर इस मामले में एसपी रजनेश सिंह का कहना है, कि जीआरपी के चारों आरक्षकों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद जांच जारी है, आरोपी आरक्षकों को गांजा की साप्लाई करने वाले डीलर को वेस्ट बंगाल से गिरफ्तार किया गया है. मामले की जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी.

### गांजा तस्करी में शामिल आरपीएफ के चार आरक्षक बर्खास्त

ट्रेन से गांजा तस्करी के मामले में जीआरपी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी में शामिल जीआरपी के चारों आरक्षक बर्खास्त किया है. बता दें कि ट्रेन से गांजा तस्करी मामले में चार जीआरपी आरक्षक को गिरफ्तार किया गया था. इन आरक्षकों ने तस्करों के नेटवर्क से जुड़कर करोड़ों रुपए कमाए थे. जीआरपी के आरक्षक सौरभ नागवंशी, मन्नू प्रजापति, संतोष राठौर एवं लक्ष्मण गाईन को बर्खास्त किया गया है. इन आरक्षकों ने रिश्तेदारों के नाम पर अकाउंट खोलकर करोड़ों के लेनदेन किए थे. वहीं कॉल डिटेल से खुलासा हुआ है कि सरगना का आरक्षकों से लगातार संपर्क था.

# जमीन का बनाया फर्जी दस्तावेज

- कलेक्टर ने नगर सैनिक, शिक्षा विभाग के क्लर्क सहित 10 लोगों पर एफआईआर दर्ज करने का दिया निर्देश

**बलरामपुर-रामानुजगंज,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर पटवारी पर चौहद्दी बनाने का दबाव बनाए जाने का मामला सामने आया है. मामले में जिला स्तरीय जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर कुल 11 व्यक्तियों की संलिप्तता पाई गई, जिसमें नगर सैनिक और शिक्षा विभाग में क्लर्क सहित 10 व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश किया गया है.

कलेक्टर कार्यालय की ओर से राजपुर एसडीएम को भेजे पत्र के अनुसार, अनुभाग राजपुर के ग्राम मदनेश्वरपुर, प0ह0नं0 27 की पटवारी अनिमा पैकरा द्वारा खसरा नंबर 544/22 रकबा 2.371 तथा खसरा नंबर 550/1 के अधिकार अभिलेख वर्ष 1954-55 के अवलोकन के लिए जिला अभिलेखागार को आवेदन प्रस्तुत किया गया. मिलान उपरांत उपरोक्त अभिलेख के फर्जी होने की बात सामने आई.

अधिकार अभिलेख के अवलोकन उपरांत पटवारी अनिमा पैकरा ने कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित होकर बयान दर्ज कराया कि व्हाट्सअप के जरिए ग्राम मदनेश्वरपुर का अधिकार अभिलेख 1954-55 का नकल प्रेषित किया गया था, जिसके आधार पर जमीन की खरीदी के लिए चौहद्दी बनाये के लिए बोला. अवलोकन में नकल संदेहास्पद पाए जाने पर पटवारी ने चौहद्दी बनाने से मना कर दिया.

इसके बाद चौहद्दी बनाने के लिए सौरभ सिंह, राजेश सिंह और रविदास फोन कर दबाव बनाने लगे. इस बात की जानकारी पटवारी ने राजपुर एसडीएम को दी, जिसके बाद राजपुर एसडीएम ने अभिलेख जांच / खसरा मिलान के लिए जिला अभिलेखागार भेजा गया. जांच में शिकायत सही पाए जाने और कूटरचित फर्जी नकल तैयार किए की पुष्टि होने पर दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया है.

जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने का दिया गया निर्देश दिए हैं उसमें सुनील मिंज पिता स्व. शम्भू मिंज, निवासी लेजुआपोखरा, बलरामपुर, सौरभ सिंह पिता फलेन्दर सिंह, निवासी मेन रोड पोस्ट ऑफिस के पास राजपुर, राजेश सिंह, ठेकेदार, निवासी ग्राम बलरामपुर, बसील खलखो पिता कार्लस जालक्सो, निवासी ग्राम भेलईखुर्द, तहसील राजपुर, रमेश ठाकुर पिता बबन ठाकुर, निवासी गोधनपुर, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, रामरूप यादव पिता सोनई, निवासी ग्राम मदनेश्वरपुर, तह0 राजपुर, सुरेशचंद्र मिश्र पिता स्व. सिद्धेश्वर मिश्र, निवासी ग्राम डूमरसोता, पो0 कांडी, प्रखण्ड- गढ़वा, जिला गढ़वा, झारखण्ड, जयप्रकाश श्रीवास्तव पिता सुरेश लाल श्रीवास्तव, निवासी ग्राम राजमोहिनी देवी वार्ड अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ.ग., तेरेसा लकड़ा पति सुनील मिंज, नगर सैनिक, जिला सेनानी बलरामपुर, विजय बहादुर सिंह, सहा0ग्रेड-03, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर शामिल है।

# सुरक्षाबलों के अभियान से दहशत में नक्सली

## बैनर लगाकर जवानों से की अपील

**कांकेर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने की केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप सुरक्षाबलों की प्रभावित क्षेत्र में सक्रियता से नक्सल दहशत में हैं. नक्सली ने कांकेर जिले में सड़क किनारे बैनर लगाकर और पर्चे फेंककर बीएसएफ और आईटीबीपी के जवानों से बस्तर में चल रहे अभियान में शामिल नहीं होने की अपील की है.



अंतागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अंतागढ़-कुहचे मार्ग और मद्रासीपारा में नक्सलियों ने बड़ी संख्या में बैनर लगाने के साथ पर्चे फेंके हैं, जिसमें बीएसएफ व आईटीबीपी के जवानों से बस्तर में हो रही हिंसा में शामिल नहीं होने की अपील की है. इसके साथ बैनर में नक्सलियों ने आरएसएस के लोगो को गांव-गलियों और कस्बों से बाहर खदेड़ने की बात कही है. इसके अलावा अबूझमाड़ में सेना प्रशिक्षण केंद्र का विरोध करते हुए पर्चे में आगामी पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने की बात कही है.

वहीं दूसरी ओर नक्सलियों ने पखांजूर थाना क्षेत्र अंतर्गत ऐसेबेड़ा-भिंगीडार मार्ग पर जगह-जगह बैनर लगाकर माइक्रो फाइनेंस कंपनियों पर किसान, मजदूर और महिलाओं को लूटने का आरोप लगाया है, माइक्रो फाइनेंस कंपनियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए लोगों से इन कंपनियों का विरोध करने की अपील की है. इसके साथ गाँव-गाँव से माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के एजेंटों को मार भगाने की बात कही है. ऐसा पहली बार है जब नक्सलियों के निशाने पर माइक्रो फाइनेंस कंपनियां आई हैं.

**NECC**

| 21.11.2024 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 585 | 100 | 165 |
| चिल्हर | 7/- | 125 | 190 |

डिलीवरी 600 सैकड़ा
दर्जन अंडा 72 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

मां- आधी रात को कमरे में आकर बोली- बेटा तुझे पता है, कि पेट्रोल सस्ता हो गया है?
बेटा- हां मां तो?
मां- चुपचाप फोन बंद कर के सो जा, नहीं तो तेरे इसी फोन पर पेट्रोल डाल के आग लगा दूंगी।

## संपादकीय

# बाल अधिकार सुनिश्चित करे सरकार

बुधवार को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत बच्चों के विभिन्न अधिकार सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया गया। विकसित देशों में इन्हें लेकर भरपूर जागरूकता है लेकिन अविकसित तथा भारत जैसे विकासशील देशों में इसके बाबत न तो समुचित जानकारी है और न ही उन्हें प्रदान करने की पर्याप्त कटिबद्धता। बच्चे इस मामले में पूर्णत: उपेक्षित हैं। सरकार व समाज दोनों ही उनके नैसर्गिक एवं संविधान प्रदत्त अधिकार उन्हें उपलब्ध कराने में असफल ही साबित हुआ है। उनके जीने, शिक्षा, पोषण, सुरक्षा, समानता जैसे अधिकार सुनिश्चित करना ज़रूरी है तभी एक स्वस्थ एवं खुशहाल समाज का निर्माण हो सकेगा।

छत्तीसगढ़ की तरक्की के बावजूद यहां के बच्चे अभी भी अनेक अधिकारों से वंचित हैं। जीने के अधिकार को एक ओर रख दें तो शिक्षा व्यवस्था तो उपलब्ध है, परन्तु उस तक पहुंच कितनी है, यह देखा जाना चाहिये। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तो बाद की बात है। आज भी प्रदेश के अनेक ऐसे इलाके हैं जहां पर्याप्त स्कूल नहीं हैं। हैं भी तो वे बच्चों की पहुंच से दूर हैं। सरकार को सर्वाधिक ध्यान शिक्षा व्यवस्था के ऐसे विस्तार की ओर देना होगा जिसमें हर बच्चे की पहुंच उस तक हो। व्यक्तिगत विकास और जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिये अच्छी शिक्षा ही कारगर सिद्ध होती है। यह भी देखा जाता है कि एक स्तर के बाद शाला त्यागी बच्चों का अनुपात काफी ज्यादा होता है जो चिंताजनक है। देश के जितने भी विकसित राज्य हैं, उनमें अच्छी व सर्वसुलभ शिक्षा व्यवस्था मौजूद है और वही उनके विकास का प्रमुख कारक है।

सुपोषण पर भी सरकार को बहुत ध्यान देना चाहिये। मिड डे मील एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली ने लोगों को बड़े तौर पर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया है लेकिन अब भी वांछित मानकों से बच्चे दूर हैं। सरकार देखे कि वह कैसे सभी बच्चों को अच्छा भोजन उपलब्ध करा सकती है। लड़कियों की ओर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों में रहने वाली बच्चियां घरों में भी खान-पान सम्बन्धी भेदभाव का शिकार होती हैं। उनके मुकाबले लड़कों के आहार पर अधिक ध्यान देने की परम्परा है जिसके कारण बच्चियों में शारीरिक कमजोरी, खून, प्रोटीन एवं विटामिन सम्बन्धी कमियां हो जाती हैं जिसके चलते उनका समुचित विकास नहीं हो पाता।

छत्तीसगढ़ के परम्परागत समाज में जाति आधारित व्यवस्था है। इसके तहत लोगों का व्यवहार जातिगत भेदभाव पर निर्भर करता है। इससे कुछ बच्चे गैरबराबरी का शिकार होते हैं। जाति तो नहीं मिटाई जा सकती लेकिन जाति आधारित भेदभाव ज़रूर खत्म किया जा सकता है। शिक्षा इसमें बड़ी भूमिका निभाती है। निचले तबके की बच्चियां जातिगत व लैंगिक असमानता का दोहरा दंश झेलती हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बच्चों के अधिकार सुनिश्चित करने की बात कही है जो स्वागत योग्य है।

# पंचायत तक सहकारिता की हो पहुंच : केदार कश्यप





**जगदलपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिला सहकारी संघ मर्यादित, जगदलपुर के नेतृत्व में आयोजित सहकारी सप्ताह का समापन बुधवार को तहसील प्रांगण, भानपुरी में हुआ। केदार कश्यप वन, सहकारिता, कौशल विकास ,जल संसाधन व संसदीय कार्य मंत्री के मुख्य आतिथ्य पर एवं माननीय दिनेश कश्यप पूर्व सांसद व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के विशिष्ट आतिथ्य एवं संतोष बाफना पूर्व विधायक जगदलपुर की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न किया गया। समापन अवसर पर मुख्य आतिथ्य की आसंदी पर बोलते हुए केदार कश्यप द्वारा सहकारिता की पहुंच हर पंचायत तक हो इस दिशा में प्रयास हो। मछली पालन व दुग्ध सहकारिता के विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भारत सरकार द्वारा 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद से भारत सरकार की अभिनव पहल च्सहकार से समृद्धिज्ञ विषय पर विस्तार से जानकारी दी। सहकारी कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि गरीब, पिछड़े लोगों की सहकारिता गठन हेतु हर सहकारी कार्यकर्ता मदद करें जिससे छत्तीसगढ़ राज्य में भी सहकारी आंदोलन को गति मिल सके। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने कहा कि सहकारिता को कोई कार्यक्रम नहीं बल्कि एक जन आंदोलन का रूप दिया जाए, जिसमें सभी सहकारी जन को पूर्ण निष्ठा व लगन से कार्य करने की आवश्यकता है जिससे अंतिम छोर तक सहकारिता को पहुंचा कर गांव, गरीब व किसानों में आर्थिक सक्षमता लाई जा सके। स्वागत उद्बोधन बस्तर जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष वेदांत दीक्षित द्वारा देते हुए केदार कश्यप के सहकारिता मंत्री बनने पर बस्तर में सहकारी जन में व्याप्त खुशी का इजहार करते हुए सहकारिता को बस्तर के अंतिम छोर तक पहुंचाने हेतु तन, मन, धन से सहयोग करने की बात कही। सहकारी सप्ताह के समापन अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा भानपुरी अंतर्गत लेंम्प्स को माइक्रो एटीएम वितरित करने के साथ-साथ पशुपालक हितग्राहियों को के.सी.सी ऋण का भी वितरण किया गया। एटीएम कार्ड व कृषि किट का भी वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय इकाई सहकार भारती द्वारा तैयार प्रदेश स्तरीय स्मारिका का भी विमोचन किया गया साथ ही बस्तर जिला सहकारी संघ द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में शिवनारायण पांडे पूर्व उपाध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर, सुधीर पांडे पूर्व अध्यक्ष विपणन सहकारी समिति जगदलपुर, तरुण चोपड़ा पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत बस्तर भूषण प्रसाद गुप्ता, जनपद सदस्य बस्तर कुलेश्वर कश्यप, जनपद सदस्य बस्तर, दिलीप पाणिग्राही पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्यादित रायपुर, संतोष बघेल, सरपंच ग्राम पंचायत कारन्दोला, बुनकर संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं बस्तर संभाग, कुंवर सिंह ध्रुव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के साथ-साथ वरिष्ठ सहकारी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण सहकारी बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में बस्तर जिला सहकारी संघ जगदलपुर के उपाध्यक्ष नरसिंह राव के द्वारा उपस्थित जन के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

**71वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का हुआ समापन**

# मुख्यमंत्री ने सीआरपीएफ बस्तरिया बटालियन के जवान प्रमिका दुग्गा की माताजी से किया फोन से संवाद



**जगदलपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर जिले के सेड़वा में स्थित सीआरपीएफ के 241 बटालियन में 18 नवम्बर की रात बिताने के उपरांत मंगलवार की सुबह जवानों से मुलाकात के अवसर पर बस्तरिया बटालियन की जवान प्रमिका दुग्गा की माताजी मोतीबाई से मोबाईल से संवाद किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने जवान की माता को बताया कि हम इस बटालियन में जवानों और अधिकारियों के साथ रात रुके रहे, ये जवान देश-प्रदेश की सेवा के लिए तत्पर रहते है इसके साथ समय बिताकर बहुत अच्छा लगा। उन्होंने माताजी की तबियत और हालचाल की जानकारी ली। साथ ही धान कटाई और खेती बाड़ी की स्थिति के संबंध में चर्चा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नारायणपुर आने पर आपके घर आएँगे तो चापड़ा चटनी खिलायेंगे, जिससे माताजी सहर्ष स्वीकार किया। प्रमिका दुग्गा ने बताया कि बस्तरिया बटालियन में 2017 में उनका चयन हुआ था। प्रमिका मूलत: नारायणपुर जिले के ग्राम पालकी है, उन्होंने 12 तक की शिक्षा ग्रहण की है। इससे पहले सुकमा जिले के इंजराम 219 बटालियन, कोंटा 217 बटालियन, अंदरूनी क्षेत्रों में सेवा देने के उपरांत अभी सेडवा 241 बटालियन में पदस्थ है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य महिला जवानों के परिजनों के लिए वस्त्र भेंट किए।

**घर आने पर चापड़ा चटनी खिलाने की कही बात**

# थाना परपा में पुलिस और जनता के बीच समन्वय के लिए हुई बैठक



**जगदलपुर,** 20 नवबर (देशबन्धु)। थाना परपा में बुधवार को पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर तालमेल और संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से थाना प्रभारी भोला सिंह राजपूत की अध्यक्षता में ग्राम सरपंचों एवं ग्रामीण नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच संवादहीनता को समाप्त कर परस्पर विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देना था। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि पुलिस और जनता के बीच समन्वय स्थापित होने से न केवल अपराधों में कमी लाई जा सकती है, बल्कि असामाजिक गतिविधियों पर भी प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। ग्रामीणों को बताया गया कि कई बार उनके पास अपराध या संदिग्ध गतिविधियों की महत्वपूर्ण सूचना होती है, लेकिन थाना आने में झिझक या डर के कारण वे यह जानकारी साझा नहीं कर पाते। इसका सीधा लाभ असामाजिक तत्वों को मिलता है, जिससे अपराधों में बढ़ोतरी होती है। बैठक में पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि थाना जनता की सुरक्षा के लिए है, और उनका सहयोग पुलिस के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे गांव स्तर पर नियमित बैठक आयोजित करें और यदि कोई महत्वपूर्ण जानकारी हो तो उसे सरपंच, कोटवार, या अन्य माध्यम से पुलिस तक पहुंचाएं। पुलिस और जनता के बीच इस संवाद और सहयोग का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# वाहन विक्रेता देगा 10 लाख की क्षतिपूर्ति और भरेगा 25 हजार का जुर्माना




**जगदलपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में जायका ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड शिवनाथ हुंडई, जगदलपुर द्वारा आवेदक को 10 लाख रु की क्षतिपूर्ति और 25 हज़ार रु का जुर्माना अदा किए जाने का आदेश पारित किया गया है। प्रकरण के संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार हैं कि दंतेवाड़ा निवासी तरुण घोष द्वारा जायका ऑटोमोबाइल शिवनाथ हुंडई जगदलपुर के शोरूम से एक हुंडई एक्सेंट कार क्रय की गई थी। आवेदक द्वारा अपनी वाहन सर्विसिंग एवं जनरल चेक अप हेतु विक्रेता के शोरूम में दी गई थी। इसी दौरान विक्रेता के शोरूम में आगजनी की घटना होने से आवेदक की उक्त वाहन जलकर पूर्ण रूप से नष्ट हो गई थी। आवेदक द्वारा वाहन विक्रेता के समक्ष वाहन की क्षतिपूर्ति अदा किए जाने हेतु निवेदन किया गया था, जिससे वाहन विक्रेता द्वारा इन्कार कर दिया गया था। जिससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना है कि आवेदक की उक्त वाहन दुर्घटना के समय विक्रेता के आधिपत्य में थी। विक्रेता द्वारा वाहन के उचित रखरखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में कोई साक्ष्य प्रकरण में पेश नहीं किया गया है। अत: विक्रेता का यह आक्षेप कि आवेदक क्षतिग्रस्त वाहन की बीमा कंपनी से >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# कांग्रेस ने महापौर द्वारा लगातार किए जा रहे भ्रष्टाचार की जांच मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। संभाग जगदलपुर मे बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में उपनेता प्रतिपक्ष राजेश रॉय सहित समस्त कॉंग्रेस पार्षदों द्वारा नगर निगम महापौर सफिरा साहू द्वारा महापौर निधि का दुरुपयोग व लगातार किए जा रहे भ्रष्टाचार की जांच मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान शहर जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा,कि महापौर द्वारा लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसको लेकर पूर्व में भी पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर इसकी लिखीत शिकायत की गई थी और महापौर द्वारा बढ़ते जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर आज भी उचित जांच मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। महापौर द्वारा विकास कागजो पर है। महापौर सिर्फ जनता को छल कर जनता का पैसा लूटने का कार्य कर रही है दिन ब दिन भ्रष्टाचार की परतें खुलती जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया गया है, किंतु इस भ्रष्टाचार की कार्यवाही नही होती है तो कांग्रेस पार्टी आगामी समय में आंदोलन किया जायेगा। उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय ने बताया,कि नगर निगम जगदलपुर में बंटी बबली द्वारा भ्रष्टाचार के नए अध्याय की कड़ी खुल चुकी है। हमने ज्ञापन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया है कि अंबेडकर वार्ड में सीसी रोड का कार्य कही भी नहीं हुआ है और उसका कार्य पूर्ण बताया जा रहा है। कुल मिलाकर इसका पैसा आहरण कर लिया गया है। इस सड़क निर्माण में भारी भ्रस्टाचार लोक निर्माण विभाग के सभापति व महापौर सफिरा साहू द्वारा किया गया है,और जैसे जैसे हम लोगों के द्वारा अवलोकन किया जा रहा है कड़ी जुड़ते जा रही है। लगातार भ्रष्टाचार की परतें खुलती जा रही है। अगर इसको महाभ्रष्टचार भी कहा जाए तो मिथ्या नही होगा। हमने लगभग 18 से 20 >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# महाविद्यालयीन सेक्टर स्तरीय क्रिकेट का विजेता बना पीजी कॉलेज जगदलपुर



**जगदलपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। सेक्टर स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शासकीय पी.जी.कॉलेज जगदलपुर ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता का फाइनल मैच पी.जी.कॉलेज जगदलपुर एवं यू.टी.डी. जगदलपुर के मध्य खेल गया जिसमें यू.टी.डी.जगदलपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पी.जी.कॉलेज जगदलपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डुमेंद्र ठाकुर की शानदार बल्लेबाजी के बदौलत 25 ओवरों में 191 रन बनाई। डुमेंद्र एवं नदीम खान ने मिलकर 105 रनों की पार्टनरशिप की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यू.टी.डी. जगदलपुर की टीम पूरे विकेट खो कर सिर्फ 137 रन ही बना पाई और यह मैच पी.जी. कॉलेज जगदलपुर की टीम ने 55 रनों से जीत हासिल कर लिया। इस मैच के मेन ऑफ द मैच डुमेंद्र ठाकुर रहे। इसके पूर्व प्रतियोगिता में पी.जी.कॉलेज जगदलपुर ने अपना पहला मैच बस्तर के विरुद्ध खेला जिसमें बस्तर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 81 रन बना पाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए जगदलपुर की टीम ने 2 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। पी.जी.कॉलेज जगदलपुर का दूसरे मैच पी.जी.कॉलेज दंतेवाड़ा के विरुद्ध खेल गया जिसमें दंतेवाड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवरों में 101 रन पर ऑल आउट हो गई। रनों का पीछा करने उतरी जगदलपुर की टीम ने 12.4 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय पी.जी. महाविद्यालय कांकेर के द्वारा आयोजित कराया गया, जिसमें कुल 17 टीमों ने भाग लिया था। पीजी कॉलेज टीम के खिलाड़ियों में आदर्श ठाकुर,नदीम खान, पलाश मंडल,उत्कर्ष ठाकुर,वेणु गोपाल,तुषार शर्मा,बमन राम,संतोष,सानिध्य गुप्ता,जिगिश साहू,शुभेंद्र भदौरिया, सेमप्रकाश,विक्रम नाग,जयदीप सिंह,रोहन देवांगन, डुमेंद्र ठाकुर शामिल है।

**लगातार दूसरी बार पलाश मंडल बने मैन ऑफ द टूर्नामेंट**

# विश्वस्तरीय चिकित्सा संस्थान के माध्यम से संचालित हो सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल : बाफना



**जगदलपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। केन्द्र व राज्य शासन की सहायता से जगदलपुर में निर्मित सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के संचालन व रखरखाव का जिम्मा किसी विश्वस्तरीय चिकित्सकीय संस्थान को देने एवं एनएमडीसी का अपना अलग सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाने को लेकर भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक संतोष बाफना ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र लिखा है। विदित हो कि, जगदलपुर के समीप डिमरापाल में केन्द्र व राज्य सरकार की सहायता से बनकर तैयार सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल जिससे बस्तर में नक्सल मोर्चे पर तैनात घायल जवानों को बचाने एवं यहॉ की जनता को दिल, मस्तिष्क और किडनी, लिवर के साथ प्लास्टिक सर्जरी जैसी तमाम सुविधाएं विश्वस्तरीय विशेषज्ञ चिकित्सकों व अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से दी जानी है।

दरअसल, पूर्व विधायक बाफना का मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को इस विषय पर पत्र लिखने की वजह अभी हालही में चित्रकोट में हुई बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक है। जिसमें सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का संचालन मेडिकल कॉलेज या एनएमडीसी के माध्यम से की जाने की बाते सामने निकलकर आई थी। इसके पश्चात् ही बस्तर के मौजूदा स्वास्थ्यगत् ढांचे व चिकित्सकीय सुविधाओं की वस्तुस्थिति पर पूर्व विधायक संतोष बाफना ने चिंता जाहिर की और अपने प्रेषित पत्र में कहा कि, जगदलपुर में मेडिकल कॉलेज की सुविधा तो उपलब्ध है किन्तु जिले के सबसे बड़े अस्पताल में आज पर्यन्त विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध नहीं हैं। तो वहीं चिकित्सकीय उपकरण जैसे सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउण्ड, एक्स-रे, सोनोग्राफी, डायलिसिस मशीनें या तो खराब हो जाती है या फिर उनका मेंटनेंस नहीं हो पा रहा हैं। और न ही जिले के एकमात्र मेडिकल कॉलेज में एमआरआई की सुविधा मरीजों को मिल पा रही है। यही कारण है कि बस्तर के मौजूदा अस्पताल, अस्पताल में सभी रोगों के लिए समुचित चिकित्सक और रोगों के ईलाज के लिए समुचित उपकरणों की व्यवस्था नहीं होने से यहॉ के लोगों को राज्य से बाहर विशाखापट्टनम, हैदराबाद, बैंगलोर, दिल्ली, मुम्बई जैसे बड़े शहरों में जाना पड़ता है। एवं ऐसे में मेडिकल कॉलेज जो स्वयं चिकित्सकों व अन्य स्टाफ की कमी से जूझ रहा हो उसके ही सहारे नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को भी संचालित करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं होगा। और यदि एनएमडीसी जगदलपुर के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का संचालन करना चाहती है तो इस बात से कतई गुरेज नहीं है। किन्तु एनएमडीसी ने नगरनार में इस्पात संयंत्र की स्थापना से पूर्व क्षेत्र की जनता से स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर जो वायदा किया था और जिस उद्देश्य को लेकर लगभग 22 एकड़ जमीन ग्राम कोपागुड़ा में 15 वर्ष पूर्व जनता ने दी है उस जमीन पर अस्पताल बनाकर अपने वायदे को भी पूरा करने की बात बाफना ने कही है। बता दें कि, एनएमडीसी के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए बाफना ने आंदोलन का रास्ता अख्तियार कर लिया था और क्षेत्र की जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं संग 26 दिसम्बर 2022 को जन आक्रोश पदयात्रा भी निकाली थी। और एनएमडीसी प्रबंधन को कई बार चेतावनी भी दी, लेकिन हर बार की तरह बस्तर के लोगों को एनएमडीसी से आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है। पूर्व विधायक संतोष बाफना ने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह कर कहा है कि, बस्तर की जनता को सिर्फ अस्पताल के ढांचे की नहीं है बल्कि मौजूदा अस्पताल में न्यूरोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट, प्लास्टिक सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट विशेषज्ञ चिकित्सक, यूअत्याधुनिक >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त विजेंद्री ठाकुर का भाजपा पदाधिकारी ने किया सम्मान



**जगदलपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी के नेतृत्व में जगदलपुर पर स्थित मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में सोमवार को ब्यूरो ऑफ़ सिविल एविएशन सिक्योरिटी मे छत्तीसगढ़ पुलिस की पहली महिला सर्टिफाइड स्कैनर विजेंद्री ठाकुर को राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने पर भाजपा पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

मिनिस्ट्री ऑफ़ सिविल एविएशन पूरे भारत वर्ष में जितने भी एयरलाइंस एयरपोर्ट एविएशन सेक्टर होते हैं पूरे भारतवर्ष में 50 लोगों का नाम चयन किया गया था भारतवर्ष के सभी एयरपोर्ट से नाम मांगा गया था जो भी अच्छा काम कर रहा है उसका चयन किया गया। जगदलपुर एयरपोर्ट से अधिकारियों ने विजेंद्री ठाकुर का नाम भेजा गया था 50 लोगों में मिनिस्ट्री आफ सिविल एविएशन द्वारा इनका भी नाम चयन किया गया। प्रेसिडेंट विथ द पीपल प्रोग्राम में 4 नवंबर को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा विजेंद्री का सम्मान किया गया। राष्ट्रपति ने कहां छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से भी बिटिया का चयन हुआ है उन्हें मै बधाई देती हूं। केंद्रीय विमानन मंत्री >> शेष पृष्ठ 9 पर>

**बीसीएएस ( ब्यूरो ऑफ़ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ) में छत्तीसगढ़ पुलिस की पहली महिला सर्टिफाइड स्कैनर बनी विजेंद्री ठाकुर**

## इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में कल तक होगा जिला स्तरीय ओलम्पिक का आयोजन

**जगदलपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर ओलम्पिक 2024 के तहत जिला स्तरीय आयोजन 21 एवं 22 नवंबर को होगा। पूर्व में उक्त जिला स्तरीय स्पर्धा 18 एवं 19 नवम्बर को नियत किया गया था। अब जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक के तहत विकासखण्ड के दल को 21 नवम्बर को प्रात: 10 बजे तक इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम जगदलपुर में उ?द्घाटन समारोह के लिए उपस्थित करवाने के निर्देश दिए गए हैं। खेल अधिकारी जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार विकासखण्ड स्तर के विजेता खिलाड़ियों की सूची निर्धारित प्रपत्र में नियत तिथि तक सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण जगदलपुर को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए जाने कहा गया है। साथ ही प्रतियोगिता सम्पादन कराने हेतु सम्बन्धित व्यायाम शिक्षकों की सेवाएं सुनिश्चित किए जाने तथा स्वास्थ्य सुविधाएं हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बस्तर क्षेत्र के युवाओं के खेल प्रतिभा को मिला नया मंच : सुश्री लता

**कोण्डागांव,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का 20 नवम्बर को मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष और कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी की उपस्थिति में स्थानीय विकास नगर स्टेडियम में भव्य शुभारंभ हुआ। यहां विकास खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी 20 से 24 नवम्बर तक विभिन्न खेलों में अपना कौशल दिखाएंगे। जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक की शुरुआत विकास खंड कोंडागांव और माकड़ी के बीच रस्साकस्सी के प्रदर्शन मैच से हुआ और मुख्य अतिथि सुश्री लता उसेंडी ने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



सुश्री उसेंडी ने उपस्थित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी खंड स्तर पर अपनी प्रतिभाओं की बदौलत अपना परचम लहराकर आज जिला स्तर पर खेलने का मौका हासिल किया है। खेल के क्षेत्र में अधोसरंचना व सुविधाओं के विस्तार हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। इन सुविधाओं का लाभ लेते हुए सभी खिलाड़ी आगे बढ़ें और जिले का नाम रोशन करें। मुख्य मंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बस्तर प्राधिकरण की बैठक हुई, जिसमें युवाओं को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने, युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने सहित बस्तर क्षेत्र के हितों पर चर्चा हुई है। इसके साथ ही सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि बस्तर ओलम्पिक से क्षेत्र के युवाओं में नए उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। खेलेगा बस्तर-बढ़ेगा बस्तर की थीम पर आयोजित जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक में आज जिला स्तर पर लगभग 02 हजार खिलाड़ी भाग लेंगे और पांच दिवस तक विभिन्न खेल आयोजित होंगे। सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलते हुए अपने जिले का नाम रोशन करें।

- जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का हुआ शुभारंभ
- पांच दिन तक 2 हजार खिलाड़ी खेल प्रतिभा का करेंगे प्रदर्शन

**पहले दिन विभिन्न खेलों में महिलाओं ने दिखाया अपना दम**

जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक के पहले दिन महिला सीनियर में 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने रस्साकसी, एथलेटिक्स, कराते, खो-खो, व्हॉलीवाल, कबड्डी एवं बैडमिंटन अपने जौहर दिखाए। प्रथम तीन विजेताओं को व्यक्तिगत खेल में प्रथम रु.2000, द्वितीय रु.1500 एवं तृतीय रु.1000 एवं दलीय खेल में प्रथम रु.4000, द्वितीय रु.3000 एवं तृतीय रु.2000 नगद के साथ ही मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। वहीं भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। इस दौरान बस्तर ओलम्पिक के शुभंकर के साथ खिलाड़ियों, बच्चों और दर्शकों ने इस पल को यादगार बनाने के लिए सेल्फी खिंचवाई, जिसे मैदान में ही उन्हें प्रिंट कराकर प्रदाय किया गया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 21 नवम्बर 2024 को पुरूष वर्ग में वर्ष 17 से अधिक आयु के खिलाड़ी, एथलेटिक्स विकासनगर स्टेडियम, कराते टाउन हॉल, खो-खो एन.सी.सी.ग्राउण्ड, व्हॉलीवाल व कबड्डी खेल परिसर बड़ेकनेरा रोड, एवं बैडमिंटन विकासनगर स्टेडियम कोण्डागांव में आयोजित होगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी और जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर और बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे।

# हफ्ते भर में केवल 45 क्विंटल धान खरीदी



**दंतेवाड़ा,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले में भी धान खरीदी शुरू हो गई है। अब तक जिले में कुल 44 क्विंटल 80 किलो धान की खरीदी हुई है।

इनमें अरनपुर में 1 क्विंटल 20 किलो, कटेकल्याण में 1 क्विंटल 60 किलो, केशापुर में 1 क्विंटल 20 किलो, गीदम में 10 क्विंटल, छिंदनार में 1 क्विंटल 20 किलो, दंतेवाड़ा में 10 क्विंटल, नकुलनार में 1 क्विंटल 60, फरसपाल में 1 क्विंटल 20 किलो, पालनार में 1 क्विंटल 60 किलो, बड़े गोडरे में 1 क्विंटल 20 किलो, बड़े तुमनार में 2 क्विंटल, बारसूर में 1 क्विंटल 20 किलो, भांसी में 7 क्विंटल 20 किलो, मेटापाल में 1 क्विंटल 20 किलो और मोखपाल में 2 क्विंटल 40 किलो धान की खरीदी हुई है। धान खरीदी की रफ्तार काफी धीमी है। दंतेवाड़ा जिले में कुल 30 हजार 510 मेट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। जिले के धान खरीदी केन्द्रों में काफी अव्यवस्था भी है। पिछले धान खरीदी सीजन में भी इसकी शिकायत प्रशासन तक पहुंची थी। कई केन्द्रों में किसानों के लिए पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं। नकुलनार, बारसूर, पालनार और फरसपाल जैसे केन्द्रों में धान रखने जगह नहीं है। उठाव में देरी के चलते ऐसी समस्या आती है।

- कम हो रही आवक, कटाई में जुटे किसान
- 30 हजार 510 मेट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य

धान खरीदी केन्द्रों में 9 चबूतरे बनाए जा रहे हैं। इससे किसानों को सुविधा होगी। फरसपाल ऐसा धान खरीदी केन्द्र है जो गांव से काफी दूर है। यहां भी खतरा बना रहता है। इन अव्यवस्थाओं के बीच धान खरीदी जारी है। क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों ने अलग-अलग केन्द्रों में 14 नवंबर को धान खरीदी की शुरूआत की। गीदम में विधायक चैतराम अटामी खुद मौजूद रहे, तो नकुलनार में वरिष्ठ भाजपा नेता रामबाबू सिंह गौतम और अन्य जन प्रतिनिधियों ने प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को प्रारंभ किया। साथ ही प्रदेश सरकार की किसान हितैषी होने का एक बार और प्रमाण दिया।

# शास. उमावि शामपुर में जन जागरूकता रैली आयोजित




**कोण्डागांव,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के विकास खंड व तहसील माकड़ी के अंतर्गत आने वाले ग्राम शामपुर में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सीजी गर्ल्स बटालियन के तत्वावधान में 20 नवम्बर को ग्राम शामपुर में विद्यालय में अध्ययनरत एनसीसी कैडेट्स के द्वारा सिकल सेल के प्रति जन जागरूकता रैली निकाली गई। गोवर्धन पांडे अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति एवं भानु ठाकुर पंच ग्राम पंचायत शामपुर, अनूप कुमार विश्वास प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामपुर के द्वारा सिकल सेल जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एनसीसी कैडेट्स के द्वारा निकाली गई रैली ग्राम शामपुर के चौक-चौराहों एवं गली-मोहल्लों में पहुंची और नारों के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक होने और निरंतर जागरुक रहने का संदेश देकर ग्रामीणजनों में जागरुकता लाने का प्रयास करते रहे। जन जागरूकता हेतु निकाली गई इस रैली में सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारी के प्रति भी लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भारतराम मंडावी व्याख्याता, सुश्री रश्मि चंद्रवंशी व्याख्याता, श्रीमती संजू साहू व्याख्याता, श्यामलाल नेताम उप प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा।

# पूरे सिस्टम पर भारी पड़ रहे पूर्व सीएस डॉ. कपिल

**दंतेवाड़ा,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में मोतियाबिंद आपरेशन के दौरान ओटी के संक्रमण के चलते 17 ग्रामीणों की आंखो में रोशनी जाने की नौबत आ गई थी। दोबारा आपरेशन के बाद स्थिति में सुधार हुआ, लेकिन तीन की स्थिति अभी भी नहीं सुधर पायी है। इस मामले में सख्त कार्रवाई के संकेत मुख्यमंत्री ने दिये हैं, वहीं पूर्व सीएस डॉ. कपिल कश्यप द्वारा की गई साढ़े 3 करोड़ की गड़बड़ी के मामले में भी कार्रवाई तय मानी जा रही है।

इसके साथ ही जिला अस्पताल में डीएमएफ, सीएसआर मद से फर्जी चेक मामले में 66 लाख की गड़बड़ी उजागर हुई। इस मामले में भी एफआईआर दर्ज हो चुकी है और उन वेंडरों से भी पूछताछ हो रही है, जिनके नाम से चेक काटे गए थे। सभी के खाते भी होल्ड कर दिये गए हैं। इन घटनाक्रमों के चलते जिला अस्पताल की विश्वसनीयता भी प्रभावित हो रही है। लोग यहां इलाज कराने से कतराने लगे हैं। ऐसी भी चर्चा खुलेआम होने लगी है कि जिला अस्पताल में इलाज छोड़ सब कुछ होता है। मोतियाबिंद कांड में तात्कालिक कार्रवाई करते नेत्र सर्जन और दो अन्य को निलंबित कर दिया गया। दो कर्मचारियों की सेवा समाप्त कर दी गई। सिविल सर्जन डॉ. आरएल गंगेश से भी जांच समिति ने पूछताछ की, लेकिन करीब महीने भर हो रहे हैं, सरकार इन्हें हटाने की भी हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। चेक फर्जीवाड़े में भी इनकी संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा रहा है, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

इधर एनएचएम के बजट को नियम विपरित खर्च करने के मामले में पूर्व सीएस और वर्तमान में सुकमा के सीएमएचओ डॉ. कपिल कश्यप के खिलाफ जांच हो रही




- सीएस पर नहीं हुई कार्रवाई तो सरकार पर उठेगी उंगली
- सीएम ने दिए कार्रवाई के संकेत, फिर भी संदेह
- घोटालों से घटने लगी जिला अस्पताल की विश्वसनीयता

है। 3 करोड़ 48 लाख रूपए के भारी भरकम बजट को जिला अस्पताल के खाते में नियम के खिलाफ शिफ्ट कराया गया। यह राशि जिले के प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केन्द्रों में दवा खरीदी और अन्य कार्यो में खर्च होनी थी। इसे डॉ. कश्यप ने जिला अस्पताल में खर्च कर दिया और वहां भी नियमों का पालन नहीं हुआ। राशि ट्रांसफर करने कलेक्टर का अनुमोदन भी नहीं लिया गया। इसी वजह से कलेक्टर ने राज्य शासन को जांच के लिए लिखा और एनएचएम की जांच टीम दंतेवाड़ा पहुंची। वर्तमान सीएस डॉ. गंगेश, पूर्व सीएमएचओ डॉ. बसाक और अन्य कर्मचारियों के बयान हुए, लेकिन तत्कालीन सीएस डॉ. कपिल कश्यप जांच टीम के सामने आए ही नहीं। उन पर अब तक कार्रवाई भी नहीं की जा सकी। यह राज्य में अपनी तरह का पहला मामला होगा जब स्वास्थ्य प्रशासन से जुड़े सीएस पूरे सिस्टम पर भारी पड़ रहे हैं और पूरी सरकार उनके सामने बौनी साबित हो रही है। हालांकि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान जिला अस्पताल के मुद्दों पर जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की बात कही है।

उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल दंतेवाड़ा की साख को इन घटनाक्रमों के बाद बचाए रखना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। जिला प्रशासन लगातार अस्पताल की व्यवस्था सुधारने में लगा हुआ है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया और सीएस तथा अन्य लोगों को कड़े निर्देश दिये। यह बात भी सत्य है कि जब तक जिला अस्पताल के घोटाले से जुड़े दोषियों पर सरकार कार्रवाई नहीं करेगी, सरकार की विश्वनीयता पर भी लोग उंगलियां उठायेंगे।

# शहरी महिला खेल प्रतियोगिता के लिए पंजीयन प्रारंभ

**कोण्डागांव,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के वरिष्ठ खेल अधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार शहरी महिलाओं हेतु मनोरंजनात्मक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 नवम्बर 2024 के मध्य किया जायेगा, जिसमें 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाएं भाग लेंगी। इसमें फैंसी ड्रेस, रस्साकसी, कुर्सी दौड़ खेल प्रतियोगिता रखा गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए महिलाएं अपना परिचय पत्र लाकर विकासनगर स्टेडियम में अपना पंजीयन करा सकती हैं। प्रथम तीन स्थान प्राप्त विजेता महिलाओं को 24 नवम्बर 2024 को पुरस्कृत किया जाएगा।

# जिला कुष्ठ अधिकारी ने किया बकावंड ब्लाक का दौरा



**जगदलपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. वी. के. ठाकुर के द्वारा बकावंड ब्लाक के सेक्टर जैबल के एस.एच.सी गारेंगा के आश्रित ग्राम छोटे जिराखाल में और राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन अभियान कार्यक्रम के अंर्तगत पीड़ित कुष्ठ रोगी और संभावित कुष्ठ रोगियों से भेंट कर उनकी स्थिती के बारे में जानकारी ली। उनके द्वारा पीड़ित मरीज को एम.डी.टी., अल्सर कीट दिया गया। इन रोगियों में आर.एफ.टी मरीज, उपचारित मरीज, एवं ग्रेड-2 ष्ठ के मरीज शामिल थे। मरीजों को आवश्यक सलाह सीनियर एन.एम.ए. आर. के. माली द्वारा दिया गया। इस अवसर पर जिला एपीडिमीयॉलाजिस्ट डी. के. पानीग्राही, एम.पी.एस. एम.एल. पानीग्राही ए.एन.एम. बी. रेखा नागेश, सी.एच.ओ. पल्लवी पटेल, मितानिन गेंदावती पांडे एवं एम. बघेल उपस्थित थे।

# खेल से स्वस्थ रहता है तन और मन : सुनीता

**दंतेवाड़ा,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप राज्य शासन द्वारा बस्तर जिले के अंदरूनी इलाकों के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 के रूप में एक अवसर, एक मंच दिया जा रहा है, जिसमें स्थानीय खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा को बेहतर करते हुए बड़े अवसर की ओर बढ़ सकते हैं।



आज जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक 2024 का आगाज हुआ। इसके तहत खेल मैदान में जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के द्वारा दंतेवाड़ा, कुआकोंडा, कटेकल्याण, गीदम विकासखण्डों के खिलाड़ियों के 100 मीटर दौड़ का प्रारंभ उडन क्लिप बजाकर किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल सिक्के के दो पहलू है। हम जब खेल खेलेंगे तो हमारा शरीर तंदुरुस्त रहेगा, जिससे पढ़ाई में भी मन लगा रहेगा। इस तरह खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं।

- दंतेवाड़ा में जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रारंभ
- जनपद अध्यक्ष ने 100 मीटर दौड़ को दिखाई हरी झण्डी
- कलेक्टर का आह्वान, संभाग में बजाए दंतेवाड़ा का डंका

श्रीमती भास्कर ने कहा कि मानव जीवन में अनुशासन का बहुत ही महत्व है। खेलों से ही अनुशासन सीखने को मिलता है। इसके अलावा उन्होंने सभी खिलाड़ियों को संभाग स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम ने कहा कि आप सभी अपनी खेल प्रतिभा को उत्कृष्ट करने हेतु प्रतियोगिता में शामिल होने जा रहें है। इन खेलों में आप सभी को अपना बेहतर प्रदर्शन करना है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस खेल आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जीवन के हर क्षेत्र में सफलता जरूर मिलेगी।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि सम्पूर्ण खेल आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर तत्काल खिलाड़ी एवं शैक्षिक प्रशासन को अवगत कराएं ताकि उसका तुरंत निदान किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने बस्तर ओलंपिक के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुश्ती जैसे खेलों में हरियाणा पंजाब एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं केरल राज्य से एथलेटिक्स के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय खेलों में देश का नाम रौशन किया है क्योंकि इन राज्यों की आबो हवा इन्हीं खेलों के अनुरूप है। इसे देखते हुए शासन ने भी खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे स्थानों को चयन किया है, जहां सुविधाएं एवं संसाधनों की कमी है। इसका केवल एक ही उद्देश्य है कि ऐसे क्षेत्रों से भी खिलाड़ी निकल कर आएं जो देश दुनिया में यहां का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले पांच से दस वर्षो स्थानीय स्तर के खिलाड़ी भी ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, तथा एशियन गेम्स में पदक जितेगें। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में दंतेवाड़ा को अधिक से अधिक पदक दिलाएं।

# विधायक नीलकंठ टेकाम से मिलकर कन्या आश्रम होनावंडी के बच्चे हुए खुश

**कोण्डागांव,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले के विकास खंड बडेराजपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम होनावंडी में स्थित कन्या आश्रम के बच्चों से मिलने के लिए अचानक पहुंचे केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम को अपने बीच पाकर सभी बच्चे खुशी से झूम उठे। विधायक नीलकंठ टेकाम ने बच्चों से उनका हालचाल पूछा एवं विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर शौचालय की उपयोगिता एवं उसके महत्व पर बच्चों से चर्चा करने के साथ ही शासन से मिलने वाली विभिन्न प्रकार की सुविधाओं के बारे में भी बच्चों से जानकारी लेकर, अधीक्षिका को बच्चों की रुचि अनुसार भोजन बनवाने के लिए निर्देशित किया। वहीं आश्रम अधीक्षिका फगनी मरकाम द्वारा समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा गया। विधायक नीलकंठ टेकाम ने आश्रम की समस्याओं की जानकारी मिलने पर निराकरण करने का आश्वासन दिया। आश्रम निरीक्षण के दौरान केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, दुखाराम मरकाम कृषि मंडी समिति सदस्य जिला कोंडागांव, मन्नाराम मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत होनावंडी, विजय नेताम सरपंच ग्राम पंचायत पिटेचुवा, अर्जुन मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत बस्तरबुड़ा, मिथलेश नेताम ग्राम पंचायत लिहागांव, लक्ष्मण पोया ग्राम पंचायत परोड के साथ-साथ बड़ागांव, हात्मा के सरपंच शोभन मरकाम जनपद प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### थाना परपा में पुलिस और...

है, बल्कि एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण करना है। बस्तर पुलिस इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

### वाहन विक्रेता देगा 10 लाख...

क्षतिपूर्ति प्राप्त कर सकता है, स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है। इसके विपरीत विक्रेता संस्थान का बीमा जिस संस्थान के द्वारा किया गया है ,विक्रेता उस संस्थान के समक्ष क्षतिदावा प्रस्तुत कर संस्थान में हुई क्षति की राशि प्राप्त कर सकता है। विक्रेता को इस हेतु 25 हज़ार रु के अर्थदंड से दंडित भी किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा उक्त आदेश जारी किया गया है।

### कांग्रेस ने महापौर द्वारा लगातार...

लाख रुपये के भ्रष्टाचार को आवेदन सौंप अवगत कराया है। कुल मिलाकर भ्रष्टाचार इतनी ज्यादा हुई है। राशि इतनी ज्यादा है जिसकी अनुमान लगाना समझ से परे है। इस दौरान एम वैंकट राव, पार्षद सूर्या पानी, ललिता राव,सुषमा सुता, आभास महंती, दयाराम नाग, शुभम यदु,महामंत्री महेश द्विवेदी, अनुराग महतो, सहदेव नाग,संकल्प दुबे,सायमा अशरफ,शादाब अहमद,असीम सुता, विक्रम लहरे,रोहित पाणिग्रही,विशाल खम्बारी,विजेंद्र ठाकुर, एस नीला,सलीम अली, विककी निसाद,मनीता राउत,ज्ञानेश्वरी जाधव,शेख अयाज, खिरेंद्र यादव, खेमराज सेठिया आदि मौजूद रहे।

### विश्वस्तरीय चिकित्सा संस्थान के...

चिकित्सकीय उपकरण व उनको संचालित करने वाले टैक्निशियन की आवश्यकता है। और इसकी पूर्ति तभी संभव होगी, जब जगदलपुर के इस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को सरकार अपने नियंत्रण में रखकर किसी विश्वस्तरीय चिकित्सकीय संस्थान जैसे अपोलो, फोर्टिस, मैक्स, वॉकहार्ट, नारायण हेल्थ, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, हिंदूजा, किम्स आइकॉन, एस्टर डीएम हेल्थ केयर जैसे विश्वस्तरीय चिकित्सा संस्थान के माध्यम से संचालित करे एवं आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा, केन्द्रीय स्वास्थ्य बीमा जैसी तमाम सरकारी योजनाओं के माध्यम से इस अस्पताल में मरीजों को निःशुल्क ईलाज मिले व मरीज पर होने वाले सभी खर्च सरकार वहन करे एवं एनएमडीसी द्वारा बस्तर की जनता से जो वायदा तय किया था उस वायदे के अनुसार नगरनार इस्पात संयंत्र के समीप अपने अलग सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल परियोजना की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य प्रारंभ करने की कार्यवाही की जाए, इसके लिए राज्य सरकार अपने स्तर पर एनएमडीसी पर उचित दबाव बनाने का प्रयास करे, ताकि बस्तर की परिक्षेत्रीय सुविधाओं में विस्तार हो।

### राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त विजेंद्री...

ने भी विजेंद्री को बधाई दी। विजेंद्री ठाकुर ने सीजी पीएससी की तैयारी के साथ डीएसपी बनने की इच्छा जाहिर की है। सम्मान करने वालों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी, महापौर सफीरा साहू, योगेंद्र पांडे, संजय पांडे,वेद प्रकाश पांडे, रजनीश पाणिग्रही, बृजेश सिंह भदौरिया,सुरेश गुप्ता संग्राम सिंह राणा, अविनाश श्रीवास्तव भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य और बाल संरक्षण कार्यक्रम से रूबरू हुए सोनी कंपनी जापान व यूनिसेफ टीम

**कोण्डागांव,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन और यूनिसेफ के संयोजन में जिले में सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य और बाल संरक्षण पर आधारित कार्यक्रम का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अवलोकन हेतु गत दिवस सोनी कंपनी जापान से सुश्री युका एंडा, यूइचिरो यामादा, सुश्री मिका मोरीनो, सुश्री चिहिरो शिमिजु, सुश्री युका मारुको, सुश्री दीपिका नानैया, युसुके मोरी, सुश्री माने आइडा, सुश्री मदोका ओत्सुका और सुश्री राधिका (सोनी कंपनी जापान), निसेफ दिल्ली के वरिष्ठ प्रतिनिधि सुश्री राधिका श्रीवास्तव, राघव अरोरा, ज्योति रविचंद्रन, डॉ.सैयद हबी अली, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ प्रतिनिधि डॉ.गजेन्द्र सिंह, सुश्री चेतना देसाई, रितेश कुमार ने भाग लिया।

विकास खंड केशकाल के सिकागांव में आयोजित कार्यक्रम में पंच प्रतिनिधि, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह की महिलाएं और स्वयं सेवकों ने आगंतुकों का मांदरी नाचा एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

प्राथमिक शाला सिकागाँव में शिक्षकों के साथ पंथक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें शिक्षिका श्रीमती जयन्ती ठाकुर एवं यशवंत साहू ने सामाजिक भावनात्मक कौशल के महत्व को बताया। बच्चों ने डर और तनाव को खत्म करने के लिए लाल गुब्बारा व सांप सीढ़ी की गतिविधि भी की साथ ही आईईसी मटेरियल का प्रदर्शन किया गया।

आंगन बाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता ने गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं किशोरियों हेतु बनाये जाने वाले पोषण पखवाड़ा का प्रदर्शन किया, जिसमें पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य के संबंध पर चर्चा हुई। समुदाय में सभी लोगों को पोषण युक्त भोजन को अपने आहार में शामिल करने की सलाह दी गई।



ग्राम पंचायत में मानसिक स्वास्थ्य और बाल संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ग्रामीण महिलाओं एवं युवोदय कोण्डानार चैम्प्स के वॉलंटियर्स न अपने अनुभव साझा किए। वहीं उड़न छू ताली, शम्मी डांस एवं बस्तर अंचल की क्षेत्रीय गाने पर नृत्य किया गया। सामुदायिक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य को अच्छा रखने के तरीकों पर चर्चा हुई।

वहीं युवोदय स्वयं सेवकों द्वारा समुदाय में परिवर्तन लाने हेतु किए गए अथक प्रयासों के संग्रहण के रूप में तैयार च्वसदयज्ञ पुस्तिका का विमोचन सभी आगंतुकों ने किया।

वहीं कलेक्टर परिसर में कलेक्टर कुणाल दुदावत की उपस्थिति में युवोदय कोंडानार चैम्प्स के प्रत्येक विकास खण्ड के कुल 30 वालंटियर्स के साथ विजिट में आए आगंतुकों ने उनके कार्य अनुभवों एवं समुदाय में जुड़ने के दौरान आने वाली चुनौतियों सहित वालंटियर बनने से होने वाले फायदों के बारे चर्चा किया। सोनी कम्पनी जापान एवं यूनिसेफ टीम दिल्ली ने युवोदय के सभी सवयं सेवकों द्वारा समुदाय के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा एवं सराहना करने के साथ ही भविष्य में भी ऐसे ही समुदाय की सहायता के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया।

ग्रा.पं.सिकागाँव के सरपंच जगदीश मरकाम, सचिव पन्नालाल सोरी, बीईओ चेतनलाल मंडावी, बीआरसीसी प्रकाश साहू, संकुल समन्वयक सुजीत मरकाम, संकुल प्राचार्य नरेन्द्र कुमार पचभिये, ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी (एनआरएलएम) हरीश मंडावी, महिला एवं बाल विकास विभाग के ब्लॉक केशकाल के परियोजना अधिकारी एवं सुपर वायजर दीपेश बघेल एवं श्रीमती कमितला मंडावी, स्वास्थ्य विभाग से विकास खण्ड कार्यक्रम अधिकारी उमेश मरकाम सहित छत्तीसगढ़ एग्रिकॉन समिति सचिव मानस बैनर्जी, राज्य समन्वयक दानिश के हुसैन, जिला समन्वयक अशोक पांडेय, देव श्री वर्मा, युवोदय ब्लॉक समन्वयक, मितानिन और युवोदय के स्वयं सेवक सहित लगभग 400 ग्रामीण शामिल हुए।

# मार्च 2026 तक नक्सलवाद मुक्त बस्तर होगा : उपमुख्यमंत्री शर्मा

**बीजापुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा एवं राजस्व तथा खेल मंत्री टंकराम वर्मा एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचकर बस्तर ओलंपिक के ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए । मंत्रियों के आगमन पर पारंपरिक गौर नृत्य और बीजापुर के सुप्रसिद्ध मद्देड़ बाजा से भव्य स्वागत किया

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने गौर मुकुट पहनकर बीजापुर के पारंपरिक नृत्य पर जमकर थिरके, मंत्री द्वारा जिला प्रशासन के विभागीय योजना पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया जिसमें जिला पंचायत के स्टॉल में आवास दिवस के थीम पर आधारित केक हितग्राहियों के हाथों कटवाया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को उनके नए घर की प्रतीकात्मक चाबी भेंट किया गया।

बीजादूतीर कार्नर में स्वयंसेवकों से आवश्यक चर्चा की गई और शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन में भागीदारी निभाने पर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

महिला बाल विकास विभाग के स्टॉल में मंत्रियों एवं अतिथियों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का बैच लगाकर स्वागत किया गया एवं मंत्री द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर किया गया। वहीं राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाने वाले खिलाड़ियों को सफलता की कहानी का प्रदर्शन बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के स्टॉल पर किया गया जिनका अवलोकन मंत्रियो द्वारा की गई।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने खिलाड़ियों के उत्साह को देख प्रफुल्लित नजर आए और भव्य आयोजन को देख युवाओं में नया जोश भरा उनके साथ सेल्फी एवं फोटो सेशन कराया।

बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता के आयोजन के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिक विद्यालय, बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी एवं कन्या शिक्षा परिसर की मनमोहक प्रस्तुति को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जमकर तारीफ की। वहीं रायपुर के टीम द्वारा बीजापुर एवं बस्तर में नक्सलियों के कायराना हरकत से किस प्रकार निर्दोष ग्रामीणों को पीड़ा और तकलीफ उठाना पड़ रहा है उनको जीवंत चित्रण किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं खेल मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा ध्वजारोहरण कर खेल का शुभारंभ किया गया, खेल भावना से खेलने के शपथ दिलाई गई एवं कबड्डी, व्हालीबाल खेलो का टॉस करके खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया। गृहमंत्री विजय शर्मा के साथ पुलिस विभाग के अधिकारी एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों के बीच रस्साकसी का मुकाबला हुआ जिसमें पुलिस विभाग विजेता बने।



- बस्तर ओलंपिक के ब्लॉक स्तरीय आयोजन में पहुंचे विजय शर्मा व टंकराम वर्मा
- बीजापुर के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ एवं भारत का प्रतिनिधित्व कर जिले का मान बढ़ाया है : खेल मंत्री टंकराम वर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बस्तर ओलंपिक के आयोजन पर गोण्डी में बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंत्री शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बीजापुर के खिलाड़ियों में जबरदस्त प्रतिभा है आज बीजापुर के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य और भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे है। हम ऐसा अवसर प्रदान करेंगे कि राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर और भी सफलता हासिल करें। बस्तर अब उड़ान भरना चाहता है यहां के युवा देश दुनिया में पहचान बनाना चाहता है। अब बीजापुर और बस्तर के युवा विकास का सपना देख रहे हैं, चहुमुखी विकास चाहते हैं जिसे पूरा करना हमारा दायित्व है। भटके हुए लोगो से हम अभी भी अपील करते हैं मुख्य धारा में लौटे और विकास में अपना योगदान दें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि मार्च 2026 तक बस्तर माओवाद से मुक्त होगा। यह बस्तर के लिए आजादी का दिन होगा माओवाद मुक्त बस्तर में युवाओं की नई ऊर्जा और ताकत सकारात्मक बदलाव लाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार से बस्तर में बदलाव की शुरुआत हो गई है। बिजली, पानी, राशन, अस्पताल, स्कूल, आंगनबाड़ी जैसे तमाम सुविधाएं अब उन क्षेत्रों में मिलने लगी है और उन गावों के युवा खिलाड़ी बस्तर ओलंपिक में भयमुक्त होकर अपनी खेल प्रतिभा को दिखा रहे हैं। बस्तर में खेल के माध्यम से सुखद बदलाव आया है।

## केवटी धान खरीदी केंद्र में ना ही प्रबंधक ना ही ऑपरेटर, किसान हुए परेशान



**भानुप्रतापपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 15 नवम्बर से धान खरीदी का शुभारंभ कर दिया है,लेकिन केवटी के धान खरीदी केंद्र में आज तक तैयारी ही किया जा रहा है, आज जब नईदुनिया की टीम केवटी धान खरीदी केंद्र में जाकर देखा तो पता चला कि यहां पर नहीं धान खरीदी केंद्र में ऑपरेटर है, और ना ही धान खरीदने वाला प्रबंधक है। जिसे लेकर किसान काफी ज्यादा चिंतित है ,किसानो ने बताया की 25 नवम्बर से धान खरीदी शुरू होंगी । लेकिन किसानों को यहां असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है ,धान खरीदने को लेकर कोई भी व्यवस्था नहीं है यहां के धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्थाओं का अंबार देखने को मिला ,ना ही धान खरीदी की कोई भी व्यवस्था नहीं है ना ही प्रबंधक है ना ही ऑपरेटर है ऐसे में फिर किसान जाए तो जाए कहा। किसने को एक बात की और चिंता सता रही है की कही धान बेचने के बाद पैसा को शासन प्रशासन न ले ले इस बात की चिंता सताए जा रही है। क्योंकि पिछले वर्ष किसानों द्वारा लिया गया ,लोन की राशि को किसानों के द्वारा ऑपरेटर प्रबंधक के पास रसीद लेकर जमा कया गया था। जिसे ऑपरेटर और प्रबंधक के मिली भगत से उस राशि को सरकार के खजाने में जमा नहीं किया गया है।

## जिले में शिक्षा गुणवत्ता की जांच के लिए नेशनल अचिवमेंट सर्वे ( परख ) परीक्षा आयोजित

**कांकेर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हेतु जिला प्रशासन द्वारा अनेक प्रकार से प्रयास किया जा रहा है प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर कक्षा 5वीं के छात्रों एवं कक्षा 8वीं के छात्रों को जहां जेएनवी, प्रयास, एनएमएमएससी छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। वहीं जिले के समस्त विद्यालयों में प्रत्येक तीन वर्षों में आयोजित होने वाले नेशनल अचिवमेंट सर्वे की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।



कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा परख परीक्षा के साथ-साथ सभी विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता सुधार के प्रयास करने के निर्देश दिये गये है, जिसके परिपालन में जिले के समस्त विद्यालयों में कक्षा 3री, 6वीं एवं 9वीं की परीक्षा जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में आयोजित किया गया, परख परीक्षा में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक शनिवार को पीएलसी विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार प्रश्नों का संग्रह को प्रेषित कर ओएमआर शीट के माध्यम से नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इस परीक्षा से जहां बच्चे ओएमआर शीट में अभ्यस्त हो रहे हैं वहीं प्रश्नों के पैटर्न को भी समझ रहे हैं। अब तक जिले के सभी 2443 विद्यालयों में परख परीक्षा हेतु अभ्यास कराया गया है। इन शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ निजी विद्यालयों में भी परख परीक्षा आयोजित करने हेतु निर्देश दिए गए हैं।

**परीक्षा में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं हुए सम्मिलित**

## नव निर्मित आवास का किया गया वर्चुअल लोकार्पण

**बीजापुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति जस्टिस रमेश सिन्हा द्वारा दंतेवाड़ा जिले के पोर्टपोलियो जज अरविंद कुमार वर्मा की उपस्थिति में न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु नवनिर्मित आवासीय परिसर जीएडी कॉलोनी बीजापुर का वर्चुअल लोकार्पण किया गया।

उक्त लोकार्पण माननीय मुख्य न्यायाधिपति द्वारा वर्चुअल मोड़ से किया गया। आवासीय परिसर में न्यायिक अधिकारी हेतु एक आवास सहित कर्मचारियों हेतु कुल 23 आवास का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया है।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता द्वारा किया गया इसके उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधिपति महोदय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब न्यायिक अधिकारी और कर्मचारीगण को बेहतर आवास सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है और उनका यह दायित्व है कि वे अपने शासकीय आवास को साफ-सुथरा और स्वच्छ रखे। उन्होनें न्यायिक अधिकारी और कर्मचारीगण को नये आवास की सुविधा उपलब्ध होने पर बधाई दी।




**उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति द्वारा न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों हेतु**

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन ताजुद्दीन आसिफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर द्वारा दिया गया। उन्होनें अपने धन्यवाद प्रस्ताव में कहा कि मुख्य न्यायाधिपति की दूरदर्शी सोच और प्रयास के फलस्वरूप बीजापुर जैसे सुदूर नक्सल प्रभावित जिले में न्यायिक अधिकारी और कर्मचारीगण को सर्व सुविधायुक्त आवास उपलब्ध होने जा रहा है इसके लिए उन्होनें मुख्य न्यायाधिपति का आभार व्यक्त किया। लोकार्पण समारोह में संबित मिश्रा कलेक्टर बीजापुर, डॉ0 जितेन्द्र यादव पुलिस अधीक्षक बीजापुर, संदीप बलगा उपनिदेशक इन्द्रावती टाईगर रिजर्व, उत्तम पंचारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, बीएल, ध्रुव कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, तुलसी लेकाम डीएसपी, मुख्यालय के अतिरिक्त जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, श्रीनिवास मुदलियार, जी वेंक्टेश्वर राव उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल पर अधिवक्तागण और बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन धीरेन्द्र प्रताप सिंह डांगी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दंतेवाड़ा द्वारा किया गया। इस लोकार्पण रामारोह के साथ-साथ जिला न्यायालय दंतेवाड़ा में उप डाक घर का भी शुभारंभ किया गया।

## सार-संक्षेप

### कढ़ईखोदरा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**कांकेर,** 20 नवम्बर। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम कढ़ईखोदरा में गुरूवार 21 नवम्बर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाना था, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। आगामी शिविर की सूचना पृथक से दी जाएगी।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर,** 20 नवम्बर। कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने से मृत्यु हो जाने के एक प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। पखांजूर तहसील के ग्राम घोटिया निवासी जगदीश कुमार उसेण्डी की सर्प काटने पर मृत्यु हो जाने से उनके निकटतम परिजन श्रीमती सतारो बाई को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### एकीकृत किसान पोर्टल में अब कृषकों का पंजीयन 25 तक

**कांकेर,** 20 नवम्बर। 'एकीकृत किसान पोर्टल' में कृषकों का कैरीफारवर्ड, पंजीयन तथा पंजीकृत फसल, रकबे की पंजीयन की तिथि 25 नवम्बर तक बढ़ाई गई है। ज्ञात हो कि राजस्व ग्राम वनाधिकार पट्टा, वनग्राम एवं असर्वेक्षित ग्राम के कुछ कृषकों का कैरीफारवर्ड, पंजीयन पूर्व वर्ष की तुलना में शेष रहने की जानकारी दी गई है, जिसके परिपेक्ष्य में एक सप्ताह का अतिरिक्त समय देने तथा इसी प्रकार संस्थागत, रेगहा, बटाईदार, लीज और डुबान क्षेत्र के कृषकों का कैरीफारवर्ड, पंजीयन शेष रहने पर अतिरिक्त समय देने हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा की गई है।

## बम्हनी की शिक्षिका तनूजा ने जन्मदिन पर दिया न्योता भोज

**कोण्डागांव,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। प्राथमिक शाला पटेलपारा बम्हनी की शिक्षिका तनूजा साहू द्वारा अपने जन्म दिवस पर न्योता भोज देने के साथ ही बच्चों को गिफ्ट देने से बच्चों के खुश होने के बारे में पवन कुमार साहू जिला मीडिया प्रभारी भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव छत्तीसगढ़ द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के दिशा निर्देश में छत्तीसगढ़ के स्कूलों में न्योता भोज प्रधान मंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत दिया जाने वाला एक अतिरिक्त भोजन है। न्योता भोज समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को बढ़ाता है। न्योता भोज विभिन्न त्योहारों के अवसर एवं वर्षगांठ, जन्म दिन, विवाह एवं राष्ट्रीय पर्व आदि अवसरों पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परंपरा पर आधारित है। इस योजना में आमजन, सामाजिक संस्थाओं, संगठन, जनप्रतिनिधि, व्यापारी व सभी वर्गों के लोग इसमें सहभागी बन सकते हैं। इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला पटेलपारा बम्हनी की शिक्षिका सुश्री तनूजा साहू सहायक शिक्षक द्वारा अपने जन्म दिन पर न्योता भोज का आयोजन करके विद्यालय के समस्त शिक्षक-षिक्षिकाओं, स्टॉफ एवं समस्त विद्यार्थियों, रसोईया, स्वीपर को पुड़ी, मटर पनीर की सब्जी, दाल, चावल, सलाद, केला, मिठाई, चॉकलेट, मिक्सर, केक खिलाया गया। तत्पश्चात् सभी बच्चों को पेन, पेंसिल, बॉक्स एवं स्टेशनरी सामान वितरित किया गया। शिक्षिका कुमारी तनुजा साहू के हाथों से गिफ्ट पाकर सभी बच्चे खुश नजर आए। इस अवसर पर संकुल समन्वयक श्रीमती मीनाक्षी ठाकुर ने कहा कि इस तरह के न्योता भोज के आयोजन से बच्चों को पूरक पोषण आहार मिलता है और शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच अपनापन की भावना जागृत होता है। न्योता भोज के सफल आयोजन पर एडवांस कब मास्टर पवन कुमार साहू, एडवांस फ्लॉक लीडर श्रीमती दीपामाला वैष्णव, संकुल समन्वयक श्रीमती मीनाक्षी ठाकुर, प्रधान अध्यापिका श्रीमती छबीला नेताम, श्रीमती मेनका ठाकुर, सरिता एल्मा, मूंगा टंडन, प्रियंका साहू, तेजराम, नोहरी कुलदीप, पिरुसर दास मानिकपुरी, मुस्कान, गोमेश्वरी सहित समस्त विद्यार्थियों द्वारा सुश्री तनूजा साहू को गुलदस्ता एवं गिफ्ट भेंटकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाइयां प्रेषित किया गया।



**न्योता भोज के साथ गिफ्ट मिलने पर बच्चे हुए खुश**

## मुख्यमंत्री ने की तारीफ बेल मेटल से बने राम मंदिर कलाकृति की

**कोण्डागांव,** 20 नवम्बर (देश्बन्धु)। मुख्य मंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक सोमवार को बस्तर जिले के चित्रकोट में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर बस्तर संभाग के सभी जिलों की उपलब्धियों और नवाचार पर आधारित स्टॉल लगाए गए थे। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' जिला पंचायत कोण्डागांव के अंतर्गत विकास खण्ड बड़ेराजपुर से दन्तेश्वरी गोदावरी स्व सहायता समूह के द्वारा स्टॉल लगाकर 05 प्रकार का अचार निर्माण कर प्रदर्शित किया गया। इसी प्रकार विकास खण्ड माकड़ी से किरण स्व सहायता समूह से बड़ी, आधार, उड़ान महिला कृषक प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड कोण्डागांव से उत्पादक सामग्रियों का भी स्टॉल लगाया गया और शबरी एम्पोरियम से बेल मेटल की कला प्रर्दशित की गई थी। सी-मार्ट कोण्डागांव के द्वारा बेल मेटल से बने राम मंदिर, राम दरबार स्टॉल पर लगाया गया। स्टॉल के भ्रमण के दौरान मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा नेशनल अवार्ड प्राप्त शिल्पकार राजेन्द्र बघेल के द्वारा अयोध्या के तर्ज पर बेल मेटल से बनाए गए राम मंदिर की तारीफ करते हुए बस्तर की कलाकृति की प्रशंसा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के विनय सिंह जिला मिशन प्रबंधक, उड़ान कम्पनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर भी उपस्थित थे।



## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 10 दिसम्बर तक

**कांकेर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतागढ़, संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कांकेर, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल एवं कन्या एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय नरहरपुर में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कांकेर द्वारा चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए 222.eklavya.cg.nic.in के माध्यम से 10 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। भरे गए ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 11 से 19 दिसम्बर है तथा प्रवेश चयन परीक्षा 19 जनवरी दिन रविवार को प्रात: 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

सहायक आयुक्त ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी की आयु 01 अप्रैल 2025 को 10 से 13 वर्ष के मध्य होना चाहिए। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए आयु सीमा में अधिकतम दो वर्ष की छूट रहेगी। प्रवेश के समय कक्षा 5वीं उत्तीर्ण हो, छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो, छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा घोषित जनजातीय वर्ग, समुदाय का सदस्य हो तथा विद्यार्थी को किसी अन्य विद्यालय से निष्कासित न किया गया हो। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश चयन परीक्षा हेतु पात्रता रखने वाले इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन भरने एवं सहयोग के लिए जिले के सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों एवं जनपद पंचायत कार्यालय में मण्डल संयोजक से संपर्क किया जा सकता है।

## कांकेर जिले को मिलेगी एक और राष्ट्रीय स्तर की सौगात

**कांकेर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में मत्स्य पालन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर से गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करने जा रहा है। कांकेर जिले को मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश में च्बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवार्डज्ज के लिए चुना गया है। कांकेर जिले को यह राष्ट्रीय अवॉर्ड 21 नवंबर को विश्व मात्स्यिकीय दिवस के अवसर पर मिलेगा। केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह द्वारा नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित सुषमा स्वराज भवन में आयोजित कार्यक्रम यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज राज्य मंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल एवं श्री जॉर्ज कुरियन भी उपस्थित होंगे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कांकेर जिले को देश का बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवार्ड के लिए चयन होने पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए जिला कांकेर सहित राज्य के सभी मत्स्य कृषकों एवं मछलीपालन विभाग के अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ लैंड लॉक प्रदेश होने के बावजूद भी मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश में अग्रणी स्थान पर है। मछली बीज उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में छठवें स्थान पर हैं। यह उपलब्धि प्रदेश के मत्स्य कृषकों की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है। छत्तीसगढ़ मछली बीज उत्पादन के मामले में न सिर्फ पूरी तरह से आत्मनिर्भर है, बल्कि पड़ोसी राज्यों को भी मछली बीज निर्यात कर रहा है। कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर ने भी इस उपलब्धि के लिए के जिले के मत्स्यपालकों और विभाग के अधिकारी को बधाई दी है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में कुल 1,29,039 जल स्त्रोत उपलब्ध है, जिसका जल क्षेत्र 2.032 लाख हेक्टेयर है, जिनमें 96 प्रतिशत में किसी न किसी रूप में मत्स्य पालन हो रहा है। 3571 कि.मी का नदीय जलक्षेत्र भी उपलब्ध है। सघन मत्स्य पालन हेतु अतिरिक्त जलक्षेत्र निर्मित किया जा रहा है. अब तक कुल 6783 हेक्टर जलक्षेत्र निर्मित हो चुका है। एक समय था जब छत्तीसगढ़ मत्स्य बीज के लिए पश्चिम बंगाल राज्य पर निर्भर था। कुल 82 नवीन हैचरी निर्मित कर 115 हैचरियों के माध्यम से 546 करोड़ मत्स्य बीज का प्रति वर्ष उत्पादन होने से राज्य न सिर्फ आत्मनिर्भर हुआ अपितु अन्य राज्यों को भी मत्स्य बीज निर्यात कर रहा है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में प्रति वर्ष 7.30 लाख टन मत्स्य उत्पादन हो रहा है। राज्य अन्तर्देशीय मत्स्य उत्पादन में देश में 8वें स्थान पर है। राज्य में अतिरिक्त मत्स्य उत्पादन हेतु जलाशयों एवं बंद खदानों में अब तक 9551 केज, 415 बायोफ्लॉक, 06 आर.ए.एस. एवं 253 बॉयोफलॉक पॉण्ड स्थापित किए गए हैं। रायपुर, दुर्ग बिलासपुर एवं जांजगीर में थोक मत्स्य बाजार की स्थापना की गई। प्रदेश के मत्स्य पालकों का एन.एफ.डी.पी. योजना अंतर्गत पंजीयन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के मत्स्य पालकों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बैंक से ऋण की सुविधा प्रदान की जा रही है। पात्रतानुसार मत्स्य कृषकों को एक प्रतिशत से लेकर तीन प्रतिशत ब्याज पर अल्प अवधि ऋण भी दिया जा रहा है।



- मछलीपालन के क्षेत्र में बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड के लिए हुआ चयनित
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दी बधाई
- दिल्ली में आज विश्व मात्स्यिकीय दिवस पर मिलेगा सम्मान

सहायक संचालक मछलीपालन ने बताया कि कांकेर जिला पूरे छत्तीसगढ़ में मछली पालन के क्षेत्र में एक विशिष्ट स्थान रखता है। जिले में वर्तमान में सर्वाधिक 32 मत्स्य बीज हैचरी संचालित है जिनमें 33402 लाख स्पॉन तथा 13139 लाख स्टेंडर्ड फाई मत्स्य बीज उत्पादन करते हुए छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, बिहार, झारखण्ड एवं उत्तरप्रदेश में निर्यात किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 30562 जल निकायों जलक्षेत्र 12137 हेक्टेयर में लगभग 15998 मत्स्य कृषकों के द्वारा सक्रिय रूप से मछली पालन का कार्य करते हुए कुल 84766 मेट्रिक टन मछली का उत्पादन किया जा रहा है, जो छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक है। जिले के दुधावा जलाशय में 228 केज स्थापित है जिसमें 651 टन का अतिरिक्त मत्स्योपादन लिया जा रहा है। मछली पालन एवं सम्बद्ध गतिविधियों से जिले के कृषकों द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 500 करोड़ का व्यवसाय किया जा रहा है। उक्त पुरस्कार मिलने से कांकेर जिले के मत्स्य कृषकों का उत्साहवर्धन होगा एवं वे और अधिक उन्नत तरीके से मछली पालन का कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।

**उल्टा पुल्टा**

पप्पू- कल मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो सीधा सूरज से टकरा गया।
बंटी- फिर क्या हुआ?
पप्पू- फिर मेरी पिटाई हुई।
बंटी- किसने पीटा?
पप्पू- सूरज की मम्मी ने यार।

**संपादकीय**

## बाल अधिकार सुनिश्चित करे सरकार

*बुधवार को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत बच्चों के विभिन्न अधिकार सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया गया। विकसित देशों में इन्हें लेकर भरपूर जागरूकता है लेकिन अविकसित तथा भारत जैसे विकासशील देशों में इसके बाबत न तो समुचित जानकारी है और न ही उन्हें प्रदान करने की पर्याप्त कटिबद्धता। बच्चे इस मामले में पूर्णत: उपेक्षित हैं। सरकार व समाज दोनों ही उनके नैसर्गिक एवं संविधान प्रदत्त अधिकार उन्हें उपलब्ध कराने में असफल ही साबित हुआ है। उनके जीने, शिक्षा, पोषण, सुरक्षा, समानता जैसे अधिकार सुनिश्चित करना ज़रूरी है तभी एक स्वस्थ एवं खुशहाल समाज का निर्माण हो सकेगा।*

*छत्तीसगढ़ की तरक्की के बावजूद यहां के बच्चे अभी भी अनेक अधिकारों से वंचित हैं। जीने के अधिकार को एक ओर रख दें तो शिक्षा व्यवस्था तो उपलब्ध है, परन्तु उस तक पहुंच कितनी है, यह देखा जाना चाहिये। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तो बाद की बात है। आज भी प्रदेश के अनेक ऐसे इलाके हैं जहां पर्याप्त स्कूल नहीं हैं। हैं भी तो वे बच्चों की पहुंच से दूर हैं। सरकार को सर्वाधिक ध्यान शिक्षा व्यवस्था के ऐसे विस्तार की ओर देना होगा जिसमें हर बच्चे की पहुंच उस तक हो। व्यक्तिगत विकास और जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिये अच्छी शिक्षा ही कारगर सिद्ध होती है। यह भी देखा जाता है कि एक स्तर के बाद शाला त्यागी बच्चों का अनुपात काफी ज्यादा होता है जो चिंताजनक है। देश के जितने भी विकसित राज्य हैं, उनमें अच्छी व सर्वसुलभ शिक्षा व्यवस्था मौजूद है और वही उनके विकास का प्रमुख कारक है।*

*सुपोषण पर भी सरकार को बहुत ध्यान देना चाहिये। मिड डे मील एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली ने लोगों को बड़े तौर पर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया है लेकिन अब भी वांछित मानकों से बच्चे दूर हैं। सरकार देखे कि वह कैसे सभी बच्चों को अच्छा भोजन उपलब्ध करा सकती है। लड़कियों की ओर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों में रहने वाली बच्चियां घरों में भी खान-पान सम्बन्धी भेदभाव का शिकार होती हैं। उनके मुकाबले लड़कों के आहार पर अधिक ध्यान देने की परम्परा है जिसके कारण बच्चियों में शारीरिक कमजोरी, खून, प्रोटीन एवं विटामिन सम्बन्धी कमियां हो जाती हैं जिसके चलते उनका समुचित विकास नहीं हो पाता।*

*छत्तीसगढ़ के परम्परागत समाज में जाति आधारित व्यवस्था है। इसके तहत लोगों का व्यवहार जातिगत भेदभाव पर निर्भर करता है। इससे कुछ बच्चे गैरबराबरी का शिकार होते हैं। जाति तो नहीं मिटाई जा सकती लेकिन जाति आधारित भेदभाव ज़रूर खत्म किया जा सकता है। शिक्षा इसमें बड़ी भूमिका निभाती है। निचले तबके की बच्चियां जातिगत व लैंगिक असमानता का दोहरा दंश झेलती हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बच्चों के अधिकार सुनिश्चित करने की बात कही है जो स्वागत योग्य है।*

**सीजीपीएससी घोटाला**

# सीबीआई बढ़ाएगी जांच का दायरा

## रसूखदारों के बीच खलबली



**रायपुर**, 20 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित पीएससी छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाले में सीबीआई केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी और बजरंग इस्पात के डायरेक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई के बाद रसूखदारों के बीच खलबली मच गई है। संकेत मिल रहे हैं कि जांच का दायरा बढ़ने पर सीबीआई जल्द ही एक आईपीएस और एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी को भी हिरासत में ले सकती है।

**सीबीआई जांच : भाजपा की जनहित याचिका से शुरू हुआ मामला**

सीजीपीएससी 2021-22 भर्ती में गड़बड़ियों का मामला तब प्रकाश में आयाए जब पूर्व गृह मंत्री और भाजपा नेता ननकी राम कंवर ने हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की। हाई कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पीएससी और राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ की युवाओं को न्याय दिलाने और घोटाले की सीबीआई जांच कराने का वादा किया था। सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस वादे को पूरा करते हुए राज्य में प्रतिबंधित सीबीआई को इस घोटाले की जांच का जिम्मा सौंपा।

**जांच के पहले चरण में दो गिरफ्तार और नाम आने की संभावना**

सीबीआई ने अपनी शुरुआती जांच में पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी और उद्योगपति बजरंग गोयल को गिरफ्तार किया है। अब चर्चा है कि जल्द ही एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और पुलिस अफसर को भी गिरफ्त में लिया जा सकता है। सीबीआई की जांच की तेजी ने प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में कुछ और चौंकाने वाले नाम सामने आ सकते हैं।

**हाई कोर्ट की फटकार और गड़बड़ियों की पुष्टि**

हाई कोर्ट के चीफजस्टिस रमेश कुमार सिन्हा ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा था कि अगर याचिका में लगाए गए आरोप और प्रस्तुत सूची सही हैं तो यह गंभीर मामला है। कोर्ट ने संकेत दिए थे कि अफसरों के बच्चों के चयन में गड़बड़ी हुई है।

**पहली परीक्षा की जितनी चर्चा, उससे भी इस मामले की हो रही**

छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग के गठन और उसके बाद अब तक जितनी भी परीक्षाएं सीजीपीएससी ने आयोजित की अमूमन सभी विवादों के घेरे में रहा है। सभी परीक्षाओं के बाद भर्ती का मामला हाई कोर्ट पहुंचा।

सबसे ज्यादा चर्चित वर्ष 2003 में आयोजित पहली परीक्षा रही। मौजूदा दौर में वर्ष 2021.22 में आयोजित परीक्षा में तो भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों की सीमाएं ही लांघ दी है। छत्तीसगढ़ के युवाओं का भरोसा ही सीजीपीएससी के अफसरों ने तोड़ दिया है।

**भ्रष्टाचार ने युवाओं का भरोसा तोड़ा**

छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग पर पहले भी विवाद के आरोप लगते रहे हैंए लेकिन 2021.22 की भर्ती में गड़बड़ियों ने सभी हदें पार कर दीं। परीक्षाओं में चयनित उम्मीदवारों की सूची में अफसरों और रसूखदारों के परिवार के सदस्यों के नाम ने युवाओं का भरोसा तोड़ दिया है। छत्तीसगढ़ के युवाओं और जनता को अब सीबीआई की आगे की कार्रवाई का इंतजार है।

**वो नाम जिसे लेकर मचा है बवाल**

- नितेश डिप्टी कलेक्टर पीएससी के अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी का पुत्र, सरनेम छिपाया गया
- साहिल डीएसपी पीएससी के अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी के बड़े भाई का पुत्रए सरनेम छिपाया गया
- निशा कोशले डिप्टी कलेक्टर पीएससी के अध्यक्ष टामन सिंह के पुत्र नितेश की पत्नी
- दीपा अजगले आदिल जिला आबकारी अधिकारी पीएससी के अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी के भाई की बहू
- सुनीता जोशी लेबर आफिसर पीएससी के अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी की बहन की पुत्री
- सुमित धुव्र डिप्टी कलेक्टर लोक सेवा आयोग के सचिव अमृत खलखो का पुत्र
- नेहा खलखो डिप्टी कलेक्टर लोक सेवा आयोग के सचिव अमृत खलखो की पुत्री
- निखिल खलखो डिप्टी कलेक्टरए लोक सेवा आयोग के सचिव अमृत खलखो का पुत्र
- साक्षी धुव्र डिप्टी कलेक्टर बस्तर नक्सल आपरेशन के डीआइजी ध्रुव की पुत्री
- प्रज्ञा नायक डिप्टी कलेक्टर कांग्रेस नेता के ओएसडी के रिश्तेदार की पुत्री
- प्रखर नायक डिप्टी कलेक्टर कांग्रेस नेता के ओएसडी के रिश्तेदार का पुत्र
- अन्यया अग्रवाल डिप्टी कलेक्टर वरिष्ठ कांग्रेस नेता की पुत्री
- शशांक गोयल डिप्टी कलेक्टर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधीर कटियार का दामाद
- भूमिका कटियार डिप्टी कलेक्क्टर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुधीर कटियार की पुत्री।
- खुशबू बिजौरा डिप्टी कलेक्टर कांग्रेस नेता के ओएसडी के साढ़ू भाई की पुत्री।
- स्वर्णिम शुक्ला सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला का पुत्र
- राजेंद्र कुमार कौशिक डिप्टी कलेक्टर वरिष्ठ कांग्रेस नेता का पुत्र
- मिनीक्षी गनवीर डिप्टी कलेक्टर गनवीर की पुत्री जो कि लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी के साथ रहती हैं।

## मौसम विभाग ने दी कई जिलों में शीत लहर चलने की चेतावनी



**रायपुर**, 20 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सर्द हवाओं का आगमन तेजी से हो रहा है, जिसका सबसे ज्यादा असर सरगुजा सम्भाग में देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने बलरामपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर और सूरजपुर में अगले 24 घंटे में शीत लहर चलने की चेतावनी जारी की है। ठिठुराने वाली हवाओं के चलने से सरगुजा संभाग में पारा तेजी से नीचे गिर गया है। यहां नवंबर के तीसरे हफ्ते में ही पारा 8.8 डिग्री तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग की मानें तो साल 2014 के बाद पहली बार नवंबर के तीसरे हफ्ते में सरगुजा का पारा इतना नीचे पहुंचा है। यानी सर्दी ने पिछले 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

मौसम विभाग ने अचानक से तापमान गिरने के पीछे का कारण चक्रवातीय परिवर्तन को बताया है। सरगुजा सम्भाग में सर्दी बढ़ने से ग्रामीण इलाके में रहने वाले लोगों को अभी से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोग बीमार पड़ने लगे हैं। दिन में भी गर्म कपड़े पहनकर निकल रहे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी शांत बनी हुई है। इस दिशा से नमी का आगमन नहीं हो रहा है। लगातार पश्चिम और उत्तर से सर्द हवा आ रही है। बीते दिनों उत्तर भारत में कई जगहों पर बर्फबारी हुई। इसके चलते उस दिशा से सर्द हवा आ रही है। आसमान पूरी तरह से साफ है। प्रदेश समेत उत्तर छत्तीसगढ़ का तापमान सर्द हवाओं की वजह से गिरा है। अभी पहाड़ी इलाकों में पारा और नीचे जाएगा।

## फिर विवादों में घिरे छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार

**डॉ राकेश गुप्ता ने नियम विरुद्ध निलंबन पर जताया विरोध**



**रायपुर**, 20 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल हमेशा की तरह फिर से विवाद के घेरे में है। इस बार छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार पर नियम विरुद्ध कार्रवाई करने का आरोप लगाया गया है। आरोप लगाते हुए कहा गया है कि रजिस्ट्रार अश्विनी ने नियमों का उल्लंघन करते हुए बदले की भावना से प्रेरित होकर मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के पदेन सदस्य डॉ. राकेश गुप्ता की सदस्यता समाप्त की है।

**जिस नियम का दिया हवाला है, उसी नियम की उड़ाई गई धज्जियां**– डॉ राकेश गुप्ता का आरोप है कि फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार ने जिस नियम का हवाला दिया है, उसी नियम की धज्जियां उड़ाई गई हैं। उन्होंने फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमों का उल्लेख किया, जिसमें यह स्पष्ट रूप से लिखा है कि किसी भी निर्वाचित या मनोनीत सदस्य की सदस्यता काउंसिल के सदन द्वारा ही समाप्त की जा सकती है। हालांकि, रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर ने अध्यक्ष अरुण मिश्रा के कहने पर डॉ. राकेश गुप्ता की सदस्यता समाप्त कर दी।

**कार्रवाई पत्र में दिए तर्क ग़लत, काउंसिल के निर्वाचित सदस्य ने पूछा सवाल ?**

बता दें कि रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर ने अपने पत्र में यह तर्क दिया कि डॉ. राकेश गुप्ता लगातार तीन आमसभाओं में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित थे, जिसके चलते उनकी सदस्यता फार्मेसी एक्ट 1948 की धारा 25(3) के अनुसार समाप्त की गई। हालांकि, इस धारा में स्पष्ट रूप से लिखा है कि यदि कोई सदस्य तीन बार अनुपस्थित रहता है तो इस पर काउंसिल के सदस्यों के साथ चर्चा की जाएगी और बहुमत से निर्णय लिया जाएगा। इसके बाद ही सदस्यता समाप्त की जा सकती है, जो कि यहां नहीं किया गया।

**क्या है इस कार्रवाई की वजह** – डॉ. राकेश गुप्ता ने आरोप लगाया कि उन्होंने फार्मेसी काउंसिल में अध्यक्ष और रजिस्ट्रार द्वारा की गई अनियमितताओं की शिकायत की थी। इसके बाद रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर ने बदले की भावना से एकतरफा कार्रवाई की। उनका कहना है कि काउंसिल के अधिकारी और रजिस्ट्रार मिलकर अनियमितताओं और वित्तीय भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इस बारे में शिकायतें सबूत सहित मंत्री और सचिव स्तर तक की गई हैं। डॉ. राकेश गुप्ता ने यह भी कहा कि बिना सदन की बैठक बुलाए सदस्य की सदस्यता समाप्त करना प्रमाणित भ्रष्टाचार है। वे यह भी कहते हैं कि फार्मेसी काउंसिल के भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंका जाएगा।

**रजिस्ट्रार ने नहीं उठाया कॉल**

गौरतलब है कि काउंसिल में कार्यरत कर्मचारी अनिरुद्ध मिश्रा के फर्जी डिग्री के मामले में रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर ने एफआईआर दर्ज कराने की सहमति दी थी, लेकिन अब ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# गौरव मेहता के घर पर ईडी का छापा

**बिटकॉइन लेनदेन के मामले में चल रही कार्रवाई**

**रायपुर**, 20 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की है। महाराष्ट्र बिटकॉइन मामले से जुड़े होने के बाद ईडी ने गौरव मेहता के ठिकानों पर छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को गौरव मेहता के छत्तीसगढ़ ठिकानों पर छापेमारी की, जो कथित तौर पर चुनावी राज्य महाराष्ट्र में बिटकॉइन लेनदेन मामले से जुड़े हैं। यह छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग की चल रही जांच के तहत की जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मेहता के ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। भाजपा ने एनसीपी नेता और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले और कांग्रेस नेता नाना पटोले पर मौजूदा चुनावों में अवैध रूप से बिटकॉइन का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है, क्योंकि उसके नेताओं ने कथित तौर पर एक रिकॉर्डिंग चलाई है, जिसमें दावा किया गया है कि यह सुले की आवाज है। मेहता कथित तौर पर इन लेनदेन से जुड़े हैं। सांसद सुले ने आरोपों से इनकार किया है।

सूत्रों के अनुसार, ईडी मेहता और कुछ अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है, जिन पर आरोप है कि उन्होंने भोले-भाले लोगों से बिटकॉइन के रूप में बड़ी रकम (2017 में छह हजार 600 करोड़ रुपये) इकट्ठा की और बिटकॉइन के रूप में 10 प्रतिशत प्रति माह रिटर्न का झूठा वादा किया। यह मामला महाराष्ट्र और दिल्ली में दर्ज पुलिस एफआईआर से जुड़ा है।

## गर्मी में धान बोने वाले किसानों पर कार्रवाई की बात झूठी : साय

**रायपुर**, 20 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में रबी सीजन में धान बोआई पर सियासत गरमाई हुई है. कांग्रेस ने कहा था कि धमतरी, राजनांदगांव और रायपुर जिले के कलेक्टरों द्वारा आदेश जारी कर धान बोने वाले किसानों को हतोत्साहित किया जा रहा है. धान की जगह दलहन-तिलहन बोने के आदेश जारी किए गए हैं. वहीं सीएम विष्णुदेव साय ने कहा है कि गर्मी में धान की फसल लगाने पर कार्रवाई की बात पूरी तरह निराधार और फर्जी है. हमारी सरकार ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है. किसान निश्चिंत होकर गर्मी में धान की फसल लगाएं. इसमें कोई रोक नहीं है. हमारी सरकार किसानों के हित के लिए सदैव समर्पित है। बता दें कि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप लगाया था. उन्होंने कहा था कि धमतरी, राजनांदगांव और रायपुर जिले के कलेक्टरों द्वारा आदेश जारी कर धान बोने वाले किसानों को हतोत्साहित किया जा रहा है. धान की जगह दलहन-तिलहन बोने के आदेश जारी किए गए हैं. वहीं धान बोने पर किसानों पर कार्रवाई करने और जुर्माना लगाने मौखिक आदेश भी दिया गया है। धनेंद्र साहू ने ये भी कहा था कि आदेश लिखित में न देकर मौखिक आदेश अधिकारियों द्वारा दिया जा रहा है. धमतरी, राजनांदगांव और रायपुर जिले के कलेक्टरों द्वारा आदेश जारी कर धान की जगह दलहन-तिलहन की खेती करने किसानों पर दबाव बनाया जा रहा है. किसानों का अधिकार है कि खेत के अनुकूल फसल लगाएं. किसान कोई अफ़ीम या गांजा नहीं उगा रहे, जिसे सरकार बैन कर रही है, लेकिन अब ऐसा फरमान सरकार ने जारी किया है, जिससे सरकार की नीति पर सवाल उठ रहा है. किसान विरोधी नीति भाजपा सरकार ने लाई है।

# रायपुर में होगी सीडी कांड की सुनवाई

**राजेश मूणत ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर साधा निशाना**



**रायपुर**, 20 नवंबर (देशबन्धु)। कथित सेक्स सीडी कांड में सीबीआई के सुप्रीम कोर्ट में दीगर राज्य में सुनवाई करने के आवेदन को वापस लेने के साथ राज्य में सुनवाई होने का रास्ता खुल गया है. इस पर भाजपा विधायक राजेश मूणत ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि डर के कारण सीबीआई को प्रतिबंधित किया था.

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री बनने के बाद सबसे पहले सीबीआई को प्रतिबंधित किया था. मामले में चालान पेश होने वाला था, उससे पहले प्रतिबंध लगाया गया था. हमने कोर्ट में आवेदन दिया था, जिसके बाद यहां पर सुनवाई होगी.

वहीं मामले में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने गोलमोल करके इस पूरे प्रकरण को पेचीदा किया है. आने वाले दिनों में स्थिति स्पष्ट होगी. क्या-क्या कारण हैं, स्पष्ट होगा. किस प्रकार से केस वापस किया गया है, यह भी स्पष्ट हो जाएगा. सीबीआई ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में आवेदन देकर सेक्स सीडी कांड की सुनवाई दीगर राज्य में करने का आवेदन वापस ले लिया था. सीडी कांड 27 अक्टूबर 2017 को उजागर हुआ था. तत्कालीन रमन सिंह सरकार ने मामले की जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंप दिया था. इस प्रकरण में चालान पेश हो चुका है, लेकिन आगे की सुनवाई कानूनी अड़चनों के कारण नहीं हो पा रही है।

इस मामले में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल और कांग्रेस नेता विनोद वर्मा को गिरफ्तार भी किया था. मामले में विनोद वर्मा के नोएडा स्थित निवास पर भी छापेमारी की थी. यही नहीं वो करीब तीन महीने जेल में रहने के बाद जमानत पर छूटे थे. इस मामले में सीबीआई ने करीब 2 सौ लोगों को गवाह बनाया है।

# रायपुर में कचरे से बनेगी बिजली

## 350 करोड़ एडीबी से लोन पर तैयार होगा प्लांट

**रायपुर**, 20 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम दो अहम प्रोजेक्ट पर काम करने का प्लान बनाने की तैयारी है। राजधानी में हर दिन लगभग 700 टन कचरा निकलता है जिसे संकरी में डंप किया जा रहा है। इससे कचरे का पहाड़ लग गया है परंतु अब उसी कचरे से बिजली बनाने का प्रोजेक्ट तैयार करने पर मंथन हुआ है। इसके लिए 300 करोड़ रुपए का लोन एशियन डेवलपमेंट बैंक ;एडीबी लेने का प्रोजेक्ट तैयार होगा। इसी तरह गीले कचरे से बिरगांव में गैस बनाने की योजना है। रायपुर सहित इन 7 शहरों में कचरे से बनेगी बिजलीए लगेगा वेस्ट टू इलेक्ट्रिसिटी प्लांट केंद्र को भेजा 400 करोड़ का प्रस्ताव इन दोनों प्रोजेक्ट को लेकर विगत दिनों एडीबी के सदस्यों के साथ पूरे प्लान पर चर्चा हुई है जिससे यह निकलकर आया कि निगम डिटेल्स प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार शासन को भेजेगा। उसी आधार पर कचरे से बिजली और गैस बनाने के प्रोजेक्ट पर काम हो सकता है। इन दोनों



प्रोजेक्ट के लिए 350 करोड़ रुपए की जरूरत पड़ेगी। क्योंकि अभी कचरा प्रबंधन सही तरीके से हो न रही है। इससे पर्यावरण और जलवायु को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इसका आम शहरी पर भी काफी दुष्प्रभाव पड़ता है। परंतु कचरे से बिजली व गैस बनाने का प्लांट लगने से कचरे पूरा सदुपयोग होने लगेगा।

**रोज 700 टन जमा होता है कचरा**–शहर के 70 वार्डों और बाजारों से रोजाना लगभग 700 टन कचरा निकल रहा है। शास्त्री बाजार से ही दो से टन निकलता है। इसी कचरे के प्रबंधन के लिए रामकी कंपनी को ठेका दिया गया है। कंपनी प्रोसेसिंग होने वाला फायदा अभी खुद उठा रही है। कचरे से बिजली बनाने का प्लांट लगा ने से निगम को फायदा होने लगेगा और कचरा प्रबंधन भी सही तरीके से होगा।

**लगभग 8 यूनिट बिजली रोज बनेगी**–अब शहर के मुक्कड़ों और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का ठेका रामकी कंपनी को करोड़ों रुपए का दिया गया है। यही कंपनी संकरी में प्रोसेसिंग प्लांट लगाई है। लेकिन कचरा प्रबंधन का अभी बुरा हाल है। ऐसे में बिजली बनाने की कवायद चल रही है। संकरी प्लांट के कचरे से बिजली ➤➤ शेष पृष्ठ 4 पर ➤

# रायपुर एयरपोर्ट से सिंगापुर और दुबई के लिए सीधी उड़ान जल्द

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात के दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने दी हरी झंडी



**रायपुर**, 20 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली स्थित राजीव गांधी भवन में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाक़ात की। बैठक में राज्य की हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करने और क्षेत्रीय हवाई अड्डों के विकास के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। केंद्रीय मंत्री ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से जल्द ही अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा शुरू करने पर अपनी सहमति जताई है। इसके साथ ही रायपुर एयरपोर्ट पर कार्गो हब विकसित करने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी एवं रायपुर एयरपोर्ट से पटना एवं रांची के लिए भी हवाई सेवा शुरू करने की सहमति मिली है।

मुख्यमंत्री साय ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा देने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा की बड़ी संभावनाएं हैं। इस कदम से राज्य के आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा और वैश्विक स्तर पर कनेक्टिविटी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में अंतरराष्ट्रीय यात्री ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए रायपुर से सिंगापुर और दुबई के लिए सीधी उड़ानों की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन मार्गों पर यात्री ट्रैफिक काफी अच्छा है, जिससे ये सेवाएं व्यावसायिक रूप से लाभकारी साबित होंगी। केंद्रीय उड्डयन मंत्री ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से जल्द ही अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा शुरू करने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई है।

श्री साय ने राज्य में वर्तमान में कोई बड़ा कार्गो सुविधा केंद्र नहीं होने की जानकारी देते हुए रायपुर के एयरपोर्ट को एक केंद्रीय कार्गो हब में विकसित करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि इससे कृषि और बागवानी उत्पादों के परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। केन्द्रीय मंत्री ने इस प्रस्ताव पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बैठक में बिलासपुर एयरपोर्ट के लिए 3ष्ट ड्डस्न्नक्र कैटेगरी में अपग्रेडेशन का प्रस्ताव भी रखा है। मुख्यमंत्री साय ने इसके लिए रेडियो नेविगेशन सिस्टम डीवीओआर की इंस्टॉलेशन प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का अनुरोध किया है। केन्द्रीय मंत्री ने बिलासपुर एयरपोर्ट पर विमानों की नाईट लैंडिंग में आ रही दिक्कतों को देखते हुए इसे तुरंत शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री ने अंबिकापुर एयरपोर्ट को रायपुर, वाराणसी, प्रयागराज और अयोध्या जैसे प्रमुख शहरों से जोड़ने के लिए नई उड़ानों की शुरुआत की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा क्षेत्र की सांस्कृतिक और खनिज संपदा को देखते हुए नई उड़ान सेवा शुरू करने से लोगों को काफी लाभ होगा, जिस पर भी केन्द्रीय मंत्री ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने जगदलपुर और बिलासपुर एयरपोर्ट्स पर आरसीएस उड़ानों के लिए वित्तीय सहायता को बहाल करने की भी मांग की है। उन्होंने बताया कि इन रूट्स पर कनेक्टिविटी बढ़ाने से क्षेत्रीय विकास में मदद मिलेगी। साय ने बताया कि जगदलपुर से रायपुर के बीच इंडिगो एयरलाइंस द्वारा संचालित उड़ान सेवा को कम यात्रियों के चलते बंद कर दिया गया था। इसे पुन: सही समय पर शुरू करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि बस्तर में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए इस मार्ग पर हवाई कनेक्टिविटी की भारी मांग है। केंद्रीय मंत्री ने अन्य प्रस्तावों पर भी सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है।

इस दौरान मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत एवं नई दिल्ली में पदस्थ छत्तीसगढ़ की इन्वेस्टमेंट कमिश्नर श्रीमती ऋचु सैन भी उपस्थित थीं।

**68वीं राष्ट्रीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता 25 से**

**महासमुंद** 20 नवंबर (देशबंधु)। 68वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं की हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन महासमुंद नगर में 25 से 29 नवंबर तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 700 खिलाड़ी और 200 अधिकारी भाग लेंगे।



# सरचार्ज राशि में एकमुश्त भुगतान पर 50.30 प्रतिशत की छूट

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर विकास प्राधिकरण संचालक मंडल ने आज जनहित में दो महत्वपूर्ण फैसले किए। इसमें आवंटतियों को बकाया राशि के एकमुश्त भुगतान पर आवासीय योजनाओं में 50 प्रतिशत व व्यावसायिक योजनाओं में एक मुश्त भुगतान पर 30 प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैट्स में रखरखाव और और जलकर की सरचार्ज राशि में पूरे 100 प्रतिशत की छूट एकमुश्त भुगतान किए जाने पर दिया जाएगा। यह छूट 31 मार्च 2025 तक ही दी जाएगी। जनहित में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में डा श्यामाप्रसाद मुखर्जी आवासीय फ्लैट्स के निरस्त किए गए फ्लैट्स को पुन: बहालीकरण करने का निर्णय लिया गया है। संचालक मंडल की बैठक आज प्राधिकरण कार्यालय में अंकित आनंद सचिव आवास एवं पर्यावरण एवं अध्यक्ष रायपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

संचालक मंडल ने केन्द्रीय माल एवं सेवा कर जीएसटी के आर्बिट्रेशन बैंच व आर्बीट्रेशन सेल के कार्यालय के लिए न्यू राजेन्द्रनगर स्थित गोविन्द सारंग व्यावसायिक परिसर के व्दितीय व तृतीय तल पर 21847 वर्गफुट के निर्मित कार्यलय भवन को मासिक किराये पर देने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। देवेन्द्रनगर में पी एम एकता माल बनने के कारण छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड मुख्यालय को न्यू राजेन्द्रनगर के भक्त माता कर्मा व्यावसायिक परिसर के प्रथम तल और गोविन्द सारंग व्यावसायिक परिसर के व्दितीय तल 4781 वर्गफुट निर्मित क्षेत्र मासिक किराये पर आवंटित करने के प्रस्ताव को भी संचालक मंडल ने



- **बकाया 175 करोड़ और सरचार्ज 41 करोड़ रुपए**
- **डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आवास में निरस्त फ्लैट्स का होगा बहालीकरण**

अपनी स्वीकृति दी। संचालक मंडल की बैठक में सरचार्ज में छूट के प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी गई कि आरडीए की पुरानी योजनाओं सहित कौशल्या माता विहार इन्द्रप्रस्थ रायपुरा बोरियाखुर्द सहित सभी योजनाओं में कुल 175 करोड़ बकाया की मूल राशि है जिसमें 41 करोड़ रुपए सरचार्ज लिया जाना है। चूंकि आवंटितियों व्दारा बैंकों से ऋण लिया गया है और उनके व्दारा किस्तों का भुगतान किया जा रहा है साथ ही कुछ आवंटिती किराये के मकान में रह रहें है। फलस्वरुप आवंटितियों व्दारा प्राधिकरण प्रशासन से काफी समय से सरचार्ज राशि में छूट देने की मांग की जा रही थी। इसीलिए प्राधिकरण के संचालक मंडल की बैठक में सरचार्ज राशि में छूट का प्रस्ताव लाया गया। बैठक में बताया गया कि सरचार्ज में छूट का लाभ कौशल्या माता विहार और इन्द्रप्रस्थ के भूखंडधारियों को नहीं दिया जाएगा। प्राधिकरण कार्यालय में हुई बैठक में हीरापुर रायपुरा सरोना और बोरियाखुर्द योजना के डा श्यामाप्रसाद मुखर्जी आवासीय फ्लैट्स जो 2007 में न्यून निम्न आय वर्ग के लिए बनाए गए थे पूर्व के मूल आवंटतियों जिनके फ्लैटस् निरस्त कर दिए गए थे उन्हीं को बहालीकरण के अन्तर्गत पुन: आवटित किए जाएगें। इसके अन्तर्गत फ्लैट्स जहां हैं जैसे हैं के आधार पर संबंधित मूल आवंटितियों के आवेदन दिए जाने व उसका बहालीकरण किया जाएग। इसमें जिस अवधि का बकाया राशि है उस पर सरचार्ज की 12 प्रतिशत राशि एकमुश्त जमा करने पर उनके फ्लैट्स का बहालीकरण किया जाएगा। ऐसे फ्लैटस केवल मूल आवंटितियों को ही दिए जाएंगें किरायेदार या काबिज व्यक्ति को नहीं।

# प्रत्येक जीवन मृत्यु के लिए, यही संसार का परम सत्य है : रत्लेश प्रपन्नाचार्य

**रायपुर**, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। संचय का अंत विनाश है इसलिए संचय के चक्कर में नहीं पढ़ना चाहिए। हर ऊंचाई का अंत एक दिन नीचे आना है। हर जीवन मृत्यु के लिए ही है यह संसार का परम सत्य है। ऐसा कोई नहीं है जो संसार में जन्म लिया हो और मरा ही ना हो। यह बातें अवधपुरी धाम से पधारे हुए अनंत श्री विभूषित श्री स्वामी रत्लेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने श्री दूधाधारी मठ सत्संग भवन में आयोजित संगीतमय में श्री राम कथा एवं भव्य संत सम्मेलन में श्रोताओं को श्री राम कथा का रसपान कराते हुए अभिव्यक्त किया। उन्होंने कहा कि- मौत आती नहीं है बल्कि जन्म के साथ मृत्यु चलती है। जीवन और मृत्यु नदी के दो किनारे की तरह हैं, जन्म के साथ मृत्यु संलग्न है। श्वास का चलना जीवन और रुक जाना मृत्यु है। जो संसार के संबंध हैं वह भी स्थाई नहीं है। व्यक्ति में तीन बातें होनी चाहिए प्रथम अंदर और बाहर धार्मिकता होनी चाहिए, द्वितीय हिंसा का नितांत अभाव तथा तीसरा गुरु के चरणों के प्रति निष्ठा होनी चाहिए। ?सच्चा धर्म क्या है ? इस बात की व्याख्या करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि- सच्चा धर्म वह है जिसमें त्याग हो, भगवान श्री रामचंद्र जी ने अयोध्या की संपत्ति का त्याग कर दिया और श्री भरत जी ने भी उस संपत्ति के प्रति त्याग को ही अपनाया। संत तब क्रोधित होते हैं जब कोई भगवान पर प्रहार करता है और भगवान तब क्रोधित होते हैं जब कोई धर्म विरुद्ध व्यवहार करता है। राजा सिंहासन पर यदि राजा बनाकर राज्य करता है तब राम राज्य नहीं आता। जब राजा सेवक बनाकर राज्य करता है तब राम राज्य की स्थापना होती है। मन, वचन और कर्म से पति के चरणों में प्रेम करना ही पतिव्रत धर्म है। स्त्री के लिए सबसे बड़ा धर्म पति की सेवा करना ही है। जीवन में जब काम या वासना आए तो हमारी दृष्टि या तो भगवान की ओर होनी चाहिए या भक्ति की ओर।



वासना की सुंदरता तभी तक टिकी रह सकती है जब तक उस पर वैराग्य की दृष्टि न पड़ जाए। शूर्पणखा ने देखा कि सीता के कारण प्रभु राम और लक्ष्मण उससे विवाह करने के लिए राजी नहीं हो रहे हैं तब उसने सीता को ही मार डालने की योजना बना ली। ध्यान रहे भक्ति को मार कर कोई भगवान को प्राप्त नहीं कर सकता। इसलिए श्री लक्ष्मण जी ने उनकी नाक और कान को काट दिया। जो वेश बनाते हैं उन्हें आचरण करने नहीं आता रावण ने सन्यासी का वेश बनाया और त्रीदण्ड के ऊपर कमंडल लटकाया जबकि सन्यासी कभी भी त्रीदण्ड के ऊपर कमंडल नहीं लटकते।

# सांसद बृजमोहन ने परिवार के साथ देखी द साबरमती रिपोर्ट

**रायपुर**, 20 नवंबर (देशबन्धु)। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को पीवीआर सिनेमा, मैग्नेटो मॉल में अपने परिवार विधायक राजेश मूणत मोतीलाल साहू, पूर्व सांसद सुनील सोनी समेत सैकड़ों समर्थकों के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी।

सिनेमा हॉल से निकलने के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, द साबरमती रिपोर्ट फिल्म आज से 22 साल पहले गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन को जलाने के भयावह हादसे के सत्य को उजागर करने का अत्यंत सराहनीय और प्रभावशाली प्रयास है।



फिल्म के निर्माता और निर्देशक ने उस सच को जनता के सामने लाए है।

इस फिल्म के माध्यम से पूरे देश को सच मालूम चलेगा कि, 27 फरवरी को गुजरात के गोधरा स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस में क्या हुआ था, कैसे हुआ था और किसने किया था। इस फिल्म का उद्देश्य न केवल उस दिन की घटनाओं को दिखाना है, बल्कि तात्कालिक सामाजिक, राजनीतिक गठजोड़ को भी उजागर करना है। जिसने झूठे नरेटिव फैलाकर सत्य को दबाने का घृणित प्रयास किया था। यह केवल एक फिल्म नहीं है, बल्कि यह उस हादसे के पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसके लिए निर्देशक धीरज सरना समेत पूरी टीम को बधाई देता हूं, साथ ही जनता से अपील करता कि सभी इस फिल्म को जरूर देखें। ताकि वे अतीत की त्रासदी से सीख लें और भविष्य में एक बेहतर समाज के निर्माण में योगदान दें।

# अम्बेडकर अस्पताल में 1 दिसंबर से खुलेगा नशा मुक्ति केंद्र

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने पं जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय के स्वशासी समिति की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक ली। इस बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए है। अम्बेडकर अस्पताल में 1 दिसंबर से नशा मुक्ति केंद्र खुलेगा। इसका संचालन चिकित्सालय के मनोरोग विभाग द्वारा किया जाएगा। इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2024.25 के स्वशासी बजट के अंतर्गत अभी तक हुए आय.व्यय की समीक्षा की गई। बैठक में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ संतोष सोनकर ने जानकारी दी कि चिकित्सालय के किराया कक्षों ;पेइंग वार्डों के नवीनीकरण हेतु 26 एसी केजुअल्टी विभाग हेतु 09 एसी और सीटीवीएस विभाग हेतु 05 एसी के क्रय की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। डॉण् सोनकर ने बताया कि चिकित्सालय में साइनेज बोर्ड लगाये जाने एवं अन्य नवीनीकरण कार्य करवाये जाने से संबंधित प्रस्ताव कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा को प्रेषित किया जा चुका है। चिकित्सालय के रेडियोडायग्नोसिस विभाग के लिए एक प्रेशर इंजेक्टर मशीन के क्रय की कार्यवाही सीजीएमएससी द्वारा की जा रही है। यह मशीन सीटी स्कैनए एमआरआई और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के लिए बेहद उपयोगी है। चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉण् विवेक चैधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत बैठक में फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के अंतर्गत होने वाले पोस्टमार्टम कार्य हेतु एक नग नवीन वर्चुअल पोस्टमार्टम मशीन के क्रय किये जाने की अनुशंसा की गई थी जिसके अंतर्गत वर्तमान में मशीन का स्पेसिफिकेशन तैयार किया जा रहा है। वर्चुअल पोस्टमार्टम मशीन के लिए संबंधित फर्म को बुलाकर पहले उसका डेमोंस्ट्रेशन लिया जाएगा। उसके बाद क्रय हेतु सीजीएमएससी को मांगपत्र भेजेंगे। डा चौधरी द्वारा जानकारी दी गई कि नवीन स्वशासी नियमावली में अन्य आकस्मिक व्यय हेतु अधिष्ठाता एवं अधीक्षक को 5 लाख रुपये तक स्वीकृति एवं भुगतान की वित्तीय शक्ति प्रदान की गई है। इसके साथ ही प्रबंधकारिणी समिति को प्रतिकार्य 2 करोड़ रुपये तथा वित्त समिति को प्रतिकार्य 10 लाख रुपये व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई है। चिकित्सालय के उपयोग हेतु 02 नग ए एल एस एम्बुलेंस शीघ्र क्रय करने हेतु निर्देशित किया गया। चिकित्सालय के मनोरोग विभाग में आगामी 01 दिसंबर से नशा मुक्ति केन्द्र प्रारंभ किया जाएगा। वर्तमान में चिकित्सालय के रेडियोलॉजी विभाग में उपलब्ध सीटी स्कैन एवं एमण् आर आइ मशीन पुराने हो चुके हैं।



- **पेइंग वार्डों में एसी की मिलेगी सुविधा**
- **कमिश्नर कावरे ने ली चिकित्सा महाविद्यालय एवं अम्बेडकर अस्पताल के स्वशासी समिति की बैठक**

# अजय तिवारी बने छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ के अध्यक्ष

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। विगत दिनों छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ छ.ग. के आमसभा की बैठक हुई। जिसमें निम्न पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया अजय तिवारी अध्यक्ष रायपुर, कुंजबिहारी मिश्रा उपाध्यक्ष बिलासपुर,ी बीसिद्दीकी महामंत्री रायपुर,ी अमित दास सह.मंत्री जगदलपुर, जीवराखन लाल देवागन कोषाध्यक्ष कार्यकारिणी सदस्य छुरी कोरबा, प्रशांत कुमार घोष धमतरी, बद्रीप्रसाद बॉम्बी बस्तर,डा जया द्विवेदी रायगढ् नरेन्द्र जाधव तिल्दा.रायपुर उपरोक्त जानकारी संस्था के अध्यक्ष अजय तिवारी



# कुलपति हो या कुल सचिव सीनियर सिटीजन पेंशनर का अपमान नहीं सहेंगे : विजय झा

**रायपुर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। पं रविशंकर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्ति पेंशनर्स अपने पेंशन पुनर्निर्धारण व कुछ पेंशनरों को छठवें वेतनमान में तथा कुछ को सातवें वेतनमान के आधार पर अर्जित अवकाश नगदीकरण की राशि देने के विरोध में धरना प्रदर्शन कर अपनी जायज मांग के लिए मौन प्रदर्शन कर रहे हैं। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा, विश्वविद्यालय पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र व सचिव तीर्थ राम यादव ने बताया है कि उक्त भुगतान न होने से नाराज सेवानिवृत्त पेंशनर विश्वविद्यालय में निरंतर आंदोलन कर रहे हैं। सभी आंदोलनकारी 60 वर्ष से अधिक है क्योंकि 62 वर्ष में सेवानिवृत हुए हैं। इन सीनियर सिटीजनों ने पूर्व में 18 नवम्बर को पत्र देकर चर्चा करने के लिए गये थे उस दौरान कुल सचिव द्वारा दुर्व्यवहार किया गया है। इसकी शिकायत उच्च शिक्षा मंत्री व राज्यपाल व मुख्यमंत्री से किया जा रहा है। श्री झा ने कहा है एक पेंशनर खिलावन यादव जी का सी. पी. यफ. की राशि का भुगतान 1036832/ रुपये शाम को किया गया सेवानिवृत कर्मचारियों के आज के मौन प्रदर्शन के पूर्व प्रात: 11 बजे छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के आव्हान पर सेवानिवृत समस्त वर्ग के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारीगण मूर्ति चौक में एकत्रित होकर 11.11 बजे में स्वामी विवेकानंद जी के गार्डन में विवेकानंद जी की मूर्ति में पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद विवेकानंद जी गार्डन की माटी लेकर समस्त कर्मचारियो को तिलक लगाकर प्रशासनिक भवन से लगे पं रविशंकर शुक्ल जी की तैल चित्र में भी पुष्पांजलि श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कारीडोर में समस्त सेवानिवृत कर्मचारीगण शांति पूर्ण मौन बैठकर अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस क्रमबद्ध व चरणबद्ध आंदोलन के दौरान कुल सचिव ने पेंशनरों को चर्चा के लिए आमंत्रित तक नहीं किया। किंतु उन के द्वारा पूर्व में किया गया व्यवहार अशिसष्ट था। जिसका सर्वत्र निंदा किया जा रहा है। श्री झा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से मांग की है कि विश्वविद्यालय के पेंशनरों को जब तक नियमानुसार सातवें वेतन मान के अनुसार पेंशन नहीं मिल जाता, तब तक कुलपति व कुल सचिव के वेतन आहरण पर रोक लगाया जाना चाहिए। ताकि प्राकृतिक न्याय का सिद्धांत विश्वविद्यालय में लागू हो सके। विश्वविद्यालय के अधिकारी केंद्र सरकार से प्राप्त राशि का ऐसो आराम सुख सुविधा में दुरुपयोग करते हैं और उनके नाक के नीचे सेवानिवृत कर्मचारी जो पूरा जीवन विश्वविद्यालय के मान सम्मान प्रतिष्ठा में अर्पित किए हैं उन्हें पेंशन की सुविधा उपलब्ध कराने में कोई रुचि नहीं लेते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का व्यवहार अत्यंत अनुचित है। इससे निंदा को भी निंदा आती है। खिलावन् यादव जी को राशि प्राप्त होने के उपरांत अभी आंदोलन स्थगित किया गया है, अर्जित अवकाश नगदीकरण के अंतर की राशि सभी प्रभावित लोगों को मिलने के बाद ही यह हड़ताल खत्म किया जायेगा।



# अड्डे बदमाशों लिस्टेड गुंडा और अपराध के जड़ नशे के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश

**रायपुर एसएसपी डॉ. संतोष सिंह द्वारा कंट्रोल रूम में ली अपराध समीक्षा बैठक**

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष सिंह द्वारा कंट्रोल रूम में रात्रि अपराध समीक्षा बैठक लेना शुरू किया जो देर रात्रि तक चलती रही। जिले के थाना प्रभारी और राजपत्रित अधिकारियों को अचानक बुला अपराधियों पर कठोरतम कार्यवाही के निर्देश दिए गए। प्रभारियों को अड्डेबाजों बदमाशों लिस्टेड गुंडा और नशे पर जीरो टॉलरेंस पर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए। अधिकांश गंभीर अपराधों की जड़ में नशा हैं इसलिए नशे के विरुद्ध कार्यवाही अभियान और तेज करने को कहा। सार्वजनिक जगहों पर नशाखोरी और नशे में गाड़ी चलाने पर सख्त कार्यवाही कर ऐसे लोगों में भय पैदा करें। अपराध घटित होने पर पुलिस का रिएक्शन तेज होना चाहिए ताकि अपराधी पकड़ा जाए और भय बने। आदतन बदमाशों की जमानत निरस्त एनएस एक्ट के तहत प्रकरण प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जिला बदरए फरार की संपत्ति कुर्की करवाने का निर्देश दिए। गश्त के दौरान चेकिंग बढ़ाने का निर्देश दिया। अपराध के हिसाब से चिन्हित सेंसिटिव जगहों पर लगातार पेट्रोलिंग और लोगों के साथ मीटिंग करने को कहा। अपराध समीक्षा दौरान दर्ज प्रकरणों में तेजी से चालान करने को कहा ताकि पीड़ित को न्याय मिलें। इस वर्षांत तक अपराध पेंडेंसी न्यूनतम करने का निर्देश दिया।



## निधन

### एमएम वशिष्ठ

**भिलाईनगर,** 20 नवंबर। बीएसपी के पूर्व उप प्रबंधक, समाजसेवी व ब्राम्हण समाज तथा व्रज मंडल भिलाई के वरिष्ठ सदस्य एमएम वशिष्ठ 94 का 19 नवंबर की रात निधन हो गया। वे लंबे समय से आयु सबंधी समस्याओं के चलते अस्वस्थ थे। बुधवार 20 नवंबर को उनके निवास स्थान मकान नंबर 457/08 सड़क 21 I/ए आशीष नगर पश्चिम रिसाली निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकली। दोपहर 1 बजे निकलकर रिसाली मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त जनसंपर्क सहायक अनिल वशिष्ठ, कुमुद शर्मा के पिता थे।



# सार्वजनिक स्थानों पर फेंका कचरा 7 के खिलाफ चालानी कार्रवाई

**महासमुंद** 20 नवंबर (देशबंधु)। नगर पालिका की टीमों ने सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंककर गंदगी करने के मामले में पिछले तीन दिनों में कुल सात लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 4600 रुपए का जुर्माना वसूल किया है। उक्त कार्रवाई सड़कों के साथ स्ट्रीट वेंडिंग का कार्य करने वालों सहित बाजार क्षेत्रों के दुकानदारों व इधर.उधर कचरा फेंकने वालों पर की गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पाण्डेय ने बताया कि सफाई व्यवस्था को खराब करने वालों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## कैपिटल जोन का शेष...

### फिर विवादों में घिरे ...

तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके अलावा, फर्जी रजिस्ट्रेशन के मामले में भी रजिस्ट्रार ने स्नह्लक्रदर्ज करने की सहमति दी थी, लेकिन रजिस्ट्रार बनने के बाद कोई कदम नहीं उठाया गया। रजिस्ट्रार द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर उठाए जा रहे सवालों का जवाब लेने के लिए रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर को कई बार कॉल किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### रायपुर में कचरे से बनेगी ...

और गीले कचरे से कंप्रेस बायो गैस का प्लांट लगाने का प्रोजेक्ट तैयार होगा। यह प्रस्ताव बनाकर नगर निगम राज्य शासन को भेजेगा। तब एडीबी से 350 करोड़ रुपए का लोन मिलेगा।

निगम अफसरों के अनुसार अभी पूरी प्रक्रिया प्राथमिक तौर पर है। संकरी में शहर का पूरा कचरा डंपिंग ग्राउंड बनाया गया है। जहां रामकी कंपनी के साथ ही निगम के स्वास्थ्य विभाग की गाड़ियों से भी परिवहन कराया जाता है। प्लांट लगने से हर लगभग 8 यूनिट बिजली कचरे से तैयार होने लगेगी। इससे स्ट्रीट लाइटों का बिजली बिल भुगतान का भार कम होगा।

# दिल्ली के भारत मंडपम में छत्तीसगढ़ दिवस पर डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर कृत लोकरंजनी की रंगारंग प्रस्तुति हुई

**रायपुर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे 43 वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में 20 नवंबर को छत्तीसगढ़ दिवस का आयोजन हुआ इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री मान. विष्णुदेव साय जी की गरिमामय उपस्थित रही। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और परंपरागत लोक नृत्यों की प्रस्तुति डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर कृत लोकरंजनी लोककला सांस्कृतिक मंच द्वारा दी गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ दिवस हमारे राज्य की संस्कृति परंपराओं और प्रगति को देश - दुनिया के सामने पेश करने का अवसर है। यह विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने की दिशा में अहम कदम है।

इस वर्ष की थीम विकसित भारत 2047 को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ ने अपने स्टॉल और कार्यक्रमों को तैयार किया है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में राज्य ने औद्योगिक निवेश रोजगार सृजन और आदिवासी क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है इस आयोजन में राज्य की संस्कृति के साथ-साथ विकास के प्रयासों को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के सामने रखा। शाम 5-30 बजे से नई दिल्ली के एम्फी थिएटर-1 भारत मंडपम (हॉल नंबर 5 के सामने) लोकरंजनी लोक कला मंच डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर कृत छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम गौरा- गौरी, भोजली, राउत नाचा, सुआ,,पंथी और कर्मा जैसे पारंपरिक लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी गई। यह नृत्य छत्तीसगढ़ की लोक कला और सांस्कृतिक विविधता को जीवंत करेंगे गौर नृत्य की सामूहिक और भव्य प्रस्तुतियां गौरा - गौरी, की धार्मिक परंपरा सुआ नृत्य के भावपूर्ण गीत और राउत नाचा की ऊर्जा दर्शकों को छत्तीसगढ़ की जीवंत लोक परंपराओं से जोड़ेगी पंथी और करमा नृत्य अपनी आध्यात्मिकता और भक्ति भाव से कार्यक्रम में अलग रंग भरें।

व्यापार मेले में छत्तीसगढ़ का पवेलियन इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है यहां ढोकरा कला, बस्तर की पारंपरिक कला और कोसा सिल्क जैसे पारंपरिक शिल्पो को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही राज्य के औद्योगिक उत्पादन हर्बल उत्पाद और ग्रामोद्योग की उपलब्धियां भी प्रदर्शनी का हिस्सा है।



**दिल्ली में मुख्यमंत्री साय ने किया डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर का सम्मान**

# अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 की मौत

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर गए। वे बुरी तरह घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहां से गुजर रहे राहगीर ने लाश देखी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मामले में आरोपी फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। घटना अभनपुर थाना क्षेत्र की है।जानकारी के मुताबिक अभनपुर.धमतरी मार्ग में सातपारा गांव के पास बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवको की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। मृतक थुहा बंगोली गांव निवासी भूपेंद्र कुर्रे और किशोर कुर्रे है। वे दोनों बाइक में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।अभनपुर पुलिस इस मामले में आगे की जांच पड़ताल कर रही है।

- **सड़क पर पड़ी थी युवकों की लाश**
- **राहगीरों ने दी पुलिस को सूचना**

**आरोपी गिरफ्त से बाहर**

आसपास से गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची। जिसके बाद लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। इस मामले में फिलहाल आरोपी वाहन चालक की पहचान नहीं हो पाई है। वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। अभनपुर पुलिस इस मामले में आगे की जांच पड़ताल कर रही है।

# राजधानी बना अपराध का गढ़

## 48 घंटे के भीतर तीन मर्डर और गैंगरेप के बाद फिर मिली एक लाश

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर इन दिनों अपराधों का गढ़ बनती जा रही है पिछले 48 घंटों के भीतर हुई घटनाओं ने पूरे शहर को दहला दिया है तीन हत्या और एक गैंगरेप की घटना के बाद अब शहर में एक अधेड़ व्यक्ति की लाश संदिग्ध हालत में नाले में मिली है लगातार हो रही इन वारदातों ने कानून.व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### नाले में मिली अधेड़ की लाश

ताजा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है इंडोर स्टेडियम के पास नाले में एक अधेड़ व्यक्ति की लाश मिली ह जिससे इलाके में सनसनी फैल गई प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है घटना स्थल पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समेत दो टीआई और भारी पुलिस बल मौजूद है कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है

### फावड़े से मारकर दोस्त की हत्या

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात एक मजदूर ने अपने साथी की फावड़े से हत्या कर दी दोनों के बीच पैसों को लेकर विवाद हुआ था आरोपी नोहर मानिकपुरी ने संतोष कुमार पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है जानकारी के अनुसार विनायक सिटी में मजदूरी का काम करने वाले संतोष कुमार ;40 वर्ष और नोहर मानिकपुरी ;23 वर्ष साथ में ही रहते थे देर रात दोनों ने खाना खाने के बाद साथ बैठकर शराब पी इस दौरान संतोष ने नोहर को ताना मारते हुए कहा कमाई के कुछ पैसे घर भी भेज दिया कर ये बात नोहर को नागवार गुजरा इसके बाद दोनों के बीच गाली.गलौज और हाथापाई शुरू हुई वहीं नोहर ने संतोष का गला दबाकर फावड़े से उसके सिर पर कई वार कर लहूलुहान कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई मामले में पुलिस ने आरोपी नोहर को गिरफ्तार कर लिया है।

**राजधानी में विवाहिता से गैंगरेप:** गुढ़ियारी इलाके में एक 22 वर्षीय विवाहिता के साथ उसके रिश्तेदार और उसके दोस्त ने मिलकर गैंगरेप की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए आरोपियों की पहचान बिज्जू मरकाम और बिहारी के रूप में हुई है पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है

### डबल मर्डर के बाद मचा बवाल

सोमवार ;18 नवंबर की शाम विधानसभा थाना क्षेत्र में आमासिवनी शराब दुकान के पास दो गुटों में गैंगवार हुई जानकारी के अनुसार हरीश साहू और उसके साथियों ने रोहित सागर पर चाकू और लाठियों से हमला किया इस हमले में रोहित सागर की मौत हो गई उसकी हत्या की खबर लगते ही रोहित गैंग के लोग भी भड़क गए आरोपी बड़ी संख्या में हरीश साहू के घर पहुंचे और उसे घसीटकर घर से बाहर निकाला और किडनैप कर करीब सवा तीन किलोमीटर दूर खालबाड़ा की ओर ले गए जहां आरोपियों ने हरीश कुर्सी से बांधकर टॉर्चर किया इस दौरान उस पर चाकू से भी हमले किए जिससे हरीश की मौके पर ही मौत हो गई इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 11 लोंगो गिरफ्तार किया है पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है

### गृहमंत्री विजय शर्मा दे इस्तीफा: सुबोध हरितवाल

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल ने कहा कि रायपुर में रोजाना हो रही हत्या, लूट, साइबर ठगी, बलात्कार समेत अपराधों से अब राजधानीवासी तंग आ चुके हैं राजधानी में रहना अब सुरक्षित नहीं रहा पिछले 11 महीनों में प्रशासन और पुलिस का प्रभाव शून्य हो चुका है और लगातार हो रही घटनाएं ये बताती है कि गृह मंत्री विजय शर्मा लॉ एंड ऑर्डर स्थापित करने में पूर्णतः विफल हो चुके है उन्हें ;विजय शर्मा को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए

# अवैध रूप से मवेशी तस्करी, 2 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति एक पिकअप वाहन में मवेशी भरकर चंदखुरी मंदिर हसौद रायपुर से उडीसा की ओर परिवहन कर रहे है। जिस पर थाना प्रभारी मंदिर हसौद निरीक्षक सचिन सिंह को अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस की टीम द्वारा वाहन एवं व्यक्तियों की पतासाजी करना प्रारंभ करते हुए टीम के सदस्यों द्वारा ग्राम छतौना चौक स्थित एन.एच 53 में नाकेबंदी पाईंट लगाया गया। इसी दौरान मुखबीर द्वारा बताये पिकअप वाहन को आता देख पुलिस टीम के सदस्यों द्वारा वाहन को रोकवाया गया। पिकअप वाहन में 02 व्यक्ति सवार थेए जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम नकुल हंस निवासी नुवापाडा उडीसा एवं शाहरूख कुरैशी निवासी श्यामली उ.प. का होना बताया तथा उनका पिकअप वाहन का पीछे का भाग तिरपाल से ढ़का हुआ था जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा तिरपाल को खोलकर देखने पर पाया गया कि वाहन में 5 नग मवेशी भैंस को बिना चारा पानी दिये क्रुरता पूर्वक भरकर परिवहन किया जा रहा था। व्यक्तियों से मवेशी परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी नकुल हंस एवं शाहरूख कुरैशी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 नग मवेशी भैंस एवं मवेशी परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक ओडी 26 ई 8591 जुमला कीमती लगभग 15 00 000 रूपये जप्त कर दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा छ ग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 6ए 10 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# अवैध रूप से शराब बिक्री करते युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभारी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है जिस पर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य मुखबीर से सूचना मिला कि रेल विहार कालोनी एक्सप्रेस.वे ब्रिज के पास एक लड़का जो नीला कमीज और जींस पेंट पहना है एक विमल पान मसाला कपड़े के थैला में अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु खड़ा एवं ग्राहक की तलाश कर रहा है कि सूचना पर थाना स्टाफमुखबीर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर एक लड़का को विमल पान मसाला कपड़ा के थैला सहित पकड़ा गया नाम पता पुछने पर अपना नाम रंजीत ध्रुव उर्फ कोंदा पिता स्व. वासुदेव धुव्र उम्र 30 साल साकिन ग्राम मवारीभाठा कलेक्टर आफिस के पीछे थाना कोतवाली महासमुंद हाल पता चूनाभट्ठी बंधनपारा थाना गंज रायपुर का रहने वाला बताया पास रखे विमल पान मसाला कपड़ा के थैला की तलाशी लेने पर 30 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की अंगेजी शराब प्रत्येक 180 एमएल सीलबंद एवं 06 पौवा शोले देशी मदिरा मसाला प्रत्येक 180 एमएल सीलबंद कुल 6,480 बल्क लीटर शराब गवाहों के समक्ष जप्त किया गया आरोपी का कृत्य धारा 34;2 आबकारी अधिनियम का पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर विवेचना में लिया गया है। थाना क्षेत्र में नशे के सामग्री शराब गांजा एवं अन्य मादक पदार्थ की अवैध बिक्री करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही लगातार की जा रही है।

# राजधानी में बढ़ते अपराध के बीच बड़ी कार्रवाई

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी में लगातार हो रहे अपराध के बीच जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है रायपुर जिले के तीन आदतन अपराधियों को जिला बदर किया गया है एसएसपी डॉ संतोष सिंह की अनुशंसा पर कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आदतन अपराधी मोहम्मद शहजाद चंदन भारती और आशु छत्री को 3 महीने के लिए जिला बदर कर दिया है वहीं पुलिस द्वारा अन्य कई आदतन बदमाशों के ऊपर जिला बदर की कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन कलेक्टर ऑफिस में भेजा गया है जो प्रक्रिया में है तीनों बदमाशों के विरुद्ध विभिन्न थानों में कई अपराधों में चालान और मुकदमे दर्ज किए गए ह



**तीन आदतन अपराधियों को किया गया जिला बदर**

**मोहम्मद शहजाद:** थाना गंज क्षेत्र के बदमाश मोहम्मद शहजाद उर्फ चिंगरी उम्र 25 वर्ष निवासी मौदहापारा को अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में जिला बदर किया गया था शहजाद के खिलाफ 2015 से लेकर अब तक मारपीट चाकूबाजी गुंडागर्दी और चोरी जैसे 14 मामले दर्ज हैं।

**चंदन भारती:** थाना उरला क्षेत्र के बदमाश चंदन भारतीए उम्र 26 वर्ष निवासी अटल आवास पठारीडीह के खिलाफ 2014 से 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं इनमें मारपीट चाकूबाजी गुंडागर्दी और अवैध शराब बिक्री शामिल हैं

**आशु छत्री:** थाना कबीर नगर क्षेत्र के बदमाश आशु छत्री उम्र 22 वर्ष निवासी वाल्मीकि नगर पर 2015 से अब तक हत्या के प्रयास मारपीट चाकूबाजी गुंडागर्दी आर्म्स एक्ट और चोरी के 20 मामले दर्ज हैं

### कलेक्टर का आदेश

कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की 5 ;खद्ध के तहत दांडिक प्रकरणों में आदेश दिया है कि 24 घंटे के अंदर जिला रायपुर और समीपवर्ती राजस्व जिला दुर्ग धमतरी बलौदा बाजार महासमुंद जिले क्षेत्र से तीन माह की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है इन बदमाशों को इस आदेश का तुरंत पालन करने और पालन न करने पर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई के आदेश दिए है।

# एकलव्य आदर्श विद्यालय के राष्ट्रीय खेलों का मेजबानी करेगा छत्तीसगढ़



**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के मेजबानी इस बार छत्तीसगढ़ को मिली है। यह खेल प्रतियोगिता 14 से 20 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। खेल प्रतियोगिता में 15 एकल एवं युगल तथा 7 सामूहिक खेल इस तरह कुल 22 खेलों का आयोजन किया जाएगा।

- राजधानी रायपुर में होगा 22 खेलों का आयोजन
- पच्चीस राज्यों के 6 हजार से अधिक खिलाड़ी होंगे शामिल
- प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने तैयारियों की ली बैठक

आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने आज नवा रायपुर स्थित आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष में को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में दिल्ली से नेस्ट्स ;छम्ैज्ैद्ध के ज्वाइंट कमिश्नर बीसी रतोरी, असिस्टेंट कमिश्नर गौरव सिंह, टीआरआई के प्रभारी संचालक संजय गौड़, खेल विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न खेल एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा कि 14 से 20 दिसंबर के मध्य प्रस्तावित एकलव्य आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में देश के 25 राज्यों में संचालित एकलव्य विद्यालय के लगभग 6 हजार से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए प्रारंभिक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक में खिलाड़ियों एवं उनके साथ आनेवाले अधिकारियों के ठहरने, भोजन व आवागमन के साथ ही खेल स्थलों, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली-पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव बोरा ने बताया कि भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय, राष्ट्रीय जनजातीय छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर सामान्य जाति के विद्यार्थियों के समकक्ष लाने एवं उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से प्रदेश में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित हैं।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग रेलवे स्टेशन को मिला ईट राइट स्टेशन का खिताब

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुरए रायपुर और दुर्ग रेलवे स्टेशनों को ष्ईट राईट स्टेशन से प्रमाणित किया गया है। यह उपलब्धि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चिकित्सा विभाग और खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण पूर्वी क्षेत्र कोलकता के बीच सहयोगात्मक प्रयास का परिणाम है। ईट राईट स्टेशन प्रमाणन अपने संरक्षकों के लिए खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के प्रति बिलासपुर रायपुर और दुर्ग रेलवे स्टेशनों के समर्पण का एक प्रमाण है। इस पहल के क्रियान्वयन की निगरानी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के चिकित्सा विभाग के खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा की गयी है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

ईट राईट स्टेशन के प्रमाणन के लिए इन स्टेशनों पर निम्नलिखित खुबियां सम्मिलित है:- खाद्य लाईसेंस अनुपालन बिलासपुर रायपुर और दुर्ग रेलवे स्टेशनों के सभी खाद्य स्टॉलों ने अपेक्षित खाद्य लाईसेंस प्राप्त कर लिया है। यह गारंटी देते हुए कि विक्रेता खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के उच्चतम मानकों को पूरा करते हैं।

विक्रेता स्वास्थ्य आश्वासन प्रत्येक विक्रेता को भोजन विक्रय करने के लिए अपनी चिकित्सीय स्वास्थ्य को सत्यापित करने के लिए एक व्यापक चिकित्सा परीक्षण से गुजरना पड़ा।

प्रशिक्षण सभी विक्रेताओं को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ;थ्ैै।प्द्ध के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता में व्यापक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ।

ऑडिट भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के द्वारा मान्यता प्राप्त ऑडिट संस्था द्वारा बिलासपुरए रायपुर एवं दुर्ग स्टेशनो को ऑडिट के चरणों से गुजरकर ईट राईट स्टेशन से प्रमाणित हुआ है।

जल शुद्धता भोजन तैयार करने में उपयोग किये जाने वाले पानी की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय चिकित्सालय में स्थित लैब में जीवाणु एवं रसायनिक जल विश्लेषण किया गया है। बिलासपुर रायपुर एवं दुर्ग स्टेशनों में औसतन 4576091 वार्षिक यात्रियों का आवगमन होता है। इसीलिए इन सभी स्टेशनों को ईट राईट स्टेशन से प्रमाणित करना अतिआवश्यक था। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के इन सभी स्टेशनों के ईट राईट स्टेशन प्रमाणन में दक्षिण महाप्रबंधकनीनु इटियेरा का कुशल मार्गदर्शन महत्वपूर्ण है।

# शादी कार्ड के नाम पर ठगी

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। कोरोनाकाल से चला शादियों का ई.न्यौता अब ठगी की दहलीज पर आ खड़ा है। शादियों का सीजन शुरू होने के साथ बलौदाबाजार में लोगों को वॉट्सऐप पर अनजाने नंबरों से पीडीएफया लिंक के रूप में शादियों के निमंत्रण आ रहे हैं। वॉट्सऐप पर इन दिनों लोगों को शुभ विवाह के अशुभ निमंत्रण मिल रहे हैं। नहीं समझे! चलिए, आपको समझाने के लिए 4 साल पहले कोरोनाकाल में ले चलते हैं। यही वो दौर है जहां से शादियों का ई.निमंत्रण शुरू हुआ था। आमने.सामने मिलकर देने पर ही जरूरी समझा जाने वाले न्योते का वर्चुअल अवतार आया। पीडीएफके रूप में लोगों को वॉट्सऐप पर न्योते मिलने लगे। मौजूदा हालातों के मद्देनजर समाज में इसे स्वीकार भी कर लिया गया। साइबर ठगों ने इसी का फायदा उठाया है। कोरोनाकाल से चला शादियों का ई.न्यौता अब ठगी की दहलीज पर आ खड़ा है। शादियों का सीजन शुरू होने के साथ बलौदाबाजार में लोगों को वॉट्सऐप पर अनजाने नंबरों से पीडीएफया लिंक के रूप में शादियों के निमंत्रण आ रहे हैं। इन पर क्लिक करते ही मोबाइल में हानिकारक मैलिशियस फाइल ऑटोमेटिक डाउनलोड हो जाती है। इसी के साथ आपका प्राइवेट डाटा खतरे में पड़ जाता है। ठग इस डाटा का इस्तेमाल कर आपके बैंक खाते साफ कर सकते हैं। ब्लैकमेल भी कर सकते हैं। एसपी विजय अग्रवाल कहते हैं खुशियों के निमंत्रण को साइबर अपराधी जाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। ये लोगों को शादी में बुलाने के नाम पर ठग रहे हैं। ये वॉट्सऐप पर वेडिंग इन्विटेशन के नाम पर हानिकारक फाइल भेजते हैं। देखने में ये शादी का कार्ड लग सकता हैए पर असल में यह आपके डिवाइस और डाटा को खतरे में डाल सकता है। अनजाने नंबरों से आने वाली फाइल या लिंक पर क्लिक करने से बचें। अपने डिवाइस की सिक्यूरिटी सेटिंग हमेशा अपडेट रखें।

**ठगों ने अपनाया नया तरीका, वॉट्सऐप पर भेज रहें ई-न्योता**

अनजान नंबरों आने वाली फाइल या लिंक डाउनलोड करने से पहले उसकी सत्यता जांच लें। ऑनलाइन लेन.देन और व्यक्तिगत जानकारी के बारे में ज्यादा सतर्क रहें। साइबर अपराध के बढ़ते दायरे के बीच लोगों को ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। इधर ठग धान खरीदी शुरू होने का भी फायदा उठा रहे हैं। इसके लिए वे लोक लुभावने स्कीम जैसे लॉटरी बड़ी इनामी राशि जीतने व अन्य सरकारी योजनाओं के नाम पर फर्जी मैसेज भेजकर ठगी कर रहे हैं। ऐसे में पुलिस किसानों को लगातार सतर्क कर रही है। उन्हें बताया जा रहा है कि धान बिक्री की रकम लेनेए बोनस राशि देनेए केवाईसी के नाम पर उनसे ठगी की जा सकती है। फोन कॉल पर किसी को भी व्यक्तिगत जानकारी न दें।इसके अलावा पुलिस बैंकोंए एटीएमए ग्राहक सेवा केंद्रों में जागरुकता पैफ्लेट भी चस्पा कर रही है। इसमें साइबर ठगी प्रकार सावधानी के बारे में जरूरी जानकारियां हैं। इसके अलावा धान खरीदी केंद्रों में भी जागरूता से जुड़े पैफ्लेट चस्पा किए जा रहे हैं। स्कूल.कॉलेजों में भी सेमिनार के जरिए स्टूडेंट्स को जागरूक किया जा रहा है।

# नंदनवन जंगल सफारी के 'प्रकृति दर्शन कार्यक्रम' में 7000 से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर नंदनवन जंगल सफारी नया रायपुर में 'प्रकृति दर्शन कार्यक्रम' संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत राज्य के लगभग 7000 स्कूली और महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। 'प्रकृति दर्शन कार्यक्रम' से विद्यार्थियों को प्रकृति और वन्यजीवों से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना, पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना है।



**पर्यावरण शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा नंदनवन जंगल सफारी**

नंदनवन जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर ने बताया कि हमारा उद्देश्य इस कार्यक्रम से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को जोड़ा जाए और उन्हें प्रकृति के महत्व को समझने व उसके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाना है। हमारा यह प्रयास न केवल पर्यावरणीय चेतना को प्रोत्साहित करता है, बल्कि एक हरित और स्थायी भविष्य के निर्माण में योगदान देने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि नंदनवन जंगल सफारी में भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को न केवल प्रकृति और जैव विविधता के विभिन्न पहलुओं को जानने व समझने का अवसर मिलता है, साथ ही उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व और उससे संबंधित चुनौतियों को भी समझने का मौका मिलता है।

**अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी का लिया जा रहा है सहयोग:** नंदनवन जंगल सफारी द्वारा अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी फाउंडेशन फॉर द लॉजिकल सिक्योरिटी और अन्य संस्थाओं के सहयोग से फारेस्ट ऑफ़ लाइफ थीम तथा विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण शिक्षा अंतर्गत विभिन्न मोड्यूल तैयार किए गए हैं। 'प्रकृति दर्शन कार्यक्रम' विद्यार्थियों को अनुभवी प्राकृतिक विशेषज्ञों और वन्यजीव संरक्षणविदों से प्रत्यक्ष रूप से सीखने का अवसर प्रदान करता है। इसके साथ ही, यह कार्यक्रम युवाओं में प्रकृति के प्रति लगाव विकसित कर उन्हें पर्यावरणीय समस्याओं और उनके समाधान की दिशा में प्रेरित करता है। नंदनवन जंगल सफारी का यह प्रयास पर्यावरण शिक्षा को बढ़ावा दे रहा है और भावी पीढ़ियों को प्रकृति से जोड़ने का एक सराहनीय कदम है। इस कार्यक्रम के लिए स्कूली छात्रों के लिए 50 रूपए एवं कॉलेज के छात्रों के लिए 100 रूपए निर्धारित किया गया है। 'प्रकृति दर्शन कार्यक्रम' में शामिल होने के लिए नंदनवन सफारी के पर्यावरण शिक्षा कोऑर्डिनेटर चन्द्रमणी साहू मो. 81208-55525, 93023-25664, 98931-08393 से संपर्क किया जा सकता है।

# अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस स्पर्धा 23 से रायपुर में

**रायपुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। 46वीं अखिल भारतीय विद्युत लॉन टेनिस स्पर्धा का आयोजन 23 से 25 नवंबर तक राजधानी में किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की केंद्रीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति इसकी मेजबानी कर रही है। इसमें विभिन्न प्रदेशों की विद्युत कंपनियों की नौ टीमें हिस्सा लेंगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डॉ रोहित यादव समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कार वितरित करेंगे। स्पर्धा का उद्घाटन समारोह 23 नवंबर को 11ण्30 बजे छछानपैरी स्थित एपीआईसीईएम टेनिस कोर्ट में होगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार होंगे तथा प्रबंध निदेशकगण राजेश कुमार शुक्ला एवं श्री भीमसिंह कंवर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह 25 नवंबर को दोपहर 2.30 बजे होगा जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष डा रोहित यादव होंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में प्रबंध निदेशकगण श्री राजेश कुमार शुक्ला एवं भीमसिंह कंवर उपस्थित रहेंगे। पॉवर कंपनीज के अतिरिक्त महाप्रबंधक ;जनसंपर्क उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि हर राज्य की विद्युत उत्पादन पारेषण एवं वितरण कंपनियां अपने कर्मियों के लिए प्रतिवर्ष क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करती हैए उसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली स्पर्धाओं के लिए किया जाता है। राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं का आयोजन अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण मंडल करती है। इस बार अखिल भारतीय लॉन टेनिस स्पर्धा की मेजबानी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की केंद्रीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति को दी गई है। इस स्पर्धा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ सहित आंध्रप्रदेशए असमए कर्नाकटए उत्तरप्रदेशए तमिलनाडू केरल कोलकाता तेलंगाना राज्य से विद्युत कंपनियों की टीमें शामिल होंगी।

**नौ प्रदेशों के खिलाड़ी आएंगे, समापन 26 को**

उल्टा पुल्टा

पप्पू- कल मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो सीधा सूरज से टकरा गया।
बंटी- फिर क्या हुआ?
पप्पू-फिर मेरी पिटाई हुई।
बंटी- किसने पीटा?
पप्पू- सूरज की मम्मी ने यार।

# जिपं की बैठक में पीएम आवास, धान के रकबे की कटौती सहित अधिकारियों के टाल मटोल रवैये पर सदस्यों ने उठाये तीखे सवाल

## विधायक ललिच चंद्राकर ने दिखाये तेवर सुनाई अधिकारियों को काफी खरी-खोटी

**दुर्ग,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आज काफी हंगामाखेज रही। यहां तक कि दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर भी अधिकारियों को खरी खरी सुनानें से नहीं चूके। धान का रकबा कटौती के मामले में भी विधायक श्री चंद्राकर अधिकारियों पर जमकर बरसे। इस मामले में अधिकारीगण एक दूसरे विभाग पर मामला टालने पर लगे हुए थे। उन्होंने जिला पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक में जिला स्तर के अधिकारियों की अनुपस्थिति को भी गंभीरता से लेकर सीओ जिला पंचायत को कहा कि वे ऐसे अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस भेजे। आज की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भी सदस्यों ने काफी नाराजगी जताई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव ने की। संचालन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बजरंग दुबे ने किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू भी बैटक में उपस्थित थे। सदस्यों ने पीएम आवास योजना को लेकर भी ताबड़तोड़ सवाल उठाये।



बैठक में सदस्यों ने अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के फोन तक न उठाने व मिलने जाने पर दफ्तर से गायब रहने को लेकर भी गहरी नाराजगी जताई। सदस्यों का सीधा साधा आरोप था कि लोक निर्माण विभाग, आरईएम खनिज विभाग, वन विभाग के अधिकारी कभी भी जिला पंचायत सदस्यों के फोन ही नहीं उठाते। इससे उन्हें किसी भी ज्वलंत मुद्दे पर सही स्थिति की जानकारी नहीं मिल पाती। आज की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अधिकारी की अनुपस्थिति को लेकर सदस्यों ने गहरी नाराजगी जताई। विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने सीईओ जिला पंचायत से कहा कि उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जायें।

पीएचई द्वारा अनेक गांव में पाईप लाईन डालने गड्डे कर दिये गये है। पूरा वर्ष बीत रहा है मगर कार्य पूरा नहीं हो पाया है इससे लोगों को भारी तकलीफ उठानी पड़ रही है। इस पर बैठक में उपस्थित पीएचई के एक अधिकारी ने बताया कि जिले में 385 गांव है मात्र दो ईई है और एक एसडीओ है फिर भी काम किया जा रहा ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

**लगातार अनुपस्थित रहने वाले सदस्य की सदस्यता पर उठे सवाल**

जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र साहू ने जिला पंचायत के एक अन्य सदस्य शमशेर कुरैशी के लगातार चार बैठकों में अनुपस्थित रहने का मामला उठाते हुए उनकी सदस्यता निरस्त करने की मांग की। इस पर सीईओ बजरंग दुबे ने नियम कायदे का पता लगाकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, हर्षा चंद्राकर, लोकमणि चंद्राकर, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# अवैध धान भंडारण के खिलाफ कार्रवाई, 40 क्विंटल धान जब्त



**दुर्ग,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। राजस्व विभाग कृषि उपज मंडी एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने आज धमधा ब्लाक के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर धान का अवैध रूप से व्यापार कर रहे लोगों से लगभग एक सौ कट्टा धान कुल वजन 40 क्विंटल बरामद किया। उल्लेखनीय है कि ब्लाक के फुटकर व्यापारी व कोचिये अवैध तरीके से धान का भंडारण रखे हुए थे जिनक ठिकाने पर छापा मारकर जब्ती की गई तथा संग्रहण करने वालों पर मंडी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने स्पष्ट तौर पर विभागों को निर्देश दिये है कि धान खरीदी के दौरान बाहरी प्रदेशों व अन्य स्थानों से धान लाकर उपार्जन केन्द्रों में किसी भी तरीके पात्रता दर्शाते हुए धान खपाने न पाये इस पर कड़ी नजर रखी जाये तथा ऐसा करने वालों के विरूद्ध मंडी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाये। इसी आदेश के तहत अधिकारियों की टीम कई स्थानों पर किये गये अवैध भंडारण में छापा मारकर धान बरामद किया गया। अब तक 10 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर 172 क्विंटल धान जब्त किया जा चुका है।

# मेडिकल स्टोर्स के संचालक से ऑनलाईन 3 लाख की ठगी

**दुर्ग,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। मीनाक्षी नगर दुर्ग निवासी मेडिकल स्टोर संचालक ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ है। केडीसी ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनी में पैसा इनवेस्ट करने एवं अच्छा रिटर्न का लालच देकर करीब 3 लाख रुपए की ठगी की गई। रिपोर्ट पर से रेंज सायबर थाना दुर्ग के द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में दिया।

रेंज सायबर थाना दुर्ग के मुताबिक दुर्गेश कुमार मिश्रा पिता हरिशंकर मिश्रा ( 34 वर्ष ) मकान नंबर 30 सांसद रोड मिनाक्षी नगर दुर्ग थाना पदमनाभपुर दुर्ग का निवासी है। मेडिकल स्टोर्स का संचालक है। 15 अगस्त 2024 से 30 अगस्त 2024 के मध्य वाट्सअप पर एक अनजान मोबाईल नंबर जिसने अपना नाम देवी प्रिया बतायी थी। जो केडीसी ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनी में पैसा इनवेस्ट करने एवं इनवेस्ट रकम में अच्छा रिटर्न देने का झांसा देकर अलग अलग बैक खातो में कुल 47 बार आईसीआईसीआई बैक खाता से के यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 2 लाख 92 हजार 213 रूपये का भुगतान किया। 30 अगस्त 2024 से कंपनी का एप खुलना बंद हो गया एवं जो वाट्सअप नंबर जिसके माध्यम से चैट हुआ करता था वो भी बंद हो गया। तब दुर्गेश कुमार मिश्रा को विश्वास हो गया कि उसके साथ ऑनआईन ठगी हुई है। तब 1930 पर फोन कर ऑनलाईन ठगी की रिपोर्ट की। आवेदक की लिखित शिकायत पत्र पर प्रथम दृष्टया अपराध धारा सदर 318(4) बीएनएसए 66 घ आईटी एक्ट का घटित करना पाये जाने से रेंज सायबर थाना दुर्ग द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

**■ एक महिला ने ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनी में इनवेस्ट करने के नाम पर की ठगी**

# प्लेसमेंट कैम्प कल

**दुर्ग,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग द्वारा जिले में नियोजक द्वारा उपलब्ध 194 रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 22 नवम्बर को सुबह 10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक स्वतंत्र माइक्रोफीन प्राईवेट लिमिटेड में 58, टेक्नोटास्क बिजनेस सॉल्यूशंस प्राईवेट लिमिटेड भिलाई में 136 पदों पर भर्ती की जाएगी।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आर.के. कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र ;मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छगनिवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित हो सकते हैं। पदों योग्यता, आयु एवं अनुभव से संबंधित जानकारी आवेदक प्लेसमेंट कैम्प स्थल पर प्राप्त कर सकते हैं।

# युवा तंजिमे कुरैश के तत्वावधान में 10 जोड़ों ने किया सामूहिक निकाह



**दुर्ग,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। युवा तंजिमे कुरैश छत्तीसगढ़ द्वारा आज मानस भवन में सामूहिक निकाह का आयोजन कर समाज के 10 जोड़ों का निकाह कराया गया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने शिरकत कर वर-वधु को आर्शीवाद दिया।

सामूहिक निकाह के इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र, गुजरात एवं अन्य राज्यों के लोग भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि युवा तंजिमे कुरैश द्वारा विगत 8 वर्षो से लगातार विवाह योग्य जोड़ों का सामूहिक निकाह कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रज्जाक कुरैशी, नईम कुरैशी, मोबिन अहमद, लक्की कुरैशी, नवशाद कुरैशी, मोहम्मद आरिफ, इसरा इला कुरैशी, समीम कुरैशी, फारूख अरशी सहित समाज के बुजुर्गो एवं नौजवानों का भरपूर योगदान रहा।

# खुशी दिव्यांग श्रेणी में 12 वीं की प्रावीण्य सूची में टाप पर



उच्च शिक्षा में अध्ययनरत 3 दिव्यांग छात्र को दी गई प्रोत्साहन राशि

**दुर्ग,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना क्षितिज अपार संभावनाएं के तहत उच्च शिक्षा में अध्ययनरत् 3 दिव्यांग छात्र क्रमशः हितेश कुमार जोशी और हेमंत कुमार साहू को 6-6 हजार रूपए तथा निशार अहमद को 12 हजार रूपए उच्च शिक्षा प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया। इसी प्रकार 12वीं कक्षा में दिव्यांग श्रेणी में जिले के प्रवीण्य सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त छात्रा कुमारी खुशी कुम्भकार को 5 हजार रूपए राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अमित परिहार एवं विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री हेमचंद यादव की माता राजिम बाई का निधन



**दुर्ग,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय बैगापारा निवासी एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री स्व. हेमचंद यादव की माताजी राजिम बाई यादव (102 वर्ष) का आज दोपहर निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थीं। अंतिम संस्कार आज ही शाम हरनाबांधा मुक्तिधाम में कर दिया गया। मुखाग्नि उनके सुपुत्र ऋषि यादव ने दी। वे कृष्णा यादव की मां तथा राजदीप, सत्यम एवं जीत यादव की दादी थीं। अंतिम संस्कार के समय सांसद विजय बघेल, पूर्व विधायक अरूण वोरा, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, राजेश ताम्रकार, देवेन्द्र चंदेल, महावीर लोढ़ा, सहित हेमचंद यादव के पुराने साथी, भाजपा कार्यकर्ता, ठेठवार पारा, बैगापारा के नागरिकगण बड़ी संख्या में शामिल थे।

# हेमचंद् विवि की हॉकी पुरूष टीम ने अंतर विवि प्रतियोगिता में लगातार दूसरी जीत



**दुर्ग,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। पूर्वी क्षेत्र अंतर वि.वि. हॉकी पुरूष प्रतियोगिता 18 से 24 नवबंर को सम्बलपुर विश्वविद्यालय ओडिसा में आयोजित हो रहा हैं जिसमें हेमचंद यादव दुर्ग की हॉकी पुरूष टीम ने लगातार दूसरे मैच में गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ को 05.02 से पराजीत कर जीत हासिल ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# खो-खो एक खेल नहीं बल्कि जीवन में रणनीति सीखने की कला : डॉ. राजेश पाण्डेय



**दुर्ग,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। खो-खो एक खेल नही बल्कि जीवन में रणनीति सीखने की कला है, महाभारत काल में भी इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता था, तद्ांतर कई रूपों में यह खेल खेला जाता रहा है। ये उद्गार दुर्ग संभाग के अपर संचालक, उच्चशिक्षा विभाग, डॉ. राजेश पाण्डेय ने आज व्यक्त किये। डॉ. पाण्डेय शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पुरूष खो-खो प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बड़ी संख्या में उपस्थित खिलाड़ियों, टीम मैनेजर, कोच तथा प्राध्यापकों को संबोधित कर रहे थे। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि इस खेल से खिलाड़ियों में निर्णय क्षमता का विकास तथा बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। महा. के क्रीडा अधिकारी लक्ष्मेन्द्र कुलदीप ने बताया कि इस दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के 10 सेक्टर दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर, राजनांदगांव, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा, बस्तर, जांजगीर चांपा, बलौदा बाजार आदि स्थानों के लगभग 120 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है।

इस अवसर पर विषिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवेन्द्र परिहार ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। श्री परिहार ने विद्यार्थियों के लिए खेल को आवश्यक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. अजय कुमार सिंह ने सभी खिलाड़ियों, क्रीडा अधिकारी, क्रीडा प्रभारी तथा कोच का स्वागत करते हुए कहा कि खो-खो हमारे देष के पारंपरिक खेलों में से एक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार खो-खो प्रतियोगिता कृत्रिम मैट में आयोजित हो रही है। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. दिव्या कुमुदिनी मिंज ने प्रतियोगिता के आयोजन एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला। इस राज्य स्तरीय दो दिवसीय पुरूष खो-खो प्रतियोगिता के राज्य पर्यवेक्षक के रूप में पालन दीवान क्रीडा अधिकारी, शासकीय महाविद्यालय बागबहरा, प्रोटेस्ट कमेटी के सदस्य डॉ. नरेश धर दीवान क्रीडा अधिकारी जामगांव आर तथा दुर्गा प्रसाद जंघेल, क्रीडा अधिकारी, शासकीय महाविद्यालय, बेमेतरा विशेष रूप से उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग के क्रीडा संचालक डॉ. दिनेश नामदेव, महाविद्यालय के क्रीडा प्रभारी डॉ. अभिनेश सुराना, क्रीडा अधिकारी लक्ष्मेन्द्र कुलदीप, क्रीडा समिति के सदस्य डॉ. ए.के. खान, डॉ. जी.एस. ठाकुर, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. दिव्या कुमुदिनी मिंज, डॉ. अलका मिश्रा तथा डॉ. सीतेश्वरी चन्द्राकर कर उल्लेखनीय योगदान रहा। उद्घाटन कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. अनिल कश्यप, डॉ. एच.पी. सिंह सलूजा, डॉ. रंजना श्रीवास्तव, डॉ. एस.डी.देशमुख, डॉ. अनिता शुक्ला, डॉ. प्रदीप जांगड़े, डॉ. जनेन्द्र दीवान, तरूण साहू, प्रशांत दुबे सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# व्यापारियों की समस्या को लेकर आज बिलासपुर में बैठक



**भिलाईनगर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स भिलाई एवं टीम कैट भिलाई का 21 सदस्यों प्रतिनिधिमंडल कैट के छत्तीसगढ़ स्तरीय व्यापार सम्मेलन में भागीदारी देने ज्ञानचंद जैन के नेतृत्व में 21 नवंबर को बिलासपुर जाएगा। व्यापार सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के व्यापारियों को मार्गदर्शन देने नई दिल्ली चांदनी चौक से भाजपा के सांसद प्रवीण खंडेलवाल उपस्थित रहेगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर परवानी एवं कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी के विशेष मार्गदर्शन में भिलाई टाउनशिप के व्यापारियों की लीज नवीनीकरण विषय पर चर्चा करेगा। ज्ञानचंद जैन ने बताया कि दुर्ग सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में शहर के व्यापारी लीज नवीनीकरण की समस्या के निराकरण की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं और नई दिल्ली में सांसद विजय बघेल सांसद प्रवीण खंडेलवाल, छत्तीसगढ़ चेंबर के अध्यक्ष अमर परवानी कैट के सम्मानित अध्यक्ष जितेंद्र जोशी एवं टीम कैट एवं स्टील सिटी चेंबर के पदाधिकारी के संयुक्त प्रयास से शहर के प्रभावित 1500 व्यापारियों के साथ धार्मिक सामाजिक शैक्षणिक संस्थाओं की समस्या का निदान हर स्तर पर निकल जाएगा। प्रवीण खंडेलवाल ने स्वयं व्यापारियों के दुख दर्द को समझा है और उन्हें चर्चा के लिए बिलासपुर आमंत्रित भी किया है। जैन ने बताया कि सांसद विजय बघेल चेंबर के सम्मानित अध्यक्ष से अमर परवानी के विशेष प्रयासों से भिलाई के व्यापारियों की इस समस्याओं का हल हर स्तर पर निकल जाएगा।

# टाइफाइड के मरीज से मिली महापौर



**भिलाईनगर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। पुरैना वार्ड 38 में टाइफाइड के संभावित मरीज होने की सूचना पर महापौर शशि सिन्हा और एमआईसी मंगलवार को वार्ड भ्रमण किए। उन्होंने जल भराव की स्थिति को देखा। स्थानीय लोगों से बातचीत की। महापौर शशि ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दी। भ्रमण के दौरान नागरिकों से बातचीत में खुलासा हुआ कि वार्ड 38 में बुखार के मरीज लगातार बढ़ रहे है। मच्छर का प्रकोप भी बढ़ा है। टाइफइड की शिकायत आ रही है। महापौर शशि सिन्हा परिषद के सद्स्यों के साथ निचली बस्ती और बस्ती के गंदा पानी के जमावड़े वाले क्षेत्रों का भ्रमण भी की। उन्होंने पानी की जांच समेत ऐसे स्थानों की साफ-सफाई के निर्देश दिए जहा गंदा पानी जमा हो रहा है। इस दौरान एमआईसी जहीर अब्बास, संजू नेताम, अनिल देशमुख, डा. सीमा साहू. ममता यादवए पार्षद पार्वती महानंद आदि उपस्थित थे। वही निगम की ओर से प्रभारी सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ताए प्रभारी उपअभियंता गोपाल सिन्हा. स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार. स्वच्छता निरीक्षक अमित चंद्राकर उपस्थित थे। ठंड की वजह से क्षेत्र में मच्छर का प्रकोप बढ़ा है। महापौर ने जन स्वास्थ्य विभाग को दवा का छिड़काव करने निर्देश दिए है। वहीं स्वास्थ्य विभाग को डोर टू डोर सर्वे करने पत्र लिखने का निर्देश दिया है। पुरैना वार्ड 38 के निरीक्षण के दौरान महापौर शशि सिन्हा शाण् स्कूल भी पहुंची। उन्होंने स्कूल के शिक्षकों से चर्चा की। शिकायत पर निर्देश दिए कि स्कूल के पीछे गंदा पानी के जमावड़े को जल्द से जल्द निकासी कराने निर्देश दिए। साथ ही अस्थाई साधन तैयार करने कहा। उन्होंने स्कूल के आस पास दवा छिड़काव के निर्देश भी दिए।

### स्वास्थ्य टीम पहुंची घर-घर



आज पुरैना वार्ड 38, 39, 40 में खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन डा भुनेश्वर कठौतिया, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर कंवर भिलाई 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 के स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम, श्रीमती आर विश्वास सुपेला शास्त्री अस्पताल खुर्सीपार की श्रीमती के पाल व टीम एंव पटवारी हल्का नंबर 4 राहुल तिवारी एम टी इंद्रणी वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के टीम, मितानिन व नगर निगम रिसाली की स्वास्थ्य टीम पीएचई के ने घर घर सर्वेक्षण कार्य कराया गया ज्ञात हो कि पुरैना में 12 से अधिक लोगों को टाइफाइड होने का समाचार मिला था लेकिन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज उन 12 मरीजो के घर जाकर जानकारी प्राप्त किया। जिसमें किसी को एक वर्ष पूर्व बुखार एंव कुछ लोगों को सितंबर अक्टूबर महीने में बुखार की शिकायत थी। कुछ को नवंबर में बुखार की शिकायत थी वर्तमान में सभी स्वस्थ हैं ओर रोजमर्रा के कार्य कर रहे हैं। खंड चिकत्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया नायब तहसीलदार चंद्रशेखर कंवर की संयुक्त टीम ने प्रायवेट प्रेक्टिस कर रहे चिकित्सक मो साजिद का क्लिनिक सील कर दिया है तथा भारत मेडिकल स्टोर को अस्थाई रूप से बंद कर समस्त दस्तावेज, डिग्री, गुमास्ता लाइसेंस की प्रति तहसील कार्यालय में प्रस्तुत करने निर्देश दिए हैं तथा आज स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 758 घरो का सर्वेक्षण किया जिसमें स्टोर पास में 3 बुखार तथा वार्ड 39, 40पुरैना बस्ती में 10 बुखार मरीजों की आर डी कीट से जांच किया गया है सभी रिपोर्ट निगेटिव है स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को पानी उबालकर पीने तथा ताजा भोजन करने एंव स्वच्छता का पूरा ध्यान रखने स्वास्थ्य शिक्षा दिया है ।नगर निगम रिसाली के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सफाई करा रही है।

# जन सुनवाई में स्थानीय लोगों को रोजगार का विद्या ने रखा पक्ष



**भिलाईनगर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जैव विविधता (पर्यावरण )समिति के अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा ने आज जे.के. लक्ष्मी द्वारा जन सुनवाई के अंतर्गत अपना पक्ष रखते हुए मांग रखी की पर्यावरण क्षेत्र में काम करने वालों प्राथमिकता दी जावे ।उन्होनें कहा कि स्थानीय लोगों को कम्पनी में भागीदारी बढ़े, जिससे उत्पादन में बढ़ोतरी हो सके। ऐसा करने से कम्पनी को भी लाभ मिलेगा, तो वही स्थानीय लोगों को कार्य मिलेगा। श्री कुशवाहा ने कहा कि उनकी संस्था जैव विविधता पर्यावरण के क्षेत्र में लम्बे समय से निस्वार्थ कार्य कर रही है। श्री कुशवाहा ने कहा कि वृक्षारोपण के दौरान ऐसे वृक्ष लगाये जाने चाहिए जो धूल के कण को वायु में फैलने से बचाता हो। उन्होनें कहा कि जे.के. लक्ष्मी सीमेन्ट कम्पनी के आस-पास फलदार वृक्ष लगाये जाने चाहिए। जिसे आस-पास के लोगों को कुछ वर्षो बाद रोजगार के अवसर मिल सकेगा। उन्होनें तेजी से घटे से जल स्तर पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि जल संरक्षण के क्षेत्र में भी हमे कार्य करना चाहिए। उन्होनें कहा कि वृहद वृक्षारोपण स्थल के समीप छोटा से तालाब बनाया जाये। जिससे वर्षा का पानी तालाब में आयेगा। वही पानी से वृक्षों को पानी देने के काम आयेगा। नियमित स्वास्थ्य व शिक्षा शिविर लगाये जाने की मांग विद्यानंद कुशवाहा ने की। उन्होनें कम्पनी के विस्तार का स्वागत करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों को इसमें प्राथमिकता से रोजगार के अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। श्री कुशवाहा ने कहा कि आज इस जन सुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। शिविर में उपस्थित लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये।

# प्रवर्तन विभाग मेले स्थल पर लगाया गाड्स

**भिलाईनगर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। संयंत्र के इंफोसमेंट डिपार्टमेंट ने सिविक सेंटर स्थित मेले पर ताला लगा दिया है। समय सीमा बीतने के बाद बिना अनुमति मेला लगाने के खिलाफ कार्रवाई की गई है। नागपुर के सुभाष सबरवाल ने सिविक सेंटर में फिस टनल शो, रोबोटिक, निमल शो, हैडलूम फेयर, फूड फेस्टिवल, अप्पू घर फन फेयर लगाया है। 2 रुपए प्रति स्क्वायर फीट के हिसाब से 39 हजार स्क्वायर एरिया को लिया था। 47 लाख रुपए जमा किया था। लेकिन, यह अनुमति 15 अक्टूबर से 17 नवंबर तक के लिए थी। समय बीतने के बाद मेला संचालक ने इसको आगे बढ़ाने के लिए अनुमति नहीं लिया। न ही भिलाई स्टील प्लांट को शुल्क अदा किया। बीएसपी ने इलेक्ट्रिक कनेक्शन काट दिया था। इसके बावजूद मेला संचालक ने जेनरेटर लगाकर कारोबार शुरू कर दिया था। जानकारी लगते ही बीएसपी के इंफोसमेंट डिपार्टमेंट शाम को मेला स्थल पर घेराबंदी कर दी। रास्ते को बंद कर दिया गया। लाउड स्पीकर से सूचना प्रसारित की गई कि यहां से सभी लोग बाहर निकल जाएं। बीएसपी का कहना है कि अगर शुल्क जमा नहीं किया गया तो बुधवार को मजिस्ट्रेट की निगरानी में सील कर दिया जाएगा। सिविक सेंटर स्थित वेल्ड्स ग्राउंड में आयोजित मेले को इंफोसमेंट डिपार्टमेंट द्वारा रिवेन्यू नहीं जमा करने पर बंद किया गया। गाड्स लगा दिए गए है। सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं संचालक की ओर से यह दावा किया गया है कि बुधवार को शुल्क जमा कर दिया जाएगा। फिलहाल बीएसपी की टीम वापस लौट गई है।

# महापौर परिषद की बैठक में लिए अनेक निर्णय



**भिलाईनगर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक वरिष्ठ पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें प्रमुख रूप से 3 बिन्दुओ पर विस्तृत चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ में ससत योजना के तहत नगरीय निकास ठोस अपशिष्ट, अन्य बायोमास से कम्प्रेस्ड बायोमास प्लांट स्थापना हेतु भूमि स्थानांतरण बाबत समिति के सामने विचारार्थ रखा गया था। जो शासन के आदेश 28 अप्रैल 2023 अनुसार सीबीडीए छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल डेवलपमेंट एजेंसी राज्य में नोडल एजेंसी है। जिसके माध्यम से सीबीजी प्लांट की स्थापना किया जाना है। उक्त प्रस्ताव को सलाहकार समिति के माध्यम से प्रस्तुत करने को कहा गया है। निगम क्षेत्र में स्थित उच्चस्तरीय जलागार में डबल वाल्व सिस्टम लगाने के लिए समिति के समक्ष विचारार्थ रखा गया। जिसे समिति ने विशेष पर चर्चा करने के बाद पुनः निविदा आमंत्रित करने को कहा। तृतीय विषय निगम भिलाई कार्यालय में आंन ग्रिड सोलर प्लांट स्थापना का कार्य करवाये जाने बाबत। जिसमें 100 किलो वाट एवं 50 किलो वाट सक्षता के आंन ग्रिड सोलर प्लांट स्थापना का कार्य तीन स्थलो पर स्थापित करने के लिए प्राकल्लन तैयार कर लाया गया था। जिसे सलाहकार समिति के माध्यम से प्रस्तुत करने को कहा गया। बैठक के दौरान एमआईसी सदस्यो द्वारा अन्य जन उपयोगी विषयो को आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के समक्ष विचारार्थ रखे। जिसमें चर्चा की गई जिसमें प्रमुख रूप से निगम भिलाई से संबंधित जितने भी उद्यान है एवं अन्य निगम के संपत्तियां है। उसको कभी.कभी असमाजिक तत्वो द्वारा छतिग्रस्त कर दिया जाता है। कुछ उद्यानों का ग्रिल एवं फैसिंग तार चोरी हो जाता है। ऐसे कार्यो की जानकारी मिलने पर स्थल निरीक्षण करवाकर सत्यापित करवाकर एफआईआर दर्ज किया जावे। पुलिस विभाग उक्त संबंध में अपनी कार्यवाही करेगी। बैठक में एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, मन्नान गफ्फार खान, श्रीमती मालती ठाकुर, नेहा साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी,जोन आयुक्त येशा लहरेए सतीश यादव उपस्थित रहे

# 70 प्लस आयुष्मान बनाने घर-घर पहुंचेंगे कर्मी

**भिलाईनगर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। ऐसे वरिष्ठ नागरिक जिनकी आयु 70 से अधिक है उनका नया आयुष्मान कार्ड बनेगा। निगम के कर्मचारी इसके लिए घर-घर दस्तक देंगे। यह कार्य 30 नवंबर तक चलेगा। यहां 70 प्लस की संख्या 5 हजार 1 सौ 90 है। आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में मितानीन और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के संजीव कुमार ने बताया कि उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर डोर.टू.डोर जाना होगा। प्रत्येक कर्मचारी मोबाइल एप से ओटीपी लेकर जानकारी भरेंगे। इसके बाद वरिष्ठ नागरिक पंजीकृत किसी भी अस्पताल में पांच लाख तक उपचार करा सकते है। निगम के आयुष्मान प्रभारी सुरेश देवांगन ने बताया कि निगम क्षेत्र के पूरे 40 वार्ड में स्वास्थ्य विभाग के 90 कर्मचारी और निगम के 40 कर्मचारी फिल्ड में रहेंगे।

# रिटायर कर्मियों का सोसायटी ने किया सम्मानित




**भिलाईनगर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी सेक्टर.4 ने समारोह में माह अक्टूबर में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। इस दौरान रिटायर कर्मियों ने सम्मान के लिए आभार जताया और अपने सेवाकाल से जुड़ी यादें साझा की। सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। पूरन देवांगन ने सभी रिटायर सदस्यों को जीवन के नए अध्याय की शुरुआत पर शुभकामनाएं दी। श्री देवांगन ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का एक पड़ाव है और सेवाकाल में हमारे वरिष्ठ साथियों जो योगदान दिया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। सेवानिवृत्ति हुए कर्मियों में तरुण करनार, प्रेमुलाल वर्मा, पवन कुमार वर्मा, मुख्तार सिंह, कुबेर सिंह, संतोष कुमार दीक्षित, लखन दास लहरे, बी.एल.एन. मूर्ति, आर.चंद्र शेखर, असलम जावेद सिद्दीकी, नीरज कुमार तिवारी, जुगल किशोर सिंह, समीर शर्मा, सुबीर कुमार बिस्वास, अमरजीत सिंह, सुदर्शन प्रसाद साहू, मोहम्मद रफीक अहमद घसिया राम को सोसाइटी की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन के जन्मदिवस के अवसर पर केक काट खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमां परवीन, संचालक मंडल सदस्य विपिन बंछोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, शशिभूषण सिंह, नितिशा साहू, वेद प्रकाश सूर्यवंशी तथा सोसायटी के कर्मियों में मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर, नारायण साह, सुरेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन शशिभूषण सिंह ने किया।

# हैदराबाद में छत्तीसगढ़ी लोक वाद्यों का जादू बिखेरेंगे रिखी

**भिलाईनगर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। हैदराबाद में होने जा रहे राष्ट्रीय लोक मंथन आयोजन में प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय देश भर की कला संस्कृति बिरादरी के बीच छत्तीसगढ़ी लोकवाद्यों का जादू जगाएंगे। वहां 21 से 23 नवम्बर तक होने जा रहे कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करते हुए छत्तीसगढ़ की लोक संगीत एवं लोक वाद्य की प्रस्तुति करने लोक वाद्य संग्रहक रिखी क्षत्रिय एवं साथी हैदराबाद के लिए रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि गैर सरकारी पहल लोकमंथनष् की ओर से छत्तीसगढ़ ग्रीन समिट का आयोजन 3 से 5 अक्टूबर तक राजधानी रायपुर में किया गया था। इस दौरान इस्पात नगरी भिलाई निवासी व प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने अपनी प्रस्तुति दी थी। वहीं उन्होंने अपने संग्रहित लोकवाद्यों की प्रदर्शनी लगाई थी। इस दौरान रिखी क्षत्रिय की कला व उनके वाद्य यंत्रों का संग्रह देख कर प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय संयोजक जे नंदकुमार ने मुक्त कंठ से सराहना की और हैदराबाद में 21 से 23 नवंबर तक होने वाले लोकमंथन के चौथे संस्करण में शामिल होने का न्योता दिया था। इस पहल के तहत अब रिखी का दल हैदराबाद रवाना हो चुका है। वहां रिखी देश भर के आदिवासी लोक कला मर्मज्ञों और आदिवासी समुदाय के कलाकारों के बीच अपना संग्रह प्रस्तुत करेंगे और अपने समूह के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति भी देंगे। रिखी के साथ इस दल में रामकुमार निषाद, भोलाराम, उग्रसेन, देवदास, रामकुमार पाटिल, डोरेलाल, कुलदीप सार्वा, दिनेश वर्मा, अजित, राजेश, कमल एशिवम, सुनील, नवीन, प्रदीप, प्रमोद, पारस, संजीव कुमार, अभिमेष और वेद प्रकाश शामिल हैं।

# यूथ सिख सेवा समिति की बैठक आयोजित



**भिलाईनगर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। यूथ सिख सेवा समिति भिलाई की कोर कमेटी एवं सदस्यों की परिचयात्मक बैठक रामनगर स्थित सभागार में अध्यक्ष इंदरजीत सिंघ छोटू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में समिति के पांच बिन्दुओं के अलावा सभी सदस्यों ने अपने अपने सुझाव रखें। अध्यक्ष इंदरजीत सिंघ छोटू ने सभी को मिले अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने कहा। उन्होंने कहा कि खेल एवं शिक्षा पर अधिक फोकस समिति करेगी। अब जल्द ही समिति का बैंक एकाउंट एवं क्यूआरकोड शुरू होने जा रहा है। समिति लगातार सेवा के कार्य कर रही है। जिसमें आप सबकी सहभागिता जरूरी है। विवाह योग्य युवक युवतियों के रजिस्ट्रेशन फार्म सभी गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटियों के कार्यालयों में उपलब्ध है, जो भी जरूरतमंद है। अपने निवास के निकट गुरुद्वारा से फार्म लेकर दी गई जानकारियां भरकर जमा करें। उसके बाद कोर कमेटी उसके विषय में निर्णय करेगी और बैशाखी पर्व के बाद विवाह तिथि की घोषणा करके दस से लेकर 50 जोडों का विवाह समिति करायेगी। लंगर का पूरा खर्चा समिति करेगी और नवविवाहिता को समिति अपनी ओर से सिलाई मशीन भी दी जाएगी। इसके अलावा खेल में राष्ट्रीय, अंर्तराष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय के साथ ही जिला स्तरीय खेलों में अपनी अच्छी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है, उनको चिन्हांकित कर प्रतिभावान खिलाड़ी तो हैं लेकिन आर्थिक आभाव के कारण वह खेल में आगे नही बढ़ पा रहे है, उन्हें चिन्हांकित करके उनकी मदद करके उन्हें आगे बढाना है, उनको जूत, ट्रेकसूट व जो भी खेल सामग्री है वह समिति उनको उपलब्ध करायेगी। समाज के ऐसे लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर है, उनके शिक्षा का खर्च भी समिति वहन करेगी। छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री एवं वेशभूषा से लेकर सभी प्रकार की सामग्री समिति प्रदान करेगी। वहीं उच्च शिक्षा के लिए जिसमें आईएएस, आईपीएस, इंजीनियरिंग जैसे बड़े कोर्स के लिए भी समिति पहल कर जरूरत मंद छात्रों को चिन्हांकित करके उन्हें भी आर्थिक मदद प्रदाय किया जायेगा। ताकि ऐसे होनहार छात्र शीर्ष पर पहुंचकर समाज का नाम रौशन कर सके और समाज को कुछ दे सके। नशा मुक्ति के लिए भी समिति कार्य करेगी और ऐसे लोगों को भी चिन्हांकित करेगी। जिससे वह नशा छोड़कर समाज के मुख्य धारा से जुड़ सके। उन्होंने अपील की है कि लोग लाईफ टाईम मेंबर बने। अब तक समिति में एक हजार से अधिक सदस्य बनाये जा चुके हैं। सिक्ख समाज से जुडा हर व्यक्ति हर महिने दो सौ एवं अपनी क्षमता के अनुसार उससे अधिक राशि समिति को प्रदान कर सकते है। पूरी पारदर्शिता के साथ हमारी समिति कार्य कर रही है। किसी भी प्रकार का लेन देन बैंक के माध्यम से उसका ट्रांस्जेक्शन एवं चेक के माध्यम से होगा। दुर्ग भिलाई में गुरूद्वारों के डेव्हलपमेंट पर भी समिति अपना सहयोग प्रदान करेगी। अभी हाल ही में केम्प एक व खुर्सीपार में बेबे नानकी गुरूद्वारा में भी कारसेवा कर सहयोग किया गया है। बच्चों में गुरूमुखी का अधिक से अधिक प्रचार और ज्ञान हो इसके लिए समर केम्प लगाये जायेंगे। बैठक में अध्यक्ष इंदरजीत सिंघ छोटू, जसवंत सिंघ सैनी, मलकीत सिंघ, रंजित सिंघ, हरनेक सिंघ सैनी, करमजीत सिंघ बेदी, पवितर सिंघ, सरवन सिंघ सम्मी, विक्रम सिंघ, सोम सिंघ, मनमीत सिंघ बेदी, हरपाल सहित अनेक उपस्थित थे।

# बिरयानी की प्लेट में कीड़ा निकलने से मचा हड़कंप

**भिलाईनगर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर के एक बिरयानी सेंटर के खाना में खाते समय इल्ली और कीड़ा बिरयानी की प्लेट में मिला। बिरयानी खा रही दो महिलाओं को खाना खाते समय यह कीड़ा सीधा प्लेट में चलते दिखा है। इस घटना के बाद बिरियानी सेंटर के मैनेजर ने दोनों महिला को शिकायत करने पर जमकर धमकाएं और जब मामला तूल पकड़ लिया पत्रकारों के पास पहुंचा तो वापस करने की भी बात बात कर माफी मांगने लगे। स्टोरेंट और मंहगे होटलों में खाना खाने के शौकीन लोग होशियार हो जाएं। अब भिलाई के इस बिरियानी सेंटर से आपको सावधान हो जाने की जरुरत है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक यह मामला दोपहर 2.30 बजे के आस पास की है। जहां लड़की ने जोमेटो के माध्यम से बिरयानी का आर्डर किया था। तभी खाते वक्त उन्हें बिरयानी की प्लेट में कीड़ा मिला। उन्होंने इस बिरयानी के लिए 176.40 रुपए दिए थे। ऑनलाइन फूड डिलीवरी एप जोमेटो द्वारा फूड ऑर्डर कर रेस्टोरेंट से अपनी मनपसंद डिश का ऑर्डर करने वाली एक युवती को कड़वा अनुभव साझा किया है। इसकी शिकायत उन्होंने बिरियानी सेंटर के मैनेजर से की तो वह तमतमा उठे । जब मालिक से बात करनी चाहिए तो मालिक का कहना है ऐसी घटनाएं को सामान्य होने की बात कही। 4 दिन में लोग भूल जाते हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस शुद्धता और गुणवत्ता से ये होटल या रेस्टोरेंट्स खाना बनाते हैं। इस घटना को लेकर लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार उपभोक्ता द्वारा इसकी शिकायत खाद्य विभाग से की जा सकती है। होटलों में गंदगी को लेकर जिलाधीश के कड़े निर्देश के बाद खाद्य विभाग की टीम द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही किये जाने से कई होटल में गंदगी देखी जा सकती है।

# यातायात को सुगम बनाने आईजी का निर्देश



**भिलाईनगर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग ने यातायात शाखा के अधिकारियों, कर्मचारियों की बैठक लेकर यातायात जागरूकता अभियान को तेज करने एवं अनधिकृत और मॉडिफाइड वाहनों, तेज गति से चलने वाले वाहनों और स्टंट बाइक चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने दिए निर्देश दिया। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज के द्वारा नो एंट्री में ट्रक की एंट्री होने पर ट्रैफिक के अधिकारियों को दी चेतावनी। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग ने दुर्ग जिले की यातायात शाखा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री रिचा मिश्रा और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना और जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करना था। बैठक में यातायात पुलिस कर्मियों को ड्यूटी चार्ट का पालन सुनिश्चित करने एवं अपने ड्यूटी क्षेत्र में पूरी सतर्कता के साथ कार्य करने की बात कही। इसके साथ ही, उपलब्ध उपकरणों के सही उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस महा निरीक्षक श्री गर्ग ने बैठक में कहा कि यातायात जागरूकता अभियान अधिक से अधिक और भी चलाने की बात कही एवं अनधिकृत और मॉडिफाइड वाहनों, तेज गति से चलने वाले वाहनों और स्टंट बाइक चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, खराब वाहनों को मार्ग से हटाने और यातायात को सुचारू रखने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। आगामी वैवाहिक सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर में यातायात की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस दौरान होने वाले आयोजनों में यातायात नियंत्रण को लेकर विशेष तैयारी करने की आवश्यकता बताई गई। यातायात ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को पूर्ण ईमानदारी के साथ ड्यूटी निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। यह बैठक दुर्ग पुलिस की यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और अनुशासित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को इन निर्देशों को शीघ्रता से लागू करने का निर्देश दिया है ताकि जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें।

## जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 25 को

**बेमेतरा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक जिला कार्यालय बेमेतरा के दिशा सभाकक्ष में 25 नवंबर 2024 को आयोजित की गई है 7 जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक के पूर्व सर्व विभाग अपनी समस्याओं को अपने स्तर पर नियमानुसार निराकरण कर किया।

# विधानसभा नवागढ़ स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के निर्माण कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति

**बेमेतरा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा नवागढ़ स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बेमेतरा जिले के विकासखण्ड नवागढ़ मे विभिन्न गावों में विकास कार्यों के लिए 73 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अरूण साव उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन एवं प्रभारी मंत्री, जिला बेमेतरा एवं दयालदास बघेल मंत्री छ.ग. शासन एवं विधायक नवागढ़ द्वारा अनुशंसित जिला बेमेतरा की अनुशंसा पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम पंचायत रूसे में सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम पंचायत गोढ़ीकला के आश्रित ग्राम गोढ़ीखुर्द में सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम पंचायत हरदी के आश्रित ग्राम जोगीपुर में मेन रोड से यादव सामु. भवन जोगीपुर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 10 हजार रूपये, ग्राम व ग्राम पंचायत घोरहा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम व ग्राम पंचायत बुन्देला में सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम व ग्राम पंचायत सेमरिया में रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम व ग्राम पंचायत झिरिया में महामाया मंदिर के पास रंगमंच की



मरम्मत कार्य के लिए 2 लाख रूपये, ग्राम व ग्राम पंचायत चरगंवा में महामाया के पास अतिरिक्त कक्ष निर्माण 2 लाख रूपये, ग्राम व ग्राम पंचायत कंवराकापा में महामाया के पास रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम व ग्राम पंचायत बाघुल में शनि मंदिर के पास रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 50 हजार रूपये, ग्राम व ग्राम पंचायत कुंआ में सामुदायिक भवन निर्माण (साहू मोहल्ला में) कार्य के लिए 6 लाख 50 हजार रूपये, ग्राम व ग्राम पंचायत मल्दा में सामुदायिक भवन निर्माण (निषाद मोहल्ला में) कार्य के लिए 6 लाख 50 हजार रूपये, ग्राम व ग्राम पंचायत मल्दा में महामाया के पास रंगमंच निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम व ग्राम पंचायत पौंसरी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 6 लाख 50 हजार रूपये, ग्राम पंचायत हरदी के आश्रित ग्राम जोगीपुर के गौठान में चबूतरा निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपये और ग्राम व ग्राम पंचायत तेन्दुवा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 6 लाख 50 हजार रूपये प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इन निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी विधायक निधि विकास योजनांतर्गत से निष्पादित कार्य के बारे में स्थानीय जनता को अवगत कराने के लिए विधायक के नाम सहित विधायक निधि विकास योजनांतर्गत कार्य लिखित सूचनापट कंक्रीट बोर्ड एवं स्पष्ट रूप से कार्य स्थल पर लगाया जावे।

# बेमेतरा विधानसभा में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति

**बेमेतरा**, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा बेमेतरा स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अन्तर्गत बेमेतरा जिले के विभिन्न गावों में विकास कार्यों के लिए 49 लाख 70 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। माननीय श्री अरूण साव उपमुख्यमंत्री छ.ग. शासन एवं प्रभारी मंत्री जिला बेमेतरा एवं श्री दिपेश साहू विधायक बेमेतरा द्वारा अनुशंसित जिला बेमेतरा की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी है।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम व ग्राम पंचायत बैजलपुर में संडी रोड हनुमान मंदिर से छोटुराम साहू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 4 लाख रूपये, ग्राम पंचायत बैजलपुर के आश्रित ग्राम बैंजी में प्राइमरी स्कूल के पास नारायण साहू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रूपये, ग्राम व ग्राम पंचायत बैजलपुर में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य (बवली आबादी पारा के पास) 3 लाख रूपये, विकासखण्ड बेरला के ग्राम व ग्राम पंचायत मनियारी में कबीर चौंक के पास कांक्रीटीकरण निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपये, ग्रम व ग्राम पंचायत कोदवा में कृष्णा ढ़ीवर के घर से रामसिंह यादव के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हाजर रूपये, ग्राम व ग्राम पचायत कोदवा में साजा रोड पिन्टू के घर से नारायण ठेठवार के घर तक सी.सी. निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम व ग्राम पंचायत मनियारी में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य के लिए 3 लाख 50 हजार रूपये, ग्राम पंचायत सोरला में सामुदायिक भवन से कर्मा माता चौक तक सी.सी. रोड कांक्रीटीकरण निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम पंचायत कुरूद के आश्रित ग्राम पेन्ड्री में जैतखाम से दैहान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख 20 हजार रूपये, ग्राम व ग्राम पंचायत सोरला के आजू साहेब के घर से संतोष वैष्णव के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य के लिए 50 लाख 20 हजार रूपये एवं नगर पंचायत भिभौंरी के हरदेव चौक वार्ड नं. 20 में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपये प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी विधायक निधि विकास योजनांतर्गत से निष्पादित कार्य के बारे में स्थानीय जनता को अवगत कराने के लिए विधायक के नाम सहित विधायक निधि विकास योजनांतर्गत कार्य लिखित सूचनापट कांक्रीट बोर्ड एवं स्पष्ट रूप से कार्य स्थल पर लगाया जावे।

# 24 घंटे के भीतर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरुर में गुंजी 6 किलकारियां




**गुरुर**, 18 नवंबर (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे 30 में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरूर ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यहाँ 24 घंटे के भीतर छह किलकारियां गूंजी है। स्वास्थ्य केंद्र में टीम द्वारा 6 महिलाओं की सफलतापूर्वक डिलीवरी कराई गई। मेडिकल टीम की सकुशल मेहनत और प्रयास से 6 नन्हे फरिश्तों ने जन्म लिया है। सभी नवजात शिशु पूरी तरह स्वस्थ हैं। बता दे कि प्रदेश के सभी स्वास्थ्य केन्द्रो मे सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिसका सुखद परिणाम भी सामने आ रहा है। वहीं शासन द्वारा अभियान के बाद संस्थागत प्रसव को लेकर में जागरूकता बढ़ी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरुर से जानकारी के मुताबिक ग्राम सौहतरा निवासी गीता बाई, ग्राम पुरूर निवासी वंदना बाई, ग्राम नवागांव निवासी कौशिल्या बाई, ग्राम चिटौद निवासी सीमन बाई, ग्राम मरकाटोला निवासी संगीता एवं ग्राम भर्रीगांव निवासी प्रीति बाई ने बच्चे को जन्म दिया है।

मां और बच्चे सभी पूरी तरह से स्वस्थ्य है।

24 घंटे के भीतर सुरक्षित तरीके से छह प्रसव कराने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरुर बालोद जिले का पहला केंद्र बन गया है। इस उपलब्धि मे स्टॉफ नर्स हेमबती नेताम, सोनल मसीह, कुसुम साहू, भारती साहू व वार्ड आया यशोमति साहू और ग्रामीण चिकित्सा सहायक कमल किशोर सिन्हा का विशेष योगदान रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं की प्रसव से पहले स्वास्थ्य जांच और समय-समय पर टीकाकरण भी सक्रियता के साथ किया जा रहा है। इस उपलब्धि के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों ने भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरूर के सभी स्वास्थ्य कर्मचारियो को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# गंडई महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर परिचर्चा



**गंडई पंडरिया,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। स्व. देवी प्रसाद चौने शासकीय महाविद्यालय गंडई में प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। परिचर्चा में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. एन एस वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधान इस वर्ष से छ.ग. उच्च शिक्षा विभाग में लागू हो गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित विभिन्न प्रावधानों से छात्र-छात्राओं एवं पालका को अवगत कराने तथा उनके शंकाओं का निराकरण करने के लिये प्राध्यापकों को निर्देशित किया। कार्यशाला में महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधानों से प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को कोर सब्जेक्ट, स्किल इन्हेन्समेंट एवं आतरिक मूल्यांकन व असाइनमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एनएस.वर्मा, प्रो. टी. एल. वर्मा, प्रो. जी कौशिक, प्रो. पी. के. अमिला, महाविद्यालय संगस्त अतिथि प्राध्यापक व स्वाध्यायी (प्राइवेट) छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पीएम आवास योजना के लिए संभावित पात्र हितग्राहियों का होगा सर्वेक्षण, वार्डों में लगेगी शिविर

**कुम्हारी**, 20 नवंबर (देशबन्धु)। शहरी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 द्वितीय चरण के क्रियान्वन के लिए वार्डों में 20 नवंबर से 4 दिसंबर तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में वार्ड के संभावित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण (रैपिड एसेसमेंट सर्वे) किए जाने पालिका सीएमओ नेतराम चंद्राकर ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौंपा है।




नेतराम चंद्राकर ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभ देने वार्डों में 20 नवंबर से 4 दिसंबर तक प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक तिथि अनुसार विभिन्न वार्डों में शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया उन्होंने बताया कि 20 व 21 नवंबर को सत्ती मंदिर जंजगिरी एवं सांस्कृतिक भवन कुम्हारी में शिविर आयोजित किया जाएगा वहीं 25 से 28 नवंबर तक मानस भवन कुगदा 27 से 29 नवंबर को कबड्डी मैदान कुम्हारी 28 व 29 नवंबर को राजीव भवन परसदा एवं 3 व 4 दिसंबर को राजीव भवन चोरहा में शिविर आयोजित होगा जिसके लिए उप अभियंता साधना अहिरवार छाया साहू सहित सहायक अधिकारी चंद्रकांत पोद्दार निलिस देवांगन उत्तम राजपूत को जिम्मेदारी दी गई है। शिविर में लगे अधिकारी- कर्मचारी संभावित पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण कर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने वार्डवासियों को वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर आवास योजना का लाभ लेने की अपील की है।

# पंजाब एण्ड सिंध बैंक एटीएम का लोकार्पण



**दल्लीराजहरा**, 20 नवंबर (देशबन्धु)। पंजाब एण्ड सिंध बैंक दल्ली राजहरा के नये ब्रांच में एटीएम का लोकर्पण बैंक प्रबंधक पास्कल टोप्पो जूनियर बैंक प्रबंधक आर दिलीप कुमार कैशियर सुश्री राजविंदर कौर अनूप कुमार पाण्डे लोमेश पटेल बोधन साहू सहित ग्राहकों के उपस्थिति में पंडित से विधि विधान से पूजा अर्चना करा कर उद्घाटन किया गया। बैंक के ग्राहक लगातार एटीएम की मांग कर रहे थे, उन्हें पेमेंट निकालने दूसरे बैंक के एटीएम में जाना पड़ता था, जिसका निराकरण होने से पंजाब एण्ड सिंध बैंक के पासबुक धारक ने हर्ष व्यक्त किया है। समस्त बैंक धारकों ने बैंक प्रबंधक श्री टोप्पो का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री टोप्पो ने कहा की बैंक में आने वाले ग्राहक को सुविधा देने हम सभी बैंक के अधिकारी व कर्मचारी की पहली प्राथमिकता होती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा की देश की आजादी के पूर्व की पंजाब एण्ड सिंध बैंक की भारत में स्थापना हुई है। उन्होने आगे कहा की बैंक के पासबुक धारक हैं,तो बैंक है और उसके बाद ही हम सभी बैंक के अधिकारी कर्मचारी हैं। इनका सेवा ही हमारा पहला दायित्व बनता है।

**ग्राहक को सुविधा देना हम सभी बैंक अधिकारी व टीम की पहली प्राथमिकता : प्रबंधक टोप्पो**

# पालिका में स्वनिधि,स्वाभिमान अंतर्गत विशेष शिविर

**दल्लीराजहरा,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत नगर पालिका द्वारा शहरी पथ विक्रेताओं को प्रथम 10,000 द्वितीय 20,000 तृतीय 50,000 रुपए तक का लोन दिए जाने का प्रावधान है द्यमुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने बताया कि शहरी पथ विक्रेता सड़क के किनारे पर रहते हुए सस्ते दामों पर रोजमर्रा का सामान नागरिकों को उपलब्ध कराते हैं और इसी से अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं द्य इन शहरी पथ विक्रेताओं का व्यवसाय काफी प्रभावित हुआ है जिन्हें पुन पटरी पर लाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री शहरी पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि पीएम स्व निधि योजना की शुरुआत की गई है।जिससे शहरी पथ विक्रेता जिन्हें रोलिंग के लिए अधिकतम ?50000 तक का राष्ट्रीय कृत बैंकों द्वारा लोन उपलब्ध कराया जाएगाद्य इसका फायदा योजना से जुड़ कर शहरी पथ विक्रेता उठा सकते हैंद्य प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत जो पत्र विक्रेता लोन हेतु आवेदन किए थे जिनके प्रकरण बैंकों में लंबित है ऐसे लोन प्रकरणों के लिए च्स्वनिधि भी स्वाभिमान भीज् पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन नगर पालिका द्वारा बैंक शाखाओ में किया जा रहा है।नगर पालिका द्वारा 19,20,21 नवंबर भारतीय स्टेट बैंक, 22 नवंबर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक दल्ली राजहरा,25 नवंबर पंजाब नेशनल बैंक, 26 नवंबर पंजाब एंड सिंध बैंक,27 नवंबर एक्सिस बैंक,28 नवंबर एचडीएफसी बैंक शिविर का समय 11ः00 से 2.00 तक लोन हेतु आवेदन किए हुए शहरी पथ विक्रेता शिविर में आकर योजना का लाभ उठा सकते हैं,एवं नए आवेदन हेतु कार्यालयीन समय में कार्यालय के परियोजना विभाग में पीएम स्व निधि ऋण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं द्य




**28 तक शहरी पथ विक्रेताओं के लिए विभिन्न बैंक,लोन लेने आवेदन लिए जाएंगे : सीएमओ**

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

**बेमेतरा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले की एकीकृत बाल विकास परियोजना साजा अंतर्गत वर्तमान में नवीन स्वीकृत पद एवं रिक्त पद हेतु आ.बा. सहायिका के पद पर शासन द्वारा निर्धारित निर्देश एवं मानदंडों के अनुसार नियमानुसार नियुक्ति किया जाना हैं। इसके अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय जिला बेमेतरा वार्ड नं. 10/13 (सिंघौरी) बेमेतरा अंतर्गत ग्राम पंचायत मुनरबोड़ के ग्राम राउरपुर में आ.बा. केन्द्र राउरपुर क्रं. 02 पर 01 आ.बा. कार्यकर्ता व 01 आ.बा. सहायिका हेतु पद पर आवेदन आमंत्रित किया गया हैं।आवेदन संबंधित ग्राम की आवेदिकाओ द्वारा आवेदन पत्र भरकर निर्धारित तिथि में 21 नवंबर 2024 से 05 दिसंबर 2024 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय बेमेतरा में कार्यालयीन समय 10:00 से 5:30 बजे तक।

# मां दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना करकाभाट में बॉयलर की हुई पूजा

**गुरुर,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। ब्लॉक मुख्यालय गुरुर से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित माँ दन्तेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना ग्राम करकाभाट में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों द्वारा बॉयलर की पूजा अर्चना की गई। यहां सभी अनुष्ठान पंडित द्वारा संपन्न कराया गया, बता दे कि यह शक्कर कारखाना बालोद जिले का एकमात्र शक्कर कारखाना है लेकिन क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में गन्ने की खेती नहीं होने के कारण हर वर्ष पराई सीजन में गुरुर, बालोद के अलावा दुर्ग, जिला धमतरी, कांकेर, राजनांदगांव, बेमेतरा, कवर्धा जैसे अन्य जिलों से गन्ना मंगाया जाता है।



**दिसंबर माह में होगी गन्ने की पेराई**

कारखाना प्रबंधन से जानकारी के दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में ही कारखाने को प्रारंभ करने के लिए तैयारी की जा रही है।

वहीं कृषि विभाग से जानकारी मुताबिक गुरुर ब्लॉक में गुरुर सहित ग्राम दियाबाती, सोरर, अर्जुनी, कुलिया, दुपचेरा, कँवर, पलारी, धनोरा, कपरमेटा, बरपारा सहित अन्य गांव में भी किसानों द्वारा गन्ने की खेती की जा रही है, जो कारखाना प्रबंधन को गन्ना बेचकर लाभान्वित होंगे। जिले के एकमात्र मां दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाना करकाभाट में लंबे समय तक गन्ने की पेराई चलता रहे, इसके लिए शासन प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन के माध्यम से भी गुरुर तहसील के आलावा बालोद जिला मे गन्ना फसल क्षेत्र का विस्तार के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, लेकिन लक्ष्य के अनुरूप गन्ने की खेती नहीं होने के कारण हर वर्ष कारखाना प्रबंधन को अन्य जिलों से गन्ना मंगाना पड़ रहा है।

## निधन

### एमएम वशिष्ठ



**भिलाईनगर,** 20 नवंबर। बीएसपी के पूर्व उप प्रबंधक, समाजसेवी व ब्राम्हण समाज तथा व्रज मंडल भिलाई के वरिष्ठ सदस्य एमएम वशिष्ठ 94 का 19 नवंबर की रात निधन हो गया। वे लंबे समय से आयु सबंधी समस्याओं के चलते अस्वस्थ थे। बुधवार 20 नवंबर को उनके निवास स्थान मकान नंबर 457/08 सड़क 21 I/ए आशीष नगर पश्चिम रिसाली निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकली। दोपहर 1 बजे निकलकर रिसाली मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त जनसंपर्क सहायक अनिल वशिष्ठ, कुमुद शर्मा के पिता थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### जिपं की बैठक में पीएम आवास...

है। इस पर बैठक में उपस्थित विधायक ललित चंद्राकर भड़क गये। उन्होंने सख्त लहजे में दो टूक कहा कि कमीशन लेते समय तो स्टाफ की कमी कभी नहीं बताते यह नहीं कहते बस दो तीन आदमी है। इसी प्रकार गिरदावरी सत्यापन के बाद बोरी तहसील में बहुत से किसानों का पंजीयन लाक हो जाने का मुद्दा उठाते हुए एक सदस्य ने कहा कि कुछ हिस्सों में धान के अलावा अन्य फसल भी ली गई है मगर पूरा रकबा ब्लाक कर दिया गया है। जितेन्द्र साहू ने कहा कि बोरी में 15-17 ऐसे किसान है जिनके पूरे रकबे में कटौती कर दी गई । इस मुदद्े पर कृषि, खाद्य एवं विपणन संघ के अधिकारी एक दूसरे पर मामला टालने लगे तब विधायक ललित चंद्राकर फिर भड़क उठे। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वे यदि जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों का सही सही उत्तर नहीं दे सकते तो नौकरी छोड़ दें। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारियों की वजह से ही सरकार बदनाम होती है।

बैठक में जनपद अध्यक्ष दुर्ग देवेन्द्र देशमुख ने कहा कि मिनीमाता चौक से ग्राम अंडा तक सड़क निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। डिवाइडर पर 13 जगह में कटिंग है। इस पर लोक निर्माण विभाग के ईई और जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख के बीच काफी नोंक झोंक भी हो गई।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू ने ग्राम अंजोरा से ग्राम तिरगा पाटन तक भारत माता परियोजना की सड़क का मामला उठाते हुए कहा कि इस निर्माण के लिये आसपास की सड़कें खराब की जा रही है इसे सुधरवाया जायें। चंद्रकला मनहर ने बिरौदा मार्ग पर बड़ी संख्या में वृक्षों की कटाई के बाद नये वृक्ष न लगाये जाने का मामला उठाया।

### मेडिकल स्टोर्स के संचालक से ...

गया । इस संबंध में पद्मनाभपुर थाना प्रभारी से संपर्क करने पर उन्होंने ऑनलाईन ठगी होने की पुष्टि की किंतु मामला ऑनलाईन का होने के कारण कहा कि जब तक उनके पास कोई लिखित पत्र नहीं आता तब तक वे कोई विवरण नहीं दे पायेगें। क्योंकि विवरण की जानकारी उन्हें भी नहीं है।

### हेमचंद विवि की हॉकी पुरूष टीम ने ...

की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गणेश यादव, अरबाज, सारिक, शादाब और कृष्णा ने 01-01 गोल कर टीम के जीत में योगदान दिया। टीम के इस जीत पर वि.वि. के कुलपति व आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

इस टीम के मैनेजर डॉ अजय लांजेवार सेठ रतनचंद सुराना महाविद्यालय दुर्ग व कोच दुर्गेश कन्नौजे शासकीय नवीन महाविद्यालय नवाघाट बेमेतरा है टीम के मैनेजर द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि टीम का अगला मैच ब्रम्हपुर विश्वविद्यालय ओडिसा से होगा।

# प्रस्तावित रेलवे लाईन से पीड़ित किसानों की बैठक कल

**पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने सौंपा ज्ञापन**



**डोंगरगढ़**, 20 नवंबर (देशबन्धु)। डोंगरगढ़ से कटघोरा प्रस्तावित रेल्वे नया लाईन से प्रभावित किसानो की बैठक को लेकर अनुविभागीय अधिकारी के नाम पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के द्वारा आज तहसील कार्यालय में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया है इस अवसर पर अनिल मेश्राम नेत्रराम साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहे ज्ञापन में बताया गया कि डोगरगढ़ से कटघोरा तक नया रेल्वे लाइन बिछाने केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित है ,जिसका सर्वे पश्चात 300 सौ करोड की राशि स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमे क्षेत्र के बहुत से किसान का जोत-भूमि अधिग्रहित किया जाना है। जिससे किसान भाईयो के लिए जीवन- निर्वाह करने समस्या से जूझना होगा। किसान भाईयों की मांग है कि उक्त रेल्वे लाईन का सर्वे बीते वर्ष -2016, 2017 का है और उसी सत्र के अनुसार किसानों को भुमि अधिग्रहण के बदले मुआवजा राशि दिये जाने का तय किया गया जिससे किसानो को काफी नुकसान होगा अत: वर्तमान सत्र में नया सर्व कर वर्तमान 2024-2025 के दर पर किसानों को मुआवजा राशि प्रदाय किया जावे। एवं जिन किसान भाईयों का भूमि अधिग्रहित किया जा रहा है उनके परिवार के किसी एक सदस्य को शासकीय नौकरी दिया जाए। इसी संबंध में डोगरगढ़ के समीपस्थ ग्राम-कोलेन्द्रा मे आगामी 22 नवंबर 2024 दिन शुक्रवार को दोपहर 01 बजे से 03 बजे तक

बैठक स्थान ग्राम कोलेन्द्रा, कोलेन्द्र से रिवागहन मार्ग पर नीलकंठ वर्मा की बाड़ी में रखा गया है, . पुराना निर्धारित मुआवजा राशि में संसोधित कर नया राशि निर्धारित किया जावें। . जिन किसान भाईयों का भूमि इस निर्माण कार्य में अधिकग्रहण हो रहा है। उनके परिवार के किसी भी एक सदस्य को शासकिय नौकरी दिया जावे । प्रभावित गांव - अछोली, जटकन्हार, नागतराई, धुसेरा, बेलगांव, कटली, भैंसरा, कोलेन्द्रा, रीवागहन, ठाकुरटोला, कातलवाही, छपारा, सिवनीकला, बिजनापुर सहित अन्य गांव के लोग है। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी को भी आमंत्रित किया गया है प्रस्तावित रेलवे लाईन से जिनकी भूमि अधिग्रहण होगी उन लोग अपनी समस्या को रखेंगे जिसके बाद आगे की रणनीति तय की जायेगी।

## युगांत मेश्राम को कराटे में मिला गोल्ड मेडल

**डोंगरगढ़,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। डोंगरगढ स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़े डोंगरगढ निवासी नरेंद्र मेश्राम के पुत्र मिस्टर युगांत मेश्राम ने भारत के लिए गोल्ड मेडल लाया.जो कि वर्ल्ड फुनाकोशी कराटे चैंपियनशिप जोकी गोवा मे हुआ है जीता हैपहला मैच दक्षिण कोरिया के खिलाड़ी से हुआ और दूसरा मैच केन्या के खिलाड़ी से हुआ। और भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता।उनके जीत में शामिल होते हुए भारत के जाने मने अभिनीत सुमन तलवार जी ने भी बधाई दी और दूसरे देशो से आए जज और कोच ने भी उनके खेल की सराहना और उनके साथ फोटो लिए...और अन्य देशो से आये हुए खिलाड़ी ने भी उनके खेल की सराहना और उनके साथ फोटो लिये। युवक के गोल्ड मैडल जितने पर शहर के गणमान्य लोगों ने बधाई देते हुए कहा कि नगर के लिए बड़ी खुशी की बात है और हमारे छत्तीसगढ़ के लिए भी बड़े गौरव की बात है।



# ढीमर समाज भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का विधायक ने किया भूमिपूजन




**दुर्ग,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। स्थानीय परगना ढीमर समाज के भवन में अतिरिक्त कमरा निर्माण हेतु आज विधायक गजेन्द्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने संयुक्त रूप से भूमिपूजन किया। अतिरिक्त कक्ष का निर्माण विधायक निधि की राशि से किया गया। इस अवसर पर विधायक गजेन्द्र यादव ने सामाजिक भवन की जरूरत एवं उसके महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए आशा जताई कि ढीमर समाज अपने भवन में समाज के आर्थिक सामाजिक विकास के लिये और अच्छे निर्णय ले सकेगा। इसके अलावा नये भवन में समाज अपने सुख दुख के कार्यो को भी आसानी से पूरा कर सकेगा। इस कार्यक्रम में पार्षद नरेन्द्र बंजारे, एमआईसी प्रभारीगण संजय कोहले, भोला महोबिया, दीपक साहू, दाऊ ढीमर, राजकुमार वर्मा, जगमोहन ढीमर, कमलेश फेका, पुरूषोत्तम, अनिकेत यादव, शुभम साहू, रमेश श्रीवास्तव, सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# नगर पंचायत इंदौरी एवं ग्राम पंचायत कुंडा में विधायक भावना बोहरा ने किये करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

■ पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने जनता को दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात,कहा भाजपा के प्रति जनता के विश्वास से निरंतर हो रहे विकास कार्य

**कवर्धा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने आज नगर पंचायत इंदौरी एवं ग्राम कुंडा में क्षेत्रवासियों के साथ विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया और भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान भावना बोहरा ने अधोसंरचना मद से वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत 1 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से निकाय क्षेत्र में सी.सी. रोड,आर.सी.सी. रोड, नाली निर्माण,चौक सौन्दर्यीकरण एवं प्रतिमा स्थापना जैसे 8 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत कुंडा में मंडी बोर्ड मद से 63 लाख 28 हजार रुपए की लागत से सी.सी.रोड निर्माण हेतु 7 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं एवं विधायक निधि से 31 लाख 4 हजार रुपए की लागत से सी.सी.रोड निर्माण हेतु 5 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस तरह विधायक भावना बोहरा द्वारा कुल 2 करोड़ 64 लाख 32 हजार रुपए के विकास कार्यों की सौगात जनता को दी गई।

इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रति जनता के विश्वास से ही आज पंडरिया विधानसभा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में निरंतर विकास कार्य हो रहें हैं। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, सौन्दर्यीकरण और जनता की मूलभूत सुविधाओं से लेकर गाँव-गाँव तक सड़को का विस्तार एवं पुल-पुलिया का निर्माण हो रहा है। मोदी की गारंटी में किये वादों को पूरी प्रतिबद्धता से माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। वहीं कल्याणकारी योजनाओं से जनता के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आज हर क्षेत्र में विकास कार्यों की सौगात जनता को मिल रही है इससे क्षेत्र के विकास के साथ ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को भी गति मिल रही है।



उन्होंने आगे कहा कि हमारे पंडरिया विधानसभा में लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है। कांग्रेस सरकार में जो विकास कार्य ठप्प पड़ें थें, योजनाओं के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किये गए, किसानों के अधिकारों का हनन हुआ और जनता से किये वादे केवल कागजों तक ही सिमित रहे। लेकिन आज भाजपा सरकार में सुशासन के सूर्योदय और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प से पूरे प्रदेश का कायकल्प हो रहा है। हमारे पंडरिया विधानसभा में उद्योग स्थापना एवं रोजगार के अवसर देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा औद्योगिक नीति 2024-2030 में हमारे पंडरिया ब्लॉक को समूह -3 (कैटेगरी ष्ट वर्ग) में रखा गया है। जिससे यहां नवीन उद्योग स्थापना हेतू पूँजीगत अनुदान, ब्याज अनुदान, विद्युत शुल्क में छूट, सरकारी जमीन पर लीज रेंट लाभ मिलेंगे जिससे उद्योग स्थापना करने वाले व स्टार्टअप को बढ़ावा तथा प्रोत्साहन मिलेगा और क्षेत्रवासियों के लिए रोजगार सृजन होंगे।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि आज नगर पंचायत इंदौरी और ग्राम कुंडा में हुए इन सभी विकास कार्यों से जनता में भी एक विश्वास जागा है। डबल इंजन भाजपा सरकार में आज निकाय क्षेत्रों का जिस प्रकार ध्रुव गति से विकास हो रहा है, संसाधनों एवं सुविधाओं का विस्तार हो रहा है उससे स्पष्ट है कि आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी भारी मतों से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार आने के बाद से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर लगातार जोर दिया जा रहा है, आज नगर पंचायत इंदौरी में सी.सी. रोड,आर.सी.सी. रोड, नाली निर्माण,चौक सौन्दर्यीकरण एवं प्रतिमा स्थापना जैसे विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 70 लाख एवं ग्राम पंचायत कुंडा में मंडी बोर्ड व विधायक निधि से 94 लाख 32 हजार रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता की आकाँक्षाओं अनुरूप कार्य किये जा रहें हैं,ध्रुव गति से अधोसंरचना विकास के साथ ही मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क,बिजली,पानी जैसी आवश्यक सुविधाओं पर भी जमीनी स्तर पर कार्य किये जा रहें हैं, जिसका सकारातमक परिणाम दिखाई दे रहा है।



बेमेतरा, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। सिंधी समाज के उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी ने सिंधी समाज के अध्यक्ष लालचंद मोटवानी सहित सभी पदाधिकारियों का सम्मानित किया एवं उनके सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की।

# कृषि उत्पादन आयुक्त सचिव निगार पहुँची झालम गौ-अभयारण्य

■ मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम तैयारियों की ली जानकारी

■ सभी अधिकारी आपसी समन्वय बना काम करें: श्रीमती शहला निगार

**बेमेतरा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। कृषि उत्पादन आयुक्त सचिव एवं कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, सचिव कृषि उद्यानकी, मत्स्य पालन, पशुधन विकास, श्रीमती शहला निगार ने आज दोपहर बेमेतरा जिले के झालम स्थित गौ-अभयारण्य में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों के साथ पहुंची।



सचिव श्रीमती निगार ने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की देखा और जरूरी दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौ-अभयारण्य में सभी तैयारियों को समय पर पूरा किया जाए, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, और स्वच्छता सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने गौ-अभयारण्य की साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था, और दर्शकों के बैठने की उचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

सचिव श्रीमती निगार ने संबंधित अधिकारियों से हेलीपैड, वाहन पार्किंग आदि व्यवस्थों की जानकारी ली। अधिकारियों से कहा कि वे सभी आपसी समन्वय बनाए रखें ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। उन्होंने हैलीपैड स्थल, सभा स्थल आदि का निरीक्षण किया। कहा कि मुख्यमंत्री के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाना सभी की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो इस बात का ध्यान रखने कहा। उन्होंने ऊबड़-खाबड़, गड्ढे आदि का समतलीकरण, बरसाती नाले पर पाइप आदि बिछाकर आने-जाने का रास्ता बनाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अब तक की गयी तैयारियों से अवगत कराया। कलेक्टर ने गौ-अभयारण्य के विभिन्न शेड और उपचारित शेड के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मंच,बैठक व्यवस्था ,विभागीय स्टॉल, हैलीपैड, अतिथियों और गणमान्य नागरिकों के प्रवेश आदि व्यवस्थाओं के बारे में एक-एक कर स्थल पर ले जाकर जानकारी दी। पीडब्ल्यूडी, पीएचई, पशु चिकित्सा, सेवाये, हार्टिकल्चर, कृषि, पीएमजेएसवाई और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। सचिव श्रीमती निगार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौ-अभयारण्य में सभी तैयारियों को समय पर पूरा किया जाए, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, और स्वच्छता सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने गौ-अभयारण्य की साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था, और दर्शकों के बैठने की उचित व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से हेलीपैड, वाहन पार्किंग आदि व्यवस्थों की जानकारी ली।

# आज ग्राम पैलपार लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक भावना बोहरा का आगमन

**थानखम्हरिया,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पैलपार



जिला कबीरधाम सरपंच कामीन लालाराम साहू ने भेंट वार्ता के दौरान बताया। दोपहर 1:00 बजे गुरुवार 21/11/24 को सामुदायिक भवन, सीसी रोड, यात्री प्रतीक्षालय, मुक्तिधाम सेड का लोकार्पण लगभग 35 लाख का लोकार्पण पंडरिया विधानसभा विधायक श्रीमती भावना बोहरा के कर कमलो के द्वारा होगा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रोशन दुबे जी, जिला मंत्री भाजपा राजेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र वर्मा, तिलक सेन जनपद सदस्य, दारा सिंह राजपूत महामंत्री, धर्मपाल कौशिक महामंत्री, धनराज परमार युवा मोर्चा उपाध्यक्ष, के सानिध्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम को लेकर ग्राम वासियों में उत्साह का माहौल है। आगमन को लेकर लगभग तैयारी पूरी हो चुकी है। क्षेत्र वासियों एवं कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में नि:शुल्क प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन

**थानखम्हरिया,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आय, जाति, एवं निवासी प्रमाण पत्र बनाने हेतु एक दिवसीय निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन ज़ोन प्राचार्य मनीष चौबे द्वारा माननीय कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार किया गया।




इस शिविर में तहसीलदार यादव, प्राचार्य रविंद्र यादव, बीआरसी बघेल, शैलेश बारमते, बाबूलाल, एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। राजस्व निरीक्षक, समस्त पटवारी एवं संकुल समन्वयक की उपस्थिति में लाभार्थियों से कुल 179 आवेदन प्राप्त किए गए।

शिविर में नागरिकों को प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर का संचालन सुचारु रूप से संपन्न हुआ। उपस्थित अधिकारियों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन का आश्वासन दिया।

# हथमुड़ी में नेवता भोज का आयोजन

**थानखम्हरिया,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। शास. प्राथमिक शाला - हथमुड़ी प्रधानपाठिका श्रीमती प्रभा पटेल के द्वारा प्राथ. शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला हथमुड़ी में पूर्णत: नेवता भोजन का आयोजन किया गया! इस नेवता भोजन में कुल 251 बच्चों को चांवल, दाल, गोभी - मटर, खीर, पूड़ी, रायता,सलाद एवं पापड़ परोसा गया !शासन की इस महत्वपूर्ण योजना की आयोजन अवसर पर संकुल केंद्र निनवा प्राचार्य महोदया श्रीमती सुनीता तिवारी एवं संकुल समन्वयक आकाश सोनी, प्रधानपाठिका श्रीमती धनेश्वरी करभाल,श्प्रधानपाठिका श्रीमती सरिता मानिकपुरी, प्रधानपाठकश्री पलटू राम ठाकुर, श्रीमती रेखा रजक, श्रीमती किरण बाला वर्मा, श्रीमती निरंजना ठाकुर, श्रीमती संगीता वर्मा, श्रीमती भीखम लहरे, कु. दानेश्वरि वर्मा, दयावाती, सीता बाई, सुरेखा बाई,व्याख्याता लक्ष्मी नारायण सिन्हा एवं शिक्षक लोमश पटेल उपस्थित रहे!



# एसपी ने ली जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक

**बेमेतरा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा के मीटिंग हाल में समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों सहित थाना/चौकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक के दौरान समन्वय पोर्टल एवं साइबर पुलिस पोर्टल के संबंध कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें साइबर फ्रॉड होने पर साइबर पुलिस पोर्टल में किस प्रकार शिकायत दर्ज करना हैं उसके संबंध विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर पुलिस पोर्टल के महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया गया। कार्यशाला के उपरांत पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने लंबित अपराधो, मर्ग, गुम इंसान, लंबित शिकायतो का शीघ्र निकाल करने, धारा 170, 126,135 (3), बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, पेंशनदारान, 173 (8) के तहत आबकारी एक्ट के प्रकरण में फरार आरोपी एवं 299 के फरार आरोपियों को भी तस्दीक करने, अपराध नियंत्रण हेतु मुखबीरी/सूत्रों को बनाये रखने, अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा एवं अन्य नशीली दवाओं पर सख्त कार्यवाही करने, ताकि अपराधों की रोकथाम की जा सके। माननीय न्यायालय द्वारा जारी समंस वारंटो की तामीली शत ङ्क प्रतिशत करने, स्थाई वारंटों की तामिली शीघ्र करने, संपत्ति सम्बन्धी अपराधों के आदतन आरोपियों पर पैनी नजर रख सख्त कार्यवाही करने तथा नए कानूनों के लागू हाने पर तकनीकी साक्ष्यों के संकलन के महत्व उनके संकलन करने के संबंध में निर्देशित किया गया। तथा



विवेचको को ई साक्ष्य का उपयोग एवं ई साक्ष्य संकलन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये।

चोरियो एवं अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, इस दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, गस्त को बढ़ाने व लगातार रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। समस्त थाना / चौकी के सीसीटीएनएस आपरेटरो को केश डायरी शीघ्र एंट्री करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही सीसीटीएनएस एन्ट्री में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए टीम भावना से कार्य करने हेतु समझाईश दी गई।

थानो में पंजीबद्ध चिटफंड कंपनी के विरूद्ध अपराध एवं धोखाधडी व आईटी एक्ट के प्रकरणों का जल्द से जल्द निकाल करने हेतु जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर हजारो लोगो से करोडो की ठगी करने वाले चिटफंड कंपनियों के फरार डायरेक्टरों को गिरफ्तार कर प्रकरण का निकाल करने निर्देशित किया गया। धोखाधडी व आईटी एक्ट के प्रकरणों में फरार आरोपियों के विरूद्ध 173 (8) जाफौ के मामलो में शीघ्र विवेचना पूर्ण कर फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश करने निर्देश दिये गये।

वरिष्ठ कार्यालयों से वेब पोर्टल के माध्यम से ऑन लाईन प्राप्त शिकायत की जानकारी लेकर जल्द से जल्द निराकरण करने निर्देश दिए। माननीय सर्वोच्च न्यायालय से प्राप्त जवाबदावा, वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायत/पत्रों की शीघ्र निकाल करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा अधिकारियों को सोशल मीडिया पर सतत् निगाह रखने, ऑनलाईन फायनेंसियल फ्राड, साइबर क्राईम, सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे अपराधों के संबंध में आम जनता को जागरूक करने तथा सामुदायिक पुलिसिंग के अंर्तगत च्च्हमर पुलिस हमर बजारज्ज एवं च्च्हमर पुलिस हमर गांवज्ज अभियान के माध्यम से हॉट/बजारो व ग्रामीणों एवं स्कुली बच्चो कों जागरूक कियेजाने के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा ऑनलाईन फायनेंसियल फ्राड की रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करने, शिकायत/समस्या को लेकर आये महिला आगंतुक /रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने निर्देशित किया गया।

# भाजपा की वार्ड बुथ चुनाव को लेकर बैठक

**बेमेतरा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार बेमेतरा जिला मे सगठन महापर्व के अवसर पर नगर पालिका के अंतर्गत वार्ड न 19 मे बूथ अध्यक्ष चुनाव को लेकर आवश्यक बैठक मे शामिल हुआ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं बूथ प्रभारी विजय सिन्हा जी सर्व सम्मती से बूथ अध्यक्ष नितेश शर्मा जी को बनाया गया 19 ख का बूथ अध्यक्ष नरेंद्र वास को बनाया गया एवं 19 ग सोमू सोनी जी को अध्यक्ष बनाया गया मोदी जी के मन की बात का प्रमुख संजय सोनी जी को बनाया गया हितग्राहि सम्मेलन की प्रमुख गीता साहू गायत्री यादव रुखमनी यादव को बनाया गया इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू जी वार्ड प्रभारी रीना साहू जी एवं योगेश वर्मा जी विकाश तम्बोली जी गौरव साहू भागी रथी साहू मालू चांडक जी गैंद लाल साहू जी सहित बड़ी संख्या मे महिलाये उपस्थित रहे ।



# अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए रायपुर में विशेष परिचय सम्मेलन

**थानखम्हरिया,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। अग्रवाल समाज द्वारा 13वां



अखिल भारतीय एजुकेटेड विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आगामी 11 और 12 जनवरी 2025 को रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन समाज के योग्य युवक-युवतियों के लिए विवाह के उपयुक्त रिश्ते तलाशने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगा।

इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अग्रवाल समाज के सभी परिवार अपने विवाह योग्य युवक-युवतियों का पंजीयन युवा मंच की आधिकारिक वेबसाइट https://matrimony.cgyuvaagrawal.in/ पर जाकर कर सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण- https://matrimony.cgyu-vaagrawal.in/

समाज के सभी परिवारों से अनुरोध है कि वे जल्द से जल्द अपने विवाह योग्य युवक-युवतियों का पंजीकरण सुनिश्चित करें और इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करें। यह सम्मेलन समाज के विवाह योग्य युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां वे अपने भावी जीवनसाथी का चयन कर सकेंगे। समाज के बेहतर भविष्य के लिए, आइए इस प्रयास में सहभागी बनें!

# बाल संरक्षण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन

**बेमेतरा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशन में तथा चन्द्रबेस सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सीपी शर्मा के जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग बेमेतरा के मार्गदर्शन एवं व्योम श्रीवास्तव जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में शासकीय मिडिल एवं हाई स्कूल खर्रा परियोजना बेरला में बाल संरक्षण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत स्कूली छात्र/छात्राओं को अंतर्वीभागिय टीम द्वारा बाल संरक्षण विषय में च्च सडक जैसी परिस्थिति वाले बच्चों का चिन्हांकनज्ज, बाल विवाह एवं बेटी बचाओं बेटी पढाओं विषय पर जागरूक किया गया। जिसमे व्योम श्रीवास्तव, जिला बाल संरक्षण अधिकारी के द्वारा बाल संरक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेवसाय द्वारा 10 मार्च 2024 को ज्बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियानज्ज का शुभारंभ किया गया था। उक्त बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ अभियान के प्रभावी रोकथाम हेतु जिले में लगातार जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 2बी के अनुसार ऐसा विवाह जिसमें वर (जिसकी आयु 21 वर्ष से कम) तथा वधु (जिसकी आयु 18 वर्ष से कम) अवयस्क या बच्चे हो, तब उसे बाल विवाह माना जायेगा। बाल-विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है जिसके सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम प्रसंग कारण हो सकते हैं, जिन्हें विमर्श में लेकर उन कारणों को पूर्णत: समाप्त कर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों और उनके विकास को प्रभावित करता है। यह विकास को बाधित करने वाली गंभीर समस्या है जिसके पूर्ण रोकथाम हेतु सामाजिक, कानूनी और आर्थिक स्तर पर लोगों को जागरूक करना एवं इस कुप्रथा से होने वाले दुष्परिणामों को जन-जन को समझाना महत्वपूर्ण है, ताकि इसे प्रभावी तरीके से रोका जा सके और बच्चों का सर्वांगीण विकास कर उन्हें पूर्णत: सुरक्षित रखा जा सके। 18 वर्ष से अधिक आयु का पुरुष, यदि 18 वर्ष से कम आयु की किसी महिला से विवाह करता है तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रूपय तक हो तकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा असमें सहायता करता है उसे 2 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रूपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है।




कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा देता है अथवा उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मलित होता है उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रूपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। किसी भी महिला को कारावास का दण्ड नही दिया जा सकता है। बाल विवाह के रोकथाम हेतु समस्त छात्र/छात्राओं को जागरूक किया गया एवं बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम हेतु शपथ भी दिलाई गयी। राजेंद्र चंद्रवंशी परियोजना समन्वयक, (सीएचएल), जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 अधिनियम (पॉक्सो) पर संक्षिप्त जानकारी साझा करते हुए छात्रों को जागरूक किया गया की यदि किसी के साथ कोई गलत करता है या करने का प्रयास करता है तो उसका खुलकर विरोध करें तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 में फोन कर विभाग को जानकारी देवें, क्योंकि अपराध चुप्पी में और बड़ता है।

तत पश्चात श्रीमती मोना सिंह राजपूत कार्यालय सहायक सखी वन स्टाफ सेंटर के द्वारा सखी वन स्टाप सेंटर में दिये जाने वाले विभिन्न सेवाओं को विस्तार से बताया गया एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरालीगल वालंटियर पवन साहू ने डालसा के सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिये। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती डालिमा सोनी एवं करिश्मा परवीन सीएचएल पर्यवेक्षक का विशेष सहयोगी रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बालक/बालिका मिडिल एवं हाई स्कूलों के प्राचार्य तथा समस्त उपस्थित व्याख्याता और शिक्षकगणों तथा खर्रा की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं उपस्थित थे ।

# सिन्हा समाज का जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह

**शासकीय पदों पर चयनित युवाओं का किया गया सम्मान**



**डोंगरगांव,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज का जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को स्थानीय सिन्हा सामुदायिक भवन प्रागंण में किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से शासकीय सेवा में चयनित समाज के युवक युवतियों का सम्मान किया गया

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज की आराध्य देवी माता बहादुर कलारिन तथा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा पूजन से हुआ। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में प्रांतीय संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा उपस्थित थे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा ने की। बतौर विशेष अतिथि जिला निवार्चन अधिकारी चंद्रिका सिन्हा रायपुर, पूर्व जिला संरक्षक गंगाप्रसाद सिन्हा, जिला महिला मंच अध्यक्ष निर्मला जितेन्द्र सिन्हा, पूर्व नपं अध्यक्ष राजकुमारी मनोज सिन्हा, रायपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष भूषण सिन्हा सहित समस्त तहसीलों के मंडलेश् वरगण उपस्थित थे।

इस दौरान मुख्यअतिथि दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने में शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान होता है, इसलिए सभी समाज में शिक्षा को विशेष महत्व देते हुए अपने बच्चों को उच्च से उच्चतर शिक्षा दिलाने की दिशा में प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक रूप से अनेक प्रकार की गतिविधियां समाज में चलते रहती है, लेकिन अब समय आ गया है कि समाज रचनात्मक, राजनीतिक तथा नये कार्यों की ओर भी अग्रसर हो। उन्होंने कहा कि निशि् चत रूप से समाज के कार्यों में पिछले कुछ वर्षों में अनेक बदलाव हुए हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम भी सामने आया है। उन्होंनें प्रदेश द्वारा विगत दिनों घोषित पुलिस सेवा के परिणाम में सब इंस्पेक्टर पद सहित अन्य शासकीय पदों पर चयनित युवाओं को पूरे समाज की ओर बधाई देते हुए कहा कि वे समाज के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनें, ऐसा प्रयास करें।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा व पूर्व नपं अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा ने अपने उद्बोधन में सभी को दीपपर्व की बधाई देते हुए सभी के उज्जवल भविष्य, सुखमय और समृद्ध जीवन की कामना की। समारोह के द्वितीय चरण में आगामी जिला चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया गया, जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों सहित आम स्वजातियों ने भी हिस्सा लिया। सभा में जिले के तीन स्थानों पर माता बहादुर कलारिन का मंदिर तथा मूर्ति स्थापना हेतु जिला कोष से 51 – 51 हजार रू. देने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री देवजी सिन्हा ने तथा आभार पूर्व जिला महामंत्री बालकृष्ण सिन्हा ने किया।

बैठक में प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष हरिचंद सिन्हा, मंडलेश् वर नाथूराम सिन्हा, भागवतराम सिन्हा, गजरू सिन्हा, प्यारेलाल सिन्हा, उत्तम सिन्हा, मनोज सिन्हा, लक्ष्मण डड़सेना, राधेलाल सिन्हा, चंद्रिका सिन्हा, एकनाथ सिन्हा, रमेश सोनवानी, हरप्रसाद सिन्हा, संजय सिन्हा, शिवकुमार डड़सेना, बहादुर सिन्हा, ताम्रध्वज सिन्हा, रेवाराम सिन्हा, अनिता सिन्हा, गोविन्द सिन्हा, सुकदेव सिन्हा, ऐशुलाल सिन्हा, हीरालाल सिन्हा, सुमन सागर सिन्हा, खेमलाल सिन्हा, हेमलाल सिन्हा, राम्हूराम सिन्हा, डीआर सिन्हा, मोहन सिन्हा, बंशीलाल सिन्हा, थनवार सिन्हा, पवन सिन्हा, बीएल सिन्हा सहित बड़ी संख्या में स्वजातिय उपस्थित थे।

### निम्न युवाओं का किया गया सम्मान

सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा में चयनित समाज के अनेक युवक युवतियों को पूरे समाज की ओर से सम्मान किया गया। इनमें कु. दीपशिखा सिन्हा आ. मनोज सिन्हा चिखली राजनांदगांव, कु. कंचन सिन्हा आ. सुरेश सिन्हा राजनांदगांव, मनीष सिन्हा आ. चंद्रभूषण सिन्हा खैरझिटी, खेमलाल सिन्हा आ. सादीराम सिन्हा ठेलकाडीह, मुकेश सिन्हा आ. शत्रुघन सिन्हा खैरझिटी तथा एयरफोर्स में चयनित नगर के होनहार स्वर्णिम सिन्हा आ. प्रेमलाल सिन्हा का प्रशस्ति पत्र, शाल श्रीफल प्रदान कर सम्मान किया गया।

# एसएलआरएम सेंटर में घोटाला करने वालों के खिलाफ जाँच करवाकर अपराधिक प्रकरण दर्ज करवाने की मांग सी.एम. एवं कलेक्टर से : ओस्तवाल

**राजनांदगांव,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम् से यह कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का इस देश के सबसे ड्रीम प्रोजेक्ट स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता अभियान के तहत् पूरे देश में यह योजना जो लाई गई और जिस तरह से देश के प्रधानमंत्री के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में आम जनता के मेहनत और पसीने की कमाई की राशि का टैक्स के रूप में कचरा एकत्रित करने के एवज में जो राशि देती है उसका जिस तरह से खुले आम जो भष्ठाचार राजनांदगांव नगर निगम में किया जा रहा है। इस पूरे मामले की जाँच करवाने हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी एवं जिले के कलेक्टर से अनुरोध है कि, तत्काल निगम आयुक्त को इस पुरे मामले की सम्पूर्ण जाँच करवाकर दोषी निगम के भष्ठ अधिकारी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करवाया जायें लाखों रूपयों की वित्तीय क्षति निगम के संबंधित विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं ठेकेदारों के द्वारा मिली भगत कर जो शासकीय दस्तावेजों (रजिस्ट्रर) में कुटरचना कर वेतन में अमानत में खयानत करके निगम के शासकीय कोष को जो आर्थिक क्षति पहुंचाकर भष्ठाचार किया गया है जिसका समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है। जिससे निगम की महापौर की कलाई खुल गई है कि किस तरह निगम में भ्रष्टाचार का खुला खेल हो रहा है और महापौर पूरी तरह से चुप क्यों बैंठी है ? इसका जवाब शहर की जनता के सामने रखना होगा कि आखिर यह पूरा षडयंत्र किसके संरक्षण में हो रहा है। इसका खुलाशा शहर की आम जनता के सामने किया जाय।



# बिजली कटौती पर झूठी राजनीति कर रही कांग्रेस: अंकित गढ़वाल

**राजनांदगांव,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजयुमो नेता अंकित गढ़वाल ने कांग्रेस की ओर से की जा रही पुतला दहन की राजनीति और राजनांदगांव कांग्रेस शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा की बयानबाजी और पुतला दहन को आड़े हाथों लिया। गढ़वाल ने कहा कि कांग्रेस बिजली कटौती के नाम पर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। गढ़वाल ने कहा, च्कांग्रेस के कार्यकाल में बिजली संकट और कटौती की समस्या चरम पर थी, जिससे जनता त्रस्त थी। आज जब भाजपा सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है और बिजली आपूर्ति निर्बाध हो रही है, तब कांग्रेस अपनी असफलताओं को छिपाने के लिए अर्नगल बयानबाजी और झूठे मुद्दे उठाकर ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।



च्च पुतला दहन को बताया हताशा का प्रतीक~ अंकित गढ़वाल ने कांग्रेस द्वारा डॉ. रमन सिंह का पुतला जलाने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और असंवैधानिक करार दिया। उन्होंने कहा कि यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है, बल्कि विधानसभा अध्यक्ष जैसे संवैधानिक पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने का प्रयास है। गढ़वाल ने कुलबीर सिंह छाबड़ा के बयान को नकारात्मक राजनीति की मिसाल बताते हुए कहा, च्कांग्रेस के पास अपनी नाकामियों का कोई जवाब नहीं है। जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया, और अब वे इस तरह की बचकानी हरकतों से अपनी खोई साख वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं।ज्ज भाजयुमो नेता श्री गढ़वाल ने कांग्रेस से सार्वजनिक माफी की मांग करते हुए चेतावनी दी कि जनता इन घटनाओं का जवाब आगामी चुनाव में जरूर देगी

# मारपीट चाकुबाजी का आरोपी गया जेल

**राजनांदगांव,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। कृष्णा रजक पिता जोहन रजक उम्र वर्ष निवासी कैलाश नगर राजनांदगांव का दिनांक 13.10.2024 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि 19:00 से 19:30 बजे के मध्य घटना स्थल कैलाश नगर में दुर्गेश टेलर के पास राजनांदगांव पीटर, सन्नी, राहुल निवासी कंचनबाग राजनांदगांव द्वारा पुरानी रंजिश पर से मां बहन की गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं धारदार चाकु से मारपीट कर चोट पहुंचाना बताया। कि रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 663/24 धारा 296, 118 (1), 351 (2), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।



पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ के नेतृत्व मे थाना कोतवाली स्टॉफ एवं सायबर सेल की सयुक्त टीम गठित कर आरोपियों की लगातार पतासाजी किया जा रहा था। कि आज दिनांक 19.11.2024 को मुखबीर की सूचना पर आरोपी राहुल भट्ट पिता स्व0 संतोष भट्ट उम्र 20 वर्ष साकिन कंचनबाग राजनांदगांव थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को घेराबंदी कर पकड़े। पूछताछ पर पीटर एवं सन्नी के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया गया। तथा पीटर एवं सन्नी द्वारा प्रार्थी को चाकु से मारपीट करना बताया। आरोपी के खिलाफ अपराध सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। प्रकरण में 02 आरोपी पीटर एवं सन्नी घटना के बाद से फरार है, जिसे शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जावेगा।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक संजय बरेठ, प्र0आर0 शम्भूनाथ द्विवेदी, जी0सिरील कुमार, आरक्षक भुनेश्वर जायसी तथा सायबर सेल राजनांदगांव से प्र0आर0 अनित शुक्ला आरक्षक अविनाश झा एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# रतनभाट सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष बने दीनदयाल साहू

**डोंगरगांव,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजनांदगांव रमेश पटेल साथ ही जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल के निर्देशन में सेवा सहकारी समिति मर्यादित रतनभाट क्र.1308का अध्यक्ष दीनदयाल (दीनू) साहू को मनोनीत किया गया। दीनदयाल साहू भाजपा पि.व.मो.के पूर्व जिलाध्यक्ष है साथ ही परिक्षेत्र साहू समाज कलडबरी के अध्यक्ष भी हैं। दीनदयाल साहू के सेवा सहकारी समिति रतनभाट के अध्यक्ष बनने पर क्षेत्र के किसानों एवं भाजपा कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर है। दीनदयाल साहू ने कहा कि भाजपा कि विष्णु देव साय कि सरकार हमेशा किसानों के हित में काम कर रही है और विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहा है।हम पुरे टीम भावना के साथ सेवा सहकारी समिति मर्या.रतनभाट का संचालन करेंगे। इनकी नियुक्ति पर कुमर्दा मंडल अध्यक्ष बोधन साहू, हिरेंद्र साहू जि.अ.किसान मो., कैलाश शर्मा, अनिरुद्ध चंद्राकर,किसुन साहू, गोपाल साहू, सुन्दर साहू, अनंत तिवारी, एकांत चंद्राकर, मुकेश साहू,हिरदे देवांगन,कंशू यादव,सुमीत मंडावी, भूपेंद्र नायक, हिरेंद्र चंद्रवंशी,रूपेश साहू,चंदू पटेल,डामन साहू, गोपाल भुआर्य, गोविन्द साहू लक्ष्मण साहू नीलकंठ साहू,पूरी गोस्वामी,शिवम, विकास, दिलीप, मनीष साहू सहित सभी मोर्चों एवं प्रकोष्ठो के कार्यकताओं ने बधाई दी है।



# जिले के सेवा सहकारी समितियों में अध्यक्षों की हुई नियुक्ति

**खैरागढ़,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले की सहकारी समितियों में अध्यक्षों की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया गया है। जारी सूची में जिले के 38 समितियों के अध्यक्षों के नामों की घोषणा की गई है। जिसमें अमलीपारा समिति में कृष्णा राम वर्मा, गाडाडीह समिति में चेतन वर्मा, आमदानी समिति में निमेश सिंह गहरवार, बैहाटोला में उमेन्द्र उके, बढ़ईटोला में राजेन्द्र सिंह, टोलागांव में नारायण साहू, डोकराभाठा में रामकुमार जोशी, सलोनी में कोमल वर्मा, कामठा में राजकुमार वर्मा, जालबांधा में फिरन लाल वर्मा, मड़ौदा समिति में जितेन्द्र वर्मा, बाजार अतरिया में हरप्रसाद वर्मा, भोरमपुर कला में नरेश कुर्रे, उदयपुर में पूरन जंघेल, रगरा में लाला वर्मा, मुढ़ीपार में नरोत्तम सिन्हा, ईटार में कमलेश्वर सिंह, पाडादाह में पंकज सिंह ठाकुर, भंडारपुर में उमाशंकर वर्मा, कुकुरमुड़ा में रोहित जंघेल, सिलपटटी में सीताराम नेताम, झूरानदी में कमलेश जंघेल, गोपालपुर में संदीप वैष्णव, अमलीडीह में महेन्द्र वर्मा, भोथली में घनश्याम, गंडई में धरमूराम पटेल, लिमों में सुखदेव पटेल, बरबसपुर में अमित शर्मा, हनईबन में लिकेश साहू, धोधा में दुजेराम वर्मा, मानिकचौरी में रेखचंद जैन, संडी में ओमप्रकाश जंघेल, विचारपुर में लेखराम शिवहरे, बुंदेली में दिवाकर सोनी, नचनिया में ललित सोनी, रामपुर में पारासर ठाकरे, पैलीमेटा में युवराज पटेल और बकरकटटा समिति में शिवकुमार को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अध्यक्षों की नियुक्ति के पश्चात धान खरीदी केंद्रों की बेहतर निगरानी हो पाएगी

# धारदार कैंची से प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**खैरागढ़,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रार्थी त्रिभुवन पिता सगुन धुर्वे उम्र 37 वर्ष निवासी दाऊचौरा खैरागढ़ ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। कि 19 नवंबर 2024 को मुकेश श्रीवास ने बच्चे से मारपीट करने की पुरानी बात को लेकर सुबह लगभग 9- 45 बजे इतवारी बाजार आमनेर नदी के पास माँ बहन की गंदी- गंदी गाली देकर हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की नियत से अपने पास रखे धारदार कैची से सिर में कई बार प्राण घातक वार कर मारपीट किया है। और जान से खत्म करने की धमकी दिया है। मारपीट से उसके सिर में गंभीर चोट लगी है। वहीं शरीर के अन्य जगहों पर भी चोट आई है। प्रार्थी की रिर्पोट पर थाना खैरागढ़ में धारा 296, 351(3), 109 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिसके बाद अधिकारी के मार्गदर्शन में निरीक्षक जितेन्द्र बंजारे थाना प्रभारी खैरागढ़ के नेतृत्व में टीम बनाकर आवश्यक विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी मुकेश पिता जगदेव श्रीवास उम्र 45 वर्ष निवासी दाऊचौरा थाना खैरागढ़ जिला केसीजी को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ किया गया। आरोपी ने बच्चे से मारपीट करने की बात को लेकर त्रिभुवन धुर्वे को अश्लील गाली देकर जान सहित खत्म करने की नियत से लोहे के धारदार कैची से सिर में कई बार वार कर गंभीर चोट लगीं है। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया जिसके बाद आरोपी से मेमोरेंडम कथन के अनुसार घटना में प्रयुक्त लोहे के धारदार कैची को जप्त किया गया है। आरोपी मुकेश श्रीवास को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक बिलकिश बेगम, सउनि नंद कुमार साहू, आरक्षक विष्णु सिंह, चंद्रकांत वर्मा, शैलेन्द्र पटेल, अनिल मेरावी की महत्तवपूर्ण भूमिका रही।




# दीवान झीटिया के ग्रामीणों की हुई जीत

**डोंगरगांव,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम दीवान झीटिया के किसानों और ग्राम वासियों ने खेत खलिहान में आने जाने के लिए रास्ता को लेकर 19 नवंबर को तहसील कार्यालय का घेराव किया था घेराव के दूसरे दिन 20 नवंबर को राजस्व विभाग की टीम नायब तहसीलदार झरना राजपुत आर आई विरेंद्र तिवारी यसवंत साहू और पटवारी अजय सिंह राणा नीरज दिवेदी ममता कंवर की उपस्थिती में खेत पहुंच कर ग्रामीणों के समक्ष ग्राम दीवान झीटिया के ग्राम प्रमुख मंशा राम यदु ग्राम पटेल देवलाल साहू दीनू सिन्हा संतोष साहू तथा बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष नाप कर आने जाने के लिए 20 डिसमिल रास्ता चिन्हांकित किया गया धान कटाई के बाद ग्राम के फिरतु यादव ने खेत जाने के मार्ग को रोक कर खेत में पानी डाल दिया था जिससे अन्य किसानो को धान कटाई और आने जाने में कठिनाइयो का सामना करना पड़ रहा था जिससे ग्रामीणों ने एस डी एम और तहसिलदार को कार्यवाही के लिए ज्ञापन सौंपा गया था 20 नवंबर को राजस्व विभाग की टीम गांव पहुंच कर कार्यवाही करते हुए नाला से लगे शासकीय जमीन को नाप कर अलग करके सभी किसानो के खेत को एक बार फिर पटवारी द्वारा 6 घंटे तक नाप कर सभी किसानो को खेत जाने के लिए रास्ता दिया गया



- 6 घंटे तक खेत का सीमांकन किया
- नायब तहसीलदार आर आई और पटवारी ने खेत जाने के लिए रास्ता देकर चिन्हांकित किया
- अवैध कब्जा को हटाने सरपंच ग्राम पंचायत को आदेश दिया

नायब तहसीलदार झरना राजपुत ने बताया है कि गांव में एक व्यक्ति द्वारा गौठान से लगा हुआ अवैध मकान बनाकर कब्जा कर लिया गया है जिनकी शिकायत दर्ज हुई थी जिस पर ग्राम पंचायत के सरपंच को गांव में बैठक आयोजित कर ग्रामीणों के अनुसार कार्यवाही करने का आदेश किया है लंबे समय से चल रहे जमीन विवाद में ग्रामीणों की जीत हुई है।

# 57 में से 33 कार्य तरुण सिंह को,अथर्व एसोसिएट को 5 व हक इंटरप्राइजेस को 1 से करना होगा संतोष

**3 माह से चल रही निविदा प्रक्रिया का हुआ पटाक्षेप**

**खैरागढ़,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। 15 वें वित्त के 2 करोड़ 39 लाख की निविदा प्रक्रिया का सोमवार को पटाक्षेप हो गया। पूर्व में बिलो दर के कारण काम पाने वाले ठेकेदार अनिमेष सिंह के हक इंटरप्राइजेस को 1 कार्य और ठेकेदार ददू तिवारी के अथर्व एसोसिएट्स को 5 कार्य से संतोष करना पड़ा। वहीं ठेकेदार तरुण सिंह को वार्ड क्रमांक 20 में तुलेश्वर लहरे के घर से शिव मंदिर तक 17.80 लाख का काम सर्वाधिक 24.27 प्रतिशत बिलो ( कम ) दर पर मिला। 57 कार्यों की सूची में इस काम को मिलाकर कुल 33 काम ठेकेदार तरुण सिंह के खाते में आए। दूसरे स्थान पर ठेकेदार आयश सिंह बोनी के सिंह एसोसिएट को 11 काम मिला। ठेकेदार अमित चंद्राकर के चंद्राकर एसोसिएट को 4 काम,ठेकेदार प्रकाश सिंह को 2 व ठेकेदार गोरेलाल वर्मा को 1 मिला। इससे पहले 12 सितंबर को ज़ब फॉर्म खोला गया तो अथर्व एसोसिएट को 37 कार्य और हक इंटरप्राइजेस को 20 कार्य मिले थे। जो अधिकतम 2 प्रतिशत बिलो ( कम ) दर पर मिला था। जिसे पीआईसी की बैठक बुलाकर निरस्त कर दिया गया था। उस समय वर्तमान में कार्य पाने वाली निर्माण एजेंसियों ने अधिकतम 17 प्रतिशत ऐबव ( अधिकतम ) के साथ लगभग सभी कार्य एबव में भरा था।

### क्या है एबव और बिलो का गणित

निविदा राशि में यदि फॉर्म एबव दर पर भरा जाता है तो ठेकेदार को कार्य भरी गई अधिकतम दर से करना होता है। जिसका भुगतान किया जाता है। मतलब एक लाख के कार्य के लिए जारी निविदा यदि कोई ठेकेदार 10 प्रतिशत एबव ( अधिक ) में भरता है,तो उसे 1 लाख 10 हज़ार का भुगतान किया जाता है। वहीं उसी कार्य को कोई ठेकेदार 10 प्रतिशत बिलो ( कम ) दर पर प्राप्त करता है तो उसे 90 हज़ार का भुगतान प्राप्त होता है।

### जानिए शासन के लिहाज से किसे माना जाता है बेहतर

निविदा प्रक्रिया में शासन स्तर पर बिलो दरों को बेहतर माना जाता है। इससे शासन की राशि बचती है। ठेकेदार कार्य पाने के लिए बिलो दरों पर निविदा डालते हैं। हालांकि ठीक इसके विपरीत ज़ब एबव ( अधिकतम ) दरों पर निविदा भरी जाती है। तो ठेकदार रिंग बनाकर कार्य का विभाजन कर लेते हैं,और इससे शासन को लाभ न मिलकर ठेकेदारों को लाभ होता है।




### गुणवत्ता पर रहेगी नज़र,पर कमीशन खोरी पर लगाम

हालांकि निर्माण से जुड़े विशेषज्ञ ये मानते हैं कि अत्यधिक कम दर पर कार्य लेने का असर गुणवत्ता पर पड़ता है। लेकिन दूसरा पहलु यह है कि बिलो दरों पर काम लेने से किसी भी ठेकेदार पर कमीशन का दबाव नहीं रहता। जबकि एबव राशि का पूरा पैसा कमीशन की भेंट चढ़ता है।

### पालिका में जमा करनी होगी अंतर की राशि

निविदा दर एस.ओ.आर. से 10 प्रतिशत अधिक,कम होने की दशा में प्राकलन राशि एवं निविदा दर के 90 प्रतिशत राशि का यदि अंतर 10 से 20 प्रतिशत तक अधिक कम हो तो बैंक गारंटी / एफडीआर / टीडीआर व यदि अंतर 20 प्रतिशत से अधिक कम हो तो केवल एफडीआर / टीडीआर निविदा खोले जाने की तिथि से 15 दिवस के भीतर स्वमेव जमा कराया जाना अनिवार्य होगा।

### 3 माह से उलझे काम की अब होगी शुरुआत

31 जुलाई की पहली टेंडर प्रक्रिया के बाद हाईकोर्ट तक पहुँचने वाले काम की अब शुरुआत होगी। इसमें बीते 8 अगस्त को निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि थी। 21 अगस्त को निविदा खोली गई,24 अगस्त फॉर्म न मिलने की शिकायत पर याचिका डाली गई। 27 अगस्त को जेडी दुर्ग ने निविदा निरस्त कर दी। 30 अगस्त को हाईकोर्ट ने फॉर्म देने निर्देश दिया। 04 सितंबर को अथर्व इंटरप्राइजेस और हक एसोसिएट को फॉर्म दिया गया। 12 सितंबर को फिर से निविदा खोला गया। जिसमें 37 काम अथर्व एसोसिएट और 20 काम हक इंटरप्राइजेस को मिले। 30 सितंबर को पीआइसी की बैठक में इन दोनों फर्म के काम को निरस्त कर पुन: निविदा जारी कर प्रक्रिया शुरू की गई। अंतत: सोमवार को वर्तमान निर्णय आया। पालिका के सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने बताया कि बिलो दर पर काम जाना शासन के लिए लाभप्रद है। गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। और कार्यों की सतत मॉनिटरिंग टेक्निकल टीम करेगी।

शासन के लिए लाभप्रद बिलो दर पर काम

*प्रमोद शुक्ला, सीएमओ,*
*नगरपालिका परिषद खैरागढ़*

# महिला की हत्या कर जेवरात लूटने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**खैरागढ़,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम मैंहर में महिला की हत्या कर जेवरात लूटने वाले आरोपी को अपर सत्र न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी अनुसार बीते 25 जनवरी 2022 को ग्राम मैंहर निवासी आरोपी डोमन पिता श्यामलाल धुर्वे उम्र 42 वर्ष ने गांव के ही बुजुर्ग महिला तिजिया बाई के घर में घुसकर उसकी हत्या कर दी और महिला के द्वारा पहने सोने चांदी के जेवरात को लूट कर ले गया घटना के बाद प्रार्थी नरबद ने छुईखदान थाने पहुंचकर हत्या की शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस ने धारा 302, 201, 397 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की पड़ताल शुरू की। विवेचना के दौरान गवाहों का बयान लेकर आरोपी डोमन धुर्वे से पूछताछ की गई। पूछताछ में डोमन ने अपना जुर्म कबूल किया जिसके बाद आरोपी को जेल दाखिल किया गया मामला अपर सत्र न्यायालय में जारी रहा। मामले में अपर लोक अभियोजक ज्ञानदास बंजारे ने पैरवी की और आरोपी का गुनाह सिद्ध हुआ। न्यायाधीश चंद्रकुमार कश्यप ने धारा 302 के तहत आजीवन कारावास व 2000 रुपए का अर्थदंड, धारा 397 के तहत 10 साल की सजा व 1000 दंड तथा धारा 201 के तहत 5 वर्ष की सजा व 1000 रुपए की अर्थ दंड से दंडित किया है।

उल्टा पुल्टा

मां- आधी रात को कमरे में आकर बोली- बेटा तुझे पता है, कि पेट्रोल सस्ता हो गया है?
बेटा- हां मां तो?
मां- चुपचाप फोन बंद कर के सो जा, नहीं तो तेरे इसी फोन पर पेट्रोल डाल के आग लगा दूंगी।

# सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी में शौर्य दिवस में झांकी के साथ नगर भ्रमण

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। 19 नवंबर को रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के पावन अवसर पर स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर उत्तर माध्यमिक विद्यालय अर्जुनी में सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा रानी लक्ष्मी बाई की झांकी के साथ-साथ रानी दुर्गावती, अहिल्याबाई होलकर, चेन्नम्मा रुद्र मांबा, जीजा भाई भगनी निवेदिता आदि वीरांगनाओं की झांकी तैयार कर घोष दल एवं भैया बहनों के द्वारा नारे एवं जयकारे से गूंजते हुए अर्जुनी नगर का भ्रमण किया गया। इस मौके पर नगर के नागरिकों एवं मातृ शक्तियों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर वीरांगनाओं को याद करते हुए उनकी आरती भी ली।



इस कार्यक्रम में ग्राम अर्जुनी के पूर्व सरपंच चित्ररेखा साहू एवं वर्तमान सरपंच प्रमोद जैन के द्वारा पटाखे फोड़ कर आरती के साथ वीरांगनाओं के शौर्य को याद किया गया।

इस मौके पर सर्वप्रथम प्राचार्य के द्वारा विद्यालय में वीरांगनाओं की पूजा पाठ एवं आरती के साथ पुष्प वर्षा एवं जयकारा के साथ नगर भ्रमण हेतु प्रस्थान किया गया। इस मौके पर प्राचार्य के द्वारा वीरांगनाओं को याद करते हुए उनके जैसे वीरता साहस निर्भयता एवं कर्तव्य परायणता जैसे गुणों को विकसित करने के लिए भैया बहनों को प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने इन वीरांगनाओं को कभी ना विस्मृत करने की बात कही। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार शर्मा एवं आचार्य पुरुषोत्तम वर्मा, रिपु सूदन श्रीवास, वीरेंद्र वर्मा, बसंत वर्मा, किशोरी लाल ध्रुव, माखनलाल साहू, श्रवण कुमार निषाद, चौन सिंह वर्मा, हिंछा राम भारद्वाज, लक्ष्मी नारायण निषाद, भारत बंजारे, फाल्गुनी वर्मा, भगवती सेन, भागमती निषाद, कमल वर्मा, कीर्ति लहरे, पार्वती ध्रुव, प्रीति वर्मा, उमेश्वरी वर्मा, राही साहू, पांचों यादव एवं बड़ी संख्या में भैया बहन ने नगर भ्रमण में पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर वीरांगनाओं को सच्चे मन से याद किया।

# धान का सर्वाधिक दाम मिलने से किसान के बच्चों का बेहतर होगा भविष्य

**नवापारा राजिम,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों को धान का सर्वाधिक दाम मिल रहा है। किसानों को धान का दाम 72 घंटे के भीतर मिल रहा है। आरंग के पिपरौद निवासी किसान डमरूलाल साहू बताते है कि धान खरीदी केंद्रो पर इस बार किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने ऑनलाइन टोकन कटवाने की व्यवस्था की है, इससे धान बेचने के लिए इंतजार नहीं करना पड़ता है। श्री साहू बताते है कि धान की कीमत का सबसे अधिक दाम मिलना काफी अच्छी बात है और इस राशि से खेती को बढ़ावा के साथ परिवार के पालन-पोषण बेहतर तरीके कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि धान से मिलने वाले पैसे का उपयोग बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने में करेंगें। किसान डमरूलाल साहू ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने जो वादा किया था, उसे पूरा किया।



**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार**

# मां का वात्सल्य बेलाही पुल में देखते ही बना



**नवापारा राजिम,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। सुबह 9 बजे गाय अपने बच्चे के पीछे-पीछे दौड़ते ही जा रही थी। यह दृश्य आने जाने वाले लोगों को अपनी ओर प्रभावित कर रही थी। पशु मालिक स्कूटी पर सवार थे और उनके बछिया को एक आदमी पीछे में बैठकर पकड़े हुए थे और गाय पीछे-पीछे दौड़ लगा रही थी। बताया गया कि अभी-अभी इनकी डिलीवरी हुई है। यहां मां का संतान के प्रति वात्सल्य न सिर्फ मनुष्य में होती है बल्कि पशुओं में भी कूट-कूट कर भरी हुई है।

# युवाओं व बच्चों के जीवन में सेवा का संकल्प है एनएसएस : रंजना

**धमतरी,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली का राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत दर्री में लगाया गया। इसके समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा वरिष्ठ एवं प्रदेश साहू संघ महामंत्री दयाराम साहू ने किया। सर्वप्रथम मंचासिन अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम प्रभारी गणेशाराम साहू ने सात दिवसीय विशेष शिविर के किए गए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। अतिथि उद्बोधन में श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का पल स्मरणीय होता है, भोथली स्कूल द्वारा लगाया गया ग्राम दर्री में यह शिविर आसपास के ग्रामीण परिवेश के बच्चों का उत्साह देखते ही बनता है, शिविर में नृत्य संगीत भाषण कला का विकास बच्चों में होता है। एनएसएस जन-सेवा राष्ट्रसेवा को समर्पित रहता है, बौद्धिक परिचर्चा में बौद्धिक विकास का माध्यम बनता हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी एक विशेष छाप शिविर में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं पर पड़ता है। दयाराम साहू ने बताया कि युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। ग्राम पंचायत सरपंच गीतेश्वरी निरंजन साहू ने आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना किए एवं जन-सेवा में आगे बढ़ते हुए देश का नाम रोशन करने माता-पिता का नाम रोशन करने की बात कही।



**व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करता है एनएसएस शिविर : दयाराम साहू**

इस अवसर पर मुख्य रूप से भोथली मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर, जनपद सदस्य गोपाल साहू, उप सरपंच सेखन लाल साहू, खिलेश्वर साहू, तिलेश्वर साहू, पुनीत राम साहू, खिलावन हरिशंकर, भूपेंद्र चक्रधारी, पुरुषोत्तम कुंभकार, टिकेश्वरी चक्रधारी, नंद कुमारी साहू, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# धान खरीदी केंद्रों में पहुंचकर विधायक ने किसानों से की मुलाकात

**महासमुंद,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बुधवार को ग्राम शेर, ग्राम खट्टी व ग्राम झालखम्हरिया स्थित धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही उपस्थित किसानों से भेंट मुलाकात कर चर्चा भी की। किसानों से उनकी समस्याओं की भी जानकारी ली। इसके अलावा तीनों समितियों में नवनियुक्त अध्यक्षों ने अपना पदभार भी ग्रहण किया। बता दें कि मंगलवार को भी विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने दो धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया था। साथ ही किसानों से भेंट मुलाकात भी किया था। इसी तारतम्य में वे बुधवार को ग्राम शेर स्थित धान खरीदी केंद्र पहुंचे। उनकी उपस्थिति में नवनियुक्त अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने समिति कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने कर्मचारियों को धान खरीदी के संबंध में किसी भी प्रकार की अनियमितता न करने की सख्त हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि किसान भाइयों से किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लेना है। उन्हें समिति में आवश्यक सुविधा भी देनी है। किसान भाइयों को जो भी जानकारी चाहिए उन्हें देना होगा। किसी भी प्रकार से उन्हें परेशानी नहीं होनी चाहिए। बुधवार को ग्राम खट्टी व ग्राम झालखम्हरिया समिति भी पहुंचे और केंद्र निरीक्षण भी किया। उन्होंने सभी समितियों में कर्मचारियों के साथ किसानों से भी मुलाकात की। इस दौरान झालखम्हरिया समिति अध्यक्ष श्याम साकरकर, वरिष्ठ भाजपा नेता झनक लाल साहू, मुन्ना साहू, शेर समिति अध्यक्ष हरेंद्र साहू, खट्टी समिति अध्यक्ष पवन साहू, आनंद साहू झालखम्हरिया के प्रबंधक भोजराज साहू, युवराज साहू, कांशी राम यादव, भुवनेश्वर ध्रुव, दिनेश निषाद, यशवंत चंद्राकर, राकेश साहू, ह्दयराम साहू, भगवती भोई, वामनराव, देवशरण, रामकुमार आदि उपस्थित थे।



# 34.40 क्विंटल अवैध धान जब्त

**धमतरी,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में लगातार अवैध धान भण्डारण और परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य विभाग और कृषि उपज मंडी के अधिकारियों के ब्लॉक स्तरीय उड़नदस्ता दल धमतरी द्वारा आज किशन किराना ग्राम अछोटा एवं पवन ट्रेडर्स कर्मा चौक धमतरी के प्रतिष्ठान में आकस्मिक जांच की गई। इस दौरान किशन किराना ग्राम अछोटा में 16 चिंटल एवं पवन ट्रेडर्स कर्मा चौक, धमतरी में 18.40 चिंटल अवैध धान का भण्डारण पाये जाने पर उपरोक्त दोनो फर्म/संचालकों के विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर कुल 34.40 चिंटल अवैध धान जब्त किया गया है।



# टाडा में 160 बोरी धान जप्त



**महासमुंद,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। बसना अनुविभागीय अधिकारी मनोज खांडे के निर्देशन में बसना के ग्राम टाडा, पंचायत अंकोरी में गंगेश्वरी के घर में 160 बोरी धान के अवैध भंडारण पर सख्ती बरतते हुए धान बोरी जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि टाडा के गंगेश्वरी के घर में बिना पर्याप्त दस्तावेज के धान का भंडारण किया गया है। तत्पश्चात राजस्व की टीम ने छापामार कार्रवाई की और दस्तावेज मांगे, परंतु पर्याप्त दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहे। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर अवैध परिवहन और भण्डारण पर लगातार सख्ती से कारवाई की जा रही है और जांच में दोषी पाए जाने वालों पर उचित कार्रवाई की जा रही है।




# धान खरीदी में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

## किसानों को न हो तकलीफ रखें विशेष ख्याल: कलेक्टर

■ कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा



**बलौदाबाजार,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने आज सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय काम काज की समीक्षा किए। जिसमें उन्होनें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।

आज विशेष रूप से कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने दो टूक कहा कि धान खरीदी कार्य में जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही होने पर जिम्मेदार अधिकारी हो या कर्मचारी सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। धान बेचने आएं किसी भी किसान को उपार्जन केंद्रों में तकलीफ नहीं होना चाहिए.किसानों की सुविधाओं का विशेष ख्याल समिति प्रबंधक रखें। सभी के लिए पेयजल, बैठक व्यवस्था सहित बारदाने की उपलब्धता जैसे मूलभूत सुविधाओं की समूचित व्यवस्था प्रत्येक उपार्जन केंद्र में होना चाहिए। धान खरीदी के साथ ही उठाव में भी निरंतरता बनी रहनी चाहिए। निर्धारित समय के साथ ही डीओ जारी हो जाना चाहिए। किसी भी केंद्र में धान जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए। इसके साथ ही पलारी के छेरकापुर धान खरीदी में इलेक्ट्रॉनिक तराजू के जगह मैनुअल काटा बाट उपयोग करने के मामले में कलेक्टर श्री सोनी ने संज्ञान लेते हुए सहकारिता एवं बैंक नोडल अधिकारी को तलब करते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है। साथ ही धान खरीदी में बेहतर कार्य के लिए खाद्य, सहकारिता, बैंक नोडल एवं नान के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश आज बैठक में दिए है। साथ ही राजस्व अधिकारियों को धान उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए है।

उक्त बैठक में राजस्व प्रकरण के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश संबधित राजस्व अधिकारियों को दिए है.इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि आरबीसी 6-4 के तहत राहत एवं आपदा से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशील होकर तत्काल निराकृत करें ताकि प्रभावित व्यक्तियों को समय पर सहायता सुलभ हो सके। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा, सीपी ग्राम्स, जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं। उक्त बैठक मे सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ती गौते, भूपेंद्र अग्रवाल, मिथलेश डोंडे, अभिषेक गुप्ता सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार,जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# विजया शक्ति महिला उत्थान समिति ने मनाई आंगनबाडी में दिपावली मिलन



**बलौदाबाजार,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। विजया शक्ति महिला उत्थान समिति के कार्यकर्ताओं ने आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ दीपावली मिलन समारोह मनाया। बलौदाबाजार विजय शक्ति महिला उत्थान समिति एनजीओ द्वारा लगभग 8 वर्षों से बच्चों के बीच दीपावली मिलन समारोह का कार्यक्रम करते रहे हैं। इस वर्ष भी वार्ड क्रमांक 19 के आंगनबाड़ी केंद्र में केंद्र के बच्चों व वार्ड के बच्चों के साथ एनजीओ के कार्यकर्ताओं ने दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न किया। इस कार्यक्रम में बच्चों को मिठाइयां व फुलझड़ियां देकर दीपावली मनाई गई तथा रंगोली प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम भी बच्चों ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर एनजीओ की अध्यक्ष श्रीमती नीलम सोनी ने बताया कि तकरीबन 8 वर्षों से नगर के विभिन्न वार्डों में जाकर बच्चों के साथ दीपावली का कार्यक्रम हमारी संस्था द्वारा मनाया जाता है। इस दौरान सभी बच्चों को मिठाईयां पटाखे और सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे रंगोली नृत्य व कविता प्रतियोगिता कराकर संस्था द्वारा बच्चों को सम्मानित व उनका मनोबल बढ़ाने का काम संस्था द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि बच्चों के बीच जाकर हम सभी को अपार खुशियों की अनुभूति होती है एनजीओ द्वारा समाज हित में हमेशा अच्छे काम हमेशा किए जाते रहे हैं। इस कार्यक्रम में एनजीओ की जिला अध्यक्ष श्रीमती नीलम सोनी, सहसचिव मोनिका श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष श्रीमती विजय पटेल, लीगल एडवाइजर श्रीमती सोनम केसरवानी, संयोजक श्रीमती राजेश्वरी बघेल, सदस्य श्रीमती संगीता कसार, श्रीमती आरती सराफ, रानी मिश्रा, श्रीमती सरोज वर्मा, श्रीमती सरिता यादव, सीमा यादव, गीता गुड्डी यादव, धनेश्वरी तिवारी, खामोश्री वर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्ड की महिला एवं बड़ी संख्या में बच्चे इस कार्यक्रम का हिस्सा बने।

# आदिवासी युवा प्रभाग ने मनाया जिला स्तरीय ईसर-गवरा बिहाव व युवा महोत्सव

**बलौदाबाजार,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। आदिवासी युवा प्रभाग बलौदाबाजार द्वारा आयोजित जिला स्तरीय ईसर-गवरा बिहाव व युवा महोत्सव कार्यक्रम जिला मुख्यालय बलौदा बाजार के गोंडवाना भवन पर आदिवासी समाज के अलावा अन्य समाज की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस पर्व में ईशर राजा व गवरा माता को एक दिन पहले गत दिवस सिरजन कर विवाह सेवा अर्जी कर सम्मान पूर्वक स्थापना किया गया। ईसर गवरा माता सामूहिक रूप से कार्यक्रम स्थल में प्रकृति शक्ति व बूढ़ादेव का सेवा अर्जी किये है। विगत 7 वर्ष से जिला स्तरीय ईसर-गवरा व युवा महोत्सव महोत्सव का कार्यक्रम किया जा रहा है।



सरोवर स्नान के लिए ईसर राजा गवरा माता को माता बहनों के द्वारा पारम्परिक वेशभूषा धारण कर कतारबद्ध गोंडवाना भवन से लेकर लगभग 1 किलोमीटर रैली के रूप में पिपरहा तालाब सरोवर पर स्नान हेतु ले जाया गया। उक्त कार्यक्रम पर नगरवासी समेत अन्य जिला से आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन आदिवासी युवा प्रभाग के जिला अध्यक्ष हेमंत ठाकुर, दौलत कुंजाम के द्वारा किया गया। मंच में उपस्थित अतिथि गणों का आदिवासी युवा प्रभाग बलौदा बाजार के युवाओं के द्वारा पीला चावल व पुष्प हार पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संरक्षक अनुज मंडावी, भुमका लोकेश मंडावी, केशव, टीकम नेताम, श्रीराम मरकाम, सुरेश पैकरा, प्रदीप, शकुंतला, भानु, भारती, गंगा, मोनिका, नीलू, मोनी, राम ध्रुव, श्याम ध्रुव, राम बगस नेताम, मोहन मरकाम, कमलेश ध्रुव, रामयण ध्रुव, गणेश ध्रुव, हीरालाल पैकरा, सूरज, संजय नेताम, पिंटू, प्रीत, सूरज, राजा मरकाम, ऐश्वर्य आदि उपस्थित थे।

# न्याय के लिए भटक रहा है एक आदिवासी परिवार

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह के ग्राम सोनाखान में पुलिस विभाग की लापरवाही के कारण आदिवासी समाज का एक परिवार न्याय के लिए गुहार लगाता दर दर भटक रहा है। यहां की पुलिस एक माह से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी जांच नहीं हो पाई है।

मिली जानकारी के अनुसार विगत माह 2 अक्टूबर को एक वृद्ध महिला केंवरा बाई उम्र 60 वर्ष की मौत विद्युत करंट में चिपक जाने से हो गई थी जिसकी जानकारी पुलिस विभाग को दी गई थी लेकिन पुलिस द्वारा न ही इसकी शिकायत लिखी गई और न ही पोस्ट मार्टम कराई गई। पीड़ित व्यक्ति को संदेह है कि संदेही व्यक्ति द्वारा जल्दी बाजी करते हुए शव को जलवा दी गई। साथ ही साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से हड्डी और रख को पास के नाले में प्रवाहित कर दी गई। जिसकी जांच कर उचित कार्रवाई हेतु मृतक केवरा बाई के भाई राजकुमार पैकरा ने पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल और कलेक्टर दीपक सोनी से भेंट कर आवेदन दिया है जिसके कार्रवाई करने पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा तत्काल एस डी ओ पी के के वासनिक को आदेशित किया है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इधर पीड़ित परिवार वालों ने अब जांच नहीं करने पर पुलिस की कार्य शैली पर असंतोष जताया है।

मृतक महिला केंवरा बाई के भाई राजकुमार पैकरा ने बताया कि उनकी बहन ने अपने नातिन लक्ष्मी पैकरा के साथ घर में सोई हुई थी तभी रात्रि में उसके घर के दरवाजा को पिछले कई दिनों से खटखटाता था घटना की रात भी खटखटाया गया जिससे डर कर वह अपनी नातिन के साथ पिछले दरवाजे से जा रही थी तभी घर के पीछे जहर सिंह नामक व्यक्ति के घर अवैध रूप से लगाए गए विद्युत करंट से चिपक गई जिससे तत्काल उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा उसे मारने जानबूझ कर करंट लगाया गया था और मौत हो जाने पर जल्दी बाजी करते हुए जला दिया गया तथा साक्ष्य छिपाने हड्डी और राख को नाले में बहा दिया गया। जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक और जिलाधीश से की गई है। इस संबंध में सोनाखान चौकी प्रभारी तिलक सिंह ठाकुर से संपर्क करने पर कहा कि इसकी जांच की जा रही है। इस संबंध में एस डी ओ पी के के वासनिक से संपर्क करने पर कहा कि इसकी जांच की जा रही है एक दो दिन में जांच पूरी हो जाएगी।

# रवान में सेलून संघ का हुआ गठन, युवराज सेन बने अध्यक्ष

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत रवान में सेलून दुकान वालों ने जिला सेलून संघ कोषाध्यक्ष जित्तू सेन एवम बलौदाबाजार नगर इकाई अध्यक्ष लिलकराम सेन की उपस्थिति में सेलून संघ का गठन किया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष युवराज सेन, उपाध्यक्ष राजू सेन, सचिव धनेंद्र सेन, कोषाध्यक्ष अनिल सेन को चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष युवराज सेन ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेलून संघ का संगठनात्मक ढांचा मजबूत करने का जो बीड़ा मुझे सेलून संघ द्वारा सौंपा गया है उसका मैं पूरे तन, मन, धन से सबके सहयोग से मिलकर पूरा करने का प्रयास करूंगा। नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों ने सेलून यूनियन के समस्त सदस्यों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुवे कहा कि हमें आप लोगों ने सर्वसम्मति से जो जवाबदारी सौंपी है उसका निर्वहन हम पूरी निष्ठा से करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से जित्तू सेन, लिलकराम सेन, युवराज सेन, अनिल सेन, धनेंद्र सेन, राजू सेन, पुरुषोत्तम सेन, जितेंद्र सेन, डिगेश्वर सेन, विश्वजीत सेन, बालाराम सेन, उमाकांत सेन, लक्ष्मण सेन, सुरेश सेन, राकेश सेन, राकेश सेन, किशोर सेन, डिगूराम सेन एवम सभी सदस्यगण उपस्थित थे।

# "हमारा शौचालय-हमारा सम्मान" अभियान प्रारंभ

**बलौदाबाजार,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में आज विश्व शौचालय दिवस 19 नवम्बर से प्रारंभ होकर 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक "हमारा शौचालय-हमारा सम्मान"अभियान चलेगा। इस अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। कलेक्टर दीपक सोनी ने पांचों जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अभियान के सफल आयोजन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। अभियान के दौरान आयोजित गतिविधियों के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण,ग्राम पंचायत स्तर पर बेस्ट व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन एवं ब्लॉक-जिला स्तर पर बेस्ट सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी की गई है।

कार्यक्रम के बारे में जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने बताया की 19 नवंबर को समस्त ग्राम पंचायत में विश्व शौचालय दिवस का अभियान का प्रारंभ होगा, 20 को स्कूल में हाथ घुलाई दिवस का आयोजन। सामुदायिक

■ होंगे विविध कार्यक्रमों का आयोजन

शौचालय की साफ सफाई एवं पोताई,पेंटिग प्रतियोगिता शिक्षा विभाग द्वारा, 21 नवंबर को आंगनबाड़ी में आंगनबाड़ी सजाओ प्रतियोगिता शौचालय की साफ सफाई महिला एवं बाल विकास विभाग, 22 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा, 23 नवंबर से 25 नवंबर तक ग्राम पंचायत स्तर पर बेस्ट व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय का आयोजन,26 से 28 नवंबर तक ब्लाक,जिला स्तर पर बेस्ट सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता आयोजन, 2 दिसंबर को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु हितग्राहीयों को स्वीकृति पत्र का वित्तरण,5 दिसंबर विभिन्न जल प्रदाय योजना के जल का परिक्षण जिसमे विशेषकर ई कोलाई बैक्टीरिया की उपस्थिति का निरीक्षण, पीएचई विभाग द्वारा,6 दिसंबर स्वच्छत्ताग्राही, सफाई मित्रो को जनकल्याणीकारी योजनाओं से जोडने हेतु डिगनीटी कैम्प का आयोजन,7 दिसंबर ओ.डी.एफके स्थायित्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायत, ब्लाक स्तरीय प्रतिनिधियों, कर्मचारियों को सम्मानित करना,9 दिसंबर जिला, ब्लाक ग्राम पंचायत स्तर पर शौचालय के उपयोग हेतु अभियान का आयोजन करना एवं 10 दिसंबर को बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, स्वच्छताग्राही को अवार्ड वितरण तथा अभियान के प्रभाव पर रिपोर्ट तैयार कर जाएगी।

# आरक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा, तीसरे दिन बलौदाबाजार जिले के 407 अभ्यर्थी हुए शामिल



**धमतरी,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस आरक्षक संवर्ग भर्ती परीक्षा प्रक्रिया के तीसरे दिन पुलिस लाईन रूद्री में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय एवं भर्ती कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में तीसरे भी बलौदाबाजार जिले के 1000 अभ्यर्थियों को बुलवाया गया था, जिसमें लगभग 407 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जिनके दस्तावेजों की छानबीन परिक्षण किया गया एवं नाप जोक किया गया जिसमें 348 अभ्यर्थी ही पात्र पाये गये जिसका 100 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़,गोला फेंक, लंबी कूद, ऊची कूद सहित शारिरिक दक्षता का परीक्षा लिया गया है, कुछ अपात्र एवं कुछ अभ्यर्थी के दस्तावेज में खामी पाये गए हैं, उन अभ्यर्थियों द्वारा दावा आपत्ति (अपील) की जा रही है जिसका पुलिस अधीक्षक एवं भर्ती कमेटी द्वारा निराकरण किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभ्यर्थियों से लगातार ये अपील की जा रही है। यह भर्ती पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत है। छत्तीसगढ़ जिला पुलिस बल भर्ती में पूर्णतः पारदर्शिता बरती जावेगी आप किसी के भी झांसे में न आवें। यदि कोई अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ पुलिस आरक्षक भर्ती हेतु पैसा देते है एवं भर्ती कराने के लिए कोई पैसा लेते है, तो दोनों के उपर कानूनी कार्यवाही की जावेगी और उस अभ्यर्थी को पुलिस आरक्षक भर्ती हेतु पैसा देते हैं एवं भर्ती कराने के लिए कोई पैसा लेते हैं, तो दोनों के उपर कार्यवाही की जावेगी और उस अभ्यर्थी को पुलिस भर्ती की प्रक्रिया से अलग किया जावेगा।

# पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में तेजेश्वरी प्रथम, पूजा द्वितीय

## बेमचा स्कूल में ऊर्जा संरक्षण पर विविध कार्यक्रम का आयोजन

**महासमुंद** 20 नवंबर (देशबंधु)। शासकीय उमावि बेमचा में आराधना साहू व्याख्याता के मार्गदर्शन में विज्ञान क्लब द्वारा ऊर्जा संरक्षण विषय को लेकर विद्यालयीन बच्चों के बीच विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में तेजेश्वरी ध्रुव 11वीं अ प्रथम, पूजा निषाद 11वीं ब द्वितीय, विज्ञान मॉडल बनाओ प्रतियोगिता में 11वीं ब के ग्रुप ने अम्लीय वर्षा का मॉडल बनाकर प्रथम स्थान बनाया जिसमे पूजा निषाद, पूनम चन्द्राकर, खुशी चन्द्राकर, खोमप्रभा साहू वहीं बायोगैस संयंत्र का मॉडल बनाकर मोनिका विश्वकर्मा द्वितीय स्थान पर रही। इसी तरह विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ग्रुप अ से पूनम चन्द्राकर की जिसमे 10 बच्चों का समूह था ने प्रथम स्थान बनाया। उक्त ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम में बच्चों को सहभगिता कराने के लिये अमृता कौर, जुगनी गुम्बर, व्याख्याता द्वय साथ मे सहयोगी रश्मि चन्द्राकर, हेमलता साहू विज्ञान क्लब के सदस्यों ने बच्चों को प्रेरित किये। किसी काम को करने के लिए ऐसी विधि या प्रक्रम का पालन करना कि वह काम पूरा होने में कम ऊर्जा लगे, इसे ही ऊर्जा संरक्षण करना कहते हैं। सभी ने संक्षिप्त में ऊर्जा बचत की उपाय भी बताए जैसे खाना बनाने में ऊर्जा क्षमतावाले चूल्हों का प्रयोग करें। खाना बनाते समय बर्तन को ढक कर रखें। इससे खाना बनाते समय ऊर्जा की बचत होती है। खाना बनाने से पहले अनाज को भिगोये रखें। भूगोल व्याख्याता तुलेन्द्र सागर ने बताया कि किसी काम को करने के लिए ऐसी विधि या प्रक्रम का पालन करना कि वह काम पूरा होने में कम ऊर्जा लगे, इसे ही ऊर्जा संरक्षण करना कहते हैं। उदाहरण के लिए आप यदि कार से हर दिन आना जाना कर रहे हैं और यदि आप उसके स्थान पर साइकल का उपयोग करें तो उससे कार में लगने वाले ईंधन की बचत होगी और आपने उस ऊर्जा का उपयोग न कर उसका संरक्षण किया। अंत मे संस्था के प्राचार्य एस एल पाटकर ने विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित ऊर्जा संरक्षण पर विविध आयोजन कर बच्चों को ऊर्जा संरक्षण के लिये प्रेरित किये इसके लिये सभी प्रतिभागी बच्चों और शिक्षकों को बधाई देकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक स्टाफ से एस एल पाटकर, पी के ध्रुव, वाय एस बलिहार, तुलेन्द्र सागर, नवीन चन्द्राकर, किरण पटेल, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, वी के तिवारी, कुन्ती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चन्द्राकर, आराधना साहू, सेवनदास मनुकपुरी, विनोद वर्मा, मनीष साहू, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चन्द्राकर, हेमलता साहू, कार्यालयीन स्टॉप में शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, रूखमणी साहू, प्रदीप यादव , जागेश्वरी गोस्वामी, योगेश्वरी चन्द्राकर, बी एड के छत्राध्यापक एवं विद्यालय के छात्र.छात्राएं की उपस्थिति में विविध कार्यक्रम का आयोजन हुआ।



# अवैध रेत उत्खनन पर कड़ी कार्यवाही करते हुए संलिप्त वाहनों को जप्त कर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

■ कलेक्टर ने अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण रोकथाम पर टास्क फोर्स की बैठक ली



**महासमुंद** 20 नवंबर (देशबंधु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्थानीय स्तर पर गठित उड़नदस्ता दल द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, और भंडारण के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, पुलिस और परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि वे खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफसतत् जांच और कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने रेत के अवैध उत्खनन पर कड़ी कार्यवाही करते हुए संलिप्त वाहनो को जप्त कर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए है। अवैध उत्खनन प्रभावित क्षेत्र में रेत खदानो के चिन्हांकन हेतु वन विभाग और राजस्व विभाग को राजस्व प्रतिवेदन खनिज विभाग को उपलब्ध करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के निर्माण विभागां को खनिज विभाग से मुरुमए पत्थर आदि की अनुमति लेकर कार्य करने और रॉयल्टी चुकता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि वर्ष 2024.25 में माह अक्टूबर तक अवैध उत्खनन के 10 प्रकरण, अवैध परिवहन के 124 प्रकरण, और अवैध भंडारण के 16 प्रकरणों में कुल 150 मामलों में अर्थदंड वसूला गया है। इसके अलावा अवैध उत्खनन के 10 प्रकरण और अवैध परिवहन के 24 प्रकरण जिला एवं सत्र न्यायालय और कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन हैं, जबकि अवैध भंडारण के 14 मामलों का निराकरण किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि शासन से जारी निर्देशों के तहत जिले में रेत और अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की प्रभावी रोकथाम के लिए अब कड़े मापदंडों के तहत कार्रवाई करें। यदि कोई वाहन या व्यक्ति खनिज का अवैध उत्खनन, परिवहन, या भंडारण करते हुए दोबारा पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ खनन और खनिज ;विकास और विनियमन, अधिनियम, 1957 की धारा 21;1 के तहत मामला सिविल न्यायालय में दर्ज किया जाएगा। इस कानून के तहत पांच वर्ष तक की कारावास या पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

# मोहकम में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर सरपंच को नोटिस

**महासमुंद** 20 नवंबर (देशबंधु)। ग्राम पंचायत लहंगर के आश्रित ग्राम मोहकमए सिरपुर में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के संबंध में विभिन्न माध्यमों से लगातार जानकारी प्राप्त हो रही है। जिसे प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेते हुए ग्राम पंचायत मोहकम के सरपंच को लापरवाही और अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीनता के चलते नोटिस जारी किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सक्षम प्राधिकारी हरिशंकर पैकरा द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 48,49 और सहपठित धारा 56 ग के तहत सरपंच का यह महत्वपूर्ण कर्तव्य है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में किसी भी अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। इसके साथ ही, गौण खनिज नियम 1996 के तहत पंचायत परिसंपत्तियों के संरक्षण का दायित्व भी पंचायत का है। उन्होंने ग्राम पंचायत मोहकम के सरपंच को अपने कर्तव्य का निर्वहन न करने तथा नियमों का पालन करने में लापरवाही बरतने के कारण नोटिस जारी किया है। लापरवाही और अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीनता के आरोपों के चलते संबंधित सरपंच को पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 39,40 के तहत यह चेतावनी दी गई है कि यदि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने में विफल रहते हैं, तो उनके खिलाफकानूनी कार्रवाई की जाएगी। सरपंच को 22 नवंबर 2024 को सुबह 11:00 बजे न्यायालय में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। अनुपस्थिति की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई कर निर्णय लिया जा सकता है।

# विलुप्त हो रही कब्बडी को जीवित रखने की जरुरत :राशि

**महासमुंद** 20 नवंबर (देशबंधु)। ग्राम अचानकपुर में पहली बार हमर अचानकपुर खेल कब्बडी समिति के तत्वावधान में आयोजित कब्बडी स्पर्धा में रविवार को बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग शामिल हुई। आगमन पर श्रीमती महिलांग का आयोजन समिति ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती महिलांग ने कहा कि विलुप्त हो रही कब्बडी जैसे खेल को आज जीवित रखने की आवश्यकता है। गांव के कब्बडी खेल प्रेमियों और युवाओं द्वारा इस खेल को सहेजने के लिए स्पर्धा आयोजित किया जा रहा है जो सराहनीय कार्य है। आयोजित कब्बडी स्पर्धा में शामिल होने के लिए सभी टीम को उन्होंने बधाई दी और सभी को खेल भावना से खेलने का आव्हान किया। इस दौरान आयोजित स्पर्धा में शामिल सरपंच श्रीमती मीरा ऋषि चौधरी, नरसिंग चौधरी, मनीराम पटेल, हीराधर निषाद, अर्जुन पटेल, राम पटेल, मान सिंह दीवान, रोहित सेन, सियाराम पटेल, समार नेताम, राम सिंह ध्रुव, मनोहर पटेल, मुकेश,रमेश समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी और आयोजन समिति के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।



## 68वीं राष्ट्रीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता 25 से

**महासमुंद** 20 नवंबर (देशबंधु)। 68वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं की हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन महासमुंद नगर में 25 से 29 नवंबर तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 700 खिलाड़ी और 200 अधिकारी भाग लेंगे।



# तीन सूत्रीय मांग को लेकर प्लेसमेंट के कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर

**पलारी,** 20 नवम्बर (देशबन्धु) छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के समर्थन में नगरीय प्रशासन विकास विभाग में प्लेसमेंट ठेका पद्धति में कार्यरत नगर पंचायत पलारी के कर्मचारियों के द्वारा 20 नवम्बर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए है तथा पहले दिन ही नगर कार्यालय परिसर पर ही धरने पर बैठे रहे। नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार नगर पंचायतों में कार्यरत प्लेसमेंट श्रमिकों को तीन सुत्रीय माँग को लेकर जिसमे ठेका प्रथा बँद कर प्लेशमैंट के कर्मचारियों को नगरीय प्रशासन विकास विभाग में समायोजित करते हुए नगर पंचायत से वेतन भुगतान किया जावे, माह के 5 तारिख तक कर्मचारीयो को सीधे उनके खाते में निकाय से भूगतान किया जाए तथा कर्मचारियों के 62 वर्ष उम्र तक सेवा सुरक्षा प्रदान किया जाए। उक्त मांगो के समर्थन में नगर पंचायत पलारी के प्लेसमेंट कर्मचारियों के द्वारा नगर अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी पलारी को ज्ञापन सौंपा गया,गौरतलब है कि नप कार्यालय मे शासन के योजना का कामकाज का जिम्मा ज्यादातर इन्ही के ही कँधो पर होती है। वही प्लेशमैंट के कर्मचारियों के हड़ताल में प्लेसमेंट कर्मचारी संघ नपं पलारी के अध्यक्ष महेश्वर साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मी छेदईया, कोषाध्यक्ष संतोष छेदईया, सचिव जय कुमार टण्डन, उमाशंकर टण्डन, मिलउ राम देवांगन, गरीब वर्मा, फागूराम यादव, प्रह्लाद वर्मा,शंकर वर्मा, नारायण सेन, मनीष यादव, राकेश टण्डन, राहुल कोशले, विमल यादव, संजय साहू, नंदकुमार वर्मा, पुष्कर पटेल,




## नप कामकाज प्रभावित

आशा छेदईया, गिरजाशंकर छेदईया, शशि छेदईया, पिताम्बर छेदईया, हिमांशु छेदईया, दीपेश छेदईया, पुरुषोत्तम ध्रुव, संजय महिलांग, चोवाराम साहू, राकेश कुर्रे, बिन्दे देवदास, रूपेंद्र यादव आदि शामिल थे।

अनिश्चित कालीन हड़ताल पर प्लेशमैंट के कर्मचारी। हड़ताल पर चले गए है तथा पहले दिन ही नगर कार्यालय परिसर पर ही धरने पर बैठे रहे। नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार नगर पंचायतों में कार्यरत प्लेसमेंट श्रमिकों को तीन सुत्रीय माँग को लेकर जिसमे ठेका प्रथा बँद कर प्लेशमैंट के कर्मचारियों को नगरीय प्रशासन विकास विभाग में समायोजित करते हुए नगर पंचायत से वेतन भुगतान किया जावे, माह के 5 तारिख तक कर्मचारीयो को सीधे उनके खाते में निकाय से भूगतान किया जाए तथा कर्मचारियों के 62 वर्ष उम्र तक सेवा सुरक्षा प्रदान किया जाए। उक्त मांगो के समर्थन में नगर पंचायत पलारी के प्लेसमेंट कर्मचारियों के द्वारा नगर अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी पलारी को ज्ञापन सौंपा गया,गौरतलब है कि नप कार्यालय मे शासन के योजना का कामकाज का जिम्मा ज्यादातर इन्ही के ही कँधो पर होती है। वही प्लेशमैंट के कर्मचारियों के हड़ताल में प्लेसमेंट कर्मचारी संघ नपं पलारी के अध्यक्ष महेश्वर साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मी छेदईया, कोषाध्यक्ष संतोष छेदईया, सचिव जय कुमार टण्डन, उमाशंकर टण्डन, मिलउ राम देवांगन, गरीब वर्मा, फागूराम यादव, प्रह्लाद वर्मा,शंकर वर्मा, नारायण सेन, मनीष यादव, राकेश टण्डन, राहुल कोशले, विमल यादव, संजय साहू, नंदकुमार वर्मा, पुष्कर पटेल, आशा छेदईया, गिरजाशंकर छेदईया, शशि छेदईया, पिताम्बर छेदईया, हिमांशु छेदईया, दीपेश छेदईया, पुरुषोत्तम ध्रुव, संजय महिलांग, चोवाराम साहू, राकेश कुर्रे, बिन्दे देवदास, रूपेंद्र यादव आदि शामिल थे।

# शिक्षक कैलाश ने किया पुस्तक दान

**राजिम,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार सारस्वत द्वारा जिले के सभी स्कूलों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि इन प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को चिन्हांकित कर लि जायें। इसी तारतम्य में नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय शासकीय राम विशाल पांडे उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम के विद्यार्थियों को भी इन प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उनकी तैयारी करवाई जा रही है। विद्यालय के बच्चों की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय के शिक्षक कैलाश साहू ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से सम्बंधित 100 पुस्तकें विद्यालय को दान कर एक मिसाल कायम किया है। भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, सामान्य ज्ञान, विभिन्न विषयों के मोड्यूल सेट्स जैसे विषयों के इन पुस्तकों की अनुमानित



मूल्य लगभग पचास हजार रुपए है। ये सभी पुस्तकें सभी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बहुत ही उपयोगी है। तेजस राजिम के प्राचार्य संजय एक्का द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पुस्तक दान करने वाले शिक्षक कैलाश साहू स्वयं मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिग्री धारी हैं। इन्हीं पुस्तकों के अध्ययन की बदौलत उनका भारतीय रेलवे में चयन हुआ था। लेकिन शिक्षक बनने की चाहत में कैलाश साहू रेलवे की नौकरी छोड़कर शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी की और उसमें भी वे सफल होकर आज बतौर शिक्षक वे सेजेस राजिम में अत्यंत सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्राचार्य एक्का के निर्देश पर इन सभी पुस्तकों को एक विशेष मिनी लाइब्रेरी के रूप में संग्रहित कर व्याख्याता साक्षी जपे को प्रभार दिया गया है, जिनके साथ व्याख्याता प्रणीति चंद्राकर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को छम्म्ज्, श्रम्म् और प्प्ज् प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करवा रही हैं। प्राचार्य संजय एक्का ने कहा कि इस विशेष मिनी लाइब्रेरी से न केवल विद्यालय के बच्चे लाभान्वित होंगे बल्कि आसपास के विद्यार्थी भी इन पुस्तकों का लाभ ले सकेंगे। यद्यपि दानदाता की इच्छानुसार इन पुस्तकों के लोकार्पण जैसी कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं की गई।

प्राचार्य श्रीइक्का ने बताया कि कलेक्टर गरियाबंद दीपक अग्रवाल के निर्देश पर और जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत के मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले के विद्यार्थियों को नीट, जेईई और आईआईटी जैसे परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष ऑन लाइन और ऑफ लाइन कोचिंग कक्षाओं की व्यवस्था की जा रही है। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले के अधिक से अधिक बच्चों का चयन छम्म्ज्, श्रम्म् और प्प्ज् जैसी परीक्षाओं में हो। जानकारी मिलने पर शाला प्रबंधन समिति सेजेस राजिम के अध्यक्ष सुजाता शर्मा, और विद्यालय के प्रति संवेदनशील राष्ट्रीय आईटी सेल के विवेक शर्मा ने पुस्तक दान को महानतम दान बताते हुए दानदाता कैलाश साहू की प्रशंसा की है और कहा कि ऐसे दानदाता अत्यधिक सम्मान के पात्र होते हैं, इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। पुस्तकों का यह उपहार निश्चित ही हमारे बच्चों के भविष्य में आगे बढ़ने के लिए कारगर सिद्ध होगा।

# यूथ क्लब खुसरूपाली द्वारा रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का समापन



**पिथौरा,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। यूथ क्लब खुसरूपाली द्वारा आयोजित रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद सदस्य बिहारी पटेल विशेष अतिथि किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय डड़सेना तो जाओ ना शामिल हुवा कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य बिहारी पटेल किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय डड़सेना सरपंच सालिकराम चौहान जाधो नायक झनकराम पटेल धनेश्वर पटेल आनंदराम दीवान गाडाराम दीवान ने खिलाड़ियो का परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच प्रारंभ कराया। उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुवे स्वप्निल तिवारी ने कहा ऐसे आयोजन के लिए आयोजन समिति बधाई के पात्र है निश्चित ही स्वस्थ्य जीवन के लिए दिनचर्या में खेल का होना अतिआवश्यक है इस भागमभाग और प्रतिस्पर्धा के दौर में कम से कम कुछ समय खेल के लिए आवश्यक निकालना चाहिए ऐसे खेल आयोजनों से ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भेखराम सिंहा अशोक सिंहा भोजराम दीवान ओम प्रकाश दीवान धर्मेंद्र दीवान गंगा राम साहू नेतराम सिंहा अनिल दीवान भोजराम सिंहा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# हितग्राही को एक फोन पर मिला अंत्योदय राशन कार्ड

**सिमगा,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। जिला प्रशासन द्वारा संचालित संपर्क केंद्र 92018-99925 के माध्यम से जरूरतमंदों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इसी तारतम्य सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रेंगाबोड निवासी दुकलहा साहू ने 92018- 99925 में फोन के माध्यम से अपनी समस्या दर्ज की कराया। जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान किया। दुकलहा साहू ने बताया कि उनकी पत्नी का देहांत हो चुका है और वे पिछले एक वर्ष से अकेले जीवनयापन कर रहे हैं। ऐसे में उन्होंने प्रशासन से अंत्योदय राशन कार्ड प्रदान करने की गुहार लगाई ताकि वे अपने जीवनयापन को सरल बना सकें। उनकी इस समस्या को खाद्य विभाग ने प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई की और उन्हें अंत्योदय राशन कार्ड प्रदान किया। तत्काल राशन कार्ड मिलने पर हितग्राही दुकलहा साहू ने संपर्क केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र हमारे जैसे जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित हो रहा है। मुझे मेरी



समस्या का तुरंत समाधान मिला,इसके लिए मैं जिला प्रशासन का आभारी हूं। गौरतलब है कि नवाचारी पहल के तहत जिले में आम जनता के समस्याओं,मांगो के निराकरण,योजनाओं की जानकारी सहित सुझाव प्रदान करने के उद्देश्य से संपर्क 92018-99925 की स्थापना संयुक्त जिला कार्यालय में की गई है। इसके माध्यम से अब जिलेवासियों को घर बैठे ही अपनी मागों समस्याओं एवं सुझावों के निराकरण सहित योजनाओं संबधित जानकारी की सुविधा उपलब्ध होगी। जिसमें जिले का कोई भी व्यक्ति 92018- 99925 फोन करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। न केवल इसमें शिकायत बल्कि रूटिन में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी मुहैया करायी जायेगी। इसके लिए बकायदा रूटिन में अधिकारी कर्मचारियों की विभागवार ड्यूटी भी लगायी गई है। जो भी शिकायतें दर्ज करायी जाती है उनका लगातार मॉनिटरिंग करते हुए उन्हे अलग से समय सीमा में दर्ज की जाती है।

# कृष्णाकुमार बने प्राधिकृत अधिकारी

**पलारी,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित दतान (प) में वरिष्ठ भाजपाई कृष्ण कुमार वर्मा ने प्राधिकृत अधिकारी का पदभार ग्रहण किया है इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार प्रकट करते



हुए कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता को इतनी बड़ी दायित्व सौंपकर मान सम्मान बढ़ाया है। गौरीशंकर अग्रवाल पुर्व अध्यक्ष विधानसभा पुर्व विधायक कसडोल, योगेश चन्द्राकर पुर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर ,विपिन बिहारी वर्मा वरिष्ठ नेता, ओमप्रकाश चन्द्रवंशी प्रदेश महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा,दुर्गा महेश्वर प्रदेश उपाध्यक्ष अजा मोर्चा, नंद कुमार वर्मा मंडल अध्यक्ष के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पवन वर्मा, बृजबाई वर्मा जनपद सदस्य ,केजुराम साहु ,दुर्गा वर्मा,साधराम बार्ले, हेमंत साहू, केशरी वर्मा, राहुल चन्द्राकर, वेद वर्मा सरपंच, दशरथ चन्द्राकर उपसरपंच,टीकम चंद वर्मा, बिसाहु राम साहु, हेमकुमार साहु,खेमराज वर्मा, जगदीश साहु, सुंदर फेकर, लालकुमार यादव, सेवक वर्मा, हेमन वर्मा,कमल साहू, नंदकुमार शर्मा,कमल सेन ,कमल रजक , देवेन्द्र सिंहा,शाखा प्रबंधक धनश्याम वर्मा, लिपिक कर्मचारी खिलावन ध्रुव , सुशील वर्मा, राधेश्याम चन्द्राकर,अलखराम साहु,उदयराम साहू उपस्थित थे।

# सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में पहले दिन हुई लगभग 15 सौ क्विंटल धान खरीदी

**बिलाईगढ़,** 20 नवंबर(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन और कलेक्टर धर्मेश साहू के आदेश पर 14 नवंबर को धान खरीदी की प्रारंभ की गई, जिसमें जिला खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने बताया कि जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 89442 है, जिसमें 43 किसानों ने 1485 चिंटल लगभग (1500) धान विक्रय किये है। 4 किसानों के द्वारा बिलाईगढ़ में धान खरीदी केंद्र में 159 चिंटल 60 किलो मोटा धान विक्रय किया गया, वहीं भटगांव में 13 किसानों के द्वारा 288 चिंटल धान मोटा और 152 चिंटल 40 किलो धान सरना विक्रय किया गया है। सरसीवा धान खरीदी केंद्र में 23 किसानों के द्वारा मोटा धान 329 चिंटल 20 किलो वहीं सरना धान 351चिंटल 20 किलो विक्रय किया गया वहीं सारंगढ़ के तीन किसानों के द्वारा 178 चिंटल धान मोटा का विक्रय किया गया। जिला खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने बताया कि कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर धान खरीदी केंद्रों में तौल हेतु इलेक्ट्रॉनिक कांटा बांट, बारदाना, किसानों के लिए बैठक एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# जीवन में मोक्ष प्राप्त करने के लिए गुरू का होना आवश्यक : साध्वी राधिका



**बलौदाबाजार,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर भवन बलौदाबाजार में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का संगीतमय कार्यक्रम नगर भवन में किया जा रहा है। जहां कथावाचिका अयोध्यावासी ख्यातिप्राप्त विदुषी पूज्या साध्वी राधिका किशोरी जी अपनी अमृतमय वाणी से धर्म भक्ति और वैराग्य की ज्ञान गंगा का प्रवाह कर रसमय कथामृत का पान श्रोताओं का करा रही है। इस अध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन रामेश्वर प्रसाद साहू, जमुना साहू, मनोहर लाल चंद्रकांता साहू, रूपनारायण सुनीता साहू परिवार के द्वारा कराया जा रहा है। श्रीमद् भागवतकथा के दौरान कथावाचिका साध्वी राधिका किशोरी ने कृष्णबाल लीला, श्रीगोवर्धन पूजा, छप्पनभोग एवं रास लीला का आकर्षक संगीतमय प्रस्तुत किया। इसके पूर्व कथा के दौरान साध्वी सुश्री राधिका किशोरी ने कहा कि बुजुर्गो के साथ संगत करने तथा उसके साथ बैठ कर बातचित करने से उनके द्वारा जीवन में गुजार चुके समय से, जीवन जीने की कला तथा समस्याओं के समाधान के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होने कहा कि जीवन में मोक्ष प्राप्त करने के लिए गुरू का होना आवश्यक होता गुरू के द्वारा बताये गये मार्ग पर चलकर हम पर धाम को प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर रूपनारायण साहू एवं उनके परिजन के अलावा नगरवासी भारी संख्या में उपस्थित थे। इनके भजनों पर उपस्थित श्रोतागण झुमते नाचते रहें। जबकि कथा का समापन 21 नवम्बर को सुदामा चरित्र, उद्धव ज्ञान, राजा प्ररिक्षित मोक्ष कथा के साथ हवन पूर्ण आहूति के साथ किया जायेगा।

# अवैध रेत परिवहन करते हाईवा जब्त




**महासमुंद** 20 नवंबर (देशबंधु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले में अवैध रेत उत्खनन, भंडारण और परिवहन पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। राजस्व एवं खनिज विभाग की टीमों द्वारा सतत निरीक्षण और छापेमारी के जरिए अवैध खनन गतिविधियों पर रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को खनिज विभाग ने अवैध रेत परिवहन में लिप्त एक हाईवा गाड़ी को जब्त किया। कार्रवाई के दौरान टीम को सूचना मिली कि हाईवा गाड़ी में अवैध रूप से रेत परिवहन किया जा रहा है। तत्काल मौके पर पहुंचकर टीम ने गाड़ी को रोका और जांच की। जांच में गाड़ी के पास वैध दस्तावेज नहीं पाए गए, रेत का परिवहन अवैध तरीके से किया जा रहा था। इसके बाद हाईवा गाड़ी को जब्त कर लिया गया और उचित कार्रवाई के लिए थाना तुमगांव को सुपुर्द कर दिया गया।

# महतारी वंदन योजना की राशि बनी श्रीराम मंदिर निर्माण का आधार स्तंभ

**बिलाईगढ़,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाएं जनता के बीच में अपनी जड़े मजबूत कर रही हैं। इन योजनाओं के लाभ से महिलाएं उत्साहित होकर और सुनियोजित ढंग से अपने जीवन में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। ऐसा धार्मिक पहल, सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम दानसरा की महिलाएं महतारी वंदन योजना के राशि से मंदिर बनाने के कल्पना को साकार कर रहे हैं। मंदिर निर्माण की कल्पना हनुमान जयंती के अवसर पर भंडारे में उपयोग के लिए सब्जी काटते समय महिलाएं आपस में चर्चा किए कि हनुमान जी के मंदिर के साथ-साथ प्रभु श्रीराम लला, जो अयोध्या में विराजित हैं उन्हीं का एक मंदिर इसी स्थल में स्थापित किया जाए ताकि ऐसे लोग जो अयोध्या ना जा सके वह यहां प्रभु श्री राम का दर्शन कर सके। इस विचार को साकार करने के लिए आपस में गांव की महिलाओं से संपर्क किया गया और सभी महिलाएं अपनी इच्छा अनुरूप महतारी वंदन योजना की राशि का कुछ अंश या समूचा राशि को इस मंदिर निर्माण के लिए दान कर रही हैं। साथ ही साथ महिलाओं का यह दल मंदिर निर्माण के लिए चंदा के रूप में अन्य दानदाताओं से भी संपर्क कर रहे हैं, जिससे प्राप्त चावल को बेचने पर 14 हजार की राशि प्राप्त हुई है। महिलाएं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से इस मंदिर का लोकार्पण कराने के इच्छुक हैं। वर्तमान में मंदिर का ढलाई, गुंबज, सीढ़ी तथा प्लास्टर का कार्य शेष है। इस तरह महतारी वंदन योजना की राशि श्री राम मंदिर निर्माण का आधार स्तंभ साबित हुई है। इस कार्य में राधा मोहन साहू, चमेली शर्मा, दिल कुँवर चौहान, नमिता शर्मा, हीराबाई राव, सुशीला मिश्रा, देवमती प्रधान, संतोषी गोस्वामी, रंभा मालाकार, सोनिया चौहान और अन्य महिलाओं के वृहद संगठन का विस्तार हो रहा है।



## निधन

### एमएम वशिष्ठ

**भिलाईनगर,** 20 नवंबर। बीएसपी के पूर्व उप प्रबंधक, समाजसेवी व ब्राम्हण समाज तथा व्रज मंडल भिलाई के वरिष्ठ सदस्य एमएम वशिष्ठ 94 का 19 नवंबर की रात निधन हो गया। वे लंबे समय से आयु सबंधी समस्याओं के चलते अस्वस्थ थे। बुधवार 20 नवंबर को उनके निवास स्थान मकान नंबर 457/08 सड़क 21 I/ए आशीष नगर पश्चिम रिसाली निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकली। दोपहर 1 बजे निकलकर रिसाली मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त जनसंपर्क सहायक अनिल वशिष्ठ, कुमुद शर्मा के पिता थे।



# सार्वजनिक स्थानों पर फेंका कचरा 7 के खिलाफ चालानी कार्रवाई

**महासमुंद** 20 नवंबर (देशबंधु)। नगर पालिका की टीमों ने सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंककर गंदगी करने के मामले में पिछले तीन दिनों में कुल सात लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 4600 रुपए का जुर्माना वसूल किया है। उक्त कार्रवाई सड़कों के साथ स्ट्रीट वेंडिंग का कार्य करने वालों सहित बाजार क्षेत्रों के दुकानदारों व इधर.उधर कचरा फेंकने वालों पर की गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पाण्डेय ने बताया कि सफाई व्यवस्था को खराब करने वालों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। सड़कों, फुटपाथों, गलियों, खाली प्लॉटों, बाजारों आदि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा डालकर गंदगी फैलाना दंडनीय अपराध है। ऐसा करने वालों पर स्वच्छता टीमें लगातार निगरानी करते हुए उन पर तुरंत ही जुर्माना लगाकर उसकी अदायगी करवा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री पांडेय ने बताया कि पालिका की स्वच्छता टीमें नियमित रूप से शहर की सफाई सुनिश्चित कर रही हैं। पर कई बार देखा जाता है कि सुबह के समय सफाई होने के बाद कुछ लोग अपने घरों व प्रतिष्ठानों से कचरा निकालकर दोबारा से सड़क या गली में डाल देते हैं।

## प्रादेशिकी का शेष...

### युवाओं व बच्चों के ...

चमेली साहू, पेमीन साहू, शैलेंद्र चक्रधारी, लक्ष्मी चक्रधारी, गंगाबाई नागरची, प्रेमलाल साहू, प्रहलाद साहू, दशरथ लाल साहू, गजानन साहू, सुरेश कुमार साहू, दुर्गेश्वरी विश्वकर्मा, मोतीलाल चक्रधारी, राजकुमार विश्वकर्मा, डॉ मंजूषा साहू, गोपेश कुमार साहू, राहुल सोनकर सहित 60 स्वयंसेवक शिविर में उपस्थित रहे। सभी को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ गणेश प्रसाद साहू ने किया।

# सांसद रूपकुमारी ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के दिए निर्देश

**गरियाबंद,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय सड़क मार्ग और राजकीय सड़क मार्ग के साथ-साथ ग्रामीण तथा वनांचल सड़कों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान सांसद चौधरी ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर अमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है। उन्होंने आमजनों की जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सांसद ने जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सहायक सड़कों के दुर्घटनाजन्य वाले स्थानों को चिन्हित कर रंबल स्ट्रिप बनाने, आवश्यक स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने, घुमन्तु मवेशियों को सड़क से हटाने व रेडियम बेल्ट लगाने, रात्रि में अंधेरे की वजह से हो रही दुर्घटनाओं वाले स्थानों में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। जिस पर कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम किये जा रहे है, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके।




बैठक में पुलिस अधीक्षक राखेचा ने बताया कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्कूल, कॉलेजों में यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रम, जनजागरूकता रैली, हेलमेट रैली, व्यावसासिक वाहन एवं ऑटो चालकों का प्रशिक्षण, वाहन चालकों का समय-समय पर नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण, सड़कों एवं हाट-बाजारों में जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही चौक-चौराहों में वाहन चालकों को समझाईश दी जा रही है। उन्होंने कहा यातायात संबंधी मामलों में पुलिस कन्ट्रोल रूम के मोबाईल नं. 94791-91071 एवं 07706-241970 में संपर्क कर सकते हैं

**स्कूली बसों में बच्चों को क्षमता से अधिक न बैठाए**

सांसद ने स्कूली वाहनों एवं यात्री बसों में सड़क सुरक्षा मानकों का गंभीरता से पालन कराने के लिए कहा। बसों की समय समय पर फिटनेस जांच अनिवार्य रूप से किया जाए साथ ही इन वाहनों में ओवर स्पीडिंग एवं ओवर लोडिंग के प्रकरण में परिवहन विभाग को कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्कूली बसों में बच्चों को क्षमता से अधिक नहीं बैठाने के निर्देश दिये तथा समय-समय पर स्कूली बसों की जांच करे।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, जिला परिवहन अधिकारी रविन्द्र ठाकुर, डीएसपी सुश्री निशा सिन्हा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन यंत्री आर.बी. सोनी, सब इंजीनियर एनएच नेपाल सिंह कंवर, जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत सहित समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# 10 से 15000 बिल भेज दिया

## इस बार बिजली बिल से उपभोक्ता परेशान

**खरोरा,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। दीपावली के का बाद बिजली बिल के द्वारा लोगों का दिवाला निकालने की कोशिश बिजली बिल उपभोक्ता जहां पूर्व की सरकार में बिजली उपयोग कर बिजली बिल भी देने के लिए के खुशी महसूस होती थी वहीं इस सरकार को लगभग 10 महीने हो गए है। दिवाली का बिल देख कर लोगों को दिवाला निकल रहा है ऐसा कहा इसलिए लाज़मी होगा की इसके पूर्व में इतना बिजली भी - कहीं और कभी नहीं आया है जहां रु 2000/- रुपया 25 सौ रुपये से ज्यादा बिजली बिल नहीं आता था वही लगभग 10,000.से 15000/- हजार रुपये का बिल दे दिया गया है इस सम्बंध में कार्यालय में पूछे जाने पर कोई सही जवाब देने को तैयार नहीं है। वहीं इस संबंध में प्रभारी जेई सिन्हा से बात करने पर पता चला कि इस महीने जो बिजली का बिल उपभोक्ता को दिया गया है उसमें प्रति वर्षा अनुसार इस वर्ष भी सुरक्षा निधि का जांच किया गया है और जिस उपभोक्ता के द्वारा बिजली बिल की खपत ज्यादा हुई होगी तो उसका सुरक्षा. निधि के रूप में शुल्क जमा करना होगा।

इस संबंध में उपभोक्ता प्रेम लाल नरसिंह ने कहा यह कहना है कि मेरे द्वारा प्रति महीने लगभग 2000. हज़ार से 3000 का बिजली भी देना होता था लेकिन इस महीने के बिल में 13505 रुपये की बिल भरना पड़ा है जो की एक छोटे से होटल व्यवसाय के लिए बहुत भारी पड़ता है आखरि सुरक्षा निधि कब कब और किसको वापस होता है कुल मिलाकर शासन के द्वारा कोई भी नियमों का सीधा असर सामान्य आदमी की जेब पर ही पड़ता है सरकार कोई भी हो उपभोक्ता ही ठगा माना जाता है। इस बात को बताना बिलकुल लाजमी होगा इससे पूर्व की सरकार में जहाँ तक इस कदर उपभोक्ताओं को परेशान होना नहीं पड़ा है अत: हमारे क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों को भी इस पर ध्यान देना चाहिए जनता को सामान्य जिससे अवस्था में भी खुशहाली महसूस हो।

# जिले के हायर सेकेण्डरी स्कूल में अब रोज दो घंटे होगी डिजिटल क्लास

## ऑनलाइन क्लास के माध्यम से बोर्ड परीक्षा के साथ नीट-जेईई परीक्षा की भी बेहतर तैयारी

**गरियाबंद,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के नवाचारी प्रयास से जिले में डिजिटल क्लास का संचालन शुरू हो गया है। गौरव गरियाबंद अभियान के तहत मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 88 में कलेक्टर अग्रवाल ने ऑनलाइन क्लास का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए डिजिटल क्लास विशेष रूप से सहायक होगा। इसके माध्यम से बोर्ड परीक्षा के बच्चे अपने परीक्षा परिणाम को बेहतर कर सकेंगे। साथ ही मेडिकल एवं इंजीनियरिंग के प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी बेहतर मार्गदर्शन एवं प्रश्न हल करने की तकनीक सीख सकेंगे। उन्होंने ऑनलाईन क्लास को नियमित संचालित करने एवं सभी हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कनेक्टिविटी बनाये रखकर बच्चों को क्लास का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, डीएमसी के.एस नायक, एलडीएम मो. मोफिज, गौरव गरियाबंद अभियान के नोडल मनोज केला एवं श्याम चन्द्राकर सहित शिक्षकगण एवं अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



**डिजिटल क्लास से जुड़ेंगे जिले के सभी हायर सेकेण्डरी स्कूल:** गौरव गरियाबंद अभियान के नोडल ने बताया कि कक्ष में डिजिटल एवं इन्टरेक्टिव स्क्रीन के माध्यम से बोर्ड परीक्षाओं में शामिल पाठ्यक्रम का अध्यापन कराया जायेगा। क्लास में डिजिटल स्क्रीन के साथ कम्प्यूटर सिस्टम, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं अत्याधुनिक अध्यापन सामग्रियां उपलब्ध कराई गई है। इस डिजिटल क्लास से जिले के सभी हायर सेकेण्डरी स्कूल जोड़े गये है। जिससे डिजिटल क्लास में पढ़ाई जानी वाली पाठ्यक्रम को सभी स्कूलों में स्थापित डिजिटल बोर्ड के माध्यम से बोर्ड परीक्षाओं के बच्चे पढ़ सकेंगे। ऑनलाईन क्लास में पढ़ाने के लिए आवश्यक विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

**कलेक्टर अग्रवाल ने ऑनलाईन क्लास का किया शुभारंभ**

**बोर्ड, नीट तथा जेईई के लिए कामन टापिक का चयन:** नोडल अधिकारी मनोज केला ने बताया कि आनलाईन क्लास कक्षा 12वी विज्ञान संकाय हेतु नीट एवं जेईई तथा बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए होगा। इस हेतु ऐसे टापिक का चयन किया गया है जो बोर्ड तथा जेईई के लिए कामन तथा उपयोगी है, ताकि क्लास के सभी बच्चें एक साथ इसका लाभ ले सकें। मेधावी, चयनित बच्चों हेतु अलग से एनआईटी स्टुडेंट को मेंटर्स टीचर्स के रूप में नियुक्त किये गये हैं, जो इन्हें विषयगत कठिनाईयों को हल करने, शंका समाधान आदि के लिए आनलाइन तथा व्हाटसअप पर उपलब्ध होगें।

**प्रतिदिन दो बार विषय के क्लास होंगे:** नोडल ने बताया की डिजिटल क्लास में गणित, भौतिकी, रसायन तथा जीवविज्ञान मे से प्रतिदिन 2 विषय के क्लास आयोजित होंगें। क्लास का समय 2 से 3 तथा 3 से 4 बजे होगा। माह भर के लिए प्रतिदिन 2 विषय के टाईमटेबल जारी किये गये हैं। शेडयूल एक माह पूर्व विषय शिक्षकवार एवं टापिकवार पहले ही तय कर जारी कर दिये हैं। एक विषय शिक्षक को माह में मात्र 2 से 3 टापिक पर निर्धारित तिथि को क्लास लेना होगा, जो पहले से तय शेडयूल होगा। इससे शिक्षक को तैयारी का पर्याप्त समय मिल पायेगा। शिक्षक शिक्षण सामग्री को पहले से तैयार करके भी डिजिटल बोर्ड में डिस्प्ले कर पायेगा। यह बच्चों की तैयारी में सहायक होगा।

# एबीवीपी ने मनाया मिशन साहसी दिवस, छात्राओं ने दी विभिन्न प्रस्तुतियां



**भाटापारा,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भाटापारा द्वारा जिले के सबसे बड़े आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम पंचम दीवान कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई के जयंती के अवसर पर मिशन साहसी का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में आत्मा रक्षा प्रशिक्षण एवं नारी शशक्तिकरण विषय पर बौद्धिक कार्यक्रम किया गया जिनमें मुख्य अतिथि अर्डेंसी जूडो क्लब के संरक्षक संतोष पांडेय रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगर के एसडीओपी ऐश्वर्य चंद्राकर , नगर की वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर सरला निहलानी जी, नगर के वरिष्ठ पत्रकार कोमल शर्मा रहे। नारी सशक्तिकरण पर रश्मि यादव एवं साथियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। मिशन साहसी के माध्यम से नगर के कराते कोच ब्लैक बेल्टऋषभ चौहान नगर के जूडो कोच ब्लैक बेल्ट दीपक कन्नौजे ने सभी छात्राओं को आत्म रक्षा का प्रशिक्षण दिया।सभी वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में नारी शिक्षा , नारी सशक्तिकरण पर जोर दिया । कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कांत कुर्रे ने किया।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष सोमेश सिन्हा ने उपरोक्त कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एबीवीपी के नगर मंत्री राजीव मिरझा का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र नामदेव सहित समस्त स्टाफ एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के धनंजय सोनी, शुभम चतुर्वेदी, पुष्पेंद्र, संजू मार्कण्डेय, गुलशन सौरभ ,तृप्ति साहू, निशा गुप्ता, साक्षी निर्मलकर , डिंपल निर्मलकर, पायल पाल, उत्तरा साहू, गौरव शर्मा, देव, मनस्वी सुशांत नवरंगे आदि उपस्थित थे।

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 700 छात्राओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण
- छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक कर समाज की बुराइयों को दिखाया और छात्राओं में उत्साह का संचार किया
- आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम पंचम दीवान विद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई के जयंती पर मिशन साहसी का हुआ आयोजन

# सड़कों में भवन निर्माण सामग्री बिखेरन से बना रहता है खतरा



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। सड़कों पर प्राय: इस कदर से भवन निर्माण समाग्री बिखरे पड़े हुए होते हैं जिसके कारण सड़कों पर गंभीर दुर्घटना की निश्चित संभावना बनी रहती है। ऐसी स्थिति में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाना सिर्फ कागजों, फाईलों, समाचार पत्रों और समाचार चौनलों की सुर्खियों में दिखाई पड़ते हुवे अच्छे लगते हैं, किंतु धरातल में सड़कों पर भवन निर्माण सामग्रियों के इस तरह बिखरे पड़े होने से मार्ग असुरक्षित होने के कारण धरातल में सड़क ही सुरक्षित नहीं है तो सुरक्षा कैसे होगी।

# एसडीएम ने समीक्षा बैठक लेकर जाति-प्रमाण पत्र बनाने के दिए निर्देश

**बागबाहरा,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। एसडीएम बागबाहरा उमेश कुमार साहू ने आज बुधवार 20 नवंबर को जनपद पंचायत में राजस्व एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की समीक्षा बैठक लेकर स्कूली बच्चों के जाति-प्रमाण पत्र, मतदाता सूची एवं आवास योजनाओं को लेकर समीक्षा कर तत्काल इस कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि शासन के योजनाओं का लाभ लोगों को मिल सके।

स्थानीय जनपद पंचायत बागबाहरा के सभा गृह में विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया की प्रगति को लेकर विकासखंड के समस्त संकुल समन्वयकों का अनुविभागीय दंडाअधिकारी (रा.) उमेश कुमार साहू द्वारा समीक्षा बैठक लिया गया।एसडीएम उमेश साहू ने विद्यालय व संकुलवार अभी तक बन चुके और बनाने के लिए लंबित जाति प्रमाण पत्र की जानकारी ली।जिसमें लंबित प्रकरण पर प्राथमिकता से कार्य करते हुए,अगले समीक्षा बैठक के पहले निराकरण करने के निर्देश दिए गए। जिन आवेदनों को बनाने में कठिनाई हो रही है। उन्हे आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराकर पूर्ण करने के निर्देश दियें। उन्होंने छूटे हुए बच्चों के ? जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश सभी प्राचार्यो, संकुल समन्वयकों व शिक्षकों को दिए। समीक्षा बैठक में गूगल शीट व निर्धारित फॉर्मेट के माध्यम से अनुविभाग के प्रत्येक विद्यालयों के लक्ष्य व उपलब्धि का वन टू वन समीक्षा किया गया। उक्त बैठक में एसडीएम उमेश साहू ने शिक्षा विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं ,निर्माण कार्यो व प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत समीक्षा किये व संकुल समन्वयको को अकादमिक निरीक्षण में कसावट लाने निर्देशित करते हुए कहा कि पात्र विद्यार्थियों के सभी बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य सुनिश्चित की जाए।जिससे बच्चों को छात्रवृत्ति और अन्य शासकीय कार्यो में असुविधा न हो। एसडीएम ने राजस्व व शिक्षा विभाग को समन्वय कर प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश सभी संकुल प्रभारियों व समन्वयकों को दिए। इस दौरान बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी मोहनराव सावंत, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम.एल मंडावी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा के के वर्मा , तहसीलदार जुगल किशोर पटेल, बीएस साव, नायब तहसीलदार हरीशकांत ध्रुव, दुर्गेश नंदिनी वर्मा,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता मन्नाडे व विकासखंड के समस्त संकुल समन्यवक ,प्रधानपाठक, पटवारी आदि उपस्थित थे।



# अल्ट्राटेक सीमेंट रावन, सीएसआर द्वारा नि:शुल्क दन्त व नेत्र जांच शिविर आयोजित

**बलौदाबाजार,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। अल्ट्राटेक सीमेंट रावन, सी.एस.आर के स्वास्थ पहल के तहत नि:शुल्क दन्त व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर एवं एफ्एच-एचआर करण मिस्त्री के मार्गदर्शन में सीएसआर लॉजिस्टक विभाग, संयंत्र मेडिकल टीम एवं शासकीय स्वास्थ विभाग के संयुक्त प्रयास से ट्रकयार्ड के सारथी प्रशिक्षण केंद्र में 19 नवम्बर 24 को वाहन चालकों के लिए नि:शुल्क दन्त व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 56 वाहन चालकों ने अपना नेत्र, दन्त, बी.पि, डायबिटीज जांच कराया।

इस शिविर में सभी ट्रक ड्राइवरो का नेत्र, दन्त, बी.पी, डायबिटीज जांच कराया एवं नि: शुल्क दवाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शासकीय स्वास्थ विभाग सुहेला से डॉ मनोहर ध्रुव के नेतृत्व में डॉ सोनम वर्मा (दन्त चिकित्सा), श्रीमति दीप्ति साहू (नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी), शिवशंकर देवांगन (लैब असिस्टेंट) आर.एच.ओ मनीषा पटेल, अल्ट्राटेक रावन हॉस्पिटल के डॉक्टर प्रसित तिवारी, डॉक्टर श्रीराम व्यावसायिक स्वास्थ केंद्र रावन, उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन में हॉस्पिटल टीम, लॉजिस्टिक टीम रत्नेश शुक्ल, बी एस यादव, अभिषेक चंद्रा, प्रकाश झा, भास्कर शुक्ल, युगल शर्मा, विजय वर्मा, कृष्णा साहू उपस्थित रहे। सी एस आर से अधिकारी ज्योस्तना पति के द्वारा सफ्लता पूर्वक मंच संचालन किया। सभी उपस्थित लोगो को शिविर के माध्यम से स्वास्थ लाभ लेने की अपील की एवं सी एस आर टीम से सहायक सुरेंद्र कुमार यादव, द्वारिका वर्मा, एवं जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, अरुणेंद्र सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# चक्रपाणी शुक्ला हाईस्कूल खेल परिसर का प्रवेश द्वार है जर्जर

**बलौदाबाजार,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। चक्रपाणी शुक्ला शासकीय हाई स्कूल बलौदाबाजार के खेल मैदान प्रवेश द्वार कई जगह से क्रेक हो चुका है, जो कि बहुत पुराना प्रवेश द्वार है। बलौदाबाजार के सेठ कुंजीलाल सराफके परिवार द्वारा दान करके प्रवेश द्वार को बनवाया गया था। भारी जर्जर प्रवेश द्वार कभी भी भरभराकर गिर सकता है।

उल्लेखनीय है कि आए दिन उसी प्रवेश द्वार से स्कूली बच्चों के अलावा मिनिमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय के छात्राऐं भी प्रवेश करते है और उसी मैदान में रोज सूबह बच्चे के अलावा नगरवासी बडी संख्या में मॉर्निंग वॉक करने के लिए प्रवेश करते है। इस ग्राउंड में राज्योत्सव जैसे अनेक बडे बडे कार्यक्रम भी आयोजित होता है। जिसमें मंत्री, विधायक व प्रशासनीक अधिकारीगण भी शामिल होने इसी द्वार से प्रवेश करते है। वहीं पर हेलीपेड बनता है व मंत्री का काफ्लिा उसी प्रवेश द्वार से अंदर जाते है फ्रि भी इस ओर किसी का ध्यान नही जा रहा है।

इस ग्राउंड में बडे बडे कार्यक्रम भी आयोजित होता है लेकिन आज तक प्रवेश द्वार का रंगरोगन नही किया गया है। जबकि नववर्ष के प्रथम राष्ट्रीय कार्यक्रम गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को इसी ग्राउंड में आयोजित होगा। इसके मद्देनजर इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

इस ओर समाजिक कार्यकर्ता खिलावन जायसवाल ने कलेक्टर को पत्र लिखकर प्रवेश द्वार मरम्मत कराने की मांग की है।

# आरंग में भाजपा का दीपावली मिलन आज



**आरंग,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। गुरुवार को भाजपा आरंग विधानसभा परिवार द्वारा दीपावली मिलन समारोह सांस्कृतिक भवन,पंचमुखी महादेव रोड में आयोजित किया जा रहा है।इस समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरु बालदास साहेब,पूर्व संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह,भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग,धरसींवा विधायक अनुज शर्मा,अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू,पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय,संजय ढीढी सहित भाजपा के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इस भव्य आयोजन को लेकर अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने खुद ही मोर्चा संभाला हुआ है।गुरु खुशवंत साहेब लगातार तैयारियों का जायजा ले रहे है और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में लगे हुए है।उन्होंने आरंग विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनों से दीपावली मिलन समारोह में शामिल होने का आग्रह कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष , मंत्री टंकराम वर्मा ,गुरु बालदास सहित भाजपा के पदाधिकारी होंगे शामिल**

# तेवर गर्म बटरी के, रिकॉर्ड 6500 रुपए क्विंटल!

**भाटापारा,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। बोनी की मांग। तेवर गर्म। 6500 रुपए चिंटल की नई ऊंचाई पर पहुंचकर बटरी ने यह संकेत दे दिए हैं कि आगे के दिनों में भी तेजी बनी रह सकती है। अलबत्ता तिवरा शांत है,4500 से 4700 रुपए चिंटल पर।

धान ही नहीं, अब दलहन और तिलहन में गर्मी आने लगी है। बोनी के साथ प्रतिस्पर्धी खरीदी भी तेजी की बड़ी वजह मानी जा रही है लेकिन बटरी में आई गर्मी, सबसे ज्यादा परेशान कर रही है खाद्य प्रसंस्करण ईकाइयों को क्योंकि इसकी कीमत पहली बार इतनी तेज बोली जा रही है।



### निकली मांग बटरी में

तिवरा नहीं, इस बार रबी सत्र में बटरी की बोनी को किसान प्राथमिकता दे रहें हैं। यह इसलिए क्योंकि दलहन और बेसन उत्पादन करने वाली ईकाइयों की मांग लगभग पूरे साल रहती है। लिहाजा इस बरस बोनी का रकबा बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में बीज क्वालिटी का बटरी रिकॉर्ड 6500 चिंटल पर पहुंचा हुआ है। जबकि तिवरा 4500 से 4700 चिंटल पर शांत है। संकेत आगे भी ऐसी ही स्थिति के मिल रहे हैं।

### नई फसल बेहतर

अरहर और चना में नई फसल जोरदार रहने की संभावना है। इसलिए अरहर 8000 से 9000 रुपए चिंटल और चना 5600 से 6500 चिंटल पर ठहरा हुआ है। जबकि मूंग में भाव 6000 से 6500 रुपए चिंटल बोले जा रहे हैं। दलहन की यह प्रजातियां फिलहाल शांत हैं। आवक और खरीदी में संतुलन बना हुआ है। इसलिए भाव में बढ़त की संभावना से फिलहाल बाजार इनकार कर रहा है।

### सिर्फ सोयाबीन और सरसों

तिलहन में फिलहाल सिर्फ सरसों और सोयाबीन की ही आवक है। कुसुम, मूंगफली, तिल और अलसी की आवक शून्य हो चली है। तेल मिलों की मांग से सोयाबीन 4000 रुपए चिंटल पर स्थिर है, तो सरसों 5200 से 5300 चिंटल पर मजबूत है। आगत दिनों में दोनों में मंदी की धारणा इसलिए व्यक्त की जा रही है क्योंकि बेहतर कीमत मिलती देख दोनों का रकबा लगातार बढ़ रहा है।

# तेजी की आंच पहुंची मुरमुरा तक

**भाटापारा,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। थोक में 47 से 48 रुपए लेकिन चिल्हर में 50 से 60 रुपए किलो। मुरमुरा में चल रही यह कीमत और बढ़ सकती है क्योंकि अपने प्रदेश में इसके लिए जरूरी धान सफरी की खेती खत्म हो चुकी है। इसलिए पड़ोसी राज्यों से इसकी खरीदी करनी पड़ रही है।

सीजन पूरे साल लेकिन शीत ऋतु में कुछ ज्यादा मांग मुरमुरा में निकलती है। चाट ठेले, मुरमुरा भेल। बड़ी मांग वाले क्षेत्र है मुरमुरा के। इस बार यह शीत ऋतु इनको महंगी पड़ सकती है क्योंकि मुरमुरा की कीमत बढ़ने की प्रबल आशंका व्यक्त की जा रही है। आशंका मात्र से ही ग्रामीण क्षेत्र की दुकानों ने मुरमुरा में प्रति किलो कीमत बढ़ा दी है।

**चिल्हर में बेहद गर्म:** थोक में मुरमुरा में प्रति किलो कीमत 47 से 48 रुपए चल रही है लेकिन खुदरा दुकानें इसकी बिक्री 50 से 60 रुपए किलो पर कर रहीं हैं। विशेष बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्र में कीमत जरूरत के हिसाब से तय की जा रही है। यह इसलिए क्योंकि इस क्षेत्र में मुरमुरा की मांग सामान्य दिनों की अपेक्षा दोगुनी निकली हुई है। यह स्थिति पूरे दिसंबर माह तक बने रहने की आशंका है।

**सफरी धान में तूफान**

**झटका इनको:** मुरमुरा भेल बनाने और बेचने वाले ठेले। सबसे बड़ी मांग क्षेत्र हैं मुरमुरा के। कुछ घंटे का यह कारोबारी क्षेत्र तेजी से सबसे पहले प्रभावित होगा। रोज की जरूरत के लिए रोज खरीदी करने वाले यह खरीददार अभी तो पूर्ववत स्तर पर चल रही कीमत में मुरमुरा की खरीदी कर रहे हैं लेकिन आशंका सही रही, तो इन्हें भी 2 से 5 रुपए प्रति किलो अतिरिक्त देने होंगे।

**इसलिए तेजी:** मुरमुरा बनाने के लिए सफरी धान की जरूरत होती है, जिसकी खेती अपने छत्तीसगढ़ में बंद हो चुकी है। इसलिए उत्पादक राज्य बिहार से इसकी खरीदी की जा रही है। नई तकनीक के आने के बाद अब चावल से मुरमुरा बनाया जा रहा है लेकिन इसके लिए भी सफरी धान की जरूरत पड़ रही है। कीमत बढ़ने के बाद सफरी चावल की खरीदी, मुरमुरा उत्पादन करने वाली इकाइयों को प्रति चिंटल 3300 से 3400 रुपए पर करनी पड़ रही है। अब इसमें भी बढ़त की आशंका व्यक्त की जा रही है।

# आयुष सिंह बने तृतीय वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव



**भाटापारा,** 20 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने अपने कार्यकारिणी को विस्तार देते हुए छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रदेश सचिव रहे जिला बलौदा बाजार भाटापारा में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आयुष सिंह को अपना प्रदेश सचिव नियुक्त किया है ।छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ की स्थिति छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ में लगातार मजबूत हो रही है क्योंकि वर्तमान में प्रदेश महामंत्री पदमेश कुंदन शर्मा कृषि विस्तार अधिकारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार साहू ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जिला रायपुर सक्रिय रूप से संगठन को मजबूत बनाने में लगातार कार्य कर रहे हैं। आयुष सिंह के प्रदेश सचिव बनने से संगठन का विस्तार और मजबूत होगा ।